दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 41 | चंडीगढ़, वीरवार, 08 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण पक्ष: षष्ठी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 08 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


अधिकतम 14 डिग्री से.
न्यूनतम 04 डिग्री से.
सूर्योदय 7.22
सूर्यास्त 5.37
सोना 24 कैरेट: 1,39,630.00
चांदी (प्रति किलो): 2,63,000
सेंसेक्स : 84,961.14
अमेरिका : 89.93
कैनेडियन : 65.09
आस्ट्रेलिया : 60.58



**बातों बातों में मन की बात**

*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

सच्चा रिश्ता एक अच्छी पुस्तक जैसा होता है, वह कितनी भी पुरानी हो जाए, फिर भी शब्द नहीं बदलते।






## न्यूज़ ब्रीफ

### मौजूदा वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान

**नई दिल्ली (अप्रस)।** सरकर ने वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान जारी किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से बुधवार को इस साल 31 मार्च को समाप्त हो रहे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए जारी पहले अग्रिम अनुमान में कहा गया है कि पूरे साल के दौरान जीडीपी 201.90 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। यह पिछले वित्त वर्ष के 187.97 लाख करोड़ रुपये की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। पिछले वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रही थी। वित्त वर्ष के दौरान लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओ की और वित्तीय, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 9.9 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इसके बाद व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### कंगना रनोट को बठिंडा कोर्ट से झटका, पेशी से छूट की याचिका खारिज

**मोहाली (अप्रस)।** हिमाचल के मंडी से बीजेपी सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट को बठिंडा कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने मानहानि केस में व्यक्तिगत पेशी से छूट की याचिका रद्द कर दी है। उन्हें अब 15 जनवरी को व्यक्तिगत गत रूप से कोर्ट में पेश होना होगा। ऐसा न हुआ तो उनकी गिरफ्तारी का वारंट जारी हो जाएगा। बता दें कि यह मामला 2021 का है, जब किसान आंदोलन चल रहा था। उस दौरान कंगना ने बठिंडा के गांव बहादुरगढ़ जंडिया की रहने वाली बुजुर्ग महिला किसान महिंदर कौर को 100-100 रुपए लेकर धरने में शामिल होने वाली महिला बताते हुए ट्वीट किया था।




युद्ध नशा विरुद्ध का दूसरा फेज लॉन्च

# नशा सब जगह, पंजाब को किया बदनाम : मान

## लोग जिससे डरते, उसे जेल में डालाः अरविंद केजरीवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के दूसरे चरण को लॉन्च किया। इसकी लॉन्चिंग आम आदमी पार्टी (आप) के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और सीएम भगवंत मान ने की। सीएम मान ने कहा कि नशा सभी जगह है लेकिन पंजाब को बदनाम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुक्तसर माघी मेले में अकाली दल की आखिरी कॉन्फ्रेंस होगी। उसके बाद अकाली खत्म हो जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि साफ नीयत से यह प्रोजेक्ट शुरू किया। पंजाब ही नहीं किसी भी राज्य में इस तरह नहीं हुआ। ऐसा नहीं पंजाब में ही नशा बिकता है। हरियाणा, दिल्ली और गुजरात में नशा बिकता है। लेकिन वहां की सरकारों ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारे से पहले अकाली दल की सरकार रहीं। उसी समय नशा घर-घर पहुंचा। उनके नेता नशा पहुंचाने लगे। फिर कैप्टन अमरिंदर सिंह की अगुआई में कांग्रेस की सरकार आई। उन्होंने 60 दिन में नशा खत्म करने की शपथ ली, लेकिन कुछ नहीं कर पाए। अकाली नेता बिक्रम मजीठिया का नाम लिए बिना केजरीवाल ने कहा कि लोग जिससे डरते थे, हमने उसे जेल में डाला।



### लोगों ने डराया लेकिन हम डरे नहीं: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि जब हमें ड्रग्स के खिलाफ जंग शुरू करनी थी, तो कई लोगों ने हमें डराया कि ये बहुत खतरनाक लोग हैं। वे आपके परिवारों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। लेकिन हम डरे नहीं क्योंकि हमने अपने लोगों से वादा किया था। उन्होंने कहा कि आपके गांव, हलके या इलाके में एक्शन हुआ। तस्करों ने घर, महल और इमारतें बना रखी थीं। इन पर बुलडोजर एक्शन हुआ है। जिसका नाम लेने से लोग डरते थे, उसे पकड़कर जेल में डाल दिया। उसका नाम लेने की लोगों में हिम्मत नहीं है। लोग, प्रशासन व पुलिस डरती थी। यह आम आदमी पार्टी की हिम्मत थी, जिसने उसे जेल में पहुंचा दिया।

### जो आता है पंजाब को गाली देने लग पड़ता हैः सीएम मान

सीएम भगवंत मान ने कहा कि जो आता है पंजाब को गाली देने लग पड़ता है। मैं नॉर्थ जोन कल्चर की मीटिंग में गया था। गृह मंत्री अमित शाह के सामने हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान हर स्टेट वाले कहते थे कि पंजाब हमारा बड़ा भाई है, हमे यह दिलवा दो। मैंने कहा कि बड़े को ही लूटते जाओ। मैंने कहा कि कोयला और तेल नहीं है। वर्ना उसमें भी हिस्सेदारी मांग लेते। मान ने कहा कि मैंने कहा कि हमारे पास देने को पानी समेत कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि चार साल में 61 हजार को नौकरियां मेरिट के आधार पर दी है। हमारी नीयत साफ है। नौकरियां डिग्री मुताबिक ही मिल रही है। अकाली दल वाले नौकरियां तो देते ही नहीं हैं। अकाली दल वाले तो डायनासोर की लीद उठाने की नौकरी देंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि हम आपकी सोच पर पहरा देंगे। मैं यह नहीं कहता कि फेज-1 में 100 फीसदी नशा खत्म कर दिया। लेकिन काफी हद तक बंद हुआ है। अभी मंजिल तक नहीं पहुंचे हैं। हम आज यहां पर मुहिम के सेकेंड फेज- का नक्शा बनाने आए हैं। इस लड़ाई को युद्ध की तरह लड़ेंगे। हमें अपने देश, कौम, किसानी ओर पंजाब को बचाना है। यह रंगला पंजाब है। देश में आए कुछ नफरती लोग कहते हैं कि गुलदस्ते में एक तरह के फूल होने चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हो सकता है। बंगाल का अलग सिस्टम है। साउथ का कल्चर अलग है। हम आपके हकों के लिए खड़े हैं।

### पंजाबियों के सामने हर मुसीबत बौनी हो जाती है

पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि पंजाबियों के सामने हर मुसीबत बौनी हो जाती है। कुछ दिन पहले पंजाब में बाढ़ आई थी। पंजाबियों के लिए कोई भी चीज असंभव नहीं है। जिस चीज को तय कर ले, उसे हासिल कर लेंगे। अब बाढ़ को ही देख लो। अगर किसी अन्य देश या सूबे में आए तो कई साल स्थिति सुधरने में लग जाते हैं। लेकिन पंजाबियों ने उस पर भी फतेह हासिल की। यहां की धरती ब्लेस्ड है। सीएम भगवंत मान ने कहा नशा सोशल प्रॉब्लम है। यह लहर से खत्म होगी, यह कहर से खत्म नहीं होगी। पुलिस चाहे जितना मर्जी प्रयास कर ले। पुरानी सरकारों ने जो लीकेज करवाई, उसके लिए अंदर से प्रयास करने होंगे। सीएम ने कहा कि आज पंजाब का पानी 500 फुट नीचे चला गया। सावन के अंधे को सब कुछ हरा दिखाई देता है। हिमाचल वाले कहते हैं कि पंजाब की तरक्की में हमारा योगदान है। हमारा पानी जाता है। मैंने कहा कि बाढ़ भी आपकी वजह से आई। उसका भी हिसाब से कर लो।

मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम में पूर्व बजट परामर्श बैठक में उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ किया संवाद

# प्रदेश के बजट को रोजगार परक और उद्योगों के अनुकूल बनाना सरकार का लक्ष्य : सीएम सैनी

## कहा- औद्योगिक विकास के लिए बजट प्रावधानों में होगा विशेष फोकस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्रामह्य, 7 जनवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उद्योग एवं विनिर्माण क्षेत्र का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से राज्य के आगामी बजट में औद्योगिक क्षेत्र पर पूरा ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश सरकार ने आगामी बजट के लिए यह लक्ष्य रखा है कि बजट अधिक से अधिक रोजगार परक और उद्योगों के अनुकूल हो ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले व 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में हरियाणा का योगदान अग्रणी हो। मुख्यमंत्री बुधवार को गुरुग्राम में बजट पूर्व परामर्श बैठक में उद्यमियों से सीधा संवाद कर रहे थे।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट पूर्व परामर्श बैठक का लक्ष्य संबंधित हितधारकों के बहुमूल्य सुझाव लेकर प्रदेश में अधिक से अधिक उद्योगों के अनुकूल माहौल बनाना है। बीते वर्ष भी उद्योगों के साथ इस तरह बजट पूर्व परामर्श बैठक की गई थी, जिसमें बेहतरीन सुझाव आए थे, जिससे नीतियों को अधिक मजबूती मिली। बैठक में सुझाव प्राप्त हुए थे, जिसमें से 71 सुझावों को बजट में शामिल किया गया। उद्योग एवं श्रम विभाग के लिए वर्ष 2025 - 26 बजट में लगभग 1 हजार 951 करोड़ 43 लाख रुपये का प्रावधान किया गया, इसमें से 873 करोड़ 51 लाख रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बजट से जुड़े अच्छे सुझाव आमंत्रित हैं, कोई भी साथी एआई चैटबोट के माध्यम से अपने सुझाव दे सकता है।




गुरुग्राम में आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक को संबोधित करते सीएम नायब सिंह सैनी। साथ में उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक मुकेश शर्मा व वरिष्ठ अधिकारीगण।

### खरखौदा में बनेगा सैटेलाइट शहर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोनीपत जिला के खरखौदा में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सैटेलाइट शहर बसाने की योजना है। इसके साथ-साथ राई में हॉल सेल मार्केट बनाई जाएगी। इसको लेकर व्यापारियों ने संपर्क करना भी शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने संकल्प पत्र में ईवी पार्क बनाने का लक्ष्य भी रखा है। इसके साथ ही 70 हजार करोड़ रुपये की लागत से आरआरटीएस की डीपीआर बन चुकी है, जल्द ही उसका टेंडर होगा। यह सराय काले खां से करनाल व सराय काले खां से अलवर तक जाएगा, इससे प्रदेशवासियों को लाभ मिलेगा। वहीं मानेसर में कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय परिसर बावल में 26 लाख रुपये की राशि से लेबर कोर्ट बनाई जाएगी, इसके लिए बजट लोक निर्माण विभाग( भवन एवं सड़कें) को दिया जा चुका है।

### धरातल पर उतर रही घोषणाएं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार बजट में की गई घोषणाओं को लगातार धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। पिछले बजट में उद्योग एवं श्रम विभाग के बजट को 129.37 प्रतिशत तक बढ़ाया गया था ताकि इसे और अधिक सशक्त बनाया जाए। हरियाणा सरकार ने श्रमिकों के लिए डॉरमेट्री और सिंगल रूम के निर्माण हेतु आईएमटी बावल में 5 एकड़, आईएमटी फरीदाबाद में 2.76 एकड़ तथा आईएमटी सोहना में 5.47 एकड़ भूमि अधिकृत की है। आईएमटी खरखौदा के विस्तार के लिए 3 करोड़ रुपये प्रति एकड़ की दर से लगभग 5800 एकड़ भूमि की पहचान की जा चुकी है। इसे शीघ्र ही औद्योगिक नीति-2022 के अंतर्गत अधिकृत किया जाएगा।

### औद्योगिक विकास के लिए बजट प्रावधानों में होगा विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इस बजट पूर्व परामर्श बैठक में अनेक सुझाव आए। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हरियाणा के औद्योगिक विकास के लिए बजट प्रावधानों में विशेष फोकस होगा। जितने ठोस और लागू करने योग्य सुझाव दिए गए हैं, उतना ही प्रभावी बजट प्रस्तुत करेंगें। उन्होंने कहा कि हर सुझाव हमारे लिए मार्गदर्शक है और मैं व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करूंगा कि उन पर गंभीरता से विचार किया जाए।

# वेनेजुएला से आ रहे रूसी तेल टैंकर पर यूएस नेवी ने किया कब्जा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** अमेरिका और रूस के बीच जारी तनाव अब एक खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है. उत्तरी अटलांटिक महासागर में हफ्तों तक चले हाई-वोल्टेज ड्रामे के बाद अमेरिका ने रूस के झंडे वाले तेल टैंकर 'मरीनेरा' को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया है। इस सैन्य कार्रवाई ने वैश्विक राजनीति में खलबली मचा दी है क्योंकि ऑपरेशन के दौरान रूसी नौसेना के युद्धपोत और पनडुब्बियां भी उसी क्षेत्र में मौजूद थीं। अमेरिकी यूरोपीय कमान ने बुधवार को पुष्टि की है कि वेनेजुएला के तेल व्यापार से जुड़े रूसी टैंकर 'मरीनेरा' को अमेरिकी सेना और कोस्ट गार्ड ने संयुक्त ऑपरेशन में अपने नियंत्रण में ले लिया है। फेडरल कोर्ट के वारंट के आधार पर की गई यह कार्रवाई प्रतिबंधों के उल्लंघन के आरोप में की गई है।

**पनडुब्बियों और युद्धपोतों के बीच चला ऑपरेशन:** यह जब्ती तब हुई जब आइसलैंड के पास समुद्र में रूसी नौसेना की एक पनडुब्बी और कई युद्धपोत तैनात थे. एक्सपर्ट्स का मानना है कि रूसी झंडे वाले जहाज को जबरन जब्त करने से अमेरिका का मॉस्को के साथ सीधे सैन्य टकराव का जोखिम बढ़ गया है। 'मरीनेरा' (जिसे पहले 'बेला-1' के नाम से जाना जाता था) ने हफ्तों तक अमेरिकी नाकाबंदी को चकमा देने की कोशिश की और कई बार अमेरिकी कोस्ट गार्ड के आदेशों को मानने से इनकार कर दिया था।






मीटिंग | स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक

# चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी बनाई जाएगी: सुक्खू

### चिकित्सा महाविद्यालयों में एमडी-एमएस के नए विषय होंगे शुरू

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को स्वास्थ्य शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों के लिए सीनियर रेजिडेंटशिप पॉलिसी बनाई जाएगी। इस पॉलिसी के तहत सीनियर रेजिडेंट के पदों का युक्तिकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीनियर रेजिडेंटशिप में जीडीओ का कोटा 66 प्रतिशत किया जाएगा। अभी इसका अनुपात जीडीओ व सीधी भर्ती द्वारा पचास-पचास प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय चम्बा, नाहन, हमीरपुर व नेरचौक में नए विषयों में एमडी व एमएस करवाई जाएगी। इससे स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना और सुदृढ़ होगी।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जो डीएम और एमसीएच सुपरस्पेशलिस्ट फील्ड में हैं उन्हें चिकित्सा महाविद्यालय में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में उच्च तकनीकयुक्त स्टेट-ऑफ-द-आर्ट आईसीयू स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 1000 रोगी मित्र नियुक्त किये जाएंगे, जिसमें से 500 चिकित्सा महाविद्यालयों और 500 अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में तैनात किये जाएंगे। इसके लिए प्रथम चरण में पायलट प्रोजेक्ट हमीरपुर जिला से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रोगी मित्र की कार्यप्रणाली के लिए विभाग द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में रोगी मित्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि चमियाणा अस्पताल, चिकित्सा महाविद्यालय टांडा व आईजीएमसी शिमला में भी पायलट आधार पर 70 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों की मदद के लिए रोगी मित्र तैनात किये जाएंगे। इन संस्थानों में रोगी मित्र कांऊटर भी स्थापित किये जाएंगे।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चिकित्सा महाविद्यालय की विभिन्न ओपीडी में मरीजों से सम्बन्धित विभिन्न डेटा दर्ज करने के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर भी तैनात किये जाएंगे।



### स्वास्थ्य शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए कार्यन्वित की जा रही योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा को सशक्त करने के लिए नवोन्मेषी उपायों के साथ-साथ दीर्घकालिक योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं ताकि इस क्षेत्र में प्रदेश, देश का अग्रणी राज्य बने। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकर (नवीनीकरण, डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस) गोकुल बुटेल, सचिव स्वास्थ्य प्रियंका बासु इंगटी, विशेष सचिव स्वास्थ्य अश्वनी शर्मा एवं जितेन्द्र सांजटा, निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा डॉ. राकेश शर्मा, निदेशक स्वास्थ्य गोपाल बेरी और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# मान सरकार ने दशकों पुराने पैटर्न को तोड़ा, सरकारी अस्पताल में किया पहला लिवर ट्रांसप्लांट

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई तहत, पंजाब द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जा रहा है जो विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल तक नागरिक की आसान पहुंच को सुनिश्चित करती हैं: डॉ. बलबीर सिंह

पंजाब एक नए पड़ाव में दाखिल हो रहा है जहां जन स्वास्थ्य देखभाल क्षमता और प्रतिबद्धता पर आधारित है, समझौते पर नहीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** पंजाब सरकार ने पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (पी.आई.एल.बी.एस.), एस.ए.एस. नगर में प्रदेश में पहला सफल लिवर ट्रांसप्लांट करवाकर एक निर्णायक प्रशासनिक मील का पत्थर स्थापित किया है। आजादी के बाद पहली बार, पंजाब सरकार द्वारा सबसे जटिल और महंगी जीवन-रक्षक चिकित्सा प्रक्रियाओं में से एक प्रक्रिया को प्रदेश की सरकारी संस्था में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया गया है जो पहले महानगरों के निजी अस्पतालों तक ही सीमित थी।

यह उपलब्धि कोई अकेली चिकित्सा उपलब्धि नहीं है। यह दृढ़ इरादे को बयान करती है। यह उपलब्धि दशकों की उपेक्षा से स्पष्ट राहत प्रदान करती है, जिस तहत पिछली प्रदेश सरकारों ने महत्वपूर्ण तृतीय स्तर की स्वास्थ्य देखभाल को दिल्ली, मुंबई या चेन्नई तक सीमित रखा और जिससे पंजाब के मरीजों को भारी वित्तीय और भावनात्मक खर्च झेलने पड़े। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में प्रदेश निर्भरता से क्षमता की ओर बढ़ा है।

पी.आई.एल.बी.एस. में लिवर ट्रांसप्लांट सेवाएं शुरू करना स्वास्थ्य देखभाल प्रति मान सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाता है। जिसमें नागरिकों को निजी अस्पतालों की ओर जाने के लिए मजबूर करने की बजाय मजबूत सरकारी संस्थाओं का निर्माण करना शामिल है। उन्नत देखभाल सेवाओं को अब अमीरों के लिए विशेष अधिकार के रूप में नहीं, बल्कि सभी नागरिकों प्रति प्रदेश की जिम्मेदारी माना जाता है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, 'मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की दूरदर्शी अगुवाई के तहत, पंजाब सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जा रहा है जो विश्व स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल तक आम नागरिक की आसान पहुंच को सुनिश्चित करती हैं। पी.आई.एल.बी.एस. में सफल लिवर ट्रांसप्लांट एक ऐतिहासिक कदम है, जो यह सुनिश्चित करता है कि पंजाब के लोगों को अब उन्नत लिवर देखभाल के लिए प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत नहीं है।'

### पंजाब की जरूरतों की ओर सरकार की प्राथमिकता

देश भर में लिवर की बीमारियों से पीड़ित सबसे अधिक पंजाब में हैं। पंजाब में हेपेटाइटिस सी की दर 0.56 प्रतिशत से लेकर 3.6 प्रतिशत तक है, जबकि राष्ट्रीय औसत लगभग 0.3 प्रतिशत है, जिसका अर्थ है कि अनुमानित 1.5 से 10 लाख व्यक्ति इससे पीड़ित हैं। हेपेटाइटिस बी की दर लगभग 1 से 1.5 प्रतिशत है। देश भर में सिरोसिस के 40 प्रतिशत से अधिक मामले शराब से संबंधित लिवर की बीमारी के कारण होते हैं और पंजाब में शराब की अधिक खपत इस जोखिम को और बढ़ाती है। सालों से, इस जन स्वास्थ्य संकट को अनदेखा किया गया है। मरीजों को इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा, परिवार कर्ज के बोझ तले दब गए और सरकारी अस्पताल ढांचागत रूप से असमर्थ रहे। मान सरकार ने उस क्षेत्र की ओर ध्यान देने को चुना जिसे पिछली सरकारों द्वारा लगातार अनदेखा किया गया।

### इलाज के लिए अन्य प्रदेशों पर निर्भरता का अंत

इस पहलकदमी से पहले, पंजाब के लिवर ट्रांसप्लांट मरीजों के पास दूर-दराज महानगरों में इलाज करवाने के अलावा कोई वास्तविक विकल्प नहीं था। इससे जेब पर भारी बोझ, लंबी प्रतीक्षा, रोजी-रोटी का नुकसान और पारिवारिक सहायता की कमी का सामना करना पड़ता था। इसका अर्थ है कि लिवर ट्रांसप्लांट मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों की पहुंच से दूर रहा। पी.आई.एल.बी.एस. में लिवर ट्रांसप्लांट को सक्षम बनाकर, पंजाब सरकार ने लिवर देखभाल संबंधी लंबे समय से चले आ रहे पहुंच के अंतर को भर दिया है और उन मरीजों के लिए उम्मीद की किरण पैदा की है जो इलाज का खर्च न उठा पाने के कारण जीने की उम्मीद छोड़ चुके थे।

### पी.आई.एल.बी.एस. एक सरकारी संस्था के रूप में

पी.आई.एल.बी.एस. को लिवर और पिशाब संबंधी बीमारियों के लिए एक विशेष केंद्र के रूप में विकसित किया गया है जो एक छत के नीचे उन्नत हेपेटोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, डायग्नोस्टिक्स, क्रिटिकल केयर, हेपेटो-बिलियरी सर्जरी, ट्रांसप्लांट सेवाएं और ट्रांसप्लांट के बाद फॉलो-अप की पेशकश करता है। यहां किया गया सफल ट्रांसप्लांट यह साबित करता है कि ये प्रणालियां प्रतिक्रियात्मक नहीं बल्कि पूरी तरह कार्यशील और क्लिनिकल रूप से एकीकृत हैं। यह सरकार द्वारा दी गई प्राथमिकता का सीधा नतीजा है। जटिल तृतीय स्तर की देखभाल के लिए निरंतर फंडिंग, प्रशासनिक समर्थन और सरकारी संस्थाओं को खोखला करने की बजाय उन्हें मजबूत करने के संकल्प की जरूरत होती है।

### सर्जरी के अलावा अन्य सेवाएं

यह पहला लिवर ट्रांसप्लांट पंजाब के आधुनिक अंग ट्रांसप्लांट देखभाल सेवाओं में औपचारिक प्रवेश को दर्शाता है। यह प्रदेश से बाहर के अस्पतालों पर निर्भरता को घटाता है, जन प्रणाली में तृतीय स्तर की स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करता है और अधिक से अधिक ट्रांसप्लांट करने, प्रदेश में चिकित्सा प्रशिक्षण और जिलों में एक ढांचागत रेफरल नेटवर्क का रास्ता प्रशस्त करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हेपेटाइटिस बी और सी के उन्मूलन के चल रहे प्रयासों को मजबूती देने, लिवर की बीमारी का पहले पता लगाने को सक्षम बनाने और लिवर की बीमारियों से होने वाली मौतों को काफी हद तक कमी लाने की संभावना है।

### सरकार की प्राथमिकता के सार्थक नतीजे

इस उपलब्धि से, पंजाब ने साबित किया है कि जब सरकार द्वारा दृढ़ता से प्राथमिकता दी जाती है तो जनता स्वास्थ्य देखभाल संस्थाएं भी आम तौर पर उच्च स्तरीय निजी अस्पतालों जैसे नतीजे प्रदान कर सकती हैं। मान सरकार ने साबित किया है कि प्रदेश की क्षमता को मजबूत करना खोखली बयानबाजी पर नहीं बल्कि ठोस अमल पर आधारित है। सरकारी अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांटेशन सेवाएं पेश करके, पंजाब ने न केवल कीमती जानें बचाई हैं बल्कि यह भी बताया है कि नागरिक अपनी सरकार से क्या उम्मीद कर सकते हैं।

# मान सरकार की ऐतिहासिक पहल: कंडी क्षेत्र में 40 वर्षों का सूखा समाप्त

टेलों तक पहुंचा नहरी पानी, किसानों को मिला स्थायी सिंचाई समाधान

नहरी बहाली को प्राथमिकता, रिकॉर्ड निवेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने कंडी क्षेत्र के किसानों को चार दशकों बाद बड़ी राहत प्रदान करते हुए नहरी पानी की आपूर्ति को टेलों तक सफलतापूर्वक बहाल कर दिया है। अर्ध-पहाड़ी और लंबे समय से सूखा प्रभावित इस क्षेत्र में 238.90 करोड़ रुपये की लागत से कंडी नहरी नेटवर्क के नवीनीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके परिणामस्वरूप होशियारपुर और शहीद भगत सिंह नगर जिलों के 433 गांवों की लगभग 1.25 लाख एकड़ कृषि भूमि को अब सिंचाई के लिए नियमित नहरी पानी उपलब्ध हो रहा है। यह उपलब्धि पंजाब की सिंचाई व्यवस्था में एक ऐतिहासिक और निर्णायक परिवर्तन मानी जा रही है।

जल संसाधन तथा भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि भगवंत सिंह मान सरकार ने सत्ता संभालते ही नहरी तंत्र को मजबूत करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। इसी दिशा में वर्ष 2022 से 2025 के दौरान सिंचाई बुनियादी ढांचे पर 4557 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है, जो पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा वर्ष 2019 से 2022 के दौरान किए गए लगभग 2046 करोड़ रुपये के खर्च से करीब ढाई गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि यह निवेश सरकार की दूरदर्शी नीति और किसानों के हितों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मंत्री गोयल ने कहा कि कंडी क्षेत्र के कई इलाकों में किसानों ने नहरी पानी की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी। पिछली सरकारों की लापरवाही, जर्जर नहरें और उचित रखरखाव के अभाव में पानी खेतों की टेलों तक नहीं पहुंच पाता था। अब मान सरकार के ठोस प्रयासों से लगभग 40 वर्षों के बाद किसानों को उनके खेतों में नहरी पानी मिलना शुरू हुआ है, जिससे उनकी खेती, आय और भविष्य तीनों सुरक्षित हुए हैं।

### कंडी नहर की पृष्ठभूमि और सुधार कार्य

मुकेरियां हाइडल चैनल से निकलने वाली 463 क्यूसेक क्षमता की कंडी नहर, जो तलवाड़ा से बलाचौर तक लगभग 129 किलोमीटर लंबी है, का स्टेज-1 वर्ष 1998 में और स्टेज-2 वर्ष 2016 में पूरा हुआ था। इसके बावजूद, नहरों की खराब हालत के कारण लीकेज और सीपेज की समस्या बनी रही। मान सरकार ने इस लंबे समय से चली आ रही समस्या को गंभीरता से लेते हुए 238.90 करोड़ रुपये की लागत से नहर प्रणाली की व्यापक मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कराया, जिससे अब पानी बिना बाधा टेलों तक पहुंच रहा है।

### स्टेज-1 में सुधार से होशियारपुर को बड़ा लाभ

कंडी नहर स्टेज-1 के अंतर्गत तलवाड़ा से होशियारपुर तक कंक्रीट लाइनिंग का कार्य 120 करोड़ रुपये की लागत से पूरा किया गया। इसके साथ ही कच्चे खालों की बहाली और 61 किलोमीटर लंबी 11 डिस्ट्रीब्यूटरी नहरों का पुनरुद्धार किया गया। इन कार्यों से होशियारपुर जिले के 203 गांवों की लगभग 28,500 एकड़ भूमि को सीधा लाभ मिला है। इसके अतिरिक्त, भूमिगत पाइपलाइन परियोजना के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया जा रहा है।

### स्टेज-2 और लिफ्ट योजनाओं से ऊंचे क्षेत्रों को राहत

होशियारपुर से बलाचौर तक कंडी नहर स्टेज-2 के अंतर्गत डिस्ट्रीब्यूटरी नहरों का पुनर्स्थापन किया गया, जिससे शहीद भगत सिंह नगर जिले सहित आसपास के क्षेत्रों को सिंचाई सुविधा प्राप्त हुई है। ऊंचे और बरानी क्षेत्रों को पानी उपलब्ध कराने के लिए जर्जर पड़ी लिफ्ट योजनाओं को 34 करोड़ रुपये की लागत से पूरी तरह कार्यशील बनाया गया, जिससे हजारों एकड़ भूमि को पहली बार नियमित सिंचाई का लाभ मिला है।

### नई पहलें, पर्यावरण और भूजल संरक्षण पर जोर

मान सरकार ने नहरी व्यवस्था को आधुनिक बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया है। नई लिफ्ट योजनाओं की स्थापना, तालाबों के निर्माण और चोओं को नहर से जोड़ने जैसी पहलों से न केवल सिंचाई क्षमता बढ़ी है, बल्कि भूजल स्तर में सुधार भी हो रहा है। उद्योगों को नहर का पानी उपलब्ध कराकर भूमिगत जल के दोहन को कम किया जा रहा है, जिससे जल सुरक्षा के साथ-साथ सरकारी राजस्व में भी वृद्धि हो रही है।

### भविष्य की दिशा: टिकाऊ कृषि और जल सुरक्षा

बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि भविष्य में भी कंडी क्षेत्र में लिफ्ट सिंचाई योजनाओं और नहरी ढांचे के विस्तार पर निरंतर कार्य किया जाएगा। काठगढ़ लिफ्ट योजना जैसे प्रोजेक्ट्स से हजारों एकड़ नए क्षेत्र को सिंचाई सुविधा मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि मान सरकार का लक्ष्य किसानों को स्थायी समाधान देना, भूमिगत जल पर निर्भरता कम करना और पंजाब में टिकाऊ कृषि को मजबूती प्रदान करना है। चार दशकों बाद कंडी क्षेत्र की टेलों तक नहरी पानी पहुंचाकर मान सरकार ने न केवल एक पुरानी समस्या का समाधान किया है, बल्कि प्रदेश के किसानों के भविष्य को भी सुरक्षित किया है।

# पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड पंजाब में 300 करोड़ रुपये की लागत से एडहेसिव और वॉटरप्रूफिंग निर्माण सुविधा स्थापित करेगा: संजीव अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन, बिजली तथा प्रवासी भारतीय मामलों के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने बुधवार को घोषणा की कि एडहेसिव तथा निर्माण से संबंधित रसायनों के उत्पादन में अग्रणी कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा पंजाब में 300 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के साथ एक नई निर्माण सुविधा स्थापित की जाएगी। यह प्रस्तावित परियोजना गांव माजरी फकीरां तथा गांव सोहणे माजरा, उप-तहसील घनौर, राजपुरा, जिला पटियाला में 31 एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी।

संजीव अरोड़ा ने बताया कि यह सुविधा जल-आधारित एडहेसिव उत्पादों तथा वॉटरप्रूफिंग उत्पादों के मिश्रण और ब्लेंडिंग पर केंद्रित होगी। इसकी कुल प्रस्तावित उत्पादन क्षमता वार्षिक 2,00,000 मीट्रिक टन होगी, जिसमें 1,40,000 मीट्रिक टन जल-आधारित एडहेसिव उत्पाद तथा 60,000 मीट्रिक टन वॉटरप्रूफिंग उत्पाद शामिल होंगे। यह सुविधा मुख्य रूप से घरेलू बाजार की आवश्यकताओं को पूरा करेगी तथा भविष्य में आसपास के बाजारों में निर्यात की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

इस परियोजना से उत्पन्न होने वाली रोजगार संभावनाओं को रेखांकित करते हुए मंत्री ने कहा कि इस परियोजना से लगभग 300 रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है, जिनमें कुशल, अर्ध-कुशल और पर्यवेक्षण श्रेणियों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष नौकरियां शामिल होंगी। उन्होंने आगे कहा कि यह सुविधा सर्वोत्तम औद्योगिक प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए आधुनिक उपकरणों, उपयोगिताओं तथा अनुकूल वातावरण के साथ स्वास्थ्य एवं सुरक्षा (ईएचएस) प्रणालियों से युक्त होकर विकसित की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1969 में की गई थी और यह भारत में उपभोक्ता तथा विशेष रसायनों के उत्पादन में एक अग्रणी कंपनी एवं मार्केट लीडर है। कंपनी एडहेसिव और सीलेंट, निर्माण से संबंधित रसायन, औद्योगिक रेज़िन, पिगमेंट तथा कला एवं शिल्प सामग्री के निर्माण में अग्रणी है। इसका प्रमुख ब्रांड 'फेविकोल' देश के सबसे विश्वसनीय ब्रांडों में से एक है।

संजीव अरोड़ा ने कहा कि उत्तर भारत में अपने निर्माण आधार को सुदृढ़ करने और बढ़ती क्षेत्रीय मांग को पूरा करने की रणनीति के तहत पिडिलाइट द्वारा पंजाब में यह प्रस्तावित सुविधा स्थापित की जा रही है। इस परियोजना का वित्तपोषण पूरी तरह आंतरिक संसाधनों के माध्यम से किया जाएगा और इसे दिसंबर 2027 तक वाणिज्यिक उत्पादन के लिए चालू करने का लक्ष्य रखा गया है।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि यह महत्वपूर्ण निवेश एक बार फिर बड़े पैमाने पर निर्माण सुविधाएं स्थापित करने के लिए पंजाब की बढ़ती पसंद को दर्शाता है, जो मजबूत औद्योगिक बुनियादी ढांचे, उत्कृष्ट संपर्क व्यवस्था, कुशल मानव संसाधन तथा सरकार की प्रगतिशील और निवेशक-हितैषी नीतिगत रूपरेखा के कारण संभव हुआ है।

# अनुसूचित जाति आयोग ने विभिन्न मामलों में पटियाला के एसपी और डीएसपी सिटी-1 को तलब किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 07 जनवरी।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने पटियाला ज़िले से संबंधित दो अलग-अलग मामलों में पटियाला के एस.पी. तथा डी.एस.पी. सिटी-1 को तलब किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन स जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि राम प्रसाद पुत्र श्री वासदेव, उम्र 70 वर्ष, निवासी गांव बलबेडा, तहसील एवं जिला पटियाला ने आयोग को शिकायत दी है कि उनका बेटा गुरतेज सिंह एक दुकान पर काम करता था। दिनांक 13-12-2025 को वह काम पर गया था और उसी दिन सुबह करीब 11 बजे उन्हें फोन आया कि गुरतेज सिंह की मृत्यु हो गई है।

पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया था। थाना सिविल लाइन पटियाला द्वारा उनकी किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं की गई, बल्कि धारा 174 के तहत कार्रवाई कर उन्हें अंतिम संस्कार करने के लिए कह दिया गया। जब उन्होंने स्वयं अपने बेटे के शव को देखा, तो वह आग से बुरी तरह झुलसा हुआ था। इस मामले में आयोग द्वारा पटियाला पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी के मद्देनज़र कार्रवाई करते हुए डी.एस.पी. सिटी-1 पटियाला सतनाम सिंह को दिनांक 14 जनवरी 2026 को तलब किया गया है।

उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि सुखदीप कौर पत्नी सुखविंदर सिंह, निवासी धामो माजरा, पटियाला द्वारा थानेदार बलजीत सिंह के खिलाफ पुलिस में दर्ज मामले में, पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के निर्देशों के बावजूद कार्रवाई अमल में न लाने के कारण, पटियाला ज़िले की पंजाब ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन की एस.पी. स्वर्णजीत कौर को भी दिनांक 14 जनवरी 2026 को तलब किया गया है।

# लुधियाना में टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम; खालिस्तान कमांडो फोर्स से जुड़े दो आरोपी एक पिस्तौल सहित काबू

गिरफ्तार आरोपियों ने लुधियाना में सरकारी व प्रमुख कार्यालयों की रेकी की थी: डीजीपी गौरव यादव

मामले के आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी: एआईजी एसएसओसी डी सुधरविजी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित बनाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) एसएएस नगर ने काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना के समन्वय से, विदेशी हैंडलरों के निर्देशों पर टारगेट किलिंग की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे लुधियाना-आधारित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्तौल तथा पांच जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह जानकारी आज यहां पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान करनबीर सिंह निवासी हैबोवाल कलां, लुधियाना तथा अवतार सिंह निवासी न्यू शिमलापुरी, मिलरगंज, लुधियाना के रूप में हुई है। आरोपी अवतार सिंह का आपराधिक पृष्ठभूमि है और उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट तथा आईपीसी एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) से जुड़े यूके और जर्मनी आधारित हैंडलरों के संपर्क में थे और कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपने हैंडलरों के निर्देशों पर साजिश के तहत लुधियाना में सरकारी तथा प्रमुख कार्यालयों की रेकी की थी। डीजीपी ने बताया कि जांच से यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपियों को कुछ अन्य चिन्हित व्यक्तियों से संबंधित जानकारी एकत्र करने और जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने का कार्य सौंपा गया था।

इस ऑपरेशन की जानकारी देते हुए एआईजी एसएसओसी एसएएस नगर डी सुधरविजी ने बताया कि क्षेत्र में टारगेट किलिंग की साजिश रचे जाने संबंधी विश्वसनीय सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसओसी एसएएस नगर की एक संयुक्त टीम ने काउंटर इंटेलिजेंस लुधियाना के साथ मिलकर ऑपरेशन चलाया और दोनों आरोपियों को लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान अवतार सिंह के खुलासे पर उसके कब्जे से एक 9 एमएम पिस्तौल और जिंदा कारतूस बरामद किए गए। एआईजी ने बताया कि जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि दोनों आरोपी कट्टरपंथी थे और इन्हें विदेशी हैंडलरों द्वारा भर्ती कर सोशल मीडिया पर कट्टरपंथी सामग्री साझा करने का कार्य सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में आगे-पीछे के संबंध स्थापित करने के लिए आगे की जांच जारी है। इस संबंध में दिनांक 05.01.2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 113(5) एवं 61(2) के तहत थाना एसएसओसी एसएएस नगर में एफआईआर नंबर 1 दर्ज की गई है।

# 328 पवित्र सरूपों का मामला: एसजीपीसी पर काबिज गुट की चुप्पी 'गुनाह' की गवाही: संधवा

काबिज गुट बताए कि दोषियों को बचाने में किसका हाथ है: संधवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 07 जनवरी।** पंजाब विधानसभा स्पीकर कुलतार सिंह संधवा ने 328 पवित्र सरूपों के गायब होने के संवेदनशील मामले पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) पर काबिज गुट की आलोचना करते हुए कहा कि एक तरफ तो एसजीपीसी पर काबिज गुट दावा कर रहा है कि ईशर सिंह कमेटी और आंतरिंग कमेटी ने दोषियों के खिलाफ साफ कार्रवाई की सिफारिश की थी, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि उन सिफारिशों को आज तक लागू क्यों नहीं किया गया? क्या यह मान लिया जाए कि कार्रवाई न करना आरोपियों को सुरक्षित रास्ता देने की राजनीतिक राजिश थी?

संधवा ने तीखा हमला करते हुए पूछा कि क्या आरोपी इतने प्रभावशाली थे या अपने ही ग्रुप के थे कि उन्हें सज़ा देने के बजाय पंथक मर्यादा को ताक पर रख दिया गया? उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि सिख कौम की भावनाओं और नैतिकता से ऊपर राजनीतिक हितों को रखा गया है। अगर रिपोर्ट में सब कुछ साफ था, तो संगत से जानबूझकर सच छिपाने के पीछे क्या मजबूरी थी? यह चुप्पी सीधे तौर पर दोषियों की पीठ थपथपाने के बराबर है।

उन्होंने आगे कहा कि अगर जांच कमेटियों की रिपोर्ट सही थी, तो उन पर कार्रवाई न करना एक गंभीर पंथक अपराध है, जिसके लिए मौजूदा एसजीपीसी नेता सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं और अगर वे रिपोर्ट गलत थीं, तो सिख जगत को आज तक असली सच से क्यों दूर रखा गया? एसजीपीसी की इस दोहरी नीति ने संगठन की साख को बहुत बड़ा झटका दिया है, जिसका जवाब संगत को देना होगा।

संधवा ने स्पष्ट किया कि आज सिख समुदाय को यह जानने का पूरा हक है कि इंसाफ में रुकावट डालने के पीछे कौन सी ताकतें थीं। सवाल सिर्फ सिफारिशें करने वालों का नहीं है, बल्कि उन्हें रोकने वाले हाथों का भी है। उन्होंने चेतावनी दी कि पवित्र स्वरूपों की बेअदबी और लापरवाही के मामले में चुप रहने वाले और आरोपियों को पनाह देने वाले इतिहास के कटघरे में हमेशा गुनहगार बने रहेंगे।

## शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने एक परिवार का पक्ष लेकर अपनी ही शान को ठेस पहुंचाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने कहा कि श्री अकाल तख़्त साहिब के जत्थेदार का पद सिख पंथ के लिए अत्यंत उच्च, गंभीर और सम्माननीय है।

उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एस.जी.पी.सी.) का दुरुपयोग एक ऐसे परिवार द्वारा किया जा रहा है, जिसका इस संस्था पर पूर्ण नियंत्रण है और जो इसे अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए इस्तेमाल कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप एस.जी.पी.सी. की प्रतिष्ठा को क्षति पहुँच रही है।

उन्होंने जत्थेदार गड़गज्ज साहिब से विनती की कि वे श्री अकाल तख़्त साहिब के समक्ष अपने अपराध स्वीकार करने वाले परिवार की रक्षा न करें। उन्होंने कहा कि गड़गज्ज साहिब को संपूर्ण पंथ के हित में जत्थेदार के रूप में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि साहिब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के लापता 328 स्वरूपों से जुड़े दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के साथ-साथ पंथक परंपराओं के अनुसार भी सख़्त कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर जत्थेदार अकाली फूला सिंह जी की निडर भूमिका को याद रखना समय की आवश्यकता है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 312वें दिन 6.2 किलोग्राम हेरोइन सहित 107 नशा तस्कर गिरफ्तार

'नशा मुक्ति' के तहत पंजाब पुलिस ने 41 व्यक्तियों को नशा मुक्ति उपचार के लिए किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाई जा रही मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के लगातार 312वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 296 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्य भर में 107 नशा तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 82 एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ ही 312 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या अब 43,544 हो गई है। छापेमारी के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 6.2 किलोग्राम हेरोइन, 7 किलोग्राम भुक्की, 496 नशीली गोलियाँ/कैप्सूल तथा 34,820 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ इस युद्ध की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

64 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से ज्यादा पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 296 स्थानों पर छापेमारी की। इस दिनभर चले अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 300 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की।

राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए राज्य सरकार ने तीन-स्तरीय रणनीति–प्रवर्तन (एनफोर्समेंट), नशा मुक्ति (डी-एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन)–लागू की है। इसी के तहत पंजाब पुलिस ने आज 'नशा मुक्ति' पहल के अंतर्गत 41 व्यक्तियों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए सहमत किया है।

# अनाज भंडारण क्षेत्र में उतरेंगी सहकारी समितियां, सीएम पैक्सों से होगी शुरुआत

## चीनी मिलों के घाटे को कम करने के लिए बनेगी समन्वय समिति

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** हरियाणा की सहकारी समितियां अब अनाज भंडारण क्षेत्र में उतरेंगी। सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने इस दिशा में कदम आगे बढाते हुए सीएम पैक्सों से शुरुआत करने तथा इच्छुक सहकारी समितियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं प्रदेश के सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी जल्द ही समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सहकारिता मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने बुधवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेन्द्र कुमार एवं सभी सहकारी संस्थाओं के आला अधिकारियों के साथ बैठक की। सहकारिता मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में अनाज भंडारण के लिए गोदाम निर्माण के उद्देश्य से हैफेड को नोडल एजेंसी बनाते हुए 10 लाख मीट्रिक क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। इस दिशा में हैफेड द्वारा अब तक 3.35 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि 1.38 लाख लाख मीट्रिक टन के लिए प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति को भेज दिए गए हैं। सहकारी समितियां आत्मनिर्भर भारत - विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान दे सकें, इसके लिए सीएम पैक्सों को भी अनाज भंडारण क्षेत्र में अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में अब तक पंजीकृत सभी सीएम पैक्सों को इस संभावना के बारे में अवगत करवाते हुए अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि उन्हें व्यवहारिक तौर पर अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी सहकारी चीनी मिल प्रसंघ को विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक समन्वय समिति गठित की जाए, जो सभी चीनी मिलों के निरीक्षण करते हुए मिलों को घाटे से उभारने बारे रिपोर्ट दे।

### करनाल को टीवी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कसी: डा. पूनम चौधरी

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** करनाल की सिविल सर्जन डा. पूनम चौधरी ने कहा है कि हरियाणा को जल्द ही टीबी मुक्त करवा दिया जाएगा। इस समय करनाल में तीन हजार टी बी के मरीज हैं। टीवी रोग से मुक्त होने का सक्सेज प्रतिशत 90 प्रतिशत से आधिक हैं। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों को दवा के साथ पौष्टिक आहार की जरूरत होती हैं। इस दिशा में स्वदेशी जागरण मंच की टीम सराहनीय कदम उठा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज 51 मरीजों को पौष्टिक आहार किट दी ई हैं। उन्होंने करनाल के समाजसेवियों से टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार किट मुहैया करवाने के लिए आगे आने की अपील की। वह आज चांद सराय में डेहा बस्ती सिथत धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थीं। इस कार्यक्र म का आयोजन स्व्र्णिम भारत स्वावलंबन फाउडेंशन स्वदेशी जागरण मंच की स्वास्थ्य टीम ने किया। इस अवसर पर सुरेश पुरी ने बताया कि यह सफर 11 मरीजों से शुरू हुआ था। अब 51 मरीजों तक पहुंच गया हैं। इस अवसर पर समाजसेवी उद्योगपति विजय सेतिया, पार्षद संकल्प भंडारी, सतीश चावला, डिप्टी सीएमओ याशिका, एसएमओ डा. नीरजा, मैडीकल अफसर डा. गीताजंली, कोर्डीनेटर डा. स्नेहा, समाजसेवी के एल जिंदल, ने सबोधित किया। इस अवसर पर के के चावला, डा. गोंगिया, कर्नल पीएस विंद्रा, आर के शर्मा, नरेश चावला, गौरव नारंग, प्रवीण चौधरी,सुर्दशन, भूपिंदर दिनेश कुमार जी मौजूद थे।

# गांव जांबा में 10 जनवरी को आयोजित होगा युवा मिलन समारोह: रामचंद्र गुर्जर

कहा- सांसद रणदीप सुरजेवाला करेंगे मुख्यातिथि के रूप में शिरकत

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 7 जनवरी।** जिला कांग्रेस कमेटी कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि आगामी 10 जनवरी दिन शनिवार को सुबह 11 बजे पूंडरी हलके के गांव जांबा में युवा कांग्रेसी नेता जस्सा जांबा द्वारा युवा मिलन समारोह आयोजित किया जाऐगा। इसमें मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला शिरकत करेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं, युवा साथियों सहित हर वर्ग के लोगों को युवा मिलन समारोह में 10 जनवरी को गांव जांबा में बढ़-चढकर भाग लेने की अपील की। कैथल कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि युवा मिलन समारोह को लेकर युवा शक्ति में भारी जोश व उत्साह है और समारोह में रिकार्ड तोड़ संख्या में युवा वर्ग भार लेंगे। उन्होंने मौजूदा भाजपा सरकार को युवा विरोधी सरकार करार देते हुए कहा कि चुनाव में युवाओं को पक्का रोजगार देने का वादा करने वाली सरकार आज युवाओं के हितों से खिलवाड़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रदेश में विभिन्न सरकारी विभागों में लाखों की तादाद में पद खाली पड़े है, लेकिन सरकार पक्की भर्तियां करने की जहमत तक नहीं उठा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ने कहा कि रोजगार न मिलने के कारण जहां युवा विदेशों में पलायन करने पर विवश है और रोजगार की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहे है। युवा सरकार की रोजगार विरोधी नीतियों के कारण नशे की दलदल में फंसता जा रहा है। सरकार के प्रति युवाओं में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि युवा मिलन समारोह में सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला भाजपा सरकार की युवा विरोधी नीतियों के साथ सरकार की जनविरोधी नीतियों का पर्दाफाश करेंगे। समारोह में युवा सहित हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपने प्रिय नेता सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के विचार सुने।

## न्यूज ब्रीफ

### एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य क्षमता पर कार्यशाला आयोजित



**लाडवा (अप्रस)।** लाडवा के सुगनी देवी स्कूल में बुधवार को एक दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य पर क्षमता निर्माण इन-हाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन स्कूल की हेडमिस्ट्रेस अर्चना व कोऑर्डिनेटर मंजू गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया तथा प्रार्थना गीत गाया। कार्यशाला में वक्ताओं ने छात्रों के शैक्षणिक और समग्र जीवन विकास में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने व्यावहारिक तनाव प्रबंधन तकनीक को सीखा, जिसमें माइंडफुलनेस, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली के विकल्प शामिल थे। इस कार्यशाला में छात्रों के बीच खुले संचार और समर्थन की आवश्यकताओं पर चर्चा की गई। सत्र में मानसिक स्वास्थ्य के प्रमुख तत्वों जैसे संज्ञानात्मक, व्यवहारिक सामाजिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर प्रकाश डाला गया। इसमें स्मृति, ध्यान, सकारात्मक भावनाओं का अनुभव, तनाव से निपटना, निर्णय व समस्या समाधान जैसी क्षमताएं शामिल थी। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए छात्र कार्य के बीच में अंतराल, योग, मेडिटेशन, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, आत्म देखभाल, दूसरों से जुड़कर मदद लेकर व दूसरों की सहायता कर तनाव प्रबंधन कर सकते हैं।

### नवीन जिन्दल फाउंडेशन ने लगाया नि:शुल्क मेडिकल कैंप




**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया/अरविंद शर्मा)।** ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा गांव झिंझरपुर में नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैंप में डॉ. पूर्णमल के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम ने कुल 57 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इसके साथ ही दो मरीजों के लैब टेस्ट भी मौके पर किए गए। शिविर के दौरान मरीजों को मौसम के अनुसार स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की भी जानकारी दी गई। डॉ. पूर्णमल ने सर्दी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने पर जोर देते हुए कहा कि अत्यधिक ठंड के समय सुबह-शाम बाहर टहलने के बजाय घर पर ही योग और हल्के व्यायाम के माध्यम से शरीर को सक्रिय और स्वस्थ रखा जा सकता है। उन्होंने बच्चों को जंक फूड से दूर रखने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि महिलाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिवार के आहार में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम युक्त भोजन शामिल हो। इस बारे में जानकारी देते हुए सांसद कार्यालय प्रभारी एवं पूर्व आईएएस अधिकारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का स्पष्ट विजन है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल अपने जनसंपर्क कार्यक्रमों के दौरान भी लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

### स्व. गुलशन गोयल की याद में लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** युवा अग्रवाल सभा द्वारा युवा अग्रवाल सभा के सदस्य स्वर्गीय गुलशन गोयल की याद में उनके जन्मदिन के दिवस पर युवा अग्रवाल सभा थैलीसीमिया पीड़ति बच्चों के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा यह रक्तदान शिवर हर साल की तरह हिसार रोड पर रिलायंस पेट्रोल पंप पर लगाया जाएगा। अजय गोयल व युवा अग्रवाल सभा के नवयुक्त प्रधान गौरव बंसल ने बताया कि रक्तदान शिविर में मानव सेवा संगम ब्लड बैंक की टीम द्वारा रक्त एकत्रित किया जाएगा।

### पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ईक्कस में एनएसएस कैंप संपन्न



**जींद (अप्रस/रेखा)।** जिले के ईक्कस गांव में स्थित पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस कैंप भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और योगाचार्य श्रीमती सुमन ने बच्चों को योग के तरीके और फायदे के बारे में जानकारी दी । श्रीमती पूनम ने बच्चों को बुरी संगत से दूर रहने और परीक्षा के दौरान बच्चों को किस तरह की तैयारी करनी चाहिए उसके बारे में बताया । कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती सुनीता ने बच्चों को जीवन में अनुशासन के महत्व पर्यावरण के प्रति नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए अपनी आने वाली पीढियां को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पेड़ लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने का संदेश दिया इस अवसर पर श्रीमती सरोज व अध्यापक निजामुद्दीन उपस्थित रहे।

# एग्रीस्टैक पोर्टल से किसानों को मिलेगा डिजिटल सशक्तिकरण: डॉ. नरेश एसडीओ

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 7 जनवरी।** हरियाणा सरकार द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पहल एग्रीस्टैक पोर्टल को प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य किसानों को एकीकृत डिजिटल सेवाएं प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाना है। एग्रीस्टैक के माध्यम से किसानों का कृषि से जुड़ा समस्त डेटा एक सुरक्षित डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का सीधा एवं पारदर्शी लाभ मिल सकेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. नरेश ने बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल के कार्य को और अधिक गति देने के लिए अब कृषि विभाग के साथ-साथ पंचायत एवं राजस्व विभाग का भी सहयोग लिया जा रहा है। इससे किसानों के पंजीकरण की प्रक्रिया में तेजी आएगी और अधिक से अधिक किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि पंचायत एवं राजस्व विभाग के पटवारियों तथा ग्राम सचिवों को एग्रीस्टैक पोर्टल पर किसानों के पंजीकरण हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा चुका है, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों की सहायता कर सकें। उपमंडल कृषि अधिकारी नारायणगढ़ डॉ. नरेश ने आगे बताया कि एग्रीस्टैक पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक किसान की डिजिटल किसान पहचान (किसान आईडी) तैयार की जा रही है। इस किसान आईडी में भूमि रिकॉर्ड, फसल विवरण, फसल बीमा, ऋण एवं सरकारी सहायता से संबंधित सभी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल होंगी। इससे योजनाओं का लाभ किसानों तक पारदर्शी तरीके से और कम समय में पहुंचेगा।

# बराड़ा अनाज मंडी में जलापूर्ति और सीवरेज सुधार की पहल, 1.94 करोड़ की परियोजना शुरू

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराडा, 7 जनवरी।** बराड़ा की अनाज मंडी में लंबे समय से चली आ रही पेयजल और सीवरेज संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रशासन ने आखिरकार ठोस कदम उठाया है। मंडी परिसर में करीब 1.94 करोड़ रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइन और सीवरेज व्यवस्था बिछाने का काम शुरू कर दिया गया है। यह परियोजना न केवल मंडी के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि किसानों और व्यापारियों की रोजमर्रा की दिक्कतों को कम करने की दिशा में भी अहम मानी जा रही है।

प्रशासनिक स्वीकृति के बाद कार्य को धरातल पर उतार दिया गया है। परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन कुलराज शर्मा, जनस्वास्थ्य विभाग अंबाला के एसडीओ और नगर पालिका सचिव मौजूद रहे। अधिकारियों का कहना है कि मौजूदा पाइपलाइन वर्षों पुरानी हो चुकी थी, जिसके चलते जलापूर्ति बार-बार बाधित होती थी और सीवरेज से जुड़ी समस्याएं भी बनी रहती थीं। अब पूरी लाइन को बदलकर नई व्यवस्था स्थापित की जा रही है, जिससे मंडी में स्वच्छ पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। स्थानीय व्यापारियों और आढ़तियों का भी इस परियोजना को लेकर सकारात्मक रुख देखने को मिला। आढ़ती एसोसिएशन के प्रतिनिधि प्रिंस वाधवा, ललित जैन और दिलबाग दहिया सहित अन्य व्यवसायी मौके पर मौजूद रहे। उनका कहना है कि बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण मंडी में कामकाज प्रभावित होता रहा है और स्वच्छता पर भी असर पड़ता था। हालांकि, प्रशासन के सामने चुनौती यह रहेगी कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में और गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा हो। मंडी में रोजाना बड़ी संख्या में किसानों और व्यापारियों की आवाजाही रहती है, ऐसे में काम के दौरान व्यवस्था बनाए रखना और असुविधा को कम करना भी जरूरी होगा।

### टीचर ट्रांसफर पॉलिसी बेहतर, सर्वमान्य, और व्यवहारिक: कृष्ण निर्माण

**कैथल (अप्रस)।** शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति ने शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई टीचर ट्रांसफर पॉलिसी को सर्वमान्य,न्यायपूर्ण और बेहतरीन पॉलिसी बताते हुए सरकार और शिक्षा विभाग का धन्यवाद किया। साथ ही यह मांग भी की कि सरकार और विभाग को चाहिए कि ट्रांसफर प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और ट्रांसफर पॉलिसी पर जनगणना आदि को लेकर जिस तरह की अफवाहें हैं, उनको साफ किया जाए क्योंकि यदि इस समय ट्रांसफर नहीं हुई तो सरकार और शिक्षा विभाग की ही बदनामी होगी। साथ ही विभाग में अस्थाई स्टेशनों पर बैठे लगभग चालीस हजार से ज्यादा शिक्षक न केवल परेशान होंगे बल्कि सरकार की साख को धक्का भी लगेगा क्योंकि खुद मुख्यमंत्री ट्रांसफर को लेकर सार्वजनिक बयान दे चुके हैं और शिक्षा मंत्री तो लागातार दावा कर रहे हैं कि अप्रैल में सभी शिक्षकों को नए स्टेशन अलॉट कर दिए जाएंगे।

# देश के जानेमाने शिक्षा विद युवा मैंटर मिहिर वैनर्जी शामिल होंगे पीएम से संवाद कार्यक्रम में

पीएम से संवाद के दौरान भारत मंडपम में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे पाथ ब्रेकर

पिछले माह गुजरात में निकाली गई राष्ट्रीय यूनिटी मार्च में हुए थे शामिल

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 7 जनवरी।** करनाल के जाने माने शिक्षा विद तथा युवा मैंटर मिहिर वैनर्जी नई दि ल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद करेंगे। उन्हें पिछले माह गुजरात में निकाली गई यूनिटी मार्च में हिससा लेने का अवसर भी मिला था। देश भर के 125 युवाओं के साथ वह युवा मैंटर के रूप में शामिल हुए थे। यह मार्च सरदार पटेल की जन्म स्थली कर्मसर से स्टेच्यू आफ यूनिटी केवड़िया तक 182 किलो मीटर किलोमीटर तक निकली थी। जिसमें उप राष्ट्रपति से लेकर रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह, युवा मामलों के मंत्री मनसुख मंडाविया सहित तमाम देश विदेश की हस्तियां शामिल हुई । जानकारी देते हुए मिहिर वैनर्जी ने बताया कि भारत सरकार नौ जनवरी से 14 जनवरी तक दिल्ली के भारत मंडपम में विकेसित भारत डायलाग का आयोजन किया जा रहा हैं। इसमें साल 2047 में विकसित भारत के रोड मेप पर चर्चा की जाएगी। उन्हे इस कार्यक्रम में युवा मैंटर तथा पाथ ब्रेकर के रूप में आमंत्रित किया गया हैं। उन्होंने बताया कि 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश भर से आए हुए युवाओं से संवाद करेंगे। उन्हें भी पीएम के सामने अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि वह इस अवसर को लेकर खासे उत्साहित हैं। पिछलें साल इस कार्यक्रम में उनकी बेटी संजोली तथा अनन्या वैनर्जी को शामिल होने का अवसर मिलाथा। वह हरियाणा की युवा आइकोन के रूप में शामिल हुई। उन्होंने बताया कि वह शिक्षा के स्वरूप को लेकर चर्चा करेंगे।

### बी फार्मेसी में विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

**रादौर (योगेश कुमार)।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थियों ने बी फार्मेसी की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। पं. बी.डी. शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज़, रोहतक से एफिलिएटेड बी.फार्मेसी तृतीय सेमेस्टर की अंतिम परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। परीक्षा परिणामों में सोनम ने विश्वविद्यालय स्तर पर तृतीय स्थान, प्रियंका ने सातवां व गुरजंट ने नौवां स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन व शैक्षणिक अनुशासन को दर्शाती है। शैक्षणिक सफलता के साथ-साथ ये विद्यार्थी विभिन्न एक्स्ट्रा करिकुलर एवं को-करिकुलर गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने सर्वांगीण विकास के साथ-साथ संस्थान के जीवंत परिसर वातावरण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता तथा एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता उनके संतुलित व्यक्तित्व व संस्थान के सहयोगी शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है।

# दीपेंद्र सिंह हुड्डा युवा नेतृत्व के सशक्त प्रतीक: राममेहर करोड़ा

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पूंडरी, 7 जनवरी।** पूर्व जिला पार्षद एवं युवा कांग्रेसी नेता हल्का पूंडरी राममेहर करोड़ा ने सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा की खुलकर प्रशंसा करते हुए उन्हें हरियाणा के युवाओं की सशक्त आवाज़ और प्रदेश की राजनीति में दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक बताया। राममेहर करोड़ा गत दिवस दिल्ली पहुंचकर नेता प्रतिपक्ष दीपेंद्र सिंह हुड्डा से शिष्टाचार भेंट करने पहुंचे, जहां उन्होंने हुड्डा का मिठाई खिलाकर मीठा मुंह करवाया और उनके जन्मदिन के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच हरियाणा की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, युवाओं की समस्याओं तथा संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। राममेहर करोड़ा ने कहा कि दीपेंद्र सिंह हुड्डा का संपूर्ण राजनीतिक जीवन संघर्ष, सिद्धांत और जनसेवा की भावना से प्रेरित रहा है। उन्होंने हमेशा आम जनमानस, किसानों, मजदूरों और विशेषकर युवाओं के हितों को प्राथमिकता दी है। पूर्व जिला पार्षद राममेहर करोड़ा ने कहा कि आज हरियाणा का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक और बढ़ती महंगाई जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है।

ऐसे समय में दीपेंद्र सिंह हुड्डा जैसे नेता युवाओं की आवाज़ को मजबूती से उठाकर सरकार को जवाबदेह बनाने का कार्य कर रहे हैं। चाहे वह लोकसभा सत्र हो या जनता के बीच संघर्ष, हुड्डा ने हर मोर्चे पर जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है।

## एनएसएस सात दिवसीय शिविर का समापन, सेवा भाव से होता है व्यक्तित्व का विकास: स्वामी आत्मानंद सरस्वती



अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**ढांड, 7 जनवरी।** बरोट-बंदराणा स्थित शहीद ए.सी. विकास भारद्वाज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर स्वामी आत्मानंद सरस्वती (गुरु ब्रह्मानंद आश्रम, बंदराणा), एनएसएस जिला संयोजक एवं स्टेट अवॉर्डी विजेंद्र, तथा ग्रामीण युवा विकास मंडल टीक के अध्यक्ष एवं पूर्व नेशनल यूथ वॉलंटियर (नेहरू युवा केंद्र, युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चंद ने की।

कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार ने शिविर के सात दिनों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शिविर के दौरान कराई गई गतिविधियों, जागरूकता अभियानों और सेवा कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर एनएसएस वॉलंटियर्स ने भी अपने-अपने अनुभव सांझा किए और शिविर को जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला बताया। मुख्य वक्ता कृष्ण टीक ने विद्यार्थियों को रियल लाइफ और रील लाइफ के अंतर को समझाते हुए हीरोज बनने के बजाय समाज में उदाहरण और रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नैतिक शिक्षा को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों में नहीं रहनी चाहिए कोई कमी: अनिल कुमार दून

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 7 जनवरी।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को मनाने में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों से सम्बंधित सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर लें ताकि गणतंत्र दिवस समारोह को पूरी भव्यता के साथ मनाया जाए। वे बुधवार को अपने कार्यालय में सभी अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रहे थे तथा जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे थे। एसडीएम ने कहा कि हर वर्ष राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया जाता है। इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन अनाजमंडी में किया जाएगा। समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रत्येक प्रस्तुति एक निर्धारित अवधि के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यातिथि द्वारा परेड की सलामी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दिन प्रातः 9 बजे सभी सरकारी भवनों के ऊपर तिरंगा लहराया जाए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से समय रहते तैयारियां पूर्ण कर लें। नगरपालिका द्वारा समारोह स्थल के साथ-साथ पूरे शहर में सफाई व्यवस्था की जाए। इसके अतिरिक्त ठंड को ध्यान में रखते हुए समारोह में बच्चों के बैठने की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा राज्य सरकार की विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी। विभिन्न विभागों की झांकियों में हरियाणा विकास की तस्वीर नजर आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मार्च पास्ट की प्रस्तुति भव्य होनी चाहिए। एसडीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि विभिन्न स्कूलों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय रहते रिहर्सल करवाई जाए। एसडीएम ने कहा कि बच्चों को दी जाने वाली रिफ्रशमेंट सामग्री की गुणवत्ता की जांच चिकित्सकों द्वारा की जाए ताकि बच्चों के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, डीएसपी निर्मल सिंह, नायब तहसीलदार सागर मल, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, सुप्रीडेंट हाकिम सैनी व सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### अंर्तराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आयोजन 19 जनवरी से 25 जनवरी तक: अनिल कुमार दून

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने कहा कि उपमंडल पिहोवा में अंर्तराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव 19 जनवरी 25 जनवरी तक चलेगा। इस महोत्सव में सरस मेले का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त स्कूल, कालेज एवं विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। एसडीम बुधवार को एसडीएम कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव से संबंधित अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि महोत्सव में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंर्तराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन सांय सरस्वती घाट पर आरती होगी। उन्होंने कहा कि सरस्वती महोत्सव को बडी धूमधाम से मनाया जाएगा और सभी धार्मिक संस्थाओं और आम जनता के सहयोग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्य केंद्र व शहर में साफ सफाई और पीने के पानी की व्यवस्था अन्य तैयारियां समय रहते पूरी कर ले। इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, डीएसपी निर्मल सिंह, नायब तहसीलदार पिहोवा सागर मल, एक्सईएन नवतेज सिंह सैनी, आदित्य बहल, लवप्रीत, गुरप्रीत सिंह, रोहित शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मिठाई की दुकान पर बाइक सवार तीन युवकों ने की फायरिंग, मांगी एक करोड़ रंगदारी

दुकानदार पर चलाई चार गोली, बाल बाल बचा, बदमाशों ने पर्ची में लिखा था शीलू डाहर बोल रहा हूँ। दुकानदार को कहा तेरे पास दो दिन का समय है, नहीं दोगे तो मार दिया जाएगा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार






**समालखा, 7 जनवरी।** पुरानी गुड़ मंडी स्थित राजेन्द्र गाजर पाक वाले के यहां मंगलवार रात करीब 9 बजे बाइक सवार तीन युवको ने एक के बाद एक चार फायर किए। गोली दुकान के शीशे में लगी, जिसके चलते दुकान मालिक बाल बाल बच गया। घटना के बाद तीनो युवक बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। मंडी में गोली चलने की वारदात के बाद दहशत का माहौल है।

उल्लेखनीय है की गुड मंडी स्थित राजेंद्रा मिष्ठान भंडार मित्तल के मालिक राजेन्द्र मितल गाजर पाक वाले का बेटा मनोज मित्तल काउंटर बैठा हुआ था। उसके मजदुर दुकान ब?ाने की तैयारी में थे। एक मजदुर दूकान में था। चार से पांच मजदुर गोदाम में मिठाइयों को रख रहे थे। इसी दौरान बर्फी खरीदने के बहाने दो बदमाश दुकान पर आए।

उनमें से एक बदमाश ने मनोज को एक पर्ची थमाई, जिसमे लिखा है कि मै शीलू डाहर बोल रहा हूं तेरे से एक करोड़ रुपए चाहिए। तेरे पास दो दिन का समय है। नहीं दोगे तो मार दिया जाएगा। पुलिस के पास जा या कहीं भी जा पैसे देने से ही काम चलेगा। पर्ची के नीचे सुनील डाहर लिखा है। पर्ची देने के बाद तीन युवक बाइक पर आए और एक के बाद एक चार गोलियां दुकान के अंदर बैठे मालिक पर चलाई। गनीमत रही कि गोलियां दुकान के शीशे पर लगी। शीशे के टुकड़े आखों में लगने से मनोज मित्तल जख्मी हो गया। उसके बाद बदमाश मोके से फरार हो गए। नौकर ने घटना की सूचना मालिक के परिजनों को दी।

फिर पुलिस को घटना से अवगत किया गया।समालखा डीएसपी नरेन्द्र कादियान,एसएचओ गुलशन , चौकी चार्ज सहित सीआईए पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली और मौके से तीन खोल बरामद किए। साथ ही घायल मनोज मित्तल को उपचार के लिए सामान्य अस्पताल ले जाया गया।

डीएसपी नरेंद्र कादियान ने बताया कि गुड़ मंडी में दुकानदार पर गोली चलाने और रंगदारी मांगने का मामला दर्ज किया गया है।सीसीटीवी फुटेज में दोनों रंगदारी मांगने वाले और तीनों फायरिंग करने वाले युवक स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए तीनों सीआईए, एएनसी स्टाफ, थाना और चौकी पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। पुलिस ने दावा किया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सीमा सुरक्षा बल द्वारा सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक अलंकरण समारोह का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 7 जनवरी।** सीमा सुरक्षा बल की पश्चिमी कमान ने मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पश्चिमी कमान, लखनौर कैम्पस, मोहाली (पंजाब) में आज सीमा सुरक्षा बल कर्मियों को उनकी सराहनीय सेवा हेतु पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए पदक अलंकरण समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर पंजाब के माननीय राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में और ट्राइसिटी मोहाली, चण्डीगढ, पंचकुला में पदस्थ/कार्यरत सिविल एवं पुलिस प्रशासन के अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह आयोजन के दौरान, कुल 24 कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों को सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए, श्री सतीश एस खण्डारे, भारतीय पुलिस सेवा, अपर महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, पश्चिमी कमान ने दर्शकों को सीमा सुरक्षा बल के गौरवशाली अतीत के बारे में अवगत कराया और उन शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक उन केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस के कर्मियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने 18 से अधिक वर्षों की सराहनीयएवं उत्कृष्ट सेवाएं देश को समर्पित की हैं। यह चौथा अवसर है, जब यह समारोह द सिटी ब्यूटीफुल 'चण्डीगढ' में माननीय राज्यपाल पंजाब एवं प्रशासक चण्डीगढ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

दर्शकों को संबोधित करते हुए पंजाब के माननीय राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जी ने शांति और युद्ध काल के दौरान भारत-पाक और भारत-बांग्लादेश सीमा को प्रभावी ढंग से सुरक्षित रखने में बीएसएफ अधिकारियों और कर्मियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बीएसएफ न केवल देश की सीमाओं की ही रक्षा करती है बल्कि देश की आंतरिक सुरक्षा को भी बनाए रखने में पूर्णतह सक्षम है। साथ ही ऑपरेशन सिन्दूर में बी एस एफ की सक्रिय भूमिका तथा जम्मू व पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बचाव राहत अभियान के बारे में भी विस्तार से बताया।


भोजपुर समाहरणालय, आरा
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)
दूरभाष :-06182-221312 (का0) 06182-233311 (आ0) 06182-233474 (फैक्स)
ई-मेल:-dm-bhojpur.bih@nic.in
बिहार सरकार
ज्ञापांक-26/म0नि0, आरा.

अधिहरित (Conficated) वाहनों के नीलामी की अति अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भोजपुर जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) में विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में जब्त एवं समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, भोजपुर के न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत राज्यसात् किए गए निम्नलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) अपर समाहर्त्ता भोजपुर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा दिनांक 28.01.2026, 12.02.2026 एवं दिनांक 27.02.2026 को 11:30 बजे पुर्वाहन से समाहरणालय सभाकक्ष, भोजपुर /सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध एवं उत्पाद कार्यालय परिसर, भोजपुर (आरा) (आरा) मे की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रघन की राशि को बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत) के रूप में जो Assistant Commissioner Excise, Bhojpur (Ara) के पदनाम से एवं Payable at SBI Ara में देय होगा के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिषेध कार्यालय में दिनांक 22.01.2026 के संध्या 05:00 बजे तक जमा करना होगा।

नीलामी योग्य वाहनों का विवरण :-

| क्र० सं० | थाना काण्ड संख्या | अधिहरण वाद संख्या/विविध उत्पाद वाद संख्या | जप्त वाहन की विवरणी (वाहन का प्रकार/पंजिकरण संख्या/इंजन नम्बर/चेचीस नम्बर इत्यादि) | मूल्यांकन राशि (रुपया में) | अग्रघन की राशि (20%) | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरा मुफ्फसिल थाना कांड सं0-175/24 | 417/2024 09.12.2024 | हीरो होण्डा स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाईकिल HR26AL-4681 चेचिस नं0- 07F16C04979 इंजन नं0-07F15M03563 | 4,500/- | 900/- | अरूण कुमार वर्मा, पिता-राजेन्द्र प्रसाद, ग्राम-25/1 सुभाष नगर गुड़गाँव, हरियाणा | Scrap |
| 2 | गजराजगंज ओ0पी0 थाना कांड सं0-285/23 | 362/2023 09.10.2024 | 18 चक्का ट्रक HR46D-4902 चेचिस नं0- MAT447220G5D06972 इंजन नं0-61D84300532 | 12,50,000/- | 250000/- | सिमा, पति-श्री कुलबीर, स0-675 नीयर पोस्ट ऑफिस, ग्राम/शहर/नगर (106) टेह में हम, जिला-रोहतक, राज्य-हरियाणा, 124004 Mob-8524623587 | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।
जिला पदाधिकारी, भोजपुर (आरा)
PR- 021039 (Excise) 2025-26
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


# गीता ज्ञान की धरा पे कश्मीर के युवा हुए गदगद: गजेंद्र फौगाट

पंचकुला के पीडब्लूडी विश्रामगृह में कश्मीरी युवाओं ने फौगाट संग जमाई महफिल

प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलने की इच्छा जताई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकुला, 7 जनवरी। हरियाणा की पावन धरती पर गीता ज्ञान की परंपरा से रूबरू होकर कश्मीर से आए युवा गदगद नजर आए।पंचकूला में आयोजित सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान कश्मीर के युवाओं और मुख्यमंत्री के ओएसडी प्रचार गजेंद्र फोगाट समेत हरियाणा के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच सार्थक संवाद हुआ।

कार्यक्रम में ओएसडी व हरियाणा कला परिषद के निदेशक गजेंद्र फोगाट ने कहा कि हरियाणा की गीता ज्ञान परंपरा केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और मानवीय मूल्यों की भी मजबूत धरोहर है। इस धरा से जुड़कर कश्मीर के युवाओं में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार हुआ है।

गजेंद्र फोगाट ने कहा कि हरियाणा और कश्मीर की लोक संस्कृति में गहरी समानताएं देखने को मिलती हैं। दोनों प्रदेशों के लोग मेहनती हैं ।दोनो ही क्षेत्रों के लोक रागों, सुरों और भावों में अद्भुत साम्य है, जो देश की सांस्कृतिक एकता को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक संवाद युवाओं को एक-दूसरे की परंपराओं, मूल्यों और जीवन दृष्टि को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

फोगाट ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह की जनकल्याणकारी नीतियों व सर्वांगीण विकास की देख कर सब कश्मीरी युवा हतप्रभ थे। उन्होंने इस मौके पर मुख्यमंत्री जी से मिलने की भी इच्छा जताई ।कायर्क्रम में कश्मीरी युवाओं ने हरियाणवी दूध व रपाक का आनंद उठाया,उन्होंने फौगाट संग हरियाणवी व उर्दू गीत भी गाऐ तथा भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम में आने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय अखंडता और आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर समन्यवक नरेंद्र,देवेंद्र चिढाना, साहिल सलूजा,अनिल,रवि बेदी समेत अनेकों गणमान्यजन उपस्थित थे ।

## नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे पर अवैध कटों को किया चिन्हित, करवाए जाएंगे बंद

**कुरुक्षेत्र (अरविंद मोहन शर्मा)।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा माह 2026 के अनुसार बुधवार को नेशनल हाईवे -44 नेशनल हाइवे 152/152डी व स्टेट हाईवे पर बने अवैध कटो का सभी सम्बन्धित विभागो के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा सभी उपरोक्त सड़को पर बने अवैध कटो को चिन्हित किया गया, जिस पर उपायुक्त द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों को सड़कों पर बने सभी अवैध कटों को तुरन्त प्रभाव से बंद करने के आदेश दिये गए। संयुक्त टीम में नेशनल हाइवे के एसएचओ सुखदेव सिंह, शेर सिंह सड़क सुरक्षा कोऑर्डिनेटर, आरटीए इंस्पेक्टर जोगेंद्र ढुल, भवन एंड निर्माण विभाग से चरणजीत सिंह एसडीओ, धर्मबीर सिंह एसडीओ व नेशनल हाइवे -44 /152डी से एसडीओ भानुप्रताप, चन्दन आदि शामिल रहे।

## परशुराम धर्मशाला में नए कमरे और शौचालय का विधायक सुरजेवाला ने किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 7 जनवरी।** कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला ने गांव सांघन में भगवान परशुराम धर्मशाला में नए कमरे और शौचालय के नवनिर्माण का उद्घाटन किया। यह परियोजना स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिससे धर्मशाला में आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उद्घाटन समारोह में विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि भगवान परशुराम धर्मशाला हमारे क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां नए कमरों और आधुनिक शौचालयों का निर्माण न केवल यात्रियों की सुविधा बढ़ाएगा, बल्कि गांव के विकास में भी योगदान देगा। हमारी सरकार का प्रयास है कि हर गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जाए। स्थानीय निवासी सरदार गुरनाम सरपंच, पूर्व सरपंच कर्मबीर, सरदार रतन सिंह, चंद्रमणि शर्मा, डॉ नरेश शर्मा, रणधीर सांघन, सतनारायण शर्मा, राजेंद्र भारद्वाज, अजय शर्मा, महेंद्र पाल, रामपाल, बीरा सहित अन्य साथियों ने कहा कि पहले भी कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गांव सांघन में हर तरह के विकास कार्यों को तवज्जो दी। भगवान परशुराम धर्मशाला में भी उनका अहम योगदान दिया है। अब विधायक आदित्य सुरजेवाला ने उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए भगवान परशुराम धर्मशाला में अपना योगदान देकर पहल की है। ग्रामीणों ने सुरजेवाला का आभार जताया।

## मिड-डे मील की गुणवत्ता में होगा सुधार

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सेहत को मजबूत करने और मिड-डे-मील थाली को पौष्टिकता युक्त बनाने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से मिड-डे-मील योजना को लेकर 12 जनवरी को राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये आयोजित की जाएगी।

अतिरिक्त निदेशक प्रशासन (मिड-डे मील) की अध्यक्षता की आयोजित होने वाली बैठक में मिड-डे-मील के वितरण, खाना बनाने, ग्रांट के साथ मेन्यू पर भी चर्चा होगी। निदेशालय की ओर से स्पष्ट हिदायत दी गई है कि सभी जिला अधिकारी तय समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंस में अनिवार्य रूप से भाग लें और मिड-डे मील योजना से जुड़े एजेंडा बिंदुओं पर पूरी तैयारी के साथ उपस्थित हों। बैठक के दौरान योजना के क्रियान्वयन, गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

## विधायक प्रतिनिधि नें समस्याओ कों लेकर शहर में किया निरिक्षण

**समालखा (मनदीप कुमार)।** हल्का विधायक मनमोहन भड़ाना के निर्देश पर NHAI अथॉरिटी, PWD, पब्लिक हेल्थ, मकेटिंग बोर्ड, म्युनिसिपल कॉरपोरेशन, HSIIDC आदि सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने नेशनल हाईवे व सर्विस लाइन का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क गंदगी के ढेर व टूटे स्लैब मिले। वहीं जल भराव के कारण नाले गंदगी से अटे मिले। हाईवे पर लाइट बंद मिली। स्थानीय निवासियों नें तारा एनक्लेव के सामने व इंडस्ट्री एरिया के सामने स्स्रद्ध ऑफिस की साइड पैदल पथ के लिए पुल बनवाने का अनुरोध किया। सर्विस लाइन पर बंद पड़े पानी हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी मौके पर निरिक्षण किया गया। इस दौरान बरसात के पानी निकासी बाबत जानकारी ली गई। वहीं विधायक प्रतिनिधि सारिक ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर मांग पत्र मिले थे।


उत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेको आवंटित करने हेतु ई-नीलामी रेलवे वेब साइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. सं. | नीलामी काटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | UMB-Prkg-28-25 | मलोट रेलवे स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में कुल 956.75 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन। | 12.01.26 12:00:00 |
| 2 | | सरहिंद रेलवे स्टेशन पर 1745.93 वर्ग मीटर के पार्किंग क्षेत्र में सभी वाहनों (गैर-वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार "पिकअप/ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास तक) का आवंटन। | |
| 3 | UMB-Prkg-01-26 | मालेरकोटला रेलवे स्टेशन के परिसंचार क्षेत्र में 1757.128 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल में फैले व्यापक पार्किंग स्थल का आवंटन (साइट प्लान के अनुसार) | 21.01.26 10:00:00 |
| 4 | | अंबाला डिवीजन के कालका रेलवे स्टेशन पर स्थित सामान्य पार्किंग क्षेत्र के साथ-साथ सभी वाहनों (गैर-वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए "पिकअप/ड्रॉप" लेन (प्रवेश से निकास तक) के लिए "पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार" अनुबंध पांच (5) वर्ष की अवधि के लिए किया गया है। | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 71/26
AP-7093


# कांग्रेस ने बजाया हरियाणा में निकाय चुनाव का बिगुल

अंबाला-पंचकूला-सोनीपत के लिए बनाई चुनाव समिति

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** हरियाणा में होने वाली नगर निगम चुनाव के लिए विपक्षी दल कांग्रेस ने बिगुल बजा दिया है। प्रदेश के अंबाला, पंचकूला एवं सोनीपत में किसी भी नगर निगम चुनावों का ऐलान हो सकता है। यह चुनाव इसलिए महत्वपूर्ण है कि मेयर का चुनाव सीधे जनता द्वारा किया जाता है और औसतन सभी निगमों में एक से अधिक विधानसभा क्षेत्र आते हैं।

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने बुधवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि कांग्रेस नगर निगम चुनाव पूरी दमखम के साथ लड़ेगी और जीत सुनिश्चित करने के लिए ठोस रणनीति पर काम किया जा रहा है। इसी क्रम में पार्टी ने चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के उद्देश्य से एक विशेष चुनाव समिति का गठन किया है।

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि यह समिति चुनावी तैयारियों, संगठनात्मक समन्वय, प्रचार-प्रसार एवं चुनाव संबंधी औपचारिकताओं को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस जनता के मुद्दों, विकास के एजेंडे और मजबूत संगठनात्मक ढांचे के बल पर नगर निगम चुनावों में जीत का परचम लहराएगी।

इस चुनाव समिति में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा,सांसद कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सह-प्रभारी जितेंद्र बघेल, व प्रफुल्ल गुड्डे,चौ. धर्मपाल सिंह मलिक, वरुण चौधरी, सतपाल ब्रह्मचारी,विधायक चंद्रमोहन,निर्मल सिंह,शैली चौधरी, पूजा चौधरी,इंदु राज नरवाल के अलावा संबंधित जिला अध्यक्षों को शामिल किया गया है।


भोजपुर समाहरणालय, आरा
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद शाखा)
बिहार सरकार
ज्ञापांक-29/म0नि0, आरा.
दूरभाष :-06182-221312 (का0) 06182-233311 (आ0) 06182-233474 (फैक्स)
ई-मेल:-dm-bhojpur.bih@nic.in

अधिहरित (Conficated) वाहनों के नीलामी की अति अल्पकालीन सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भोजपुर जिला अंतर्गत मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (यथा संशोधित) में विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में जब्त एवं समाहर्त्ता-सह-जिला दण्डाधिकारी, भोजपुर के न्यायालय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत राज्यसात् किए गए निम्नलिखित सारणी में अंकित वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) अपर समाहर्त्ता भोजपुर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय कमिटी द्वारा दिनांक 28.01.2026, 12.02.2026 एवं दिनांक 27.02.2026 को 11:30 बजे पुर्वाहन से समाहरणालय सभाकक्ष, भोजपुर /सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध एवं उत्पाद कार्यालय परिसर, भोजपुर (आरा) (आरा) मे की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को आवेदन आधार कार्ड/पैन कार्ड की स्वः अभिप्रमाणित छायाप्रति तथा अग्रघन की राशि को बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत) के रूप में जो Assistant Commissioner Excise, Bhojpur (Ara) के पदनाम से एवं Payable at SBI Ara में देय होगा के साथ सहायक आयुक्त मद्यनिषेध कार्यालय में दिनांक 22.01.2026 के संध्या 05:00 बजे तक जमा करना होगा।

नीलामी योग्य वाहनों का विवरण :-

| क्र० सं० | थाना काण्ड संख्या | अधिहरण वाद संख्या/विविध उत्पाद वाद संख्या | जप्त वाहन की विवरणी (वाहन का प्रकार/पंजिकरण संख्या/इंजन नम्बर/चेचीस नम्बर इत्यादि) | मूल्यांकन राशि (रुपया में) | अग्रघन की राशि (20%) | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जगदीशपुर उत्पाद थाना कांड सं0-164/24 | 545/2024 31.01.2025 | हीरो होण्डा ग्लैमर मोटरसाईकिल PB08BD-1732 चेचिस नं0- 07LAWC03672 इंजन नं0-07LASM03643 | 4,000/- | 800/- | सुमन पासी, पिता-राजेश पासी, सा0-48 दादा कॉलोनी (IND,AREA), थाना-जलंधर, राज्य- पंजाब | Scrap |
| 2 | आरा मुफ्फसिल थाना कांड सं0-91/23 | 257/2023 10.07.2023 | मारूति सुजूकी कार PB08BG-4489 चेचिस नं0- MA3EFJC1500143144 इंजन नं0-M16AN2003464 | 42,000/- | 8,400/- | LIC OF INDIA ADDRESS- JEEVAN PRAKASH MODEL, PS-JALANDHAR, PUNJAB | SCRAP |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
जिला पदाधिकारी, भोजपुर (आरा)
PR- 21043 (EXCISE) 2025-26
नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।
AP-7094


# अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 में धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं की होगी व्यापक सहभागिता: पंकज सेतिया

## विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से केडीबी ने लिए सुझाव

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 7 जनवरी।** विश्व पटल पर कुरुक्षेत्र की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 की तैयारियों को लेकर आज कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया की अध्यक्षता में कुरुक्षेत्र की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ संपन्न हुई।

बैठक में विशेष रूप से सद्भावना यात्रा, गीता यज्ञ, दीपोत्सव तथा महोत्सव से जुड़े अन्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को और अधिक आकर्षक, सुव्यवस्थित एवं जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, शांति, सद्भाव और श्रीमद्भगवद्गीता के शाश्वत संदेश को विश्व तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से महोत्सव को जन-जन से जोड़ा जा सकेगा और इसका प्रभाव राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी और अधिक व्यापक होगा। उन्होंने संस्थाओं से आह्वान किया कि वे अपनी परंपराओं, अनुभवों और संसाधनों के माध्यम से महोत्सव में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को एक दिव्य, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हो सके।

बैठक का संचालन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने किया। उन्होंने सभी उपस्थित संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से प्राप्त सुझाव महोत्सव की योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर नववर्ष के प्रथम सप्ताह में सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं के साथ बैठक की गई है। बोर्ड का प्रयास है कि आपसी समन्वय और सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 को अभूतपूर्व सफलता मिलेगी।

इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य अशोक रोशा, डा. संदीप छाबड़ा, सरदार हरमेश सिंह, गुरनाम सैनी, अलकेश मुदगिल, रोशन बेदी व अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव मेला प्राधिकरण के सदस्य विजय नरुला उपस्थित रहे।

इस बैठक में गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र की प्राचार्या सुमन बाला, गीता सह-शिक्षा माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र की मुख्याध्यापिका राजकुमारी, गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र, श्री महादेव गौशाला, बाहरी से बी.बी. जिन्दल, गुरबख्श सिंह, राजेन्द्र कुमार प्रजापति, एमएनबी गीता निकेतन से अध्यापक सतीश कुमार, ब्राह्मण तीर्थोद्धार सभा से एमके मुदगिल, बैरागी महासभा से ज्ञान सिंह, नगर पार्षद परमवीर सिंह प्रिन्स, अखिल विश्व गायत्री परिषद्, कुरुक्षेत्र से डी.पी. शर्मा, बी.के. कौशिक प्राचीन मुलतान सभा से प्रदीप कुमार, धन्ना भगत पब्लिक स्कूल से जगतार सिंह, सैनी सभा से उप प्रधान सत्यान सैनी, मां भद्रकाली शक्तिपीठ से डा. एम.के. मुदगिल, गुर्जर धर्मशाला से मैनेजर रवि, जाट धर्मशाला से मैनेजर अंकित, जोगी धर्मशाला से सचिव पवन कुमार जोगी, मोहित कुमार, डा. श्याम आहुजा व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## चंडीगढ़ मेयर का ताज किसके सिर? मेयर चुनाव 2026 में भाजपा के भीतर सत्ता-संघर्ष, बाहर विपक्ष बिखरा

# भाजपा में सत्ता की जंग: वर्तमान व दो पूर्व मेयर फिर मैदान में!

भाजपा में परंपरा बनाम अनुभव, तीन दिग्गजों की टक्कर

देखना होगा भाजपा में अनुभव की वापसी या नया प्रयोग?

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव 2026 में इस बार मुकाबला केवल दलों के बीच नहीं, बल्कि भाजपा के भीतर अनुभव और परंपरा के बीच होता नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि पार्टी की परंपरा के विपरीत इस बार मेयर पद की दौड़ में न सिर्फ वर्तमान मेयर हरप्रीत कौर बबला, बल्कि दो पूर्व मेयर, सरबजीत कौर और अनूप गुप्ता भी एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। एक ओर जहां मौजूदा मेयर अपने एक साल के कार्यकाल की उपलब्धियों के सहारे दोबारा अवसर की उम्मीद जता रही हैं, वहीं दोनों पूर्व मेयर संगठनात्मक पकड़ और राजनीतिक अनुभव के दम पर शीर्ष नेतृत्व को साधने में जुटे हैं। संगठन में पकड़, राजनीतिक अनुभव और हालिया घटनाक्रमों में सक्रिय भूमिका, इन सबको अपनी ताकत मानते हुए दोनों नेता शीर्ष नेतृत्व के सामने अपना दावा मजबूत करने में जुटे हैं। इस त्रिकोणीय दावेदारी ने भाजपा के भीतर मंथन को और गहरा कर दिया है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव अब सिर्फ एक संवैधानिक प्रक्रिया नहीं रह गया है, बल्कि यह सियासी शक्ति-संतुलन, परंपरा बनाम महत्वाकांक्षा और संगठन बनाम व्यक्तित्व की जंग बन चुका है। एक तरफ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का संभावित गठबंधन आपसी आरोपों में बिखरता नजर आ रहा है, तो दूसरी तरफ भाजपा जीत के करीब होते हुए भी अपने ही घर में सबसे कठिन फैसला करने की स्थिति में खड़ी है कि आखिर मेयर का चेहरा कौन होगा?

### विपक्ष बिखरा, भाजपा निश्चिंत लेकिन पूरी तरह नहीं

29 जनवरी को होने वाले मेयर चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की एकता दरकती दिख रही है। सोशल मीडिया पर हुए आरोप-प्रत्यारोप ने यह साफ कर दिया है कि दोनों दलों के बीच अब साझा रणनीति बन पाना मुश्किल है। इस राजनीतिक उथल-पुथल का सीधा फायदा भाजपा को मिलता दिख रहा है। हाल ही में आप के दो पार्षदों का भाजपा में शामिल होना, और मतदान का 'शो ऑफ हैंड' से होना इन दोनों घटनाओं ने भाजपा को मजबूत स्थिति में ला खड़ा किया है। पार्टी के पास अब जीत के लिए जरूरी बहुमत से सिर्फ एक कदम की दूरी है।

### जीत करीब, लेकिन चेहरा तय नहीं

जीत की संभावनाओं के बावजूद भाजपा के भीतर मेयर पद को लेकर गहरी मंथन की स्थिति है। पार्टी के सामने दुविधा यह है कि क्या परंपरा निभाई जाए या अनुभव को दोबारा मौका दिया जाए? भाजपा में चार नए प्रमुख दावेदार उभरे हैं, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। वर्तमान मेयर हरप्रीत कौर बबला और दो पूर्व मेयर सरबजीत कौर और अनूप गुप्ता भी एक बार फिर सत्ता के इस सबसे ऊंचे नगर निकाय पद की दौड़ में शामिल हैं।

### काम बोले या परंपरा?

वर्तमान मेयर हरप्रीत कौर बबला खुलकर दावेदारी से इनकार करती हैं, लेकिन उनके शब्दों के बीच उनकी उपलब्धियां खुद बोलती नजर आती हैं। एक साल के छोटे से कार्यकाल में नगर निगम की आर्थिक सेहत सुधारने, राजस्व संग्रह बढ़ाने और कें द्र से 192 करोड़ रुपये की ग्रांट लाने को वह अपनी बड़ी उपलब्धि मानती हैं। उनका दावा है कि लोगों का भरोसा और सराहना उन्हें लगातार फोन और संदेशों के रूप में मिल रही है। लेकिन भाजपा के भीतर एक मजबूत धड़ा यह मानता है कि पार्टी की परंपरा किसी को दोबारा मेयर बनाने की नहीं रही है।

### शो ऑफ हैंड ने बदल दी राजनीति

भाजपा में अंतिम फैसला चंडीगढ़ भाजपा के कोर ग्रुप और शीर्ष नेतृत्व के हाथों में है। सूत्रों के मुताबिक, उम्मीदवार चयन में आरएसएस की सलाह को भी अहम माना जा रहा है। छवि, संगठनात्मक संतुलन और भविष्य की राजनीति—इन तीनों कसौटियों पर नाम को परखा जा रहा है। इस बार मेयर चुनाव गुप्त मतदान के बजाय हाथ उठाकर कराया जाएगा। इससे क्रॉस वोटिंग की संभावना लगभग खत्म हो गई है। यही वजह है कि जो मुकाबला कभी कांटे का माना जा रहा था, वह अब भाजपा के पक्ष में झुकता दिख रहा है।

### 29 जनवरी को होगा फैसला

29 जनवरी को चंडीगढ़ को नया मेयर मिलेगा, लेकिन उससे पहले भाजपा के भीतर यह तय होना बाकी है कि परंपरा जीतेगी या प्रदर्शन, नया चेहरा आएगा या अनुभवी नाम को एक और मौका मिलेगा। एक बात तय है कि इस बार चंडीगढ़ का मेयर सिर्फ नगर निगम का प्रमुख नहीं होगा, बल्कि वह आने वाले राजनीतिक समीकरणों का संकेतक भी होगा।



**चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा:** कांग्रेस और आप दोनों का चेहरा लोगों ने देखा है। कांग्रेस और आप के पास कोई स्थिर नीति या मूल्य नहीं हैं। दोनों दल अन्य राज्यों में भी एक-दूसरे पर आरोप लगाते हैं। चंडीगढ़ की जनता इसे अच्छी तरह जानती है। आप नेता का मंगलवार को दिया बयान दोनों पार्टियों को बेनकाब कर रहा है।



**चंडीगढ़ कांग्रेस के प्रधान हरमोहिंदर सिंह लक्की:** गेंद इस वक्त आम आदमी पार्टी के पाले में है। हम चाहते हैं कि भाजपा को हराने के लिये जो भी उनके साथ आएगा, उसे साथ लेंगे। अब ये आप पार्टी ने तय करना है कि उनके क्या इरादे हैं। अभी मेयर चुनाव में समय है। हम चाहेंगे कि अगर आप गठबंधन करती है तो भी स्वागत है। नहीं करती तो भी स्वागत है। मेयर पद का प्रत्याशी आप पार्टी का ही होगा क्योंकि उनके ज्यादा पार्षद हैं। अगर गठबंधन नहीं होता तो देखा जाएगा कि क्या करना है।



**भाजपा के वरिष्ठ नेता व चंडीगढ़ से पूर्व पार्टी अध्यक्ष अरुण सूद:** कांग्रेस व आप जो मर्जी पैंतरे अपना लें लेकिन जीत तो भाजपा की ही होनी है। भाजपा के शहर में हो रहे कामकाज से आप और कांग्रेस के पार्षद भी प्रभावित है। यही वजह है कि वह लगातार पाला बदल रहे हैं। अगर आप-कांग्रेस में गठबंधन भी होता है तो चुनाव भाजपा ही जीतेगी। अभी तो कुछ और पार्षद दोनों दलों से भाजपा में आ सकते हैं।



**भाजपा उपाध्यक्ष देविंदर सिंह बबला:** आप का बयान कांग्रेस का अपमान है। कांग्रेस अपने हित के लिए गठबंधन करना चाहती थी। यह विकास सभी को चौंका रहा है, क्योंकि आप और कांग्रेस ने पिछले मेयर चुनावों में साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी। दोनों दलों ने लोकसभा चुनाव में भी संयुक्त उम्मीदवार उतारकर भाजपा को हराया था।



**मेयर हरप्रीत कौर बबला:** मैंने केवल काम किया है। पार्टी ने इसे देखा है। लोगों के लगातार फोन आ रहे हैं कि आपका बेहतरीन कार्यकाल रहा जब निगम आर्थिक संकट से बाहर निकली। केंद्र से 192 करोड़ रुपये की ग्रांट मिली। मेरी दोबारा मेयर पद के लिये कोई दावेदारी नहीं। आगे पार्टी में कई मौके मिलेंगे।



**भाजपा नेता व मेयर पद के दावेदार दलीप शर्मा:** भाजपा का कोर ग्रुप मेयर पद के प्रत्याशी को लेकर फैसला करेगा। दूसरे प्रत्याशी भाजपा के विभिन्न धड़ों व अलग अलग नेताओं के साथ हो सकते हैं लेकिन वह तो पार्टी के सिपाही हैं।



**भाजपा नेता व मेयर पद के प्रत्याशी सौरभ जोशी:** अभी मेयर पद को लेकर फैसला होना बाकि है। वह भी दावेदारी में हैं। उचित समय पर पार्टी की ओर से इसका फैसला होगा। देखते हैं ऊंट किस करवट बैठता है।

# ठंड से बीमार एक महीने के बच्चे की मौत, पिता बोले-रात दूध पिलाया था

## पंजाब के सभी स्कूलों में 13 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली, 7 जनवरी।** पंजाब के गुरदासपुर में ठंड की वजह से एक महीने के बच्चे को निमोनिया हो गया। जिससे उसकी मौत हो गई। बच्चे प्रभनूर सिंह के पिता कुलबीर सिंह ने बताया कि रात को उसने दूध पिया। ठंड से बचने के लिए कमरे में हीटर भी लगाया था।

सोने के कुछ देर बाद बच्चे के शरीर में हलचल बंद हो गई। वह उसे कम्युनिटी हेल्थ सेंटर (सीएचसी) कलानौर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. विशाल जग्गी ने ठंड की वजह से बीमार होकर बच्चे की मौत की पुष्टि की।

डॉ. विशाल जग्गी ने कहा कि छोटे बच्चों को गर्म कपड़े में लपेटकर मां को अपनी गोद में रखना रखना चाहिए। सोते समय बच्चों को दूध नहीं पिलाना चाहिए। जरूरी हो तो मां अपना दूध पिलाएं। बच्चों को ठंड से बचाने के लिए कमरे को गर्म रखना चाहिए।

वहीं सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों में छुट्टियां 13 जनवरी तक बढ़ा दी हैं। बुधवार को शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा- राज्य में लगातार ठंड और धुंध बढ़ रही है। बच्चों और स्टाफ की सेहत व सुरक्षा को देखते हुए यह फैसला लिया गया है।

यह आदेश सभी सरकारी, एडेड, मान्यता प्राप्त और प्राइवेट स्कूलों पर लागू होंगे। ठंड के चलते 24 दिसंबर से राज्य के स्कूल बंद हैं।

कल, 8 जनवरी को ही स्कूल खुलने थे, लेकिन अब स्कूल 14 जनवरी को खुलेंगे। हालांकि ठंड और धुंध ज्यादा रही तो सरकार छुट्टियां और बढ़ाने पर फैसला ले सकती है।

29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026

# पंजाब व चंडीगढ़ के 139 युवा दिल्ली में दिखाएंगे प्रतिभा, राज्यपाल ने किया उत्साहवर्धन

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने बुधवार को पंजाब लोक भवन में 29वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ) 2026 के लिए चयनित पंजाब और यू.टी. चंडीगढ़ के युवा प्रतिनिधिमंडल को संबोधित किया। यह महोत्सव 9 से 12 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें देशभर से चयनित युवा भाग लेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय मंच पर पंजाब और चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करना अपने आप में गौरव की बात है। उन्होंने युवाओं से अपेक्षा जताई कि उनका आचरण, अनुशासन और प्रदर्शन उनके क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत, मूल्यों और क्षमताओं को प्रतिबिंबित करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में निहित ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है।

श्री कटारिया ने बताया कि वर्ष 1995 से स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर आयोजित होने वाला राष्ट्रीय युवा महोत्सव युवाओं को सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, विचार-विमर्श और नेतृत्व विकास का सशक्त मंच प्रदान करता है। इस वर्ष महोत्सव का विषय 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' है, जो विकसित भारत-2047 के लक्ष्य से जुड़ा है और इसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जानकारी दी कि कुल 139 प्रतिभागी जिनमें पंजाब से 85 और चंडीगढ़ से 54 युवा शामिल हैं, विकसित भारत चैलेंज ट्रैक और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। राज्यपाल ने छोटे साहिबजादों और शहीद भगत सिंह के बलिदान का स्मरण करते हुए युवाओं से देश सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विशेष मुख्य सचिव खेल एवं युवा सेवाएं, पंजाब सरवजीत सिंह, चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, प्रधान सचिव राज्यपाल पंजाब वी.पी. सिंह, गृह सचिव चंडीगढ़ श्री मंदीप सिंह बराड़, खेल सचिव चंडीगढ़ सुश्री प्रेरणा पुरी तथा निदेशक खेल चंडीगढ सौरभ कुमार अरोड़ा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यपाल ने 50 लाख से अधिक प्रविष्टियों में से चयनित होने पर युवाओं को बधाई दी और राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# चंडीगढ़ पर्यटन की नई वेबसाइट का लोकार्पण

## अब पर्यटकों को मिलेगी एक क्लिक पर पूरी जानकारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** चंडीगढ़ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर और अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं यू.टी. चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को लोक भवन, चंडीगढ़ में चंडीगढ़ पर्यटन की नवीनीकृत आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

पर्यटन विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ द्वारा पूरी तरह से पुनः डिज़ाइन की गई इस वेबसाइट को अधिक आधुनिक, इंटरएक्टिव और पर्यटक-अनुकूल बनाया गया है। नई वेबसाइट का उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को शहर से जुड़ी हर जरूरी जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना और पर्यटक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

नवीनीकृत वेबसाइट में आकर्षक विजुअल इंटरफेस, आसान नेविगेशन और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानकों के अनुरूप सुव्यवस्थित कंटेंट दिया गया है। इसमें 'मेले, उत्सव एवं कार्यक्रम' नाम से एक विशेष अनुभाग जोड़ा गया है, जो शहर में होने वाले सभी आयोजनों के लिए एक केंद्रीकृत इवेंट पोर्टल के रूप में कार्य करेगा। विभिन्न विभाग, निजी संस्थान और व्यक्ति अपने कार्यक्रमों को यहां पंजीकृत कर सकेंगे। साथ ही, पूर्व और आगामी आयोजनों को दर्शाने वाला कैलेंडर व्यू भी उपलब्ध है।

पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट में ÷अपनी यात्रा की योजना बनाएं÷ सेक्शन शामिल किया गया है, जिसमें चंडीगढ़ घूमने के कारण, यात्रा का सर्वोत्तम समय और सुझाए गए यात्रा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई है। वेबसाइट पर विरासत, प्रकृति, वेलनेस, वास्तुकला और खान-पान जैसी थीम पर आधारित 13 विशेष पर्यटन यात्रा कार्यक्रम प्रदर्शित किए गए हैं, जिनमें 1, 2 और 3 दिवसीय यात्रा विकल्प शामिल हैं।

इसके अलावा वेबसाइट में ई-वीज़ा जानकारी, पर्यटक सूचना केंद्रों का विवरण और चंडीगढ़ पर्यटन ई-टिकटिंग ऐप को भी एकीकृत किया गया है। क्यूआर-कोड आधारित इस ऐप के माध्यम से पर्यटक एक ही मोबाइल प्लेटफॉर्म से विभिन्न पर्यटन स्थलों के टिकट बुक कर सकेंगे।

फिल्म शूटिंग को बढ़ावा देने के लिए वेबसाइट पर फिल्म फेसीलिटेशन सेल को भी प्रमुखता से दर्शाया गया है, जिसके तहत 3 से 5 कार्यदिवसों में ऑनलाइन अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही थिएटर एवं ऑडिटोरियम बुकिंग, प्रमुख पर्यटन स्थलों की तस्वीरें और संबंधित विभागीय लिंक भी वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

उद्घाटन समारोह में यू.टी. चंडीगढ़ के मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, राज्यपाल के सचिव वी.पी. सिंह, गृह सचिव मन्दीप सिंह बराड़, प्रशासक के विशेष सचिव अभिजीत विजय चौधरी और निदेशक पर्यटन श्रीमती राधिका सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# चंडीगढ़ में बड़ा हादसा टला; पीएनजी पाइप लाइन फटने से गैस के रिसाव से मची अफरा-तफरी

सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा था

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** चंडीगढ़ स्थित फेज-2 में बुधवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। यहां भूमिगत पीएमजी पाइप लाइन फटने से गैस का रिसाव होने लगा और गैस की बदबू आसपास तेजी से फैलने लगी। जिसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हालांकि गनीमत रही है कि समय रहते सजगता के साथ पाइन लाइन की रिपेयरिंग कर गैस के रिसाव को रोक लिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर थाना-31 पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी।

फिलहाल एक बड़ा हादसा होने से बच गया। गैस रिसाव से ब्लास्ट और आग लगने का जानलेवा खतरा पैदा हो सकता था। जिससे मौके पर मौजूद लोग चपेट में आ सकते थे।

मिली जानकारी के अनुसार, पीएनजी पाइप लाइन फटने की घटना सीवरेज लाइन का काम किए जाने के दौरान हुई। फेज-2 के क्लाउड 9 अस्पताल के पास सीवरेज लाइन को दुरुस्त करने का काम किया जा रहा था। जहां इसी दौरान जेसीबी की खुदाई में नीचे बिछी पीएनजी पाइप लाइन में कहीं कट लग गया और इसके बाद उसमें से गैस रिसाव होने लगा। यह देखते वहां काम कर रहे मजदूर और अन्य लोग घबरा गए। हालांकि अच्छी बात ये रही कि इस काम के दौरान मौके पर गैस पाइप लाइन कर्मी भी मौजूद थे। जिन्होंने तत्परता के साथ गैस लाइन को ठीक करने और गैस के रिसाव को रोकने का काम किया।

इस दौरान थाना-31 पुलिस टीम और फायर ब्रिगेड की टीम पर मौके पर पहुंच गई थी।

## काले बिलों के खिलाफ किसानों-मजदूरों का बिगुल, 16 को करेंगे डीसी कार्यालय घेराव

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 7 जनवरी।** भारतीय किसान यूनियन पुवाद टीएसयू, पेंशनर यूनियन तथा बिजली विभाग के ठेका कर्मचारी यूनियन ज़ीरकपुर द्वारा गांव छत्त में एक बैठक आयोजित कर लोगों को बिजली संशोधन बिल 2025, बीज संशोधन बिल और लेबर कोड बिल के संबंध में जागरूक किया गया। इस मौके पर संगठनों के नेताओं ने आम लोगों को इन बिलों को पंजाब के लिए घातक बताते हुए इनके विरोध और इन्हें रद्द करवाने के लिए जागरूक किया। इस दौरान नेताओं ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर 10 जनवरी को गुरुद्वारा साहिब सिंह शहीदां, सोहाना में एक संयुक्त बैठक रखी गई है। बैठक में भारतीय किसान यूनियन पुवाद के प्रदेश अध्यक्ष तरलोचन सिंह, किसान नेता रुसतम सेख, टीएसयू नेता राजिंदर कुमार तथा बिजली विभाग के ठेका कर्मचारी यूनियन के नेता एकम सिद्धू (मोहाली) ने कहा कि 10 जनवरी की बैठक के बाद इन बिलों को रद्द करवाने के लिए 16 जनवरी को डी.सी. कार्यालय मोहाली का घेराव कर रोष प्रदर्शन किया जाएगा और एक संयुक्त मांग पत्र सौंपा जाएगा। इस मौके पर नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ऐसे बिल बनाकर पंजाब को अपना गुलाम बनाना चाहती है। इन बिलों के माध्यम से केंद्र सरकार आम लोगों की लूट कर पंजाब की खेती, जवानी, रोजगार और सरकारी संस्थानों को कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने की नीति तैयार कर रही है। इसे रद्द करवाने के लिए पंजाब की सभी संगठन एकजुट होकर आम लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस जागरूकता का उद्देश्य तीन काले कृषि कानूनों की तरह इन बिलों को भी वापस करवाना है। इसी कड़ी में आज पूरे पंजाब की सभी संगठनों ने एक साझा मंच तैयार किया है और आने वाली 16 जनवरी को पूरे पंजाब में डी.सी. कार्यालयों का घेराव कर पंजाब और केंद्र सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर किसान नेता रविंदर सिंह, ठेका कर्मचारी नेता सुखविंदर सिंह, रोहित कुमार तथा अमनिंदर सिंह (प्रधान, ठेका कर्मचारी यूनियन ज़ीरकपुर) सहित अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

# डक्ट काटकर कीमती सामान चोरी करने के मामले में 3 काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** यूटी साउथ डिविजन की थाना 34 पुलिस ने डक्ट काट कर कीमती सामान चोरी करने के मामले में तीन आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान सेक्टर 56 निवासी 31 वर्षीय लवप्रीत उर्फ प्रिंस,अररिया बिहार के रहने वाले 22 वर्षीय मोहम्मद आशिक और 22 वर्षीय मोहम्मद महफूज आलम के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 03 तांबे की केबल (25.40 मीटर-1200 पेयर,15.30 मीटर और 14.80 मीटर - 800 पेयर प्रत्येक),02 तांबे की केबल (1.3 मीटर- 1200 पेयर प्रत्येक) और 04 हथौड़े,01 लोहे का कटर (आरी),02 लोहे की छेनी,06 प्लास्टिक हैंडल वाली छेनी,01 स्क्रू ड्राइवर,06 नारंगी रिफ्लेक्टर जैकेट (05 खुली और 01 पैक्ड),02 जोड़ी रस्सी,02 गैंती,01 कस्सी, 02 तांबे की केबल (1.4 मीटर- 1200 पेयर प्रत्येक) और 2 लोहे की रॉड यानी 01- 04 फीट और 01-3.6 फीट) बरामद किया है। पकड़े गए आरोपियो को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। उक्त आरोपियो के खिलाफ 3 जनवरी को थाना 34 में मामला दर्ज है। जानकारी के अनुसार यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना पुलिस की टीम ने आरोपियो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत उक्त आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया।

### क्या था मामला

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता विरेंद्र सिंह एसडीपीओ दो बीएसएनएल ने पुलिस को बताया था कि वह बीएसएनएल टेलीफोन एक्सचेंज सेक्टर 34, चंडीगढ़ में एसडीपीओ -ढ्ढढ्ढ के रूप में कार्यरत हैं।उन्होंने देखा कि डक्ट कवर खुला हुआ था और पाया कि नाबार्ड कार्यालय सेक्टर 34,चंडीगढ़ के पास भूमिगत डक्ट कटी हुई थी।निरीक्षण करने पर पता चला कि 800 जोड़े और 1200 जोड़े के लगभग 20 भूमिगत तांबे के केबल,प्रत्येक लगभग 4 मीटर लंबे और 800 जोड़े के 2 भूमिगत तांबे के केबल प्रत्येक लगभग 15 मीटर लंबे और 1200 जोड़े का 1 भूमिगत तांबे का केबल लगभग 30 मीटर लंबा तार चोरी हुआ पाया गया। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

### आरोपियों से सामान हुआ बरामद

पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 03 तांबे की केबल (25.40 मीटर- 1200 पेयर,15.30 मीटर और 14.80 मीटर - 800 पेयर प्रत्येक),02 तांबे की केबल (1.3 मीटर- 1200 पेयर प्रत्येक) और 04 हथौड़े,01 लोहे का कटर (आरी),02 लोहे की छेनी,06 प्लास्टिक हैंडल वाली छेनी,01 स्क्रू ड्राइवर,06 नारंगी रिफ्लेक्टर जैकेट (05 खुली और 01 पैक्ड),02 जोड़ी रस्सी,02 गैंती,01 कस्सी, 02 तांबे की केबल (1.4 मीटर- 1200 पेयर प्रत्येक) और 2 लोहे की रॉड यानी 01- 04 फीट और 01-3.6 फीट) बरामद।

सम्पादकीय

# जेएनयू न बनने पाए बदहालात और उपद्रवकारियों का गढ़

देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में प्रवेश मिलना बड़े सौभाग्य की बात मानी जाती है और यहां प्रवेश के बाद जो डिग्री हासिल होती है, वह नौकरी की गारंटी बन जाती है। हालांकि बौद्धिकों की दुनिया माने जाने वाले इस विश्वविद्यालय के साथ विडम्बनाएं भी जुड़ी हैं। रह-रह कर इसके साथ जुड़ने वाले विवाद इस शिक्षण संस्थान की छवि को धूमिल करते रहते हैं। अब यह सवाल सभी के जेहन में है कि आखिर विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ किस दूषित सोच की वजह से आपत्तिजनक नारेबाजी की गई है। इससे पहले बीते दिवस सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों में आरोपी शरजील इमाम और उमर खालिद को जमानत से इनकार कर दिया था। इस बार विश्वविद्यालय परिसर में नारेबाजी करने वालों में जेएनयू छात्र संघ और वामपंथी विचारधारा के छात्र शामिल हैं। क्या ये नारेबाजी करने वाले कथित विद्यार्थी यह बताएंगे कि आखिर वे यहां नारेबाजी करके विवि और देश का माहौल खराब करने आए हैं या फिर पढ़ाई करके अपना भविष्य बनाने। गौरतलब है कि जेएनयू ऐसे उपद्रवियों का ठिकाना हो गया लगता है, जिन्होंने इस संस्थान को वामपंथी राजनीति को जीवित रखने का केंद्र बना लिया है। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर ये कथित विद्यार्थी कुछ ऐसा कर रहे हैं, जिसे सभ्य समाज में कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**मालूम हो, कुछ वर्ष पहले जेएनयू की दीवारों पर ब्राह्मण और वैश्य समाज के प्रति अपमानजनक और भड़काऊ नारे लिखकर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। इसके बाद तमाम बार ऐसी हरकतें होती रही हैं। इस समय विवि में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी करके इन छात्रों ने फिर वही दौर लौटाने की कोशिश की है। गौरतलब है कि इस दौरान दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम और उमर खालिद के समर्थन में नारेबाजी की गई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों में इन दोनों को छोड़कर अन्य आरोपियों को जमानत दी है। अदालत ने इन दोनों की भूमिका जिसमें बड़ी साजिश का आरोप लगाया गया है, को समझते हुए जमानत से इनकार कर दिया। अब जेएनयू में हुई नारेबाजी और इन दोनों को जमानत न मिलने के बीच पूरे तारतम्य का खुलासा हो जाता है।**

मालूम हो, कुछ वर्ष पहले जेएनयू की दीवारों पर ब्राह्मण और वैश्य समाज के प्रति अपमानजनक और भड़काऊ नारे लिखकर माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। इसके बाद तमाम बार ऐसी हरकतें होती रही हैं। इस समय विवि में प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री शाह के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी करके इन छात्रों ने फिर वही दौर लौटाने की कोशिश की है। गौरतलब है कि इस दौरान दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम और उमर खालिद के समर्थन में नारेबाजी की गई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली दंगों में इन दोनों को छोड़कर अन्य आरोपियों को जमानत दी है। अदालत ने इन दोनों की भूमिका जिसमें बड़ी साजिश का आरोप लगाया गया है, को समझते हुए जमानत से इनकार कर दिया। अब जेएनयू में हुई नारेबाजी और इन दोनों को जमानत न मिलने के बीच पूरे तारतम्य का खुलासा हो जाता है। निश्चित रूप से दोनों की भूमिका संदिग्ध है और उनकी जमानत से हालात और बिगड़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। क्या यह नहीं माना जा सकता कि जेएनयू में जिन्होंने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की है, उनका प्रत्यक्ष समर्थन आरोपियों और विशेषकर इन दोनों आरोपियों को हासिल है। राजधानी दिल्ली में हुए दंगों के पीछे बड़ी साजिश रही है और उसके आरोपियों की पहचान और उन्हें कठोर सजा मिलना आवश्यक है। निश्चित रूप से जेएनयू के अंदर माहौल को खराब करने वालों की क्लास लिए जाने की बहुत जरूरत है।

मालूम हो, यही वह विश्वविद्यालय है कि जहां कभी भारत तेरे टुकड़े होंगे का नारा लगाया गया था। वह नारे लगाने वाला शख्स अब एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल का सम्मानित नेता बन चुका है। क्या उसकी शिक्षा इतनी ही है कि वह देश विरोधी बातें करके खुद को चर्चा में ले आए और फिर राजनीति में आकर देशहित की बात करे। जाहिर है, जेएनयू का स्वरूप खुली सोच को विकसित करने के लिए था। तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने देश में ऐसे शिक्षण संस्थान की कल्पना की थी जो कि देश को ऐसे बौद्धिक प्रदान करे जोकि इसकी तरक्की में योगदान दें। जेएनयू अपनी भूमिका को निभाता आया है, इसलिए प्रत्येक वर्ष उसकी कट आफ अचंभित करने वाली होती है। हालांकि सामान्य विद्यार्थियों की सोच को ग्रहण लगाने की कला इस संस्थान में कौन सिखाता है? इन आरोपों में सच्चाई है कि जेएनयू में वामपंथ का बोलबाला है और कैंपस में नक्सली मानसिकता रखने वाले इसके पीछे हैं। हालांकि राजनीतिक साजिश ऐसी है कि भारत तेरे टुकड़े होंगे समान नारे लगाने वालों को शह देने के बावजूद वाम दल इसे स्वीकार नहीं करते कि आखिर ऐसी मानसिकता वे कहां से लाते हैं। जेएनयू में इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुरजोर कदम उठाए जाने की जरूरत है। विवि प्रशासन ने दिल्ली को नारेबाजी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है, निश्चित रूप से पुलिस को उन आरोपियों की तलाश करके उन पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई अंजाम देनी चाहिए। जेएनयू जिस मकसद के लिए स्थापित है, उसकी प्रतिपूर्ति होनी चाहिए न कि यह जगह तनाव और उपद्रवकारियों का गढ़े बने।

# प्रगति पोर्टल: भारत की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को तेज़ी से आगे बढ़ाने वाला एक गेम चेंजर

दैनिक अर्थ प्रकाश

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना आज़ादी के बाद शुरू की गई सबसे महत्वाकांक्षी रेल अवसंरचना योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य माल ढुलाई के लिए उच्च क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस विशेष रेल कॉरिडोर तैयार करना है।

इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेल तेज़, सुरक्षित, भरोसेमंद और कम लागत वाली लॉजिस्टिक सेवाएं देकर माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी दोबारा बढ़ाना चाहती है। साथ ही, इस परियोजना से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्कों के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और पूरी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा।

करीब रु.1.2 लाख करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत और 2843 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना के दो मुख्य हिस्से हैं:-

**पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी):** यह 1337 किलोमीटर लंबा है। यह कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना स्थित साहनेवाल से लेकर बिहार के सोननगर तक जाता है और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्यों से होकर गुजरता है।

**पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी):** यह 1506 किलोमीटर लंबा है। यह उत्तर प्रदेश के दादरी से लेकर मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) तक फैला हुआ है। यह हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गुजरता है। कुल मिलाकर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का मार्ग 7 राज्यों और 56 जिलों से होकर गुजरता है। यह जंगलों, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों और क्रीक इलाकों से भी होकर जाता है, जिससे इस परियोजना का निर्माण कार्य स्वाभाविक रूप से जटिल हो जाता है।

**समय पर पूरा होने में आने वाली चुनौतियां:** हालांकि इस परियोजना की शुरुआत 2008 में हुई थी, लेकिन कई बाधाओं के कारण कई वर्षों तक काम की गति धीमी रही। मुख्य चुनौतियां इस प्रकार थीं।

लगभग 11,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण, जिसमें अवैध कब्जे और बने हुए ढांचों को हटाना शामिल था।

वन भूमि, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों, पेड़ों की कटाई और क्रीक (नाले) पार करने से जुड़े कानूनी अनुमतियां प्राप्त करना।

900 से अधिक लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जिनके लिए संयुक्त नक्शा स्वीकृति और रास्तों के लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक था।



हाई टेंशन बिजली लाइनों, गैस और तेल पाइपलाइनों को स्थानांतरित करना।

रक्षा विभाग, एनएचएआई, राज्य राजमार्ग प्राधिकरणों, सिंचाई विभाग से नहर पार करने की अनुमति और मिट्टी उधार लेने की स्वीकृति।

कोविड के बाद ठेकेदारों पर पड़ा आर्थिक दबाव, जिससे नकदी की कमी हुई।

निर्माण के लिए बिना किसी बाधा वाली भूमि उपलब्ध न होने से कार्य समय-सारिणी पर गंभीर असर पड़ा और परियोजना पर संभावित दावों का खतरा भी बढ़ गया।

**प्रगति पोर्टल-निर्णायक मोड़:** प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुरू किया गया प्रगति पोर्टल डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ। इस पोर्टल के माध्यम से डीएफसी के अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं को पूरे दस्तावेज़ों के साथ अपलोड किया। प्रगति पोर्टल की सबसे बड़ी ताकत इसकी पारदर्शिता और जवाबदेही थी। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और विभागों को यह साफ़ पता था कि कार्य की प्रगति पर सबसे ऊंचे स्तर पर, स्वयं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भी, निगरानी की जा रही है।

जो मुद्दे वर्षों तक लगातार प्रयासों के बावजूद अटके रहे थे, वे कुछ ही हफ्तों में, और कई मामलों में तो कुछ दिनों के भीतर ही, सुलझा लिए गए। जहाँ तुरंत समाधान संभव नहीं था, वहाँ विभागों ने निश्चित समय-सीमा तय की और उसका सख्ती से पालन किया गया।

**शासन और जवाबदेही की नई संस्कृति:** प्रगति पोर्टल एक अत्यंत प्रभावी मंच के रूप में सामने आया, जिसके माध्यम से:-

परियोजनाओं की रियल-टाइम निगरानी संभव हुई

समस्याओं को एक साथ कई स्तरों तक तुरंत पहुँचाया जा सका

एक ही मंच से मंत्रालयों और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो पाया

डीएफसी परियोजना में भी इसी तरह की एक आंतरिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई। बड़े ठेकों की साप्ताहिक समीक्षा, नियमित स्थल निरीक्षण और तय किए गए लक्ष्यों की लगातार निगरानी सामान्य प्रक्रिया बन गई।

चूंकि पोर्टल पर डाली गई सभी समय-सीमाएं दर्ज रहती थीं, इससे परियोजना टीम के भीतर अपने वादों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की भावना भी मज़बूत हुई।

**परियोजना क्रियान्वयन पर स्पष्ट प्रभाव:** जटिल समस्याओं के तेज़ समाधान से निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई और बिना बाधा वाली भूमि समय पर उपलब्ध न होने से होने वाले संभावित दावों से संगठन को सुरक्षा मिली। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि प्रगति पोर्टल ने रोज़मर्रा की परियोजना प्रबंधन प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही को शामिल करके पूरे शासन तंत्र की कार्यसंस्कृति को ही बदल दिया।

प्रगति पोर्टल आज प्रभावी डिजिटल शासन का एक जीवंत उदाहरण है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर जैसी विशाल परियोजना, जो कई राज्यों, विभागों और नियामक क्षेत्रों से होकर गुजरती है, के लिए प्रगति केवल एक निगरानी उपकरण नहीं रहा, बल्कि बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित हुआ।

तेज़ फैसले सुनिश्चित करके, विभागों के बीच टकराव कम करके और हर स्तर पर जवाबदेही तय करके, प्रगति पोर्टल ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को सफल और समय पर पूरा करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई है। साथ ही, इसने भारत की आने वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए एक नया मानक भी स्थापित किया है।

-आर.के जैन

(लेखक-डीएफसीसीआईएलके पूर्व एमडी हैं)

# इन्दौर की जल–त्रासदी और प्रशासनिक लापरवाही का नंगा चेहरा

स्वच्छता रैंकिंग में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें कथनी और करनी की असमानता की पौल खोलती भयावह लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है। यह केवल एक दुर्घटना नहीं है और न ही इसे तकनीकी खामी कहकर टाला जा सकता है। यह घटना उस व्यवस्था का क्रूर और नंगा सच है, जो स्वच्छता के तमगों से सजी हुई है लेकिन भीतर से सड़ चुकी है। जिस शहर को लगातार सात वर्षों तक देश का सबसे स्वच्छ शहर घोषित किया जाता रहा, वहीं दूषित पेयजल के कारण पंद्रह निर्दोष लोगों की मौत हो जाना पूरे तंत्र पर एक गहरा प्रश्नचिह्न है। यह त्रासदी साबित करती है कि चमकदार रैंकिंग और पुरस्कार जीवन की वास्तविक सुरक्षा का विकल्प नहीं हो सकते। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करने वाली पाइपलाइन में सीवर का पानी मिल गया, जिससे हजारों लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया। सौ से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हुए, सैकड़ों बीमार पड़े और अनेक परिवार हमेशा के लिए उजड़ गए। सभ्य समाज में यह कल्पना ही आत्मग्लानि से भर देने वाली है कि जिस पानी को जीवनदायिनी मानकर पिया गया, वही सीवर की गंदगी से मिला हुआ था।

सबसे अधिक पीड़ादायक तथ्य यह है कि यह सब अचानक नहीं हुआ। नागरिकों ने पहले ही दूषित पानी की शिकायतें की थीं। पानी के रंग, गंध और स्वाद में बदलाव की जानकारी दी गई थी, लेकिन नगर निगम, जलप्रदाय विभाग और स्वास्थ्य तंत्र कुंभकर्णी नींद में सोए रहे। प्रशासन तब हरकत में आया जब मौतें हो चुकी थीं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि गहरी संस्थागत असंवेदनशीलता, क्रूरता एवं अमानवीयता है। यह उस प्रशासनिक संस्कृति का परिणाम है जिसमें फाइलें और औपचारिकताएं मानव जीवन से अधिक मूल्यवान हो गई हैं। सवाल यह नहीं है कि पानी में सीवर कैसे मिला, असली सवाल यह है कि चेतावनियों के बावजूद इसे रोका क्यों नहीं गया? हर बार की तरह इस बार भी जांच समितियां बनीं, मुआवजे की घोषणाएं हुई और कुछ अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया। भले ही अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। क्या इन दिखावे की कार्रवाइयों से मृतकों का प्रायश्चित हो गया? क्या इससे भविष्य में ऐसी घटनाएं रुकेंगी? सच्चाई यह है कि जांच समितियां अब जवाबदेही तय करने का नहीं, बल्कि मामले को ठंडा करने का माध्यम बन चुकी हैं। इस दुखद घटना के बाद राजनीतिक बयानबाजी ने लोगों के घावों को और गहरा किया। जिस क्षेत्र में यह त्रासदी घटी, उसके प्रतिनिधि और राज्य के नगरीय विकास मंत्री, जिनके अधीन पेयजल आपूर्ति का विभाग आता है, उनकी असंवेदनशील टिप्पणियों ने जनता के आक्रोश को बढ़ाया। बाद में खेद प्रकट किया गया, लेकिन सवाल यह है कि खेद से क्या उन परिवारों का भविष्य सुरक्षित हो जाएगा, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया? यह सही है कि उमा भारती जैसी वरिष्ठ नेत्री ने दोषियों से प्रायश्चित और दंड की मांग की, लेकिन देश का अनुभव बताता है कि ऐसी मांगें अक्सर समय के साथ फीकी पड़ जाती हैं। मध्य प्रदेश में डबल इंजन वाली सरकार का खूब प्रचार किया जाता है, लेकिन इंदौर की घटना ने दिखा दिया कि यदि व्यवस्था की पटरियां जर्जर हों, तो इंजन कितने भी हों, दुर्घटना तय है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### आग लगने से दर्जनों झुग्गियां जलकर राख

चंडीगढ़। आज दोपहर स्थानीय खुड्डा लाहौरा की झुग्गियों में अचानक आग लग जाने से हजारों रुपए का नुकसान हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज दोपहर लगभग 2 बजे खुड्डा लाहौरा में बनी अधिकांश झुग्गियां जल कर राख हो गई। सूत्रों के अनुसार आग से 28 झुग्गियां जलीं जबकि अपुष्ट सूत्रों के अनुसार सैकड़ों झुग्गियां जली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही बस्ती में शोर मच गया। लोगों ने पानी की बाल्टियों आदि से आग पर काबू पाने का भरसक यत्न किया। इस बीच दमकल विभाग को भी घटना की खबर दी गई। फायर ब्रिगेड को घटना की जानकारी दो बजे के करीब मिली। आग पर काबू पाने के लिए फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियां घटना स्थल पर पहुंच गई व समाचार लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास जारी था। सूचना मिलने पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच रहे थे परन्तु अभी तक आग लगने के कारणों व जानमाल का आकलन नहीं लगाया जा सका।

### हरियाणा व पंजाब की सरकारें लोकतांत्रिक ढांचे में बाधक: सुरेन्द्र नाथ

चंडीगढ़। हरियाणा व पंजाब की सरकारें नजर में लोकतांत्रिक ढांचा कायम करने में बाधक है। यह बात पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक श्री सुरेन्द्र नाथ ने सलाहकार परिषद की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा व पंजाब की सरकारों में चंडीगढ़ को लेकर चल रहे विवाद और केंद्रीय ग्रह मंत्रालय द्वारा अनुमति न मिलने के कारण ही आज तक नगर में लोकतांत्रिक ढांचा कायम नहीं हो सका। नगर प्रशासक के सलाहकार श्री विनोद कुमार दुग्गल ने बताया कि नगर प्रशासन ने जनता की मांग पर मौलीजागरा समेत मनीमाजरा व अन्य कालोनियों में मकानों की ली जाने वाली किस्त में कमी कर दी है। अब यह किस्त 299 रुपए प्रतिमाह कर दी गई है जबकि इससे पूर्व 370 रु. प्रतिमाह लिया जाता था।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1026- सुल्तान महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूट कर उसे नष्ट किया।

1697- ब्रिटेन में आखिरी बार ईशनिंदा के लिए मृत्युदंड दिया गया।

1790- अमेरिका के प्रथम राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने पहली बार देश को सम्बोधित किया।

1884- समाज सुधारक और 'ब्रह्म समाज' के संस्थापकों में से एक केशव चन्द्र सेन का निधन हुआ।

1856- डॉ. जॉन वीच ने हाइड्रेटेड सोडियम बोरेट की खोज की।

1889- हर्मन होलैरिथ को पंच कार्ड टैब्युलेटिंग मशीन के आविष्कार का पेटेंट मिला।

1890- हिन्दी साहित्यकार रामचन्द्र वर्मा का जन्म।

1908- प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री निडर नाडिया का जन्म।

1925- प्रसिद्ध साहित्यकार मोहन राकेश का जन्म हुआ।

1929- नीदरलैंड्स और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार टेलीफोन संपर्क स्थापित हुआ।

1942- प्रसिद्ध ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का जन्म हुआ

1952- जॉर्डन ने संविधान अंगीकार किया।

1971- पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने नेता शेख मुजीबुर रहमान को जेल से आजाद किया था।

1973- रूस ने स्पेस 'मिशन ल्यूना 21' लांच किया।

1975- भारतीय संगीतकार हैरिस जयराज का जन्म हुआ।

1984- उत्तर कोरिया के तीसरे सर्वोच्च नेता किम जोंग उन का जन्म।

1984- पहली भारतीय महिला पायलट सुषमा मुखोपाध्याय का निधन।

2009- मिस्र के पुरात्ववेदाओं ने 4,300 वर्ष पुराने पिरामिड में रानी सेशेशेट की ममी की खोज की।

2010- पुर्तगाल की संसद ने सम लैंगिक विवाह को स्वीकृति दे दी।

2017- इजरायल के यरुशलम में ट्रक से हमले में कम से कम 4 सैनिकों की मौत हुई और 15 घायल हुए।

2020- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बाहरी अंतरिक्ष सहयोग के लिए भारत और मंगोलिया के बीच हस्ताक्षरित समझौते को मंजूरी दी।

## बोल ब्यूटीफुल

**अमित:** जेएनयू में प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक नारे,



विरोध-प्रदर्शन नहीं, बल्कि हिंसा का आह्वान है। यह 'सिर तन से जुदा' वाली ही मानसिकता है। इसका बचाव करने वाले छुपे हुए आतंकी है।

**कमर वहीद नकवी:** बांग्लादेश में हिन्दुओं की लगातार हो रही हत्याएं और उनके खिलाफ हिंसा एवं उत्पीड़न की जारी घटनाएं बेहद चिंताजनक है। शेख हसीना सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश चरमपंथी इस्लामिक तत्वों की अराजकता के शिकंजे में है।

**आनंद प्रधान:** वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के पीछे उसके विशाल तेज भंडार और उस पर कब्जे का इरादा जगजाहीर है। राष्ट्रपति ट्रंप इसे छुपाने की कोशिश भी नहीं कर रहे है, लेकिन इस हमले का एक और बड़ा घरेलू राजनीतिक कारण भी है-असली मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना।

# मतदाता सूची का मेगा रीसेट: जनता, वोट और सत्ता की जंग

दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर प्रदेश में हाल ही में मतदाता सूची में बड़ा संशोधन आया, जिसने राजनीति और प्रशासन दोनों में हलचल मचा दी है। 2.89 करोड़ नाम हटने के बाद लोकतंत्र की नींव पर गंभीर प्रश्न उठ खड़े हुए हैं। क्या यह कदम चुनावों को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने की वास्तविक कोशिश है, या सत्ता की चालाकी और रणनीति का हिस्सा मात्र? देश के सबसे बड़े राज्य में इस बदलाव ने व्यापक बहस को जन्म दिया है। शुद्धता के दावे और अन्याय के आरोपों के बीच जनता उलझन में है। ड्राफ्ट सूची में यह विशाल संशोधन दिखाता है कि मतदाता सूची केवल कागजी दस्तावेज़ नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रीढ़ और उसकी विश्वसनीयता का प्रमाण है।

चुनाव आयोग ने 6 जनवरी 2026 को ड्राफ्ट सूची जारी की, जिसमें कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ नाम हटा दिए गए। अब कुल वैध नाम केवल 12.55 करोड़ बचे हैं। हटाए गए नामों में 46.23 लाख मृतक, 2.17 करोड़ स्थानांतरित और 25.47 लाख डुप्लिकेट नाम शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.7 प्रतिशत है, जो भारत में किसी भी राज्य में सबसे बड़ा संशोधन माना जा रहा है। एसआईआर की समयसीमा और ड्राफ्ट प्रकाशन कई बार बढ़ाया गया, क्योंकि सूची में बड़े पैमाने पर असंगतियां मिलीं। दावा-आपत्ति की अवधि 6 फरवरी तक है, जिससे सभी प्रभावित लोग फॉर्म भरकर नाम जोड़ सकते हैं। इस विशाल हटाव ने सवाल खड़े किए हैं कि क्या यह लोकतंत्र को मजबूत करने का कदम है, या लक्षित राजनीतिक कार्रवाई है।

लोकतंत्र की शुद्धता के समर्थक इसे ऐतिहासिक सुधार कहते हैं। उनके अनुसार, मृतक और डुप्लिकेट नाम चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। इससे वोटिंग सिस्टम में फर्जीवाड़ा रोका जा सकता है। एसआईआर प्रक्रिया के अनुसार, 81.3 प्रतिशत मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा किए, जबकि बाकी नहीं कर सके। इस तरह की सफाई अन्य राज्यों में भी हुई, लेकिन उत्तर प्रदेश में कटौती सर्वाधिक रही। समर्थकों का कहना है कि इससे वोट बैंक की राजनीति कमजोर होगी और असली मतदाताओं की आवाज़ को ताकत मिलेगी।

विपक्षी दल इसे राजनीतिक साजिश मान रहे हैं। उनका तर्क है कि गरीब और अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों को प्रभावित किया जा रहा है। कई नेता और उनके परिवार के नाम हटाए जाने का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि केवल निवास बदलने के कारण वैध मतदाताओं को बाहर किया गया। विरोधियों का आरोप है कि यह लोकतंत्र पर हमला है और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन हो सकता है। शहरी क्षेत्रों और प्रवासी आबादी में अधिक नाम हटाए गए हैं, जिससे यह आशंका बढ़ रही है कि यह उद्देश्यपूर्ण कार्रवाई हो सकती है।

तथ्यों की पड़ताल करें तो आयोग ने हटाव के स्पष्ट कारण बताए हैं–मृत्यु, स्थानांतरण और डुप्लिकेट नाम। लखनऊ और गाजियाबाद जैसे शहरी केंद्रों में सबसे ज्यादा नाम हटाए गए। घर-घर जाकर फॉर्म भरवाए गए और 91 प्रतिशत से अधिक मैपिंगकी गई। शेष को नोटिस भेजे जा रहे हैं। बावजूद इसके, इतनी बड़ी संख्या ने संदेह पैदा कर दिया है। क्या सभी फॉर्म न जमा करने वाले असली मतदाता नहीं हैं? आयोग का कहना है कि दावा-आपत्ति प्रक्रिया में सुधार संभव है और यह निष्पक्षता दिखाती है। विपक्ष का कहना है कि दस्तावेज जुटाने में गरीब और अनपढ़ मतदाताओं को दिक्कत होगी, जिससे लोकतंत्र की वैधता पर सवाल उठते हैं।

इस संशोधन का आगामी चुनावों पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटें निर्णायक मानी जाती हैं। अगर वैध मतदाता भी हट गए, तो वोट प्रतिशत और चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकते हैं। समर्थक इसे फर्जीवाड़ा रोकने का कदम मानते हैं, जबकि विपक्ष इसे वोट दबाने की रणनीति कह रहा है। एसआईआर की अवधि बढ़ने से सत्यापन बेहतर हुआ, लेकिन गरीब और अल्पसंख्यक समुदाय इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। यह सवाल उठता है कि क्या प्रक्रिया पर्याप्त पारदर्शी है या नहीं। समाज पर नजर डालें तो प्रवासी मजदूर, शहरी गरीब और छोटे शहरों के मतदाता सबसे प्रभावित हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्र भी इससे अछूते नहीं रहे। विपक्ष इसे मतदाता दमन मान रहा है। वहीं आयोग का कहना है कि मृतक नाम हटाना अनिवार्य था और यह रूटीन प्रक्रिया है। अन्य राज्यों में भी ऐसा सुधार होना चाहिए। मतदाता सूची की शुद्धता ही चुनाव की नींव है। अगर फर्जी नाम मौजूद रहें, तो लोकतंत्र कमजोर होगा। वहीं वैध नाम हटने से अन्याय होगा। जनता को जागरूक होना आवश्यक है। आगे की राह में आयोग के लिए पूर्ण पारदर्शिता अनिवार्य हो गई है। दावा-आपत्ति की अवधि में लाखों मतदाता अपने अधिकार को सुरक्षित कर सकते हैं, और यदि कोई वैध मतदाता सूची से बाहर रह गया, तो लोकतंत्र की नींव हिल सकती है। अन्य राज्यों के अनुभव और उदाहरण हमें यह सिखाते हैं कि मतदाता सूची सिर्फ एक प्रशासनिक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि हर नागरिक की राजनीतिक पहचान का प्रतीक है। इसलिए इसकी नियमित समीक्षा और सुधार न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से होना चाहिए।

यह संशोधन दोधारी तलवार की तरह है–2.89 करोड़ नामों के हटने ने सार्वजनिक बहस और राजनीतिक विवाद को हवा दी है। यदि हटाए गए नाम केवल फर्जी थे, तो यह लोकतंत्र की शुद्धता की दिशा में ऐतिहासिक कदम होगा। लेकिन यदि वैध मतदाता प्रभावित हुए, तो यह अधिकार और विश्वास दोनों को क्षति पहुंचा सकता है। विपक्ष को ठोस प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे और आयोग को अपनी निष्पक्षता साबित करनी होगी। लोकतंत्र तब मजबूत रहेगा जब हर वैध वोट गिना जाएगा और किसी की आवाज़ दबाई नहीं जाएगी। यह प्रकरण याद दिलाता है कि वोट हमारा अधिकार है और सुरक्षित रहना चाहिए। समय ही बताएगा कि यह कदम लोकतंत्र की शुद्धता था या राजनीतिक खेल। उत्तर प्रदेश का यह उदाहरण हमें एक बड़ा और सशक्त सबक देता है। बड़े बदलाव सोच-समझकर और पूरी सावधानी के साथ होने चाहिए, क्योंकि हर गलती सीधे लोकतंत्र की नींव को हिला सकती है। जनता के लिए यह जिम्मेदारी बन गई है कि वह अपने नाम, अपने अधिकार और मतदाता रिकॉर्ड की खुद जांच करे। हर मतदाता जागरूक रहे, ताकि किसी की आवाज दबाई न जा सके और हर वैध वोट सुरक्षित रहे। चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता पर ध्यान देना अब केवल प्रशासन का कर्तव्य नहीं, बल्कि हर नागरिक की अनिवार्य भूमिका बन चुकी है।

हरोली के कांगड़ मैदान में आयोजित हुआ वाहन पासिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम

# ड्राइविंग टेस्ट के दौरान सड़क सुरक्षा नियमों की दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र के कांगड़ मैदान में बुधवार को आयोजित ड्राइविंग टेस्ट एवं वाहन पासिंग प्रक्रिया के दौरान आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, मोटर वाहन निरीक्षक समीर दत्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना अशोक कुमार ने वाहन चालकों और आवेदकों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के प्रयोग से बचाव, गुड समेरिटन नियमों तथा सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

आरटीओ अशोक कुमार ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की पालना से न केवल सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है, बल्कि अनमोल मानव जीवन की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

**जनवरी माह में चलाया जा रहा है सडक सुरक्षा अभियान :** आरटीओ ने जानकारी दी कि स?क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनवरी माह के दौरान देशभर में स?क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क?ी में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी स?क सुरक्षा माह ङ्क जनवरी 2026 को प्रभावी रूप से लागू करने हेतु सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश की ओर से स?क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता ब?ाने के उद्देश्य से स?क सुरक्षा फिल्म महोत्सव का आयोजन भी किया जा रहा है। इसमें भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपनी प्रविष्टियां 15 फरवरी तक भेज सकते हैं।

**18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभागी ले सकेंगे भाग :** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) ऊना, अशोक कुमार ने बताया कि ÷स?क सुरक्षा-फिल्म महोत्सव÷ के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति स?क सुरक्षा से जु? विभिन्न विषयों पर हिंदी या अंग्रे?ी भाषा में लघु वीडियो बनाकर भाग ले सकता है। प्रतियोगिता से संबंधित नियम एवं शर्तें https://road-safety.hp.gov.in/storage/files/tenders/sadak-suraksha-film-mahotsav.pdf लिंक से डाउनलोड की जा सकती हैं।

### ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रविष्टियों की सुविधा

प्रतिभागी अपनी लघु फिल्म/वीडियो ऑनलाइन गूगल फॉर्म लिंक https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSdh907oNQcKpqWHe1FHqXAF9K8D1FL1X7qSnhSXDjTW4FnvXw/viewform या विभागीय ईमेल departmentoftrans-porthp@gmail.com पर अनुलग्नक एक सहित भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्रविष्टियाँ परिवहन निदेशालय, प्रमुख एजेंसी/सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ, हिमाचल प्रदेश, शिमला में सीधे भी जमा करवाई जा सकती हैं।

### पात्रता एवं मानदंड

इस प्रतियोगिता में आम नागरिक, विद्यार्थी तथा पेशेवर फिल्म निर्माता भाग ले सकते हैं। न्यूनतम आयु 18 वर्ष (10 दिसंबर, 2025 को या उससे पूर्व) निर्धारित की गई है। देश के सभी राज्यों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित हैं। स?क सुरक्षा पर आधारित फिल्म हिंदी या अंग्रे?ी भाषा में अधिकतम 5 मिनट अवधि की होनी चाहिए।

### सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को मिलेंगे पुरस्कार

आरटीओ ने बताया कि महोत्सव में चयनित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। 18से 25 वर्ष, 25से 32 वर्ष, 32से 40 वर्ष तथा 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की श्रेणियों में प्रत्येक श्रेणी में 25 हजार रुपये, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त, 20 विशेष पुरस्कार भी दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक पुरस्कार में 5 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र शामिल होगा। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।



## विधायक लखनपाल का दांदडू क्षेत्र प्रवास जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं की समीक्षा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने आज दांदडू-1 और दांदडू-2 बूथों का प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय ग्रामीणों से सीधा संवाद किया तथा बूथ स्तर पर संगठन की स्थिति और जनसमस्याओं को लेकर चर्चा की।

अपने प्रवास के दौरान विधायक ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता के साथ साझा की। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली आपूर्ति, सोलर लाइट सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। विधायक ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराया तथा शेष विषयों के शीघ्र निवारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की गति प्रभावित हुई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास निधि समय पर जारी न होने से कई आवश्यक कार्य लंबित हैं, जिसका असर आम जनता पर पड़ रहा है। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनहित से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी और संगठन तथा कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत करे।

# ऊना में कानून का डंडा चला, बड़ूही-अम्ब मार्ग पर हादसे लगभग खत्म

एसपी अमित यादव की सख्ती से टूटी लापरवाही की कमर, नशा माफिया रडार पर

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

EXCLUSIVE



**ऊना।** सड़क पर मौत बांटने वाली लापरवाही और नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाने वालों पर ऊना पुलिस ने करारा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव की सख्त रणनीति का असर अब ज़मीन पर साफ दिखाई देने लगा है। कभी रोज़ाना दुर्घटनाओं के लिए बदनाम बड़ूही-अम्ब सड़क मार्ग पर बीते एक माह में हादसों में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई है। दिन के समय दुर्घटनाएं लगभग शून्य हो चुकी हैं, जो पुलिस की सख्ती का बड़ा प्रमाण है।

एसपी अमित यादव ने स्पष्ट किया कि यह सुधार किसी अपील या चेतावनी का नतीजा नहीं, बल्कि निरंतर कार्रवाई का परिणाम है। सड़क मार्ग पर व्यापक बैरिकेडिंग, इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती, हर समय पुलिस की मौजूदगी और यातायात नियमों का कठोर पालन सुनिश्चित किया गया।

उन्होंने दो टूक कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां और बैरिकेड्स व संकेतक लगाए जाएंगे तथा नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जाएगी।

**नशे के खिलाफ निर्णायक जंग, सभी विभागों को खुला निर्देश :** सड़क सुरक्षा के साथ-साथ नशे के खिलाफ भी ऊना पुलिस ने मोर्चा खोल दिया है। पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस के साथ सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान और इंटेलिजेंस शेयरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों से मिलने वाले इनपुट इस अभियान में सबसे अहम कड़ी साबित होंगे।

एसपी ने साफ शब्दों में चेतावनी दी– नशे के सौदागर हों या सड़क पर कानून को ठेंगा दिखाने वाले, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। ऊना में अब पुलिस की रणनीति नहीं बदलेगी, बल्कि अपराधियों को बदलना पड़ेगा।

संदेश स्पष्ट है– ऊना की सड़कों पर अब लापरवाही नहीं, सिर्फ कानून चलेगा।



## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता सत्र

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, ऊना में चल रहे सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय ऊना से राजन शर्मा ने विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव एवं उनसे निपटने के उपायों के प्रति जागरूक किया। राजन शर्मा ने अपने संबोधन में प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं, जलवायु परिवर्तन, बदलते मौसम के प्रभाव, आपदा न्यूनीकरण, महत्वपूर्ण आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों तथा आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में इंटर्नशिप एवं रोजगार के अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने यह भी बताया कि युवा स्वयंसेवक किस प्रकार आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अपना भविष्य संवार सकते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर मनजीत मान एवं प्रोफेसर पवित्रा दुलारी ने मुख्य वक्ता का स्वागत कर महाविद्यालय में पधारने पर हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस इकाई द्वारा आपदा प्रबंधन विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

# प्रदेश सरकार झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है धरातल पर नहीं दिख रहा कोई विकास कार्य : भाजपा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भाजपा मंडल समीरपुर के अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली तथा महामंत्री एच.एस. ठाकुर और संजीव कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर प्रदेश सरकार और कांग्रेस के विधायकों पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार झूठ और भ्रम की राजनीति कर रही है और धरातल पर सरकार का कोई भी ठोस विकास कार्य नजर नहीं आ रहा है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार और उसके विधायक जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिन सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, उनके लिए केंद्र सरकार से बजट सांसद अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा उपलब्ध करवाया गया है, लेकिन कांग्रेस विधायक इन कार्यों को भी अपनी उपलब्धि बताकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं।

मंडल अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विधायक महोदय केंद्र सरकार और सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के निरंतर प्रयासों को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन विकास कार्यों के लिए सांसद अनुराग सिंह ठाकुर लगातार केंद्र सरकार से बजट स्वीकृत करवा रहे हैं, उनके लिए श्रेय लेने के बजाय विधायक को उनका धन्यवाद करना चाहिए था। हामंत्री एच.एस. ठाकुर और संजीव कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार केवल केंद्र सरकार की योजनाओं पर अपनी राजनीति चमकाने में लगी हुई है, जबकि प्रदेश स्तर पर स्वयं कोई ठोस विकास कार्य करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार की योजनाओं के बिना प्रदेश में विकास पूरी तरह ठप हो जाएगा।

भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। चाहे सड़क निर्माण हो, स्वास्थ्य सेवाएं हों या रोजगार का मुद्दा–हर क्षेत्र में जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### मुख्यमंत्री ने राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का कैलेंडर जारी किया

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का वार्षिक कैलेंडर-2026 जारी किया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को बैंक की विभिन्न गतिविधियों और योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष में सरकार के निर्देशों के अनुसार पात्र लोगों को ऋण मुहैया करवाया गया। इस अवसर पर बैंक के प्रबन्ध निदेशक हरीश गज्जू और महाप्रबन्धक आर.एम. झमाल्टा उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू को आज यहां वेल्फेयर एसोसिएशन ऑफ एनसीसी ऑफिसरज ऑफ हिमाचल प्रदेश ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 2.11 लाख रुपये का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने अंशदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के योगदान विपरीत परिस्थितियों में पी?ित लोगों की मदद के लिए अत्यन्त महत्त्वपूर्ण साबित होते हैं।

### राष्ट्रीय युवा दिवस को लेकर युवा मोर्चा की बैठक आयोजित

**ऊना (रोहित शर्मा)।** जिला ऊना में 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के सफल आयोजन को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक



आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री रजत राणा जी ने की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, तैयारियों एवं दायित्वों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर बैठक के मुख्य वक्ता ब्छ्ळ्ळरूके प्रदेश अध्यक्ष श्री सनी शुक्ला जी रहेंगे, जो युवा कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे और राष्ट्रीय युवा दिवस के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय युवा दिवस को भव्य एवं सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

### स्वास्थ्य मंत्री दो दिन सोलन के प्रवास पर

**सोलन (यशपाल कपूर)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिक तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 08 व 09 जनवरी, 2026 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर आ रहे हैं। डॉ. शांडिल 08 जनवरी, 2026 को दोपहर 12.30 बजे ग्राम पंचायत तोप की बे? में मनलोग से चौरा मार्ग की आधारशिला रखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत ग्राम पंचायत तोप की बे? के मनलोग में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री 09 जनवरी, 2026 को सोलन में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

## सत्ती बोले- राजनीतिक द्वेष में प्रधानों को किया जा रहा निलंबित, अधिकारियों को अदालत में भुगतना पड़ेगा अंजाम

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने चता?ा पंचायत प्रधान नीलम कुमारी का निलंबन रद्द होने पर उन्हें बधाई देते हुए प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला साफ तौर पर साबित करता है कि चुने हुए जनप्रतिनिधियों को राजनीतिक द्वेष के चलते निशाना बनाया जा रहा है।

सत्ती ने कड़े शब्दों में कहा कि केवल चता?ा ही नहीं, बल्कि ऊना जिला की कई पंचायतों में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बिना समयबद्ध और निष्पक्ष जांच के निलंबित किया गया। यह न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि जनता के जनादेश को कुचलने का प्रयास भी है।

विधायक ने अधिकारियों को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन कानून से ऊपर जाकर की गई कार्रवाई का हिसाब अदालत में देना पड़ता है। जब ऐसे मामलों में अधिकारी अदालतों में घसीटे जाएंगे, तब कोई भी नेता उनके साथ खड़ा नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी राजनीतिक दबाव में आकर दुर्भावना से काम न करें। चुने हुए जनप्रतिनिधियों को प्रताड़ित और अपमानित करने की यह प्रवृत्ति भविष्य में प्रशासन के लिए भारी पड़ सकती है। सत्ती ने कहा कि निलंबन रद्द होने का कारण यह बताया गया कि मामले में समयबद्ध जांच ही नहीं की गई, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि पूरी कार्रवाई राजनीतिक द्वेष से प्रेरित थी। विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सरकार पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को टालने का काम पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को टालने का काम कर रही है। दरअसल कांग्रेस पंचायती राज संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय निकायों के चुनाव में अपनी हर को देखकर बुरी तरह बौखला चुकी है यही कारण है कि वह इन चुनावों को ही रोकने का काम कर रही है।

## कबड्डी संघ के पदाधिकारियों ने प्रोफेसर धूमल से की शिष्टाचार भेंट


अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** कबड्डी संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष राज कुमार निट्टू, महासचिव कुलदीप राणा, और प्रो-कबड्डी के टेक्निकल ऑफिशियल आदर्श सिंगटा ने आज समीरपुर स्थित निवास पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश में खेलों, विशेषकर कबड्डी के विकास, खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही मार्गदर्शन, संसाधन और मंच उपलब्ध कराने की है। उन्होंने कहा कि यदि खेल संघ, समाज और प्रशासन मिलकर कार्य करें तो प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान बना सकते हैं।

## एसजेवीएन ने सीएम सुख आश्रय कोष को 10 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की



अर्थ प्रकाश संवाददाता


**शिमला।** श्री भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक,एसजेवीएन ने अवगत कराया कि कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एसजेवीएन ने मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है।

यह चेक हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह को हिमाचल प्रदेश विधानसभा के माननीय अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह पठानिया और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री संजय सूद की उपस्थिति में, श्री विकास मारवाह, परियोजना प्रमुख, रामपुर जल विद्युत स्टेशन तथा श्री विवेक शर्मा, परियोजना प्रमुख, लूहरी जल विद्युत परियोजना द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री अजय कुमार शर्मा, निदेशक (कार्मिक), एसजेवीएन एवं अध्यक्ष, एसजेवीएन फाउंडेशन ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना राज्य भर में अनाथ, बेसहारा एवं समर्पित बच्चों की समग्र देखभाल, संरक्षण तथा दीर्घकालिक सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### भोरंज में 12 को लोहड़ी उत्सव की संध्या में इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा मचाएंगे धूम

**हमीरपुर 7 जनवरी। (शिल्पा शर्मा)।** उपमंडल मुख्यालय भोरंज में इस बार भी लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। 12 जनवरी की शाम को मनाए जाने वाले लोहड़ी उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में जाने-माने स्टार कलाकार इंडियन आइडल फेम अनुज शर्मा मुख्य आकर्षण होंगे। विधायक सुरेश कुमार ने बताया कि लोह?ी उत्सव की सांस्कृतिक संध्या के लिए अनुज शर्मा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुज शर्मा के अलावा कई स्थानीय लोक कलाकारों को भी सांस्कृतिक संध्या में मंच दिया जाएगा। विधायक सुरेश कुमार ने सभी क्षेत्रवासियों से इस लोह?ी उत्सव एवं सांस्कृतिक संध्या में भाग लेने का आग्रह किया है।




**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**E-Procurement Notice**
**``NOTICE INVITING TENDERS``**

The Executive Engineer, Bharwain Division HPPWD Bharwain H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on percentage rate, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned works from the eligible and approved contractors/ Firms registered with HPPWD Department.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | Starting Date for down-loading Bid. | Earnest Money | Cost of tender in (Rs.) | Deadline for submission of Bid. | Time Limit | Eligible class of contactor.. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Restoration of rain damages on link road to Village Kharoh km 0/0 to 3/500 (SH:- C/O V-Shape drain in km 1/195 to 1/240, C/O Retaining wall at RD 2/880 to 2/895, 3/105 to 3/150 and Interlocking Paver block ) Under PDNA-2023 | 16,59,035/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 33200/- | 500/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three months | Class- D & C |
| 2. | Restoration of rain damages on Bharwain Chintpurni Talwara road km 0/0 to 15/310 (MDR-42) (SH:-Providing and laying NTC interlocking paver block at RD 1/645 to 1/790 & 1/820 to 1/945 & C/O Retaining wall at RD 2/200 to 2/225 & 2/230 to 2/254, Breast wall at RD 2/210 to 2/240 RHS and CC Berms) Under PDNA-2023 | 71,21,682/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 142500/- | 2000/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three months | Class-B & C |
| 3. | Restoration of rain damages on link road Karluhi to Mandholi km 0/0 to 5/500 (SH:- Repair of Pot holes in km 0/700 to 0/800 &V-Shape drain at Various RD's) Under PDNA-2023 | 6,38,141/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 12800/- | 350/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three Months | Class-D & C |
| 4. | Restoration of rain damages on Link road Talmehra to Rounkhar Km 0/0 to 1/0 & Link road Talmehra Manjru road Km 0/0 to 3/0 (SH:- C/o C.C. drain , Paver block between Km 0/100 to 0/150 & C/o C.C. drain 1/200 to 1/300) Under PDNA-2023. | 6,38,100/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 12800/- | 350/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three Months | Class-D & C |
| 5. | Restoration of rain damages on Chintpurni Daulatpur road km 0/0 to 7/0 (SH:- C/O Retaining wall at RD 3/390 to 3/417, 80mm thick interlocking paver block at RD 3/280 to 3/365 & Providing and fixing W-metal crash barrier at RD 3/455 to 3/515) under PDNA-2023 | 15,80,304/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 31700/- | 500/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three Months | Class-D & C |
| 6. | Restoration of rain damages on Baruhi to Dumkhar road km 0/0 to 16/0 (SH:- C/O C.C. & wire crate structure at km 10/915 to 10/975 RHS and Retaining wall at RD 10/975 to 11/005 ) under PDNA-2023 | 31,53,052/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 63100/- | 2000/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three Months | Class-D & C |
| 7. | Restoration of rain damages on Baruhi to Dumkhar road km 0/0 to 16/0 (SH:- C/O C.C. & wire crate structure at km 11/555 to 11/610 and Retaining wall at RD 11/618 to 11/631 RHS ) under PDNA-2023 | 36,90,090/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 73900/- | 2000/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three Months | Class-D & C |
| 8. | Restoration of rain damages on link road to Village Mayor km 0/0 to 2/0 (SH:- C/O Berms cum V-Shape drain & Edge wall at RD 0/400 to 0/480 LHS) under PDNA-2023. | 5,10,501/- | 21-01-2026 at 5.00 PM | 10300/- | 350/- | 28-01-2026 at 5.00 PM | Three Months | Class-D & C |

NOTE- The bidders are advised to note other details of tenders from the departmental website: www.hptenders.gov.in. The Date of Technical Bid opening 29-.01.2026 at 11.00 A.M.

*Executive Engineer, Bharwain Division,*
*HP PWD, Bharwain. On behalf of Governor.of H.P.*

RO No. 5492_2025-2026 AP No. 7087

## ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 13 लाख की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

**पंचकूला।** एंटी एमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट द्वारा विदेश भेजने के नाम पर की गई ठगी के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। यह मामला अक्टूबर 2023 से जुड़ा है, जिसमें पंचकूला निवासी एक शिकायतकर्ता ने पुलिस उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसके बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर उससे लाखों रुपये की ठगी की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह अपने एक जानकार के माध्यम से ओंकार सिंह वासी अंबाला से मिला था, जिसने उसके बेटे को ऑस्ट्रेलिया भेजने का झांसा देते हुए कुल 32 लाख रुपये की मांग की। आरोपी ने अलग-अलग समय पर शिकायतकर्ता से कुल 13 लाख रुपये ले लिए, लेकिन इसके बाद वह लगातार टालमटोल करता रहा। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता ने बताया कि मामले की शिकायत के आधार पर थाना रायपुर रानी में दिनांक 26 नवंबर 2025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 406, 420 व 120-बी व एमिग्रेशन एक्ट की धारा 24 के तहत मामला दर्ज किया गया।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में तीन महिला अनुसूचित जाति आरक्षित वार्ड, राजनीतिक दलों ने चुनाव के लिए कसी कमर

# वार्डबंदी के बाद 7 महिला वार्ड ड्रा जरिए फाइनल

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




**पंचकूला।** नगर निगम चुनाव में वार्डबंदी फाइनल होने के बाद बुधवार को ड्रा ऑफ लाट के जरिए महिलाओं के लिए 7 वार्डों को भी फाइनल कर दिया गया। इनमें 4 सामान्य वार्ड जबकि तीन अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किए गए। प्रशासन की समिति के अध्यक्ष उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में समिति ने पर्ची सिस्टम से इन वार्डों का ड्रा निकाला। इस अवसर पर पूर्व मेयर कुलभूषण गोयल भी मौजूद रहे। महिला अनुसूचित सीट के लिए तीन पर्चियां डाली गई, जिसमें वार्ड नंबर 16 को महिला अनुसूचित आरक्षित सीट घोषित किया गया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 7 और वार्ड 17 नंबर को एससी वार्ड, 19 को बीसीए महिला आरक्षित वार्ड और 18 को बीसी (बी) महिला वार्ड आरक्षित घोषित किया गया।

अब की बार प्रशासन की समिति की तरफ से वार्डबंदी के तहत अधिकतम जनसंख्या वाले अनुसूचित जाति के तीन वार्डों यानी 16, 17 और 7 नंबर वार्ड का चयन किया था। इनमें में से एक को ड्रा ऑफ लाट के लिए चयन होना था। इन तीनों को ड्रा ऑफ लाट में शामिल किया गया, जिसमें से 16 नंबर वार्ड की पर्ची निकली और यह वार्ड अनुसूचित महिला आरक्षित के लिए निर्धारित किया गया। इसी प्रकार नियम के मुताबिक महिला बीसी (ए) वार्ड का चयन होना था। इसके लिए ड्रा ऑफ लाट में वार्ड नंबर 15, 19 और 20 शामिल किए गए। ड्रा में वार्ड नंबर 19 बीसी (ए) घोषित किया गया। वार्डबंदी के तहत बीसी (बी) के लिए वार्ड नंबर 10, 18 और 20 को ड्रा में शामिल किया गया था। पर्ची से हुए आरक्षित वार्ड के लिए चुनाव में वार्ड नंबर 18 को बीसी (बी) घोषित किया गया। शेष 15 वार्डों में से सामान्य महिला आरक्षित वार्डों के लिए भी पर्ची से ड्रा निकाला गया। सामान्य महिला के लिए 4 वार्ड आरक्षित किए गए जिसमें वार्ड नंबर 1, 2, 11 और वार्ड नंबर 15 शामिल हैं।

### किस वार्ड में सेक्टर-गांव-कालोनी

वार्ड 1 में सकेतड़ी, भैंसा टिब्बा, एमडीसी-6 और 4, वार्ड 2 एमडीसी सेक्टर 5, सेक्टर 2, वार्ड 3 में सेक्टर 7, वार्ड 4 में सेक्टर 9 और 10, वार्ड नंबर 5 में सेक्टर 15, वार्ड 6 में सेक्टर 16, 17 और 18, वार्ड 7 राजीव कालोनी, वार्ड 8 इंदिरा कालोनी, बुढनपुर, वार्ड 9 सेक्टर 19, औद्योगिक क्षेत्र फेज-2, वार्ड 10 अभयपुर, सेक्टर 14, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1, वार्ड 11 में सेक्टर 12, 12ए रैली, रैला गांव, वार्ड 12 में सेक्टर 11, हरिपुर, सेक्टर 4, वार्ड 14 में सैक्टर 21, महेशपुर, मद्रासी कालोनी, सेक्टर 20 में फतेहपुर गांव के नजदीक सोसाइटियां, वार्ड 15 सेक्टर 20, कुंडी गांव, वार्ड नंबर 16 में चंडीकोटला, बीड घग्गर, खडग़ मंगोली, वार्ड 17 खड?मंगोली का कुछ हिस्सा, चौकी गांव, सेक्टर 23, 24, 25, नग्गल मोगीनंद, नाडा, वार्ड 18 बाना, मदनपुर, सेक्टर 26, 27, 28, वार्ड नंबर 19 रामगढ़, बिल्ला, जयवंतगढ़, दबकौरी, माणक्या, भानू और वार्ड 20 में कोट, खंगेसरा, टोका, अलीपुर, सुखदर्शनपुर, नग्गल, जलौली, खटौली शामिल हैं।

### महिला आरक्षित वार्ड

वार्ड नंबर 16 में अनुसूचित जाति जनसंख्या 7111 (एससी आरक्षित)

वार्ड नंबर 7 में अनुसूचित जाति जनसंख्या 5118 ( एससी आरक्षित)

वार्ड 17 में अनुसूचित जाति जनसंख्या 4521 (एससी आरक्षित)

वार्ड 19 बीसीए जनसंख्या 2828

वार्ड 18 बीसी बी वार्ड जनसंख्या 1197

बॉक्स

ये चार वार्ड सामान्य महिला आरक्षित

वार्ड 1

वार्ड 2

बवार्ड 11 और

वार्ड नंबर 15



## सपने बड़े रखें, मेहनत निरंतर करें... छात्रों से संवाद में बोलीं डीसीपी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** हरियाणा दर्शन यात्रा के तहत कश्मीर से आए छात्र प्रतिनिधिमंडल ने पंचकूला की डीसीपी सृष्टि गुप्ता से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से बातचीत की और अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा (यूपीएससी) की तैयारी को लेकर सरल और उपयोगी सुझाव दिए।

डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि किसी भी परीक्षा में सफलता के लिए लक्ष्य तय करना, नियमित पढ़ाई, मेहनत और आत्मविश्वास बहुत जरूरी है। उन्होंने अपनी यूपीएससी तैयारी के अनुभव बताते हुए कहा कि सही योजना, समय का सही उपयोग और सकारात्मक सोच से इस कठिन परीक्षा में भी सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्तर लेखन का अभ्यास करने और रोज़ाना समसामयिक विषयों को पढ़ने की सलाह दी।

उन्होंने युवाओं से कहा कि प्रशासनिक सेवा देश और समाज की सेवा करने का अच्छा माध्यम है और युवाओं को अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे बढ़ना चाहिए। कश्मीरी छात्र प्रतिनिधिमंडल ने इस बातचीत को प्रेरणादायक बताया और डीसीपी सृष्टि गुप्ता का धन्यवाद किया। युवा कल्याण संयोजक नरेंद्र सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार के युवा कल्याण कार्यक्रम के तहत हरियाणा दर्शन यात्रा आयोजित की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने एनएचपीसी एवं सीवीपीपीएल की परियोजनाओं का किया दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जम्मू।** दो दिवसीय जम्मू एवं कश्मीर के दौरे में मनोहर लाल, माननीय केंद्रीय विद्युत तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री; पंकज अग्रवाल, सचिव (विद्युत) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार एवं भूपेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी का देर शाम दिनांक 04.01.2026 को एनएचपीसी के दुलहस्ती पावर स्टेशन किश्तवाड़ में आगमन हुआ। पावर स्टेशन आगमन पर माननीय मंत्री महोदय एवं सचिव (विद्युत मंत्रालय) महोदय का स्वागत श्री संजय कुमार सिंह, निदेशक (परियोजनाएं) व श्री रमेश मुखिया, प्रबंध निदेशक, चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा एनएचपीसी व सीवीपीपी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

दिनांक 05.01.2026 को माननीय मंत्री महोदय के समक्ष सीआईएसएफ इकाई द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत माननीय मंत्री महोदय के साथ-साथ समस्त विशिष्ठ अतिथियों द्वारा भी दुलहस्ती परियोजना में पौधा रोपण किया गया। इसके पश्चात मंत्री महोदय ने सीवीपीपील की तीनों परियोजनाओं क्रमशः पाकल दुल, कीरू और क्वार का निरीक्षण किया और परियोजना प्रमुखों एवं संविदाकारो के साथ समीक्षा बैठक की। सीएमडी एनएचपीसी ने मंत्री महोदय को तीनों निर्माणाधीन परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की जिसके उपरांत माननीय मंत्री महोदय ने पकल दुल एवं कीरू परियोजनाओं को दिसम्बर 2026 व क्वार परियोजना को मार्च 2028 तक संचालित करने के निर्देश जारी किए। उन्होंने विभिन कार्यस्थलों पर स्थानीय लोगों एवं मजदूरों से भी मुलाकात कर धैर्यपूर्वक उनकी समस्यों को सूना।

माननीय मंत्री महोदय ने समस्त कार्यों की समीक्षा ऊपरांत कठिन परिस्थितियों में कार्य करने के लिए कार्मिकों व मजदूरों की प्रशंसा कर उनका हौसला बढ़ाया।



## विश्वास फाउंडेशन ने सकेतड़ी में वितरित किए जरूरतमंदों को 100 गर्म कंबल

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला 7 जनवरी।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए व सदैव मानवता की सेवा की भावना तथा समर्पण और सहयोग के उद्देश्य से विश्वास फाउंडेशन ने गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से 100 गर्म कंबल ठण्ड से बचाव हेतू सकेत?ी में वितरित किए। यह कम्बल सकेत?ी गाँव के के ऐस पास तरपाल से बनी झुग्गिओं में गुजर बसर कर रहे जरूरतमन्द परिवारों को वितरित किए गए। इसके साथ साथ सभी बच्चों व लोगों को केले भी बांटे गए। कम्बल मिलते ही सभी के चेहरे पर राहत एवम खुशी झलक रही थी। इन बेसहारों तथा वंचितों पर सबकी नजर नहीं जा पाती।

विश्वास फाऊंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास जी के निर्देशन में यह पुण्य कार्य किया गया। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष 1500 कंबल जरूरतमंदों को बांटे जाते है इस वर्ष 1250 कंबल जरुरतमन्द लोगों को बांटे जा चुके है। आने वाले कुछ दिनों बाद 250 कंबल चंडीग? में बांटे जाएंगे। जरूरतमंदों की मदद में सदैव अपनी खुशी ढूंढना हमारा परम् धर्म होना चाहिए। विश्वास फाउंडेशन सदैव निस्वार्थ भावना से कार्यरत रहती है।

## अतिक्रमण विरोधी अभियान तेज, 124 चालान जारी, बाजार गलियारे साफ किए

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** चंडीगढ़ नगर निगम ने आज सेक्टर 40, 20, गांव काझेरी और मनीमाजरा में व्यापक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। यह अभियान शहर भर में पैदल यात्रियों की सुगम आवाजाही, जन सुरक्षा और व्यवस्थित बाजारों को सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों का हिस्सा है।

यह अभियान संयुक्त आयुक्त श्री हिमांशु गुप्ता के सीधे पर्यवेक्षण में चलाया गया और एमसीसी के प्रवर्तन विंग द्वारा अवैध अतिक्रमणों और अनधिकृत विक्रेताओं के खिलाफ लक्षित कार्रवाई के साथ कार्यान्वित किया गया।

अभियान के दौरान, प्रवर्तन टीमों ने उल्लंघनकर्ताओं को कुल 124 चालान जारी किए और बाजारों के अतिक्रमित गलियारों को सफलतापूर्वक साफ किया, जिससे पैदल यात्रियों की आवाजाही बहाल हुई और समग्र नागरिक व्यवस्था में सुधार हुआ। नगर निगम के नियमों का उल्लंघन करते हुए पाए गए अवैध विक्रेताओं को भी चालान जारी किए गए।

नगर निगम ने दोहराया कि अतिक्रमण रोकने और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता, सुगमता और अनुशासन बनाए रखने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में नियमित रूप से ऐसे प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे। नागरिकों और विक्रेताओं को दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए निर्धारित नियमों और विनियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### लोकहित मिशन द्वारा 12 जनवरी को बडोदी न्यू चंडीगढ़ टोल प्लाजा फ्री करवाया जायेगा



**न्यू चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी के दोषियों को सजा दिलाने और जेल में बंद सिखों को रिहा करने की मांगों को लेकर नेशनल जस्टिस फ्रंट की घोषणा के अनुसार, लोक हित मिशन बीकेयू पंजाब 12 जनवरी को बडोदी न्यू चंडीगढ़ में मौजूद टोल प्लाजा को फ्री कराया जायेगा । इस बारे में लोकहित मिशन के नेता गुरमीत सिंह शंटू, रविंदर सिंह बाजिदपुर, मंदीप सिंह खिजराबाद, दर्शन सिंह खेड़ा और कुलवंत सिंह संगतपुरा ने एक बयान में कहा कि सिख समुदाय की ऊपर बताई गई और जरूरी मांगों को लेकर पिछले तीन साल से मोर्चा चलाया जा रहा है, लेकिन केंद्र सरकार की तरफ से अब तक कोई फैसला न लेने और पंजाब राज्य सरकार की तरफ से कोई प्रस्ताव पेश न करने और सरकारों को जगाने के लिए मोर्चा ने पूरे पंजाब के टोल प्लाजा को फ्री करवाने का ऐलान किया है। जिसके तहत जनहित मिशन द्वारा 12 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक टोल प्लाजा बडोदी न्यू चंडीगढ पर विरोध प्रदर्शन करेगा। लोक हित मिशन ने सारे इलाके के सभी निवासियों से समय पर पहुंचने तथा विरोध प्रर्दशन में भाग लेने की अपील की है।

### फर्द केंद्र कंप्यूटर ऑपरेटर्स एसोसिएशन हक के लिए करेगी संघर्ष

**न्यू चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** फर्द केंद्र कंप्यूटर ऑपरेटर्स एसोसिएशन (रजिस्टर्ड) पंजाब के स्टेट प्रेसिडेंट श्री रमनदीप सिंह चकेरियां ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि पंजाब के सभी डेटा एंट्री ऑपरेटर पिछले कई सालों से फर्द केंद्रों में सेवा दे रहे हैं। 17-18 साल की लगातार सेवा के बावजूद, आज की महंगाई को ध्यान में रखते हुए, हमारी सैलरी में कोई बड़ी बढ़ोतरी नहीं की गई है और न ही हमें लेबर कानूनों के अनुसार वे सुविधाएं दी गई हैं जो एक कर्मचारी को मिलनी चाहिए। यहां तक कि हमें लेबर कानूनों के अनुसार डीसी रेट सैलरी भी कभी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि सीएमएस कंप्यूटर्स लिमिटेड अक्टूबर 2024 से लगातार यह तरीका अपना रहा है कि 2-3 महीने काम करवाने के बाद सिर्फ एक महीने की सैलरी दी जाती है। जब हम अपनी बकाया सैलरी की मांग के लिए कलम छोड़ हड़ताल पर जाते हैं, तो कंपनी उन दिनों की सैलरी भी काट लेती है। ऊपर से कंपनी वाटसऑप मैसेज के ज़रिए यह कहकर अपनी ज़िम्मेदारी से बच रही है कि जब तक बिल पास नहीं होंगे, सैलरी नहीं दी जाएगी, जो पूरी तरह से गलत है। पंजाब प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब भी हम अपनी सैलरी मांगते हैं, तो कंपनी सरकार के बिल पास न करने का बहाना बनाकर हाथ खड़े कर देती है, जबकि कंपनी खुद हर तरह का मुनाफ़ा कमा रही है लेकिन ऑपरेटरों को उनका बनता हक़ नहीं मिल रहा है। आखिर में, एसोसिएशन ने साफ़ किया कि पंजाब के सभी फर्द केंद्र कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर नहीं जाना चाहते, लेकिन कंपनी की सैलरी में बार-बार देरी से परेशान होकर फर्द केंद्र कंप्यूटर ऑपरेटर एसोसिएशन मांग करती है कि दिसंबर 2025 महीने की सैलरी तुरंत जारी की जाए।

## मिल्ट्री बैंड और शहनाइयों के बीच गणतंत्र दिवस पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम-मार्चपास्ट

**डीसी ने परेड ग्राउंड में भव्य आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दिए दिशा निर्देश**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** सेक्टर -5 स्थित परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह ब? ही भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह में जहां स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, वहीं हरियाणा पुलिस, हरियाणा गृह रक्षी, एनसीसी कैडेट्स के जवानों की टुक?ियों द्वारा शानदार मार्चमास्ट किया जाएगा। उपायुक्त सतपाल शर्मा ने लघु सचिवालय के सभागार में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने हेतु दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह परेड ग्राउंड सेक्टर -5 में आयोजित किया जाएगा। बरसात की स्थिति में सेक्टर 5 स्थित इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम को वैकल्पिक स्थल के लिए रूप में चयनित किया गया है। कार्यक्रम से पूर्व निर्धारित दिनों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों व परेड की रिहर्सल की जाएगी। उसके उपरांत फुल ड्रैस फाईनल रिहर्सल होगी, जिसका निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम के दौरान सुगम यातायात प्रबंधन, पार्किंग और नाकों की व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने नगर निगम को रिर्हसल के दौरान और कार्यक्रम के दिन स्कूली बच्चों और आम जन के लिए अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

मुख्य समारोह में शामिल होने से पूर्व सेक्टर-12 स्थित शहीदी स्मारक पर पहुंचकर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने इस कार्यक्रम के स्थल पर आवश्यक प्रबंधों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई व साज-सज्जा बेहतरीन ढंग से की जाए। आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंबुलेंस व नगर निगम द्वारा अग्निशामक वाहनों की व्यवस्था की जाए। गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, मेधावी छात्रों व खिलाडियों तथा एनजीओ और समाज सेवकों को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## दो साल में काट दिए 691 परिवारों राशन कार्ड : मनोज अग्रवाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष पंचकूला शहरी तथा प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि अक्टूबर 23 से नवम्बर 25 तक लगभग दो साल में जिला पंचकूला में गरीबी रेखा से नीचे यानि बी पी एल परिवारों के 37,066 तथा अंत्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत आने वाले 691 परिवारों राशन कार्ड काट दिए गए हैं। कुल 37,757 गरीब परिवारों को मुफ्त या रियायती दामों पर राशन की आपूर्ति सरकार द्वारा बंद कर दी गई है । इसी अवधि के दौरान सरकार ने अंत्योदय अन्न योजना के तहत 2012 परिवारों के राशन कार्ड बनाए थे जबकि बी पी एल परिवारों के 27,493 यानि कुल 29,505 राशन कार्ड ही बनाए गए थे। यानि बनाए गए राशन कार्डो के साथ ही 8252 परिवारों के राशन कार्ड और काट दिए गए हैं।

मनोज अग्रवाल ने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने वर्ष 2024 के लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में वोटरों से भाजपा के पक्ष में मतदान करवाने के प्रलोभन के रूप में बीपीएल कार्ड बनवा दिए थे । चुनाव निपटते ही गरीबों के कार्ड भी निपटा दिए । उल्लेखनीय है कि पूरे हरियाणा प्रदेश में अक्टूबर 23 से नवंबर 24 तक सरकार द्वारा बीपीएल के तथाकथित पात्र परिवारों को 13,22,598 तथा अंत्योदय अन्न योजना के तहत 78,337 यानि कुल 14,00,935 राशन कार्ड जारी किए गए थे, लेकिन इसी अवधि में बीपीएल परिवारों के 17,89,297 तथा अंत्योदय अन्न योजना के परिवारों के 52,119 यानि कुल 18,41,416 राशन कार्ड काट कर गरीब परिवारों के हितों पर कुठाराघात किया गया।

## यूको बैंक का 84वां स्थापना दिवस चंडीगढ़ में उत्साहपूर्वक मनाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** यूको बैंक का 84वाँ स्थापना दिवस चंडीगढ़ अंचल में अत्यंत उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अंचल की विभिन्न शाखाओं में सामाजिक एवं जनकल्याण से जुड़ी अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यूको बैंक की सेक्टर 17बी शाखा में ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों के लिए रक्तदान सह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त अंचल प्रमुख श्री मिलन दुबे द्वारा सेक्टर 35, चंडीगढ़ में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें क्षेत्र की कॉरपोरेटर सुश्री प्रेमलता भी उपस्थित रहीं। चंडीगढ़ अंचल की सन्नी एन्क्लेव, पटियाला एवं मोहाली शाखाओं में भी स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए, जिनमें बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों ने सहभागिता की। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में श्री ललित जैन, आईएएस मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अंचल प्रमुख श्री मिलन दुबे ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि चंडीगढ़ अंचल की सभी शाखाएं प्रधान कार्यालय द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं।

## आसान होगी राह, घग्गर पुल निर्माण के लिए पीएमडीए ने कंस्ट्रक्शन एजेंसी की फाइनल

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** घग्घर पार सेक्टरों के बाशिंदों की राह आने वाले समय में और आसान हो जाएगी। सेक्टर-3/21 रोड पर गोल्फ क्लब के पास घग्गर नदी पर लंबे समय से इंतजार किए जा रहे पुल का काम जल्द ही शुरू होने वाला है। गोल्फ क्लब के पास बनने वाले नए पुल से वाहनों की आवाजाही और सुगम होने और पंचकूला और उसके आस-पास के इलाकों के निवासियों के लिए यात्रा में काफी सुधार होने की उम्मीद है। इससे पुल के पास रहने वाले स्थानीय लोगों को बहुत फायदा होगा, क्योंकि वे अपने रोज़मर्रा के कामों के लिए इस पुल का इस्तेमाल करते हैं। इसके अलावा, बड़ी संख्या में बाहर के वाहन भी इस इलाके से गुज़रते हैं।

पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी ने टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद कंस्ट्रक्शन एजेंसी को फाइनल कर दिया है। इस पुल प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 32.50 करोड़ रुपये है प्रस्तावित पुल की कुल लंबाई 333.90 मीटर और चौड़ाई 14 मीटर होगी, जिसमें 3-लेन का कैरिजवे होगा जिससे इलाके में ट्रैफिक फ्लो में काफी सुधार होगा। सरकारी सूत्रों ने बताया कि कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से सिर्फ आखिरी औपचारिक मंज़ूरी का इंतज़ार है, जिसके बाद संबंधित ठेकेदार को काम सौंप दिया जाएगा और प्रोजेक्ट शुरू हो जाएगा। पिछले साल अप्रैल में, सेक्टर 25/26 राउंडअबाउट को सेक्टर 20/21 से जोड़ने वाले 1.8 किलोमीटर लंबे पुल का उद्घाटन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया था।

### मौजूदा 2-लेन का पुल नाकाफी

फिलहाल, घग्गर नदी पर मौजूदा 2-लेन का पुल भारी ट्रैफिक को संभालने के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। इसकी सीमित चौड़ाई के कारण, पंचकूला एक्सटेंशन सेक्टर 23 से 28 के निवासियों को अक्सर, खासकर पीक आवर्स में, लंबे ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ता है। उम्मीद है कि नया पुल भीड़ कम करके और मुख्य सेक्टरों के बीच कनेक्टिविटी बेहतर करके बड़ी राहत देगा।

### दोनों पुलों पर वन वे होगा ट्रैफिक

नया पुल पूरा होने के बाद, दोनों पुलों पर वन-वे ट्रैफिक चलेगा - एक आने वाले ट्रैफिक के लिए और दूसरा जाने वाले वाहनों के लिए - जिससे इलाके में ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। निर्माण कार्य शुरू होने के 24 महीनों के अंदर पूरा होने की उम्मीद है।

# गन्नौर के विकास में नहीं आएगी बजट की कमी : विधायक देवेंद्र कादियान

**जनसमस्याओं पर पार्षदों ने रखी बात, समाधान का मिला आश्वासन**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। गन्नौर नगर पालिका हाउस की बैठक बुधवार को नपाध्यक्ष अरुण त्यागी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नॉमिनेट समेत 17 पार्षद मौजूद रहे, जबकि वार्ड 10 व 12 से पार्षद से गैरहाजिर थे। विधायक देवेंद्र कादियान बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। करीब दो घंटे तक चली बैठक में शहर के विकास कार्यों और जन समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि शहर के विकास के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। शहर के पार्कों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा और प्रमुख चौकों का नामकरण किया जाएगा। रेलवे रोड पर जीटी रोड से रेलवे स्टेशन तक व्यवस्थित ढंग से ग्रिल लगाई जाएगी। अड्डे पर बने महाराजा अग्रसेन द्वार की तर्ज पर बेगा रोड पर यमुना द्वार सहित अन्य द्वार बनाए जाएंगे। गन्नौर स्टेडियम का नाम अटल रखा जाएगा।

विधायक ने कहा कि शहर में सबसे अधिक विकास कार्यों की जरूरत गांधी नगर क्षेत्र में है, जिस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक के दौरान वार्ड पार्षद कृष्ण टांक ने रेलवे लाइन के दूसरी ओर श्मशान घाट का मुद्दा उठाया। विधायक ने इसे जायज मांग बताते हुए कहा कि इस दिशा में काम चल रहा है। बैठक में पार्षदों ने अड्डे पर फ्लाईओवर के नीचे टॉयलेट बनवाने, आधार कार्ड सेंटर बंद होने और बीएलओ की लापरवाही का मुद्दा भी उठाया। विधायक ने एसडीएम को फोन कर बीएलओ की बैठक लेकर सख्त निर्देश जारी करने को कहा।नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने बताया कि नगरपालिका द्वारा अब तक करीब 690 बेसहारा गोवंश और 300 बंदरों को पकड़ा जा चुका है। विधायक ने इस कार्य की सराहना करते हुए इसे शहर के लिए सबसे जरूरी कदम बताया। विधायक कादियान ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में 50-50 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य कराए गए है।

नई कॉलोनियों के लिए सरकार से मिली ग्रांट से सभी कार्य पूरे हो चुके है। उन्होंने बताया कि हाल ही में विधानसभा में स्ट्रॉम वाटर लाइन, बस स्टैंड नवीनीकरण, रेलवे स्टेशन नवीनीकरण, बाईपास और मंडी शिफ्टिंग जैसे मुद्दे उठाए गए है और ये सभी कार्य पाइपलाइन में है।उन्होंने कहा कि करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से स्ट्रॉम वाटर लाइन का टेंडर जल्द किया जाएगा। कॉलेज और अस्पताल बिल्डिंग को हाईवे की तरफ बनाया जाएगा।

**जिला प्रशासन ने एचएसआईआईडीसी राई की 25 एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि से हटाया अवैध अतिक्रमण**

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई व जुर्माना : सुशील सारवान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। जिला प्रशासन ने औद्योगिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम, राई की 25 एकड़ से अधिक औद्योगिक भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह अभियान पुलिस बल की सहायता से तथा ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पूरी विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए चलाया गया।

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि राई गांव के कुछ व्यक्तियों द्वारा निगम की औद्योगिक भूमि पर जबरन कब्जा किया गया था। समुचित नोटिस, कानूनी औपचारिकताओं और निर्धारित प्रक्रिया के उपरांत प्रशासन ने उक्त भूमि का कब्जा बहाल किया। इस दौरान रूप दत्त, विनोद, विष्णु दत्त, राजकुमार सहित अन्य द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।कार्रवाई के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई तथा किसी प्रकार की अप्रिय घटना या कानून-व्यवस्था से जुड़ी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई।उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकारी एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी और नियमों के अनुसार दोषियों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि औद्योगिक भूमि का संरक्षण न केवल कानूनन आवश्यक है, बल्कि इससे जिले के औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार सृजन को भी गति मिलती है।जिला प्रशासन ने औद्योगिक एवं सार्वजनिक संपत्तियों को अतिक्रमण से मुक्त रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे से बचें।

## सट्टा खाईवाली करने का आरोपी गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। कुरुक्षेत्र पुलिस ने सट्टा खाईवाली करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में थाना शहर पेहवा की टीम ने सट्टा खाईवाली करने के आरोप में राजेन्द्र कुमार वासी गुरुनानक कालोनी पेहवा को काबू करके उसके कब्जा से 1010 रुपये बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 जनवरी 26 को थाना शहर पेहवा प्रभारी निरीक्षक के दिशा-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक गुरुचरण व पवन कुमार की टीम ने राजेन्द्र कुमार को सट्टा खाईवाली करने के आरोप में काबू करके उसके कब्जा से 1010 रूपये बरामद किये गए।

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत धनौरा जाटान मे एक पीपल को काटने की अनुमति दी गई है। पीपल के पेड़ की खुली बोली 13/01/2026 को गांव मे होगी। ग्राम पंचायत द्वारा पीपल की खुली बोली करवाई जाएगी। बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। बोलीकर्ता मौके पर आकर खुली बोली दे सकते है।

सरपंच
ग्राम पंचायत धनौरा जाटान
खंड लाडवा (कुरुक्षेत्र)

AP-7086

# गोहाना हलके के 18 गांवों में खर्च होंगे 2.04 करोड रूपए : डॉ. अरविंद शर्मा

**हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत प्रदेश सरकार ने राशि मंजूर कर पंचायतों को भेजी**

**सोनीपत खंड के गांवों में होंगे 20 विकास कार्य, अधिकारियों को दिए निर्देश**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि गोहाना विधानसभा के 18 गांवों में 20 विकास कार्यों के लिए प्रदेश सरकार ने 2 करोड 4 लाख 89 हजार की राशि मंजूर करते हुए जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत चौपाल, गलियों व अन्य कार्यों के लिए जारी राशि ग्राम पंचायत के माध्यम से खर्च की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं।

आज यहां जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि गोहाना विधानसभा के सोनीपत खंड के गांव सलीमसर माजरा में बीसी चौपाल के निर्माण के लिए 18 लाख 66 हजार रूपए, गांव भटाना जाफराबाद में इंडोर जिम के हॉल के निर्माण के लिए 16 लाख 58 हजार रूपए, गांव गुहणा में एससी चौपाल के निर्माण के लिए 16 लाख 43 हजार रूपए, गांव जाजी में बीसी चौपाल के निर्माण के लिए 16 लाख 43 हजार रूपए, गांव करेवडी में आंगनवाडी केंद्र भवन निर्माण के लिए 15 लाख 65 हजार रूपए, गांव हुल्लहेडी में एससी चौपाल के निर्माण के लिए 10 लाख 95 हजार रूपए, गांव नैना तातारपुर में बीसी चौपाल के निर्माण के लिए 10 लाख 90 हजार रूपए, गांव रत्तनगढ के तालाब की चारदीवारी करवाने के लिए 10 लाख रूपए की राशि खर्च की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि गांव बोहला में पार्क की चारदीवारी बनाने के लिए 9 लाख 97 हजार रूपए, गांव ताजपुर तिहाड खुर्द में मेन बस अड्डा से सरकारी स्कूल तक व ककरोई गांव में पीडब्ल्यूडी सडक तक गली निर्माण के लिए 9 लाख 92 हजार रूपए, गांव बडवासनी में कुहाड पाना में श्मशान घाट की चारदीवारी व अन्य कार्यों के लिए 9 लाख 83 हजार रूपए, गांव बादशाहपुर माछरी में लालचंद के मकान से उमेद के मकान तक गली निर्माण के लिए 9 लाख 10 हजार रूपए मंजूर किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि गांव महलाना में महिला चौक से पीडब्ल्यूडी सडक तक गली निर्माण के लिए 9 लाख 87 हजार रूपए, गांव माहरा में वाल्मीकि चौपाल के जीर्णोद्धार के लिए 9 लाख 96 हजार रूपए, गांव सलारपुर माजरा में गाजी सिंह के मकान से पीडब्ल्यूडी सडक तक गली निर्माण के लिए 6 लाख 50 हजार रूपए, गांव जुआं में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार के लिए 5 लाख 49 हजार रूपए व वृद्धाश्रम जीर्णोद्धार के लिए 3 लाख 24 हजार रूपए, गांव महीपुर में निदेश के मकान से फिरनी व बलवान के मकान से नरेश के मकान तक गली निर्माण के लिए 5 लाख 52 हजार रूपए, गांव रोलद लतीफपुर में वाल्मीकि चौपाल के निर्माण के लिए 4 लाख 93 हजार रूपए व एससी चौपाल के निर्माण के लिए 4 लाख 93 हजार रूपए जारी किए गए हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मनोज पुत्र कमल किशोर उर्फ केवल खन्ना के [illegible] ललित मोहन पुत्र विश्वनाथ ने अपने जीवन काल में 25-04-2010 को अपनी अचल सम्पत्ति प्रोपर्टी आई नम्बर- 38G45901 की एक वसीयत [illegible] मनीष अपने भतीजे के हक में की थी जिसे पंजीकृत नहीं करवाया था, अब मनोज, ललित मोहन के [illegible] के आधार पर अपना नाम प्रोपर्टी आई.डी में पंजीकृत करवाना चाहता है। इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से एक माह के अन्दर-अन्दर किसी व्यक्ति को इस बारे में आपत्ति हो तो उपस्थित होकर अपना एतराज नगर परिषद सिरसा में अवश्य प्रस्तुत कर सकता है। बाद गुजरने अवधि किसी प्रकार का एतराज नहीं माना जायेगा।

AP-7085

**सार्वजनिक सूचना**
**सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष**

[illegible] मकान न. 718, सैक्टर-17, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण। [illegible] की 24-04-2017 को मृत्यु हो गई है [illegible] 27-07-2012 को पंजीकृत वसीयत है जिसका नं० 1080 है [illegible] सैक्टर-2, पंचकूला ने उक्त सम्पत्ति को उपरोक्त पंजीकृत वसीयत के आधार पर अपने हक में हस्तांतरण करने का आवेदन व पुनः अलाटमैंट सुषमा (सुषमा गौड़) के नाम में करने की विनती की है।
यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति को हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पत्ति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नियमों के अनुसार हस्तांतरण पुनः अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।

सुषमा (सुषमा गौड़)
वसीयत धारक, सम्पदा अधिकारी की ओर से

AP-7084

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रॉपर्टी आई डी नंबर 1H2W2T16 और 1H5HKCH1 नगर निगम, रोहतक के अधिकार क्षेत्र में, [illegible] नगर, [illegible] विहार, [illegible] रोड, रोहतक - 124001 के रिहायशी इलाके में स्थित हैं। कि स्वर्गीय श्री [illegible] दहिया, पुत्र श्री [illegible] सिंह, उपरोक्त संपत्तियों के मालिक थे। उनकी मृत्यु के बाद, निम्नलिखित व्यक्ति उनके कानूनी वारिस और उक्त संपत्तियों के असली मालिक है: 1. श्रीमती [illegible] दहिया, पत्नी स्वर्गीय श्री [illegible] दहिया 2. श्री [illegible] दहिया, पुत्र स्वर्गीय श्री [illegible] दहिया 3. श्रीमती [illegible], पत्नी श्री [illegible] कुमार। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्तियों के स्वामित्व, म्यूटेशन, या किसी अन्य अधिकार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकता है, या तो ऑनलाइन https://property.ulbharyana.gov.in/ पर या व्यक्तिगत रूप से नगर निगम, रोहतक के कार्यालय में। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है, और नियमों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम, रोहतक

AP-7090

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद गोहाना के ऑन लाईन प्रोप्रर्टी टैक्स रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में PUID No. 3F9CVWJ5 वार्ड नं 9 हाथी खाना कालोनी, तहसील गोहाना पर श्रीमति शीलावती पत्नी हरिचन्द का नाम आया हुआ है। नगर परिषद गोहाना के कार्यालय में इस प्रॉपर्टी आईडी 3F9CVWJ5 पर अपना नाम दर्ज करवाने के लिए।
श्रीमती हर्षा मेहता निवासी वार्ड नंबर 9 हाथी खाना कालोनी गोहाना, मोबाईल न. 9812467210 द्वारा अपना आवेदन इस कार्यालय में अपने दस्तावेज नं/सेल डी नं. 2071 2.6.19644 mil Prwer श्री/श्रीमति Hari Chand & Sheela Wanti का मृत्यु प्रमाण पत्र व तहसीलदार गोहाना/.....द्वारा तसदीक / सत्यापित करवाई गई। वारिसान रिपोर्ट तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज सहित प्रस्तुत किया है। अतः आम जन साधारण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि इस प्रोप्रटी आईडी पर उपरोक्त आवेदक/आवेदकों का नाम दर्ज करने पर किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज/आपत्ति है तो वह इस नोटिस प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर-अन्दर नगरपरिषद कार्यालय गोहाना में अपना एतराज/आपत्ति मय दस्तावेजी सबूतों सहित प्रस्तुत करें। अन्यथा नोटिस अवधि की तिथि पूर्ण होने उपरान्त Online NDC Portal पर उपलब्ध PUID No. 3F9CVWJ5 श्री/श्रीमति हर्षा मेहता पत्नी मदनलाल निवासी वार्ड न. 9 हाथी खाना कालोनी मोबाइल नं 9812467210 का नाम दर्ज कर दिया जायेगा। जिसके उपरान्त नगरपरिषद गोहाना की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कार्यकारी अधिकारी / सचिव नगरपरिषद गोहाना ।

AP-7091

**[illegible]**

[illegible] PLOT नं. 5250, Aerocity, [illegible] 331.25 [illegible] Deepak Rani W/o Ranjit Singh R/o 485, Phase-3B1, SAS Nagar, Pb. [illegible] Ranjit Singh S/o Prem Singh R/o 485, Phase-3B1, SAS Nagar, Pb. [illegible] 2025-38/3/4/1084 [illegible] 14.10.2025 [illegible]
[illegible] Ranjit Singh S/o Prem Singh R/o 485, Phase-3B1, SAS Nagar, Pb. [illegible] Chitra Kapila W/o Jivan Lal Sharma & Jivan Lal Sharma S/o Sham Bihari R/o Village Thalah, Anandpur Sahib, Rupnagar, Punjab-140123 [illegible] 486543 [illegible] PLOT नं. 5250, Aerocity, [illegible] 331.25 [illegible] PLOT नं. 5250, Aerocity, [illegible] 331.25 [illegible]

AP-7079

# 14 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सचिव प्रचेता सिंह

**आपसी सहमति से करवा सकते हैं। मामलों का निपटारा**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रचेता सिंह ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार जिला सोनीपत, उपमंडल गोहाना, गन्नौर व खरखौदा में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि न्यायिक परिसर सोनीपत, गोहाना, गन्नौर और खरखौदा में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए प्री -लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिन व्यक्तियों की केश न्यायालय में लंबित है, वे संबंधित न्यायालय में जाकर अपने केस को प्री-लोक अदालत अथवा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवा कर अपने केश का निपटारा करवाए।

लोक अदालत के विषय में अधिक जानकारी व किसी भी अन्य सहायता के लिए, जिला एडीआर सेंटर, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, जिला न्यायालय परिसर, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 0130 -2220057 या नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है।

**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** दीप्ति शर्मा पत्नी ओम प्रकाश शर्मा निवासी 1613, ESIC सोसाइटी सैक्टर - 51/बी, चंडीगढ़ घोषणा करती हूँ कि मैने अपना नाम दीप्ति पाठक से बदलकर दीप्ति शर्मा रख लिया है।
एपी-7077

I, Jitesh Aggarwal S/o Sh. Lakhan Lal R/o Flat No 303, Tower-1, SBP Life Style, Near Gold Homes, Sector 116, Sante Majra, Mohali have changed my name from Jitesh to Jitesh Aggarwal.
एपी-7078

I, Pritika Thakur w/o Sh. Mahesh Kumar r/o V.P.O. Panjahal, Tehsil Nahan, District Sirmaur (H.P.) 173001, have changed my name Prtika Thakur (old name) to Pritika Thakur (new name). All concerned please note.
एपी-7080

**मैं,** Sanjeev Kumar पुत्र Prem Lal Gauba निवासी मकान नं. 1139, Gobind Pura मनीमाजरा, चंडीगढ़ ने अपना नाम Sanjeev Kumar Gauba से बदलकर Sanjeev Kumar रख लिया है।
एपी-7081

**मैं,** मनवीर सिंह पुत्री लखविंदर सिंह, मकान नंबर 4276, गुरुद्वारा साहिब के पास, सेक्टर 46-डी, चंडीगढ़, ने अपना नाम मनवीर सिंह से बदलकर मन्नत कौर रख लिया है।

**मैं,** सर्विस नंबर 57941-के, रैंक एमटीएस, ताराकांत, पुत्र राम रुमाली सिंह, निवासी मकान नंबर 505, सेक्टर 46-ए, चंडीगढ़, सूचित करता हूं कि मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम गलती से रुमाली सिंह दर्ज किया गया है। मेरे पिता का सही नाम राम रुमाली सिंह है। दिनांक 07.01.26 को नोटरी चंडीगढ़ द्वारा सत्यापित किए गए एफिडेविट में दिया गया है।

**मैं,** सुभाष चंद्र पुत्र मोती राम निवासी एससीएफ 159 सेक्टर 24-डी चंडीगढ़ ने अपना नाम सुभाष चंद्र से बदलकर सुभाष चंद्र बंसल रख लिया है।

**मैं,** सोनम, पत्नी सुरिंदर, निवासी मकान नंबर 2847, मौली जागरण, चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम गिया से बदलकर जिया कर दिया है।

**मैं,** अनु बाला पत्नी स्वर्गीय राजेश कुमार # 125 सैक्टर 37-A, चण्डीगढ़ अपने नाबालिक पुत्र का नाम बदलकर करणवीर से करणवीर राणा रख लिया है।

**मैं,** मालवती पत्नी रवि # 87, कैम्बवाला, नयागांव, चंडीगढ़ अपना नाम बदलकर मानवी कर लिया है।
एपी-7082

**मैं,** पृथीपाल सिंह खरबंदा पुत्र गुरदित सिंह, निवासी 50-डी, मॉडल टाउन, करनाल, मैने अपना नाम पृथीपाल सिंह खरबंदा से बदलकर पृथीपाल सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे पृथीपाल सिंह नाम से जाना जाए।
एपी-7083

**मैं,** हार्दिक पुत्र अजय कुमार वासी मकान नं. 453 सैक्टर-14 अर्बन एस्टेट करनाल ने अपना नाम बदलकर हार्दिक से हार्दिक गोयल रखा है।

**मैं,** Gulabh सिंह पुत्र ख्याली राम वासी गांव Roharan वाली, आनंदपुर, सिरसा ने अपना नाम बदलकर Gulab सिंह रखा है।

**मैं,** राहुल सिंगला पुत्र सुभाष चन्द्र वासी मकान नं. 1080, सैक्टर-13, अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर राहुल से राहुल सिंगला रखा है।

**मैं,** रजनी बाला पत्नी सुरजीत सिंह वासी मकान नं.5-बी, राणा ट्रेंडर्स डिफेन्स कॉलोनी सैक्टर-डी, अम्बाला कैंट ने अपना नाम बदलकर रजनी (उपनाम) बाला रखा है।

**मैं,** सतीश पुत्र Dhan सिंह वासी गांव संगोही डाक संगोहा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर सतीश कुमार से सतीश रखा है।

**मैं,** रीना देवी पत्नी सतीश वासी मकान नं 272, गांव संगोही, डाक संगोहा जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर रीना रानी से रीना देवी रखा है।

**मैं,** रविंदर कम्बोज पुत्र सदन सोहन वासी मकान नं. 1614, सैक्टर-17, हुडा, जगाधरी, यमुनानगर ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर मन्नत से मन्नत कम्बोज रखा है।

**मैं,** इशिता कौशल गिल पत्नी सरफराज गिल वासी मकान नं 1511 सैक्टर 11-डी, चंडीगढ़ 160011 ने अपना नाम बदलकर इशिता कौशल रखा है, मेरा आधार नं. 290769132215 है।

**मैं,** सरफराज गिल वासी मकान नं 1511 सैक्टर 11-डी, चंडीगढ़ 160011 ने अपनी नाबालिग पुत्री का नाम बदलकर ऐरीन कौशल गिल से ऐरीन गिल रखा है, मेरा आधार नं. 677131172139 है।

**मैं,** संजय कुमार पुत्र यश पाल शर्मा वासी मकान नं. एफ-206, मीरा घाटी, करनाल ने अपना नाम बदलकर संजय कुमार से संजय कुमार शर्मा रखा है।

**मैं,** Kuldip पुत्र सूरजमल वासी शिव पार्क हिसार रोड भुना जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Kuldeep रखा है

**मैं,** टेक राम शर्मा पुत्र मनफूल वासी मकान नं. 443 वजीर देवी कॉलोनी, उकलाना मंडी जिला हिसार ने अपना नाम बदलकर टेकराम रखा है।
एपी-7088

**मैं,** नरेश बाल्मीकि, नरेश कुमार बाल्मीकि और नरेश कुमार पुत्र श्री माही पाल, फ्लैट नंबर 1302, सीएचबी कॉम्प्लेक्स, छोटे फ्लैट, धनास, चंडीगढ़ ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट चंडीगढ़ के समक्ष शपथ पत्र संख्या IN-CH59874682853589Y, दिनांक 02.01.2026 के माध्यम से अपना नाम नरेश बाल्मीकि, नरेश कुमार बाल्मीकि और नरेश कुमार से बदलकर नरेश कुमार गहलोत रख लिया है।

**मैं,** पद्मचरण बेहेरा, पुत्र 8039001W, एल/एन के (जीडी) त्रिलोचना नेहेरा ग्राम केलापंकला, पोस्ट बंका, जिला गंजाम, ओडिशा पिन कोड 761119 ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट भंजनगर के समक्ष दिनांक 11.07.2025 के शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम पद्म चरण बेहेरा से बदलकर पद्मचरण बेहेरा कर लिया है।
एपी-7082

**मैं,** आभा गर्ग पत्नी दीपक बंसल निवासी मकान नंबर 701-ए, वार्ड नंबर 6, शास्त्री नगर, थानेसर, कुरुक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि मैंने अपना नाम आभा गर्ग से बदलकर आभा बंसल रख लिया है।

**मैं,** रणबीर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी गांव सुलकानी, तहसील शाहबाद मारकंडा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा -136135 ब्यान करता हूँ कि मैने अपना नाम रणबीर सिंह से बदलकर रणवीर सिंह रख लिया है।
एपी-7090

**मैं,** हरजिंदर कौर पत्नी श्री कुलबीर सिंह निवासी मकान नंबर एल-6/2831 मुरब्बे वाली गली तरन तारन रोड, अमृतसर-1, जिला अमृतसर, पंजाब, मैने अपना नाम हरजिंदर कौर से बदलकर बलविंदर कौर रख लिया है।
एपी-7091

I, LAXMI is Mother of Army No: 2814209K Rank Sep Name: Shevale Goraksha Bhika Permanent Address: Vill:Khamkheda, Post: Khamkheda, Tehsil: Deola, District: Nashik, State: Maharashtra, Pin:423301 declare that I have changed my name from LAXMI to LAXMIBAI BHIKA SHEWALE and Also Correct my Date of birth from 01/06/1974 to 24/12/1973. Vide Affidavit No: 11AA 219660, Dated: 07/01/2026

I, BACHCHE RAJASHREE BABASO am Mother of Army No: 2811199A Rank- NK Name- Bachche Prashant Babaso Permanent Address: Vill: Sawarde Tarf Satave, Post: Sawarde Tarf Satve Tehsil:Panhala District: Kolhapur State: Maharashtra, Pin: 416114 declare that I have changed my name from BACHCHE RAJASHREE BABASO to RAJSHREE BABASO BACHCHE and Also Correct my Date of birth from 04/03/1971 to 01/01/1969. Vide Affidavit No: 11AA 219735, Dated: 07/01/2026

I, BACHCHE BABASO DATTU am Father of Army No: 2811199A Rank- NK Name- Bachche Prashant Babaso Permanent Address: Vill: Sawarde Tarf Satave, Post: Sawarde Tarf Satve Tehsil:Panhala District: Kolhapur State: Maharashtra, Pin: 416114 declare that I have changed my name from BACHCHE BABASO DATTU to BABASO DATTU BACHCHE and Also Correct my Date of birth from 16/08/1965 to 01/01/1961. Vide Affidavit No: 11AA 219736, Dated: 07/01/2026

I, ARCHANA am legally Wedded Spouse of Army No: 2811199A Rank- NK Name- Bachche Prashant Babaso Permanent Address: Vill: Sawarde Tarf Satave, Post: Sawarde Tarf Satve Tehsil:Panhala District: Kolhapur State: Maharashtra, Pin: 416114 declare that I have changed My Name from ARCHANA to ARCHANA PRASHANT BACHCHE. Vide Affidavit No: 11AA 219737, Dated: 07/01/2026

I, SAKHARABAI is Mother of Army No: 2815201K Rank Sep Name: Kale Krishna Madhukar Permanent Address: Vill: Andhari, Post: Andhari, Tehsil: Sillod, District: Ch. Sambhajinagar, State: Maharashtra, Pin: 431151 declare that I have changed my name from SAKHARABAI to S A K H A R A B A I MADHUKAR KALE and Also Correct my Date of birth from 12/08/1966 to 01/01/1966. Vide Affidavit No: 11AA 219738, Dated: 07/01/2026

I, KALE MADHUKAR MANNU is Father of Army No: 2815201K Rank Sep Name: Kale Krishna Madhukar Permanent Address: Vill: Andhari, Post: Andhari, Tehsil: Sillod, District: Ch. Sambhajinagar, State: Maharashtra, Pin: 431151 declare that I have changed my name from KALE MADHUKAR MANNU to MADHUKAR MANNU KALE and Also Correct my Date of birth from 01/12/1956 to 01/01/1956. Vide Affidavit No: 11AA 219739, Dated: 07/01/2026

I, ALKA am Mother of Army No: 2816413F Rank: Sep Name: Katore Bhagwan Pandharinath Permanent Address: Vill-Wadivarhe, Post-Wadivarhe, Tahsil-Igatpuri, District- Nashik, State- Maharashtra, Pin-422403 declare that I have changed my name from ALKA to ALKA P A N D H A R I N A T H KATORE. Vide Affidavit No: 11AA 219741, Dated: 07/01/2026

I, KATORE P A N D H A R E E N A T H LAXMAN am Father of Army No: 2816413F Rank: Sep Name: Katore Bhagwan Pandharinath Permanent Address: Vill-Wadivarhe, Post-Wadivarhe, Tahsil-Igatpuri, District- Nashik, State- Maharashtra, Pin-422403 declare that I have changed My Name from K A T O R E P A N D H A R E E N A T H LAXMAN to P A N D H A R I N A T H LAXMAN KATORE. Vide Affidavit No: 11AA 219740, Dated: 07/01/2026

I, VASANT GANPAT TAVADE is Father of Army No: JC462843K Rank NB/SUB Name: Tavade Vishal Vasant Permanent Address: Vill: Kadamwadi, Post: Shiral, Tehsil: Chiplun, District: Ratnagiri, State-Maharashtra, Pin-415628 declare that I have Correct my Date of birth from 09/09/1959 to 01/08/1958. Vide Affidavit No: 11AA 219659, Dated: 07/01/2026

I, VANITA VASANT TAVADE is Mother of Army No: JC462843K Rank NB/SUB Name: Tavade Vishal Vasant Permanent Address: Vill: Kadamwadi, Post: Shiral, Tehsil: Chiplun, District: Ratnagiri, State-Maharashtra, Pin-415628 declare that I have Correct my Date of birth from 09/09/1964 to 21/11/1965. Vide Affidavit No: 11AA 219658, Dated: 07/01/2026

I, Madhukar Devidas Dhere, father of No 2813506L, Rank Hav Name Dhere Sachin Madhukar R/o Village Pachegaon, Tehsil Patoda, Distt Beed, Maharashtra, Pin-414204, declare that I have changed my name from Madhukar and Date of birth 20/06/1967 to Madhukar Devidas Dhere Date of birth 01/01/1964

I, Surekha Madhukar Dhere, mother of No 2813506L, Rank Hav Name Dhere Sachin Madhukar R/o Village Pachegaon, Tehsil Patoda, Distt Beed, Maharashtra, Pin-414204, declare that I have changed my name from Surekha and Date of birth 07/09/1972 to Surekha Madhukar Dhere and Date of birth 01/01/1974.

**मैं,** सैन्य संख्या- 17008246M रैंक- सिपाही नाम- चिल्ला रामकृष्ण स्थायी पता- हाउस नंबर-1-154, चिल्लावीध, भोगापुरम (मंडलम), वीटीसी- गुडीवाड़ा, पीओ- गुडीवाड़ा, उप जिला- भोगापुरम, जिला- विजयनगरम, राज्य- आंध्र प्रदेश, पिन कोड- 531162 घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी का नाम वर्षा श्री से बदलकर चिल्ला वर्षा श्री कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA219734, दिनांक- 07/01/2026
एपी-7092

## बेदखली सूचना

**मैं,** नायब कौर, पत्नी मंगत राम, निवासी मकान नंबर 217, फेज-2, सेक्टर 26, बापूधाम कॉलोनी, चंडीगढ़, सूचित करती हूँ कि मेरे पुत्र दीपक और उसकी पत्नी ज्योति तथा उनके बच्चे कृष्णा और रिया मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** इकीदन, पत्नी स्वर्गीय श्री इकरामुदिन, मकान नंबर 367, बापू धाम कॉलोनी, फेज-2, सेक्टर 26, चंडीगढ़ निवासी, सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र अनवर और उसकी पत्नी सुहालीहा मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-7082

**मैं,** संतोष पत्नी स्वर्गीय श्री अशोक कुमार, निवासी मकान नं. 1239, डी.एम.सी. सेक्टर-38 (west), चंडीगढ़ यह घोषणा करती हूं कि मेरा पुत्र गौरव कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है, और मेरे और परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार कर रहा है। इसलिए मैं अपने पुत्र गौरव कुमार को अपनी सभी चल एवं अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूं। यदि कोई भी व्यक्ति उससे कोई लेन-देन करता है, तो वह अपने स्वयं के जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा।
एपी-7089

हम, ज्ञान प्रकाश पुत्र स्वर्गीय श्री जय भगवान व सजनी शर्मा पत्नी श्री ज्ञान प्रकाश निवासीगण मकान नंबर 302, GH 3, सैक्टर 24, पंचकुला, हाल निवासी मकान नंबर 7, गाँव मदनपुर, सैक्टर 26, पंचकुला के रहने वाले हैं, घोषणा करते है कि हमने आज सोच समझकर दिनाक 06.01.2026 को हमारे पुत्र मोनु शर्मा व उसकी पत्नी आँचल शर्मा व उनकी बेटी भवयांशी शर्मा को अपनी चल अचल संपत्तियो से बेदखल करते है उनके साथ लेनदेन करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने कानूनी कार्यों के स्वयं जिम्मेदार होगा हमारा और हमारे परिवार का इनसे कोई लेना देना नहीं होगा।
एपी-7092

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।


**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# महाग्राम योजना में अनियमितताएं पाए जाने पर कैबिनेट मंत्री गंगवा ने 2 एसडीओ और 1 जेई को किया सस्पेंड

सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाना : रणबीर गंगवा

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में बुधवार को हरियाणा निवास, चंडीगढ़ में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रदेश में पेयजल आपूर्ति, महाग्राम योजना, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) तथा आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए विभागीय तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में विभाग के मुख्य अभियन्ता श्री देवेन्द्र दाहिमा, सहित विभाग के प्रमुख अभियंता, अधीक्षक अभियंता, कार्यकारी अभियंता भी मौजूद थे, जबकि उपमंडल अभियंता और कनिष्ठ अभियंता ऑनलाइन जुड़े थे।

बैठक के दौरान महाग्राम योजना में अनियमितताएं पाए जाने पर कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने सख्त रुख अपनाते हुए 2 उपमंडल अभियंता (एसडीओ) और 1 कनिष्ठ अभियंता (जेई) को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने तथा 2 कार्यकारी अभियंता (एक्सईन) को चार्जशीट करने के निर्देश दिए। यह कार्रवाई डबवाली क्षेत्र के गांव गंगा से संबंधित मामले में की गई है, जहां महाग्राम योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में गुणवत्ता को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, भ्रष्टाचार या गुणवत्ता से समझौता किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाग्राम योजना सहित सभी योजनाओं में कार्यों की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा फील्ड स्तर पर निरीक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी अनियमितता पाई जाएगी, वहां संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र को धरातल पर उतारने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध करवाना है। इसके तहत सरकार 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन के मानक के अनुसार पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है।


मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए पानी की सैंपलिंग की प्रक्रिया को और अधिक मजबूत किया जाए तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर शिकायतों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पानी लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है, ऐसे में इसके लिए विशेषतौर पर ध्यान रखा जाए।ब

बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि महाग्राम योजना के तहत प्रदेश में अब तक 19 गांवों में कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 12 गांवों में कार्य शीघ्र पूर्ण होने वाला है। इसके अतिरिक्त 40 गांवों में परियोजना का कार्य प्रगति पर है। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधाओं के अनुरूप आधारभूत ढांचा विकसित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को बेहतर पेयजल, सीवरेज एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। मंत्री श्री गंगवा ने प्रदेश में स्थापित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) की स्थिति की भी समीक्षा की और निर्देश दिए कि सभी एसटीपी सुचारू रूप से संचालित हों। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी एसटीपी में तकनीकी या परिचालन संबंधी समस्या की स्थिति में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# पधाना गांव की 86 एकड़ पंचायती जमीन अठारह जनवरी तक होगी कब्जा मुक्त

जिला प्रशासन के निर्देश पर निशानदेही की कार्रवाई शुरू

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 7 जनवरी।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने गांव पधाना की लगभग 86 एकड़ पंचायती जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त करवा उसकी कानूनी बोली नीलामी कराने के लिए डी.सी करनाल को दिए निर्देशपर अमल शुरू हो गय हैं। पंचायत और राजस्व विभाग ने आल कानूनगो और पटवारी के साथ पंचायती जमीन की निशानदेही शुरू कर दी। वीडीपीओ साहिब सिंह ने बताया कि अठारह जनवरी तक जमीन की निशनदेही कर निर्देश अनुसार जमीन को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करवाकर कोर्ट के आदेश अमल में लाए जाएंगे। हाईकोर्ट ने इस पूरी प्रक्रिया को नववंर में दो माह के भीतर पूरा करने की समयावधि तय की थी। यह निर्देश हाई कोर्ट की युगल पीठ न्यायमूर्ति दीपक सिब्बल व न्यायमूर्ति लपिता बनर्जी ने पधाना निवासी देशराज व अन्य ग्रामीणों की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि पधाना गांव में स्थित 86 एकड़ पंचायती जमीन गौचरांद (पशुओं के चरागाह) के रूप में उपयोग होती आई है। लेकिन इस जमीन को बिना बोली करवाए प्रभावशाली लोगों को अवैध रूप से दे दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ग्राम पंचायत ने कई वर्षो से जमीन की नीलामी नहीं करवाई, जिससे सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 46 लाख रुपये का नुकसान हो रहा है। जबकि कोई भी व्यक्ति इस जमीन को नियमों के तहत ठेके पर ले सकता था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद हाई कोर्ट ने डीसी करनाल को स्पष्ट निर्देश दिए कि जमीन को कब्जे से मुक्त कराया जाए, नियमों के अनुसार पंचायत की बोली/नीलामी करवाई जाए और पूरी कार्रवाई दो माह के भीतर पूरी की जाए। इन आदेशों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। वीडीपीओ साहिब सिंह ने बताया कि छह सौ सात कनाल 12 मरले जमीन को निशानदेही करवा कर कब्जा मुक्त करवा दिया जाएगा। यह काम आज शुरू हो गया ळैं। कोर्ट के आदेश अनुसार 18 जनवरी तक यह कार्रवाइ पूर्ण कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश की पूरी तरह अनुपालना की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### भारत के उपराष्ट्रपति मोरारी बापू रामकथा में भाग लेंगे



**पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)।** अहिंसा विश्व भारती संस्थापक जैन आचार्य लोकेशजी ने उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन से अहिंसा विश्व भारती द्वारा आयोजित पूज्य मोरारी बापू की रामकथा के बारे में विस्तृत चर्चा की साथ ही रामकथा का निमंत्रण भी माननीय उपराष्ट्रपति को दिया। उपराष्ट्रपति श्री राधाकृष्णन ने सहर्ष निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि दिल्ली में होने वाली पूज्य मोरारी बापू की रामकथा भारतीय संस्कृति व अनेकता मे एकता की अनूठी मिसाल कायम करेगी। एक ओर जहां जैन आचार्य लोकेशजी ने विश्व शांति का संदेश विश्व धर्म संसद, संयुक्त राष्ट्र संघ, अमेरिकी, लंदन, कनाडा आदि जैसे प्रतिष्ठित मंचों पर दिया है। वही पूज्य मोरारी बापू ने रामकथा के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ से सद्भावना, करूणा, वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया है। अहिंसा विश्व भारती संस्था द्वारा पूज्य मोरारी बापू की रामकथा 17 जनवरी को मध्याह्न 4 बजे और 18 से 25 जनवरी 2026 को प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से भारत मण्डपम के मूलटीपर्पस हाल नई दिल्ली में आयोजित होगी।

### घडौला में शुरू की शिक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा खंड के गांव घडौला में बुधवार को शिक्षा एवं नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देना तथा विशेष रूप से युवा साथियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराकर उन्हें सही दिशा में प्रेरित करना रहा। इस अभियान की शुरुआत अहेरिया समाज महासभा खेड़ी मारकड़ा कुरुक्षेत्र के मार्गदर्शन में किया गया। इस जागरूकता अभियान की अध्यक्षता संगठन के प्रदेशाध्यक्ष कृष्ण अहेरिया द्वारा की गई। उन्होंने युवाओं एवं ग्रामीणों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज की सबसे मजबूत नीव है, जबकि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए एक गंभीर अभिशाप है। शिक्षित और जागरूक युवा ही नशा मुक्त एवं सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। अभियान के दौरान सभी उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने नववर्ष के अवसर पर यह संकल्प लिया कि समाज के हर वर्ग, विशेषकर युवाओं को शिक्षा से जोडऩे और नशा मुक्ति के लिए निरंतर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में रिखी राम अहेरिया, महेंद्र कुमार अहेरिया, राजेंद्र ङ्क्षसह अहेरिया, जसविंद्र अहेरिया, सुखबीर अहेरिया, जोनी अहेरिया, पूनम अहेरिया, अक्षय अहेरिया सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### 125 से अधिक रोगियों की नि:शुल्क जांच कर बांटी औषधियां



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के ओ.पी.जी.गर्ग स्कूल में बुधवार को स्कूल के संस्थापक स्व.सुशील गर्ग की पुण्यतिथि के अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान अस्पताल श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा नि.शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में स्कूल के सभी अभिभावकों, छात्र-छात्राओं व अध्यापिकाओं द्वारा स्वास्थ्य जांच करवाई गई। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या भावना गुप्ता ने बताया कि इस शिविर को लगाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को मुफ्त चिकित्सा, जांच और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करना है। श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार ङ्क्षसह धीमान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा आयोजित इस शिविर में 125 से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं दवाइयां नि:शुल्क प्रदान की गई। नेत्र एवं ई.एन.टी. विभाग के सहायक प्रोफेसर डा. दीपक कुमार ने मरीजों की आंखों की गहन जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. रुचिका ने महिलाओं से संबंधित रोगों की जांच कर उपचार एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। कार्यचिकित्सा विभाग की सहायक प्रोफेसर डा. प्रीति गहलावत ने हृदय, छाती, पेट एवं जोड़ संबंधी रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच की, जबकि होम्योपैथिक विभाग की एस.डी.ई. डा. कुलजीत कौर ने बच्चों, त्वचा रोगों एवं सामान्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों का उपचार किया। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सेवाएं दी। शिविर के दौरान मरीजों की नि:शुल्क ब्लड शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच की गई तथा आवश्यक औषधियां भी नि:शुल्क वितरित की गई। इस अवसर पर स्कूल संचालक सुमित गर्ग, प्राचार्य भावना गर्ग, अरविंद सिंगला, संजीव मंगला, राजीव आर्य सहित अन्य गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन रामकुंडी में आज शिविर लगाकर करेगा नागरिकों को जागरूक : कैलाश सैनी

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 7 जनवरी।** मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर जिला प्रशासन द्वारा लाडवा के रामकुंडी में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए 8 जनवरी को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में नागरिकों से मौके पर ही पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए आवेदन भी करवाए जाएंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा के नागरिकों से इस शिविर में हिस्सा लेने की अपील की।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेश पर यूएचबीवीएन ने कुरुक्षेत्र जिले में घरों पर सौर ऊर्जा के प्लांट स्थापित करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है। इस जिले में सरकार की योजना के अनुसार केंद्र सरकार की तरफ से एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दो किलो वाट पर 60 हजार रुपये और तीन किलोवाट पर 78 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस सब्सिडी के अलावा राज्य सरकार की तरफ से जिन परिवारों की आय 1 लाख 80 हजार से कम है उनको एक किलोवाट के सौर ऊर्जा प्लांट लगाने पर 25 हजार रुपये और दो किलोवाट पर 50 हजार रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस लिए अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का मतलब प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना है।

## पिकअप चालक से लूट के तीन आरोपियों को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लाकर की पूछताछ, लूटा गया मोबाइल बरामद

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 7 जनवरी।** थाना इसराना पुलिस की टीम शाहपुर से लाखू बुआना रोड पर पिकअप चालक से लूट करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। तीनों आरोपियों ने पूछताछ में लूट की उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। आरोपियों की पहचान गोहाना के गढी सरायनामदार खा निवासी मुकेश उर्फ रवि व हरिश व वार्ड 14 निवासी अमित उर्फ गोल्डी के रूप में हुई है।

थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल ने बताया कि आरोपियों ने 6 नवंबर की देर रात शाहपुर से लाखु बुआना रोड पर पंजाब निवासी एक पिकअप गाड़ी चालक का वरना गाड़ी रास्ता रोककर नकदी व मोबाइल फोन लूटा था।

थाना इसराना में पंजाब के फाजिलका जिले के अबोहर निवासी अनिल ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था की वह 6 नवंबर की देर शाम करीब 7 बजे अपनी पिकअप गाड़ी में अबोहर से एक भैंस, दो गाय व दो बच्छड़े लेकर हरियाणा के पट्टीकल्याणा के लिए चला था। देर रात करीब 2:15 बजे वह शाहपुर से लाखू बुआना रोड पर करीब 100 मीटर चला तो एक काले रंग की वरना गाड़ी सवार युवकों ने पिकअप के आगे गाड़ी अड़ा उसका रास्ता रोक लिया। वरना गाड़ी से 6-7 लड़के उतर कर आए जिन्होंने अपने आप को बजरंग दल से होना बताया पिकअप को चेक किया। उक्त युवक उसकी जेब से एक हजार व पर्स से 6 हजार रूपए निकाल और मोबाइल फोन छीनकर वरना गाड़ी सहित फरार हो गए। उसने राहगिरों की मदद से डॉयल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी।

## मुकंदलाल नेशनल कालेज में प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित

**रादौर (अप्रस/योगेश कुमार)।** शहर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में बुधवार को प्लेसमेंट तैयारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत सामूहिक चर्चा व बहस विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कॉलेज के वाणिज्य विभाग से प्रो पूजा वर्मा व प्रो पिंकी रानी रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में क्या करना चाहिए तथा क्या नहीं करना चाहिए इसके बारे में जागरूक किया गया। उनके किन-किन पहलुओं पर उन्हें सुधार लाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज की प्राचार्य डॉ माला शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि विद्यार्थियों को सफलता के दौरान किसी भी तरह के दबाव में नहीं आना चाहिए। विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा आयोजित इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों के द्वारा अनेक विषयों जैसे डिजिटल करेंसी,एआई व भारत में ब्रेन-ड्रेन की समस्या आदि पर सामूहिक चर्चा का अभ्यास किया। इस अवसर पर डॉ रिचा सीकरी, प्रो जयचंद, प्रो सिमरन आदि उपस्थित रहे।

## जेएस हुड्डा की दूरदर्शी पहल, संदीप धीमान बने रेजोनेंट पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र में बच्चों के स्वर्णिम विकास के सूत्रधार

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 7 जनवरी।** रेजोनेंट पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह केवल शिक्षा देने वाला संस्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण, नैतिक और मानसिक विकास का सशक्त केंद्र है। विद्यालय के संस्थापक श्री जे. एस. हुड्डा द्वारा योगाचार्य संदीप धीमान को विद्यालय में कोऑर्डिनेटर व योगाचार्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम माना जा रहा है।

मीडिया से बातचीत के दौरान श्री जे. एस. हुड्डा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज के समय में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित रखना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन, अनुशासन और संस्कारों से युक्त विकास ही उनका परम कर्तव्य है। इसी सोच के अनुरूप रेजोनेंट पब्लिक स्कूल में संदीप धीमान जैसे अनुभवी, ऊर्जावान और समर्पित योगाचार्य को जोड़ा गया है, जो बच्चों के व्यक्तित्व को नई दिशा देंगे।

श्री हुड्डा ने विश्वास व्यक्त किया कि संदीप धीमान अपनी दोहरी भूमिका-कोऑर्डिनेटर और योगाचार्य-को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कुशलता से निभाते हुए विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सशक्त बनाएंगे तथा बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की नींव मजबूत करेंगे।

वहीं, जब योगाचार्य संदीप धीमान से बातचीत की गई तो उन्होंने योग के महत्व पर प्रभावशाली ढंग से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग आज के समय में बच्चों के लिए वरदान है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि बुद्धि का विकास, एकाग्रता में वृद्धि, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को भी मजबूत करता है। नियमित योग अभ्यास से बच्चे तनावमुक्त रहते हैं और जीवन की हर चुनौती का सामना आत्मबल के साथ करते हैं।

## 6 दिन से लापता विकास का शव नहर से हुआ बरामद

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** हर सिटी बिजली घर के कर्मचारी का शव कूदनी हेड के पास गांव साधन वास के नजदीक भाखड़ा से मिला टोहाना बिजली घर से कई दिन से लापता फोरमैन विकास का शव कूदनी हेड से मिलने का समाचार मिला है विकास बिजली निगम में असिस्टेंट फोरमैन के पद पर कार्यकरत था उसकी उम्र 37 वर्ष थी शव भाखड़ा नहर से बरामद हुआ है लापता होने की तारीख 2 जनवरी थी विकास चरखी दादरी जिले के तिवाला का रहने वाला था और अब वह शहर की नहर कॉलोनी में रहता था कई दिन से मोबाइल भी बंद आ रहा था सर्च अभियान भाखड़ा नहर में इसलिए चलाया हुआ था कि क्योंकि अंतिम लोकेशन उसकी भाखड़ा नहर की ही आई हुई थी। टोहाना शहर प्रभारी कुलदीप सिंह ने पुष्टि की है कि विकास कुमार का शव नहर से बरामद कर लिया गया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया गया है विकास कुमार का शव मिलने के बाद एसडीओ टोहाना सुशील कुमार ने अपनी संवेदना प्रकट की और बिजली निगम की ओर से विकास से परिवार को हर संभव मदद दिलाने का विश्वास दिलाया।

## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 जनवरी को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 7 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा, पंचकूला के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास परियोजना टोहाना द्वारा ब्लॉक स्तर पर महिलाओं तथा लड़कियों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं एवं बालिकाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना है।

यह खेलकूद प्रतियोगिता 9 जनवरी को दमकौरा खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं एवं लड़कियां उत्साहपूर्वक भाग ले सकती हैं।

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता रानी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनमें 5 किलोमीटर साइकिल दौड़, 100 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर तथा डिस्कस थ्रो शामिल हैं। सभी स्पर्धाएं निर्धारित नियमों के अनुसार निष्पक्ष रूप से संपन्न करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने हेतु आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय स्थान पर 1100 रुपये तथा तृतीय स्थान पर 750 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक महिलाएं एवं लड़कियां अपना नामांकन अपने-अपने क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पास समय रहते अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं, ताकि आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके।

## वरिष्ठ नागरिकों और संस्थाओं को राज्य पुरस्कार से सम्मानित करेगी हरियाणा सरकार

अर्थ प्रकाश/वालिया/अरविंद शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 7 जनवरी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार बुजुर्गों को मान-सम्मान देने और समाज निर्माण में उनके अनुभव का लाभ उठाने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए वर्ष 2025-26 के लिए वरिष्ठ नागरिक सम्मान पुरस्कार योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं विभाग के पोर्टल पर 12 जनवरी, 2026 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह योजना समाज सेवा, कला, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बुजुर्गों को एक नई पहचान और प्रोत्साहन प्रदान करेगी। योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों जैसे शतवर्षीय पुरस्कार, श्रेष्ठ माता, शौर्य और बहादुरी, आजीवन उपलब्धि के साथ-साथ वरिष्ठ पेंटर, मूर्तिकार, संगीतकार और खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, श्रेष्ठ पंचायत पुरस्कार, श्रेष्ठ स्वैच्छिक संगठन पुरस्कार, श्रेष्ठ वृद्धाश्रम और श्रेष्ठ दैनिक देखभाल केन्द्र को भी पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में कला और खेल श्रेणियों के लिए प्रथम पुरस्कार 50 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 20 हजार रुपये निर्धारित है। इसी प्रकार, संस्थागत श्रेणियों (जैसे श्रेष्ठ पंचायत और एनजीओ) के लिए प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपये, द्वितीय 75 हजार रुपये और तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं अपनी उपलब्धियों के प्रमाण पत्र और दस्तावेजों सहित विभाग के पोर्टल पर 12 जनवरी, 2026 की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# दोस्ती का भरोसा देकर 13 लाख से अधिक ठगे

फेसबुक पर दोस्ती कर ट्रेडिंग का जाल बनाया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 7 जनवरी।** साइबर अपराधियों द्वारा ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर लोगों को झांसे में लेकर लाखों रुपए की ठगी करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। करनाल जिले में एक व्यक्ति के साथ फेसबुक और वॉट्सऐप के जरिए दोस्ती कर भरोसा जीतने के बाद विदेशी ट्रेडिंग कंपनी का झूठा लालच देकर करीब 13.77 लाख रुपए की ठगी की गई। जब पीड़ित ने अपने पैसे निकालने की कोशिश की, तो उस पर तरह-तरह के शुल्क और टैक्स के नाम पर दबाव बनाया और बाद में झूठी अश्लील फोटो के बहाने ब्लैकमेल करने का आरोप भी लगाया गया। फेसबुक पर दोस्ती कर ट्रेडिंग का जाल बनाया करनाल के शिकायतकर्ता अजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि कुछ समय पहले फेसबुक और वॉट्सऐप के माध्यम से संजना पांडे नाम की महिला से संपर्क हुआ। बातचीत के दौरान उसने खुद को भरोसेमंद बताते हुए ऑनलाइन ट्रेडिंग, फॉरेक्स और इन्वेस्टमेंट से मोटा मुनाफा कमाने का दावा किया। शुरुआत में वह में रुचि नहीं रखते थे, लेकिन बार-बार आग्रह और छोटे निवेश से शुरुआत करने की बात कहकर उन्हें तैयार कर लिया गया।पहला निवेश पर दिखाया मुनाफा संजना पांडे के कहने पर शिकायतकर्ता ने ट्रेडिंग खाता खुलवाने के लिए 50 हजार रुपए का पहला निवेश किया। यह राशि राकेश वर्मा के नाम से बताए गए यूपीआई खाते में भेजी गई। कुछ ही समय में ट्रेडिंग ऐप पर करीब 20 हजार रुपए का मुनाफा दिखाया गया। इसी मुनाफे को दिखाकर और अधिक फंड जमा करने के लिए उकसाया गया। एक के बाद एक खातों में रकम ट्रांसफर इसके बाद अलग-अलग नामों और यूपीआई खातों में रकम जमा कराई गई। सत्यम कुशवाहा, साहिल आहाके, सलमा शेख, संदीप सिंह जैसे नामों के खातों में अलग-अलग तारीखों पर पैसे भेजे गए। कभी कहा गया कि बाजार अच्छा चल रहा है, तो कभी बड़े ट्रेड और ज्यादा मुनाफे का लालच दिया गया। पीड़ित के अनुसार, कंपनी को अमेरिका की बताकर भारतीय खातों में रुपए जमा कराने को सामान्य प्रक्रिया बताया गया निकासी की कोशिश पर नया खेल शुरू जब शिकायतकर्ता ने बिना बताए 3 लाख रुपए निकालने की रिक्वेस्ट लगाई, तो कुछ दिनों बाद उसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद मैसेज आया कि उनका ट्रेडिंग अकाउंट संदिग्ध है और जांच के लिए सिक्योरिटी या मार्जिन राशि जमा करनी होगी। तय समय तक राशि जमा न करने पर अकाउंट ब्लॉक करने की धमकी दी गई। संजना पांडे ने इसे सामान्य प्रक्रिया बताते हुए भरोसा दिलाया। मार्जिन, टैक्स और जीएसटी के नाम पर दबाव मजबूरी में शिकायतकर्ता ने तीन किस्तों में 4.43 लाख रुपए जमा किए। इस दौरान कभी सिक्योरिटी, कभी मार्जिन, कभी 30 प्रतिशत टैक्स और कभी 18 प्रतिशत जीएसटी के नाम पर पैसे मांगे जाते रहे। जब भी पीड़ित नाराजगी जताता, संजना पांडे कंपनी की पॉलिसी या सरकारी नियमों का हवाला देकर उसे शांत करती रही। कुल 13.77 लाख रुपए की ठगी पीड़ित के अनुसार, अलग-अलग किश्तों में उसने कुल करीब 13.77 लाख रुपए जमा कर दिए। शुरू में ऐप पर मुनाफा दिखाया गया, लेकिन जब पैसे निकालने की बात आई, तो हर बार नई शर्तें और नई मांगें सामने आती रही। अंत में पीड़ित को एहसास हुआ कि वह एक सुनियोजित ठगी का शिकार होदिल्ली बुलाकर भी नहीं मिले आरोपी शिकायत के अनुसार, आखिरी बार संजना पांडे ने भरोसा दिलाया कि दिल्ली में मिलने पर सारा मामला सुलझ जाएगा। 5 दिसंबर 2025 को शिकायतकर्ता अपनी पत्नी के साथ दिल्ली के मानसरोवर गार्डन कीर्ति नगर पहुंचे। वहां अलग-अलग बहाने बनाकर उन्हें इधर-उधर बुलाया गया, लेकिन कोई सामने नहीं आया। बाद में उन्हें वापस लौटने के लिए कह दिया गया। दिल्ली से लौटते समय बातचीत बिगड़ गई। आरोप है कि इसके बाद संजना पांडे ने सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने, झूठी बातें फैलाने और धमकी देने की बात कही। पीड़ित के बेटे से संपर्क होने पर कथित तौर पर 3 लाख रुपए और मांगते हुए यह कहा गया कि रकम देने पर सभी फोटो डिलीट कर दी जाएगी। पीड़ित का कहना है कि यह पूरी तरह से झूठा आरोप और ब्लैकमेलिंग का प्रयास है।

# षष्ठी देवी के व्रत से होती है संतान की रक्षा

पुराणों में षष्ठी देवी बालकों की अधिष्ठात्री देवी मानी गयी हैं। नवजात शिशु के जन्म के छठे दिन जिन देवी के पूजन की परम्परा है, वे षष्ठीदेवी हैं। लोक भाषा में इसे नवजात शिशु का छठी महोत्सव भी कहते हैं। मूल प्रकृति के छठे अंश से उत्पन्न होने के कारण ये षष्ठी देवी कहलाती हैं। इन्हें विष्णुमाया और बालदा भी कहा जाता है। मातृकाओं में ये देवसेना नाम से प्रसिद्ध हैं। स्वामी कार्तिकेय की पत्नी होने का सौभाग्य इन्हें प्राप्त है। बालकों को दीर्घायु बनाना तथा उनका भरण पोषण एवं रक्षण करना इनका स्वाभाविक गुण है। अपने आराधकों की सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाली ये सिद्धयोगिनी देवी अपने योग एवं प्रभाव से बच्चों के पास सदा विराजमान रहती हैं।

**एक पौराणिक कथा है:** प्रियव्रत नाम से प्रसिद्ध एक राजा थे। उनके पिता का नाम था- स्वायम्भुव मनु। प्रियव्रत योगिराज होने के कारण विवाह नहीं करना चाहते थे। तपस्या में उनकी विशेष रुचि थी। परंतु ब्रम्हाजी की आज्ञा तथा सत्प्रयत्न के प्रभाव से उन्होंने विवाह कर लिया। विवाह के प्रश्चात सुदीर्घ काल तक उन्हें कोई भी संतान नहीं हो सकी। तब कश्यप जी ने उनसे पुत्रेष्टि यज्ञ कराया और उनकी प्रेयसी भार्या मालिनी को चरु प्रदान किया। चरु भक्षण करने के पश्चात रानी मालिनी गर्भवती हो गयीं। तत्पश्चात सुवर्ण के समान प्रतिभा वाले एक कुमार की उत्पत्ति हुई, परंतु वह कुमार मरा हुआ था। उसे देखकर समस्त रानियां तथा बान्धवों की स्त्रियां रो पड़ीं। पुत्र के असह्य शोक के कारण माता को मूर्च्छा आ गयी।

राजा प्रियव्रत उस मृत बालक को लेकर शमशान में गये और पुत्र को छाती से चिपकाकर दीर्घ स्वर से रोने लगे। इतने में उन्हें वहां एक दिव्य विमान दिखायी पड़ा। शुद्ध स्फटिक मणि के समान जगमगाते हुए उस विमान की रेशमी वस्त्रों से अनुपम शोभा हो रही थी। वह अनेक प्रकार के अद्भुत चित्रों से विभूषित तथा पुष्पों की माला से सुसज्जित था। उसी पर बैठी हुई एक देवी को राजा प्रियव्रत ने देखा। श्वेत चम्पा के फूल के समान उनका उज्ज्वल वर्ण था। सदा सुस्थिर तारुण्य से शोभा पाने वाली उन देवी के मुख पर प्रसन्नता छाई हुई थी। रत्नमय भूषण उनकी छवि बढ़ाये हुए थे। योगशास्त्र में पारंगत वे देवी भक्तों पर अनुग्रह करने के लिए आतुर थीं। ऐसा जान पड़ता था मानो वे मूर्तिमती कृपा ही हों। उन्हें सामने विराजमान देखकर राजा ने बालक को भूमि पर रख दिया और बड़े आदर के साथ उनकी पूजा स्तुति की। उन्हें प्रसन्न देखकर राजा ने उनसे परिचय पूछा।

भगवती देवसेना ने कहा- राजन! मैं ब्रम्हा की मानसी कन्या हूं। जगत पर शासन करने वाली मुझ देवी का नाम देवसेना है। विधाता ने मुझे उत्पन्न करके स्वामि कार्तिकेय को सौंप दिया है। मैं सम्पूर्ण मातृकाओं में प्रसिद्ध हूं। भगवती मूल प्रकृति के छठे अंश से प्रकट होने के कारण विश्व में देवी षष्ठी नाम से मेरी प्रसिद्धि है। मेरे प्रसाद से पुत्रहीन व्यक्ति सुयोग्य पुत्र, प्रियाहीन जन प्रिया, दरिद्र धन तथा कर्मशील पुरुष कर्मों के उत्तम फल प्राप्त कर लेते हैं। राजन्! सुख, दुरूख, भय, शोक, हर्ष, मंगल, संपत्ति और विपत्ति ये सब कर्म के अनुसार होते हैं। अपने ही कर्म के प्रभाव से पुरुष अनेक पुत्रों का पिता होता है और किसी को दीर्घजीवी यह कर्म का ही फल है। गुणी, अंगहीन, अनेक पत्नियों का स्वामी, भार्यारहित, रूपवान, रोगी और धर्मी होने में मुख्य कारण अपना कर्म ही है। कर्म के अनुसार ही व्याधि होती है और पुरुष आरोग्यवान भी होता है। अतएव राजन! कर्म सबसे बलवान है।



इस प्रकार कहकर देवी षष्ठी ने उस बालक को उठा लिया और अपने महान ज्ञान के प्रभाव से खेल खेल में ही उसे पुनः जीवित कर दिया। राजा ने देखा- सुवर्ण के समान प्रतिभावान वह बालक हंस रहा है। अभी महाराज प्रियव्रत उस बालक की ओर देख ही रहे थे कि देवी देवसेना उस बालक को लेकर आकाश में जाने को तैयार हो गयीं। यह देख राजा के कण्ठ, ओष्ठ और तालु सूख गये, उन्होंने पुनः देवी की स्तुति की। तब संतुष्ट हुई देवी ने राजा से कहा-

राजन! तुम स्वायम्भुव मनु के पुत्र हो। तीनों लोकों में तुम्हारा शासन चलता है। तुम सर्वत्र मेरी पूजा कराओ और स्वयं भी करो। मैं तुम्हें कमल के समान मुख वाला और यह मनोहर पुत्र प्रदान करूंगी। इसका नाम सुव्रत होगा। यह सर्वगुण सम्पन्न होगा तथा इसमें समस्त विवेश शक्तियां विद्यमान रहेंगी। यह भगवान नारायण का कलावतार तथा प्रधान योगी होगा। इसे पूर्वजन्म की बातें याद रहेंगी। क्षत्रियों में श्रेष्ठ यह बालक सौ अश्वमेध यज्ञ करेगा। सभी इसका सम्मान करेंगे। उत्तम बल से संपन्न होने के कारण यह ऐसी शोभा पायेगा, जैसे लाखों हाथियों में सिंह। यह धनी, गुणी, शुद्ध, विद्वानों का प्रेमभाजन तथा योगियों, ज्ञानियों एवं तपस्वियों का सिद्धरूप होगा। त्रिलोकी में इसकी कीर्ति फैल जायेगी।

इस प्रकार कहने के पश्चात भगवती देवसेना ने उन्हें वह पुत्र दे दिया। राजा प्रियव्रत ने पूजा की सभी बातें स्वीकार कर लीं। यों भगवती देवसेना ने उन्हें उत्तम वर दे स्वर्ग के लिए प्रस्थान किया। राजा भी प्रसन्न मन होकर मंत्रियों के साथ अपने घर लौट आये। आकर पुत्र विषयक वृत्तान्त सबसे कह सुनाया। यह प्रिय वचन सुनकर स्त्री और पुरुष सब के सब परम संतुष्ट हो गये। राजा ने सर्वत्र पुत्र प्राप्ति के उपलक्ष्य में मांगलिक कार्य आरम्भ करा दिया। भगवती षष्ठी देवी की पूजा की। ब्राम्हणों को बहुत सा धन दान किया। तब से प्रत्येक मास में शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि के अवसर पर भगवती षष्ठी का महोत्सव यत्नपूर्वक मनाया जाने लगा। बालकों के प्रसव गृह में छठे दिन, इक्कसीवें दिन तथा अन्नप्राशन के शुभ समय पर यत्नपूर्वक देवी की पूजा होने लगी।

# सर्वहित की भावना जीवन में जगाए रखे: मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक

चंडीगढ़। आज आवश्यकता है इसी प्रकार की सोच की। जो समाज को सही संदेश दे व स्वावलंबी बनाए। संस्कृति के संस्कार वास्तव में समाज सुधार का एक अनूठा माध्यम है। जैसाकि संस्कार शब्द ही आगे आने वाली पीढ़ी का आधार है। यह ही हमारी संस्कृति की रीढ़ को मजबूत करते हैं। सहयोग की भावना एवं दूसरों की पीड़ा को समझने की भावना जैसे नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने के संदेश से ओत प्रोत है। वास्तव में निःस्वार्थ की गई सेवा हमें कामयाबी की राह पर ले जाती है। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमार जी आलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा मानव अस्तित्व का हर महत्त्वपूर्ण अनुभव एक धागे से बुना हुआ है और वह है प्रेम। प्रेम वह शक्ति है जो हमें आगे बढ़ाती है, यह वह रोशनी है जो हमारे सबसे अंधकारमय दिनों को प्रकाशित करती है और वह सार है जो हमारे जीवन को गहराई व समृद्धि प्रदान करता है। एक अच्छा जीवन केवल उपलब्धियों या भौतिक संपत्तियों का क्रम नहीं होता, बल्कि यह प्रेम से प्रेरित एक यात्रा है, जो कई रूपों में प्रकट होती है। चाहे वह प्रेम हो जो साथी के बीच साझा किया जाता है, परिवार में बने बंधन हों, या



अजनबियों के प्रति करुणा, प्रेम वह नींव है जिस पर हम अपनी सबसे प्यारी यादें और आकांक्षाएँ बनाते हैं। प्रेम और ज्ञान के बीच सहजीवी संबंध है, क्योंकि ये दोनों हमारे जीवन को आकार देने में एक-दूसरे को संपुष्ट करते हैं और जीवन को संपूर्ण बनाते हैं। बिना ज्ञान के प्रेम महत्त्वहीन है, जिस कारण लोग अनुचित फैसले ले सकते हैं या परिणामों को नजरअंदाज कर सकते हैं। दूसरी ओर, बिना प्रेम के ज्ञान महत्त्वहीन है, जिसमें मानवीय संबंधों के लिये आवश्यक भावनाओं और सहानुभूति की कमी होती है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया प्रेम का सार संबंध, सहानुभूति और निःस्वार्थता को बढ़ावा देता है, जिससे व्यक्ति और समाज दोनों में गहरे जुड़ाव की भावना उत्पन्न होती है। चाहे वह स्वयं के प्रति हो, दूसरों के प्रति हो, या व्यापक जगत के प्रति, प्रेम दया, करुणा और उदारता को प्रेरित करता है। चाहे यह पारिवारिक बंधन, दोस्ती, प्रेम संबंध, या संपूर्ण मानवता के प्रति सार्वभौमिक प्रेम के रूप में प्रकट हो, यह गहरी भावना समृद्ध संबंधों को पोषित करने और व्यक्तिगत विकास को प्रोत्साहित करने का आधार बनती है। इसके अलावा, प्रेम जुनून और रचनात्मकता को प्रज्वलित करता है, जो व्यक्तियों को अपने सपनों और आकांक्षाओं को दृढ़ संकल्प के साथ प्राप्त करने के लिये प्रेरित करता है। जब प्रेम से मार्गदर्शन मिलता है, तो लोग अक्सर उन गतिविधियों, कारणों या पेशों की ओर आकर्षित होते हैं जो उनके गहरे मूल्यों और इच्छाओं से मेल खाते हैं। यह जुनून और उद्देश्य के बीच का मेल न केवल व्यक्तियों के जीवन में खुशी और संतोष लाता है, बल्कि समाज में भी सकारात्मक योगदान देता है।

अतुल मुनि जी ने अपने वचनो मे फरमाया जहाँ प्रेम प्रेरणा प्रदान करता है, वहीं ज्ञान उस मार्ग को रोशन करने वाला प्रकाश है जो एक अच्छे जीवन की ओर ले जाता है। ज्ञान में केवल तथ्यात्मक जानकारी ही नहीं, बल्कि अनुभव, शिक्षा और चिंतन से प्राप्त अंतर्दृष्टि भी शामिल होती है। यह लोगों को सूचित निर्णय लेने, जटिलताओं को समझने और समस्याओं का प्रभावी समाधान करने में सक्षम बनाता है।

## 'हाऊ इंडिया स्विगी' के चंडीगढ़ संस्करण ने बताए 2025 के प्रमुख फूड ट्रेंड्स

चंडीगढ़। भारत का पहला योजनाबद्ध शहर और वास्तुकला का अद्भुत उदाहरण चंडीगढ़, अपने खाने के शौक के लिए भी जाना जाता है। यहां पारंपरिक स्वाद और आधुनिक पसंद का शानदार मेल देखने को मिलता है। भरपूर पराठों से लेकर स्वादिष्ट पिज़्ज़ा तक, चंडीगढ़ का खानपान स्वाद का उत्सव है। देखिए 'हाऊ इंडिया स्विगी' का चंडीगढ़ संस्करण, जो शहर के खाने के प्यार और साल भर के स्वादिष्ट पलों की झलक पेश करता है। इन रुझानों पर बात करते हुए, स्विगी फूड मार्केटप्लेस के चीफ बिज़नेस ऑफिसर सिद्धार्थ भाकू ने कहा, अपनी अलग राह बनाते हुए, चंडीगढ़ ने पनीर पिज़्ज़ा के लिए खास प्यार दिखाया, जिसे 5.9 लाख बार ऑर्डर किया गया, इसके बाद वेज बर्गर और वेज पिज़्ज़ा दूसरे और तीसरे पसंदीदा व्यंजन रहे।मिठाई के बिना खाना अधूरा है! शहर में सबसे ज़्यादा गुलाब जामुन पसंद किया गया, जिसे औसतन हर घंटे 12 बार ऑर्डर किया गया! आम रस मलाई दूसरी सबसे ज़्यादा पसंद की गई मिठाई रही, जिसे हर घंटे औसतन 8.6 बार ऑर्डर किया गया।स्नैक टाइम (दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक) में 1.35 लाख से ज़्यादा ऑर्डर के साथ पनीर पिज़्ज़ा का दबदबा रहा, इसके बाद वेज बर्गर रहा। चंडीगढ़ की सुबह पराठों के प्यार के साथ शुरू हुई, जो नाश्ते में सबसे ज़्यादा ऑर्डर किया गया।

## ब्लेंडर्स प्राइड ने ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की

पंचकूला। भारत के प्रीमियम व्हिस्की सेगमेंट में अग्रणी ब्रांड ब्लेंडर्स प्राइड ने ब्लेंडर्स प्राइड ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक लिमिटेड-एडिशन पेशकश है, जो बोल्ड ब्लैक सौंदर्य को ब्लेंडर्स प्राइड के आइकॉनिक ब्लेंड के साथ जोड़कर एक वास्तव में विशिष्ट अनुभव प्रस्तुतकरती है।पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ, देबाश्री दासगुप्ता ने कहा,ब्लेंडर्स प्राइड भारत में प्रीमियम व्हिस्की के मानकों को लगातार नया रूप देता रहा है। ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन का लॉन्च ब्रांड का अब तक का सबसे रिफाइंड एक्सप्रेशन है–एक ऐसा इवोल्युशन जो इसकी स्थायी विरासत को एक बोल्ड नई डिज़ाइन लैंग्वेज में बदलता है। इस वर्ष, ब्लेंडर्स प्राइड अपने मूल मूल्यों को एक ऐसे सौंदर्य के माध्यम से जीवंत कर रहा है जो आकांक्षा, विशिष्टता और कारीगरी का उत्सव मनाता है। केवल दस लाख बोतलों तक सीमित ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन उन व्यक्तियों के लिए बनाया गया है जो केवल उत्कृष्टता की प्रशंसा नहीं करते–वे उसे जीते हैं।÷ऊँचे स्तर की लग्ज़री और विशिष्टता को दर्शाने वाले आकर्षक ब्लैक डिज़ाइन में पैक किया गया ज़ेनिथ ब्लैक एडिशन चुनिंदा व्हिस्की प्रेमियों के लिए बारीकी से तैयार किया गया है।

## इंसान ने धर्म को भुलाकर कर्मकांडों को ही धर्म मान लिया

ये मुल्क अलग-अलग हो गये हैं, भाषाएं अलग-अलग हो गई हैं, रहने, खाने-पीने, पहनने के ढंग अलग बन रहे हैं लेकिन फिर भी सभी इन्सान एक धरती के ही वासी हैं, इस धरती के ही रहने वाले हैं । मालिक ने सभी को इस एक धरती पर ही इन्सानों रूप में जन्म दिया है, इसलिए तुम एक मानव परिवार का अंग हो। परन्तु आज इस कद्र इन्सानों में दूरियां बढ़ाई जा रही है कि इन्सान-इन्सान का हितैषी न बन पाये। इन्सान, इन्सान के करीब न आ जाये। इन्हीं भावों को अपना कर इन्सान इन्सान का वैरी बनकर भयभीत वातावरण बनाता चला आ रहा है और दूसरों को दुःख देता चला आ रहा है। महापुरुषों ने सदैव दातार प्रभु से ऐसी ही कामना की है कि दातार कृपा करे, सभी को ऐसी सद्बुद्धी प्रदान करे, ऐसी सोच प्रदान करे जिससे युक्त होकर यह मानव परिवार का अंग बनकर जिए तथा इस धरती कोसंवारे। सच्चे धर्म को अपना कर, मानवता के धर्म की पालना करे। आज इन्सान का एक अन्धकारमय रुप ही हमारे सामने आ रहा है क्योंकि इसने वास्तविक धर्म को भुलाकर कर्मकाण्डों को ही धर्म मान लिया है। महापुरुष कहते हैं कि- माला तो कर में फिरे जीभी फिरे मुख माहिं। भाव, माला तो हाथ में फिर रही है और अपने आपको प्रमाण पत्र दिया जा रहा



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

है धर्मी होने का। भले ही मन में कदूरत भरी हुई है, मन कठोर बना हुआ है, मन दूसरे को बर्दाश्त नहीं कर रहा है। मन दूसरों के नुसान की योजनाएं बना रहा है और बाहरी रूप में कुछ कर्मकाण्डों को अपना कर ही इन्सान ने स्वयं को धार्मिक मान लिया है। महापुरुष कहते हैं कि- सिर ते टोपी नियत खोटी, कि लैणा टोपी सिर धर के। तसवी फिरी ते मन न फिरिया की लैणा तसवी हथ फड़ के। कहते हैं कि सिर पर टोपी डाल ली या कोई और रूप बना लिया और मान लिया कि मैं धार्मिक हो गया हूँ लेकिन नीयत तो तेरी खोटी ही बनी रही। इसी प्रकार और किन्हीं कर्मकाण्डों से अगर तू स्वयं को धर्मी मान रहा है तो यह तेरी भूल है। महापुरुष फरमाते हैं- मन कठोर मरे बनारस, नर्क न वांचया जाये।

भाव, अगर तेरा मन कठोर है और तू सोच रहा है कि किसी धार्मिक स्थान पर प्राण त्याग दूं तो नर्कों से बच जाऊंगा, तो तेरी यह सोच यथार्थ पर आधारित नहीं है बल्कि अज्ञानता पर आधारित है। यह कर्मकाण्ड कभी किसी इन्सान को धार्मिक नहीं बना पाते। जिसके मन में उजाला हो गया, जिसके मन में प्रेम भाव पैदा हो गया, दूसरे के प्रति सद्भावना पैदाहो गयी तो वास्तव में इन्सान धार्मिक हो जाता है, भक्त हो जाता है। इन्तों का संग करके इन्सान तू अपने सारे भ्रम मिटा डाल। फिर तू चाहे किसी भी मुल्क में रहे, कोई भी भाषा बोले, तेरे मन में किसी के प्रति कदूरत का भाव नहीं आयेगा, घृणा का भाव नहीं आयेगा,दुश्मनी का भाव नहीं आयेगा। फिर मन में न दूसरों का नुकसान करने के भाव पैदा होंगे न यत्न होंगे। फिर समझ आ जायेगी कि सब इन्सान एक पिता परमात्माकी संतान हैं। दास अक्सर कहता है कि अगर एक मालिक परमात्मा को परायेपन की भावना मंजूर होती तो उसे कोई कठिनाई नहीं थी, ऐसी दूरी पैदा करने में। परमात्मा ने कहीं पर सूरज बना डाला, कहीं पर चाँद बना डाला, कहीं मंगल ग्रह, कहीं शुक्र ग्रह बना डाला, तिने तारे बना डाले। अगर परमात्मा को दूरियाँ मंजूर होती तो उसे क्या कठिनाई थी इसे बनाने में? फिर अमेरिका कोई अलग ग्रह होता।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 8 जनवरी, 2026, सूर्योदयः 07:15 ए एम, सूर्यास्तः 05:41 पी एम, चन्द्रोदयः 10:53 पी एम, चन्द्रास्तः 10:39 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः माघ, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः षष्ठी - 07:05 ए एम, जनवरी 09 तक, नक्षत्रः पूर्वाफाल्गुनी - 12:24 पी एम तक, योगः सौभाग्य - 05:26 पी एम तक, करणः गर - 06:43 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 07:05 ए एम, जनवरी 09 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः सिंह - 06:39 पी एम तक, राहुकालः 01:46 पी एम से 03:04 पी एम, गुलिक कालः 09:52 ए एम से 11:10 ए एम, यमगण्डः 07:15 ए एम से 08:33 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 12:07 पी एम से 12:49 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:44 ए एम से 11:25 ए एम, दुर्मुहूर्तः 02:54 पी एम से 03:36 पी एम, अमृत कालः 06:06 ए एम, जनवरी 09 से 07:47 ए एम, जनवरी 09

## भविष्य फल



**मेषः** मजबूती और निडरता का गुण आपकी मानसिक क्षमताओं में इजाफा करेगा। किसी भी तरह के हालात को काबू में रखने के लिए इस रफ्तार को बरकरार रखिए।

**वृषः** करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। आगे आने वाले वक्त में आप इन मौकों का सही ढ़ग से फायदा उठा पाएंगे।

**मिथुनः** आपका तल्ख बर्ताव जीवनसाथी के साथ आपके संबंधों में तनाव डाल सकता है।

**कर्कः** पिता से किसी बात पर अनबन हो सकती है। उनकी बातों का बुरा ना मानें बल्कि उन्हें समझने की कोशिश करें। महिलाओं के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**सिंहः** कोई दोस्त आपकी सहनशक्ति और समझ की परीक्षा ले सकता है। अपने मूल्यों को दरकिनार करने से बचें और हर फैसला तार्किक तरीके से लें।

**कन्याः** कोर्ट में लंबे समय से चल रहे मुकदमे में जीत हासिल होगी। आपका मन शांत रहेगा।

**तुलाः** गर्भवती महिलाओं को चलते-फिरते समय खास खयाल रखने की जरूरत है। अगर संभव हो तो ऐसे लोगों से दूर रहें जो धूम्रपान करते हैं।

**वृश्चिकः** लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होगा। आज सरकारी दफ्तरों में फंसा हुआ काम आसानी से हो जाएगा।

**धनुः** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी आपके लिए फादेमन्द साबित होंगे। आपकी गैर-यथार्थवादी योजनाएं आपके धन को कम कर सकती हैं।

**मकरः** आज आपके लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। काम के सिलसिले में विदेश यात्रा करनी पड़ सकती है।

**कुंभः** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक्त हंसी-खुशी और सुकून भरा रहेगा। अचानक नए स्रोतों से धन मिलेगा, जो आपके दिन को खुशनुमा बना देगा।

**मीनः** ऑफिस में किसी सहकर्मी से विवाद हो सकता है। ये विवाद आपको भारी पड़ सकता है, इसलिए जितना हो सके एवॉएड करें।

## राई, सोनीपत में शुरू हुई नॉर्थ ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन, उत्तर भारत की टीमें ले रहीं भाग

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई/सोनीपत। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा द्वारा आयोजित नॉर्थ ज़ोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस (पुरुष) चैंपियनशिप 2025-26 का उद्घाटन समारोह विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह प्रतिष्ठित अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 7 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2026 तक आयोजित की जा रही है। इस चैंपियनशिप में उत्तर भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों की पुरुष टेनिस टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय, एच. एन. बी. गढ़वाल विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, पंजाब एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय, प्रो. आर. एस. विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़), एलयूवीएएस विश्वविद्यालय (हिसार) तथा स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा शामिल हैं। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा, तकनीक एवं प्रतिस्पर्धात्मक कौशल प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करेगी।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई। मुख्य अतिथि, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कुलपति अशोक कुमार का स्वागत स्मृतिचिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि टेनिस विश्व के शीर्ष खेलों में शामिल है, किंतु इसकी महंगी कोचिंग और उन्नत प्रशिक्षण सुविधाएँ हमारे देश में लंबे समय से एक चुनौती रही हैं। इसके बावजूद भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी सशक्त पहचान बनाई है और भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा में



उपलब्ध विश्वस्तरीय टेनिस सुविधाएँ, आधुनिक अधोसंरचना एवं वैज्ञानिक प्रशिक्षण पद्धतियाँ खिलाड़ियों को उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर करेंगी।

समारोह के विशिष्ट अतिथि, अंतरराष्ट्रीय लॉन टेनिस खिलाड़ी सिद्धार्थ विश्वकर्मा का भी स्मृतिचिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर पर खेलना उनके जीवन की यात्रा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण रहा है। आज उसी मंच से युवाओं को संबोधित करना उनके लिए गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत का फल अवश्य मिलता है और सफलता स्वयं उनके कदम चूमती है। उद्घाटन के दिन प्रतियोगिता के पहले दौर के मुकाबले खेले गए, जिनमें दिन के प्रथम सत्र तक हुए मैचों के परिणाम घोषित किए गए। इन मुकाबलों में दिल्ली विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय (चंडीगढ़), पंजाब एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय (लुधियाना), शिव नादर विश्वविद्यालय (ग्रेटर नोएडा), गुरु नानक देव विश्वविद्यालय (अमृतसर), बेनेट विश्वविद्यालय (नोएडा) तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने अपने-अपने मैच जीतकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

खेल निदेशक संजय सारस्वत ने सभी सहभागी विश्वविद्यालयों, खिलाड़ियों, कोचों एवं अतिथिगणों का हार्दिक अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि कुलपति अशोक कुमार के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं सतत प्रयासों से विश्वविद्यालय में खेल और खेल शिक्षा को नई दिशा मिली है, जिसके परिणामस्वरूप इस प्रकार के उच्चस्तरीय राष्ट्रीय आयोजनों का सफल संचालन संभव हो पाया है। यह चैंपियनशिप न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि आपसी सौहार्द, खेल भावना एवं उत्कृष्टता की संस्कृति को भी सुदृढ़ करेगी। प्रतियोगिता के दौरान रोमांचक एवं उच्चस्तरीय मुकाबलों की अपेक्षा की जा रही है, जो खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम के अंत में डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव जसविंदर सिंह, वित्त अधिकारी नीलम, सभी डीन, आयोजकगण, खिलाड़ी, कोच, स्टाफ सदस्य, पत्रकार एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## 200 मेगापिक्सल ल्यूमाकलर पोर्ट्रेट के साथ रियलमी 16 प्रो सीरीज़ का अनावरण

लुधियाना। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी 16 प्रो सीरीज पेश की। इस सीरीज के साथ ही प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत हुई है। फ्लैगशिप ग्रेड के रियलमी 16 प्रो प्लस और किफायती ऑल-राउंडर, रियलमी 16 प्रो के साथ यह सीरीज परफॉर्मेंस और डिजाईन के नए मानक स्थापित कर रही है। इसमें पोर्ट्रेट इमेजिंग का स्तर बहुत अधिक बड़ा दिया गया है। रियलमी 16 प्रो सीरीज प्रीमियम मिड-रेंज सेगमेंट में 200 मेगापिक्सल का पोर्ट्रेट मास्टर है, जो फ्लैगशिप लेवल के इमेजिंग हार्डवेयर के साथ इंटैलिजेंट सॉफ्टवेयर पेश करता है, जिससे पोर्ट्रेट फोटोग्राफी अत्यधिक शानदार हो गई है। ये दोनों मॉडल प्रोफेशनल टूल्स पेश करते हैं, जो हर मूड और हर क्षण को बिल्कुल सटीकता से कैप्चर करते हैं। फ्लैगशिप लेवल का रियलमी 16 प्रो प्लस एक्सक्लुसिव अपग्रेड्स के साथ रचनात्मक अभिव्यक्ति को बहुत अधिक बड़ा देता है।रियलमी 16 प्रो प्लस के साथ उद्योग के पहले बायो-बेस्ड ऑर्गेनिक सिलिकोन बैक कवर की शुरुआत हुई है।

## अमेज़न पे ने भारत में अपनी वित्तीय सेवाओं का विस्तार करते हुए फिक्स्ड डिपॉज़िट की शुरुआत की

**शिमला।** अमेज़न पे ने आज फिक्स्ड डिपॉज़िट की शुरुआत की घोषणा की जो भारत में उसके वित्तीय सेवा इकोसिस्टम के विस्तार की दिशा में एक अहम कदम है।दो प्रमुख एनबीएफसी श्रीराम फाइनेंस और बजाज फाइनेंस और पांच बैंकों शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, साउथ इंडियन बैंक,स्लाइस और उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ रणनीतिक साझेदारी के ज़रिए अमेज़न पे देशभर के लाखों ग्राहकों को फिक्स्ड डिपॉज़िट विकल्प उपलब्ध करा रहा है।अब ग्राहक अमेज़न पे पर सिर्फ 1000 रुपये से फिक्स्ड डिपॉज़िट खोल सकते हैं और इसके लिए उन्हें हर बैंक में अलग.अलग सेविंग अकाउंट खोलने की जरूरत नहीं होगी। साझेदार संस्थान 8 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहे हैं। सभी साझेदार वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.5 प्रतिशत ब्याज प्रदान करते हैं। वहीं श्रीराम फाइनेंस महिला निवेशकों को 0.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त ब्याज देता है। अमेज़न पे के सीईओ विकास बंसल ने कहा भारत में फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट काफी लोकप्रिय हैं क्योंकि इनकी संरचना सरल होती है, रिटर्न सुनिश्चित होता है और जोखिम कम होता है।नए साल की शुरुआत में इस लॉन्च के साथ हम ग्राहकों के लिए विकल्पों का विस्तार कर रहे हैं।

## ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन योजना के तहत डीएलएसए करेगा 8 को जागरूकता शिविर का आयोजन: प्रचेता सिंह

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), सोनीपत द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का आयोजन ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन योजना के तहत नशे के प्रति जिलावासियों को जागरूक करने के लिए किया जाएगा। 8 जनवरी को डीएलएसए के द्वारा सामुदायिक केंद्र सेक्टर-12 सोनीपत में जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि कार्यक्रमों में विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुभवी लीगल एड काउंसल एवं नागरिक अस्पताल, सोनीपत के चिकित्सा अधिकारी भााग लेगे। जागरूकता सत्रों के दौरान राष्ट्रीय युवा दिवस, ड्रग अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन योजना, मानसिक रोगियों एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं, नालसा हेल्पलाइन 15100 तथा निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएगी।

## एडीसी ने ली राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक, राजस्व कार्य की करी समीक्षा

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्य की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो राजस्व से संबंधित कार्य को जल्द से जल्द पूरा करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो 31 जनवरी तक म्यूटेशन से संबंधित लंबित कार्य करना सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट तौर पर कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने संपत्ति के बंटवारे से संबंधित केसों को भी मौके पर जाकर समाधान करने के निर्देश दिए व अन्य संबंधित मुद्दों पर आवश्यक दिशा-निर्देशन दिए गए।बुधवार को वित्त आयुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार डॉ. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव श्री यशपाल यादव एवं स्पेशल सचिव राजस्व और आपदा प्रबंधन हेमा शर्मा ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक करी। बैठक के दौरान पेपर लैस रजिस्ट्री, राजस्व विभाग के लंबित कार्य, पटवार सर्कल, अग्रिस्टैक, डिमार्केशन व अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा-निर्देशन दिए गए। इस दौरान राजस्व से जुड़े जिला के सभी अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।





# हरियाणा व दिल्ली के वांछित गैंगस्टर को अमेरिका से भारत लाई हरियाणा एसटीएफ

- दिल्ली-एनसीआर में करता था गिरोह का संचालन
- हत्या, लूट व फिरौती मांगने के दस मामले दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** हरियाणा पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने संगठित अपराध के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वांछित गैंगस्टर अमन भैंसवाल को संयुक्त राज्य अमेरिका से निर्वासित कर भारत वापस लाने में सफलता हासिल की है। यह वर्ष 2025 से अब तक एसटीएफ द्वारा किया गया छठा सफल निर्वासन तथा अमेरिका से किया गया दूसरा बड़ा ऑपरेशन है।

हरियाणा पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने बुधवार को जारी जानकारी में बताया कि इस ऑपरेशन की सफलता पर अपराधियों को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि हरियाणा में अपराध के लिए अब कोई सुरक्षित जगह नहीं बची है। उन्होंने कहा कि जो अपराधी यह सोचते हैं कि सीमाओं के बाहर जाकर या फर्जी पहचान बनाकर कानून से बच जाएंगे, वे यह समझ लें कि हरियाणा पुलिस की पकड़ से कोई नहीं बच सकता। अमन भैंसवाल हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में लंबे समय से फायरिंग, हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी और शस्त्र अधिनियम के मामलों में सक्रिय रहा है। वह स्वयं का गिरोह संचालित करता था और उसके नेटवर्क का प्रभाव सोनीपत, रोहतक, झज्जर से लेकर दिल्ली तक फैला हुआ था। उसके विरुद्ध हरियाणा और दिल्ली में कुल 10 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार घोषित अपराधी होने के बावजूद वह फर्जी पहचान के सहारे विदेश भागकर कानून से बचने की कोशिश करता रहा, लेकिन एसटीएफ निरंतर पीछा करने की नीति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर की गई समन्वित कार्रवाई के चलते उसकी यह चाल विफल हुई। अमन भैंसवाल का अमेरिका से निर्वासन एसटीएफ हरियाणा के अलावा भारतीय एजेंसियों, इंटरपोल, अमेरिकी सुरक्षा एजेंसियों और राज्य पुलिस के बीच स्थापित भरोसे, तकनीकी क्षमता और तीव्र सूचना-साझाकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**फर्जी पासपोर्ट और विदेश भागने की साजिश का खुलासा**

जांच में स्पष्ट हुआ कि उसने पूर्वी दिल्ली पते के आधार पर एक फर्जी पहचान बनाकर अवैध रूप से पासपोर्ट प्राप्त किया और 20 जून 2024 को इसी पासपोर्ट के माध्यम से कुवैत भाग गया, बाद में अमेरिका पहुंचा। इस धोखाधड़ी के संबंध में गोहाना में मामला दर्ज किया गया है।

# नेपाली युवक की संदिग्ध हालात में मौत, गले पर मिले रस्सी के निशान

- चाचा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 7 जनवरी।** ज़ीरकपुर में नेपाल से आकर नौकरी करने वाले एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के गले पर रस्सी के निशान मिलने के बाद पुलिस ने चाचा की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक की पहचान रमेश कुमार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में सेक्टर-17 पंचकूला में रह रहा था और मूल रूप से नेपाल का निवासी था। रमेश पेशे से लांगरी (रोटी बनाने वाला) था और चंडीगढ़, पंचकूला व ज़ीरकपुर के विभिन्न स्थानों पर काम करता रहा है।

मृतक के चाचा गगन सिंह, निवासी सेक्टर-14 पंचकूला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रमेश करीब एक साल पहले काम छोड़कर नेपाल चला गया था। इसके बाद वह 27 दिसंबर को वापस भारत लौटा और ज़ीरकपुर में अश्वनी नामक व्यक्ति के पास लांगरी का काम करने लगा। अश्वनी ने उसे आकृति कॉम्प्लेक्स में रहने के लिए कमरा भी उपलब्ध कराया था।

शिकायतकर्ता के अनुसार, गत मंगलवार को उसे फोन पर सूचना दी गई कि रमेश की मौत पित्त की थैली फटने से हुई है। सूचना मिलने के बाद गगन सिंह ज़ीरकपुर स्थित मेहर अस्पताल पहुंचे, जहां रमेश को मृत घोषित किया जा चुका था। जब उन्होंने शव की जांच की तो रमेश के गले पर रस्सी के स्पष्ट निशान पाए गए, जिससे गला दबाकर हत्या किए जाने की आशंका जताई गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने चाचा की शिकायत के आधार पर बी.एन.सी. की धारा 103 के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा जांच पूरी होने के बाद किया जाएगा।

## अर्थ प्रकाश की खबर का असर

# खबर के बाद हरकत में प्रशासन नाले से हटाया गया अवैध मलबा

- अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी से बहाल किया गया पानी का प्राकृतिक बहाव

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 7 जनवरी।** अर्थ प्रकाश में प्रकाशित खबर के असर से काठगढ़ गांव में बरसाती नाले को बंद करने की कोशिशों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। नगर परिषद ने मौके पर पहुंचकर कॉलोनाइजर द्वारा नाले में गिराई गई मिट्टी और मलबे को हटाने का काम शुरू करवा दिया है तथा अवैध रूप से चल रहे कार्य को तुरंत बंद करा दिया गया है। नगर परिषद अधिकारियों की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों के जरिए नाले को साफ किया जा रहा है, ताकि बरसाती पानी के प्राकृतिक बहाव को पूरी तरह बहाल किया जा सके। परिषद ने स्पष्ट किया है कि नाले या प्राकृतिक जल निकासी से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई पर काठगढ़ गांव के निवासियों ने संतोष जताया है। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते यह कदम न उठाया जाता तो आने वाले मानसून में गांव को भारी जलभराव और नुकसान झेलना पड़ सकता था। साथ ही काठगढ़ निवासियों ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने और प्रशासन तक आवाज पहुंचाने के लिए अखबार का विशेष रूप से धन्यवाद किया। ग्रामीणों का कहना है कि निष्पक्ष और जनहित में की गई पत्रकारिता के कारण ही प्रशासन हरकत में आया और नाले का काम रुकवाया जा सका।स्थानीय लोगों ने अर्थ प्रकाश समाचार पत्र एवं नगर परिषद जीरकपुर के अधिकारीयों का धन्यवाद भी किया।

# एमटेक के छात्र ने घर में फंदा लगाकर की जीवनलीला समाप्त

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एमटेक के छात्र ने घर में फंदा लगाकर की अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को फंदे से उतार कर सैक्टर 16 के अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिसकी पहचान 28 वर्षीय आकाश चौहान के रूप में हुई है।

वही मौके पर पहुंची ने पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-16 स्थित सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार आकाश चौहानी पंजाब विश्वविद्यालय कैंपस के भीतर बने सरकारी मकानों में अपनी मां के साथ रहता था। उसकी मां पीयू में सरकारी कर्मचारी के पद पर कार्यरत हैं। आकाश ने एमटेक की पढ़ाई की थी और पिछले कुछ समय से मानसिक तनाव में चल रहा था। बुधवार शाम को जब घर में वह अकेला था।तभी उसने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद उसकी बहन ने उसे आवाज लगाई। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में पहुंचने पर उसने आकाश को फंदे से लटका देखा।जिसके बाद परिवार में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर सेक्टर-16 अस्पताल पहुंचाया गया था। पुलिस मामले को लेकर हर एंगल से जांच पड़ताल में जुट गई है।

# ठंड में सहारे पर वार: अस्थायी रैन बसेरों को असामाजिक तत्वों ने बनाया निशाना

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 7 जनवरी।** तीन दिन पूर्व प्रमुखता से प्रकाशित खबर के बाद नगर परिषद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार शाम ज़ीरकपुर फ्लाईओवर के नीचे अस्थायी रूप से दो टेंट रैन बसेरा स्थापित किए थे। इन रैन बसेरों का उद्देश्य कड़ाके की ठंड के बीच बेसहारा और बेघर लोगों को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराना था। प्रत्येक टेंट में आठ लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई थी, जिसमें गद्दे, तकिए, कंबल सहित अन्य आवश्यक दैनिक उपयोग की सामग्री उपलब्ध करवाई गई थी। हालांकि, समाज के कुछ शरारती और असामाजिक तत्वों द्वारा इन अस्थायी रैन बसेरों को नुकसान पहुंचाए जाने की घटना सामने आई है। टेंटों को क्षतिग्रस्त करने के साथ-साथ वहां रखे कुछ आवश्यक सामान को भी नुकसान पहुंचाया गया, जिससे वहां ठहरे बेसहारा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जानकारी नगर परिषद के सैनिटरी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा द्वारा तुरंत कार्यकारी अधिकारी परविंदर भट्टी को दी गई। कार्यकारी अधिकारी परविंदर भट्टी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। नगर परिषद द्वारा रैन बसेरों की सुरक्षा को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने की बात कही गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। नगर परिषद के दोनों सैनिटरी इंस्पेक्टरों ने ज़ीरकपुर और ढकोली क्षेत्र में रह रहे बेसहारा, जरूरतमंद और बेघर लोगों से अपील की है कि नगर परिषद द्वारा रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# दिव्यांगजनों को शिक्षा, कौशल व रोजगार में समान अवसर देना सरकार की प्राथमिकता : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों में समान भागीदारी प्राप्त कर सकें और समाज की मुख्य धारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। इसी क्रम में 'दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना' लागू की गई है, जिसके तहत पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन इस योजना के दायरे से बाहर रखे गए हैं। सरकार का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके पुनर्वासन की एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करना है।

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान करने की योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दे रही है। इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में उल्लिखित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से प्रभावित व्यक्तियों के लिए संचालित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जा रहा है, जिससे दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की समुचित सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजनों को छोड़कर अन्य दिव्यांग वर्गों के लिए यह योजना प्रभावी रूप से लागू की जा रही है।

योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटरों की स्थापना, डे-केयर सेंटरों एवं प्री-प्राइमरी विद्यालयों का संचालन, प्राथमिक से हाईस्कूल स्तर तक विशेष विद्यालयों का संचालन, दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, पाठ्य सामग्री निर्माण, ब्रेल एवं सहायक उपकरणों की उपलब्धता तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों के संचालन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सहायता अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रारंभिक अवस्था से ही पहचान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

मंत्री ने बताया कि योगी सरकार की नीति है कि दिव्यांगजनों के पुनर्वासन में केवल सरकारी तंत्र ही नहीं, बल्कि अनुभवी और समर्पित स्वैच्छिक संस्थाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसी उद्देश्य से पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं के लिए पारदर्शी एवं तकनीक आधारित आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। केवल वही संस्थाएं योजना के अंतर्गत पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा दिव्यांगजनों के क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्षों का कार्यानुभव रखती हों।

उन्होंने यह भी कहा कि योजना के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों का परीक्षण जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, जिसके पश्चात निदेशालय स्तर पर स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सहायता केवल वास्तविक, सक्रिय एवं प्रभावी संस्थाओं को ही मिले और सरकारी धन का समुचित एवं परिणामोन्मुखी उपयोग हो सके। मंत्री ने बताया कि सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक स्वैच्छिक संस्थाएं आगे आकर दिव्यांगजनों के पुनर्वासन के इस अभियान में सहभागी बन सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ÷सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास÷ के संकल्प के साथ दिव्यांगजनों को सशक्त, शिक्षित और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

## राप्तीनगर में सीएम ग्रिड योजना के तहत बनी स्मार्ट सड़क का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राप्तीनगर में सीएम ग्रिड (चीफ मिनिस्टर ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) योजना के तहत राप्तीनगर में बनी स्मार्ट सड़क का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतरीन यूटिलिटी डक्ट से युक्त यह स्मार्ट सड़क नगर निगम की निश्चित आय का जरिया भी बनेगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त से इसके सभी पहलुओं, पार्किंग, बेंच, यूटिलिटी डक्ट, ग्रीनरी, बनाने की तकनीकी आदि की विस्तार से जानकारी ली। नगर आयुक्त ने बताया कि पहले चरण में यह स्मार्ट सड़क पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बनी है।

निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि स्मार्ट स?क में स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट के साथ ही यूटिलिटी डक्ट भी बनाया गया है। इससे पाइपलाइन डालने के लिए बार बार सड़क की खोदाई नहीं करनी पड़ेगी। यह स्मार्ट सड़क इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यूटिलिटी डक्ट नगर निगम के लिए निश्चित आय का आधार भी बनेगा। यूटिलिटी डक्ट का उपयोग जिन संस्थाओं द्वारा अपने कार्य के लिए पाइपलाइन (बिजली, गैस) आदि डालने के लिए किया जाएगा, वे नगर निगम को इसके लिए किराया देंगी। सीएम ग्रिड की स्मार्ट सड़क नगर निगम को सालाना दो करोड़ रुपये का आय कराने में सफल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यह स्मार्ट सड़क मॉडल रोड है। इससे नगर निकायों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सामूहिक प्रयास के अच्छे परिणाम सामने आते हैं। जब सबका सहयोग मिलता है तो महानगर, जनपद और प्रदेश विकास की बुलंदियों को छूता है। गोरखपुर में विकास इसी रूप में देखने को मिल रहा है।

## डोर टू डोर कूड़ा उठाने वालों का जोरदार प्रदर्शन, सम्मान और मेहनताना बढ़ोतरी की उठी आवाज



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

ढकोली। ढकोली क्षेत्र के मेपल अपार्टमेंट्स में आज उस समय तनाव की स्थिति बन गई, जब कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों को परिसर में प्रवेश न देने का मामला सामने आया। इस घटना के विरोध में कूड़ा उठाने वाली यूनियन ने रोष प्रदर्शन करते हुए स्थानीय लोगों और प्रबंधन के रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई। प्रदर्शन के दौरान यूनियन नेताओं और कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं खुलकर सामने रखीं। प्रदर्शन कर रहे कूड़ा कर्मचारियों ने कहा कि वे रोजाना घर-घर जाकर लोगों का कूड़ा उठाते हैं और इस दौरान गंभीर बीमारियों, संक्रमण और गंदगी का खतरा उठाते हैं। इसके बावजूद जब वे अपनी मेहनत के बदले मामूली सी बढ़ोतरी की मांग करते हैं, तो उन्हें अपमानित किया जाता है और बदतमीजी के आरोप लगाए जाते हैं, जो पूरी तरह गलत और अन्यायपूर्ण है।

यूनियन प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2023 से कूड़ा उठाने का शुल्क 150 मासिक लिया जा रहा है। उनका सवाल था कि तीन साल बाद यदि 50 की बढ़ोतरी की बात की जाती है तो क्या यह कोई गुनाह है। कर्मचारियों ने यह भी साफ किया कि वे किसी पर जबरदस्ती नहीं कर रहे हैं। यदि 50 की बढ़ोतरी लोगों को ज्यादा लगती है तो बातचीत के जरिए 30 जैसी कम बढ़ोतरी पर भी सहमति बन सकती है, लेकिन बिना संवाद के किसी कूड़ा कर्मचारी को अपमानित करना और गेट पर रोकना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कूड़ा कर्मचारियों ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कोई भी कर्मचारी बदतमीजी नहीं करता। केवल मेहनताना बढ़ाने की बात रखने से उन्हें बदतमीज कहना सरासर गलत है। उन्होंने कोरोना काल को याद करते हुए कहा कि उस मुश्किल समय में भी कूड़ा कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना पूरी ईमानदारी से सेवा दी। उस दौरान न तो किसी से अतिरिक्त पैसे मांगे गए और न ही सेवा में कोई कमी की गई, बल्कि ऐसे संकट के समय भी लोगों का नियमित रूप से कूड़ा उठाया गया।

प्रदर्शन में शामिल चंडीगढ़ और पंचकुला से आए यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कूड़ा कर्मचारियों को उनकी मेहनत का उचित मेहनताना और सम्मान नहीं दिया गया, तो यूनियन मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह लड़ाई केवल पैसों की नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकारों की भी है। इस मौके पर ज़ीरकपुर यूनियन चेयरमैन शमशेर सिंह, ज़ीरकपुर प्रधान टोनी बहोत, मोहाली प्रधान सुल्तान सिंह, जय मालिक सिंह, मांगे राम, चंडीगढ़ यूनियन चेयरमैन गीता शक्तिमान, नीलम, महेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी और कूड़ा कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि कूड़ा कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी जायज मांगों पर बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाए।

## सोशल मीडिया पर नफ़रत फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

# पॉज़िटिव आलोचना का स्वागत : नारा लोकेश

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी



अमरावती। राज्य के शिक्षा, आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री नारा लोकेश ने साफ़ कर दिया है कि सोशल मीडिया पर साजिश करने वाले नफ़रत भरे पोस्ट करने वालों के ख़िलाफ़ सख़्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मंत्री लोकेश ने सोशल मीडिया अकाउंटेबिलिटी और नागरिक सुरक्षा को मज़बूत करने के मुद्दे पर राज्य सचिवालय में हुई ग्रुप ऑफ़ मिनिस्टर्स की मीटिंग में हिस्सा लिया। इस मौके पर आईटी एक्ट 2000-सेफ़ हार्बर, ब्लॉकिंग पावर्स, आईटी रूल्स 2021 – कम्प्लायंस और ट्रेसेबिलिटी, डीपीडीपी एक्ट-2023 डेटा प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क, ज्यूडिशियल सेफ़गार्ड्स- फ्रेश स्पीच और प्राइवेसी पर चर्चा की गई। मंत्री लोकेश ने कहा हम सरकार के फ़ैसलों की पॉज़िटिव आलोचना का स्वागत करते हैं, हम जानबूझकर नफ़रत भरे कमेंट्स बर्दाश्त नहीं करेंगे। एआई-बेस्ड डीप फेक अश्लील कंटेंट पर रोक लगनी चाहिए, और सोशल मीडिया पर एक तय उम्र के आधार पर इजाज़त देने के नियम बनने चाहिए। हमें उन लोगों पर नज़र रखनी चाहिए जो महिलाओं के खिलाफ़ बेइज्ज़ती करने वाले और अश्लील पोस्ट करते हैं। हमारा मकसद लोगों के हित में रुकावट डालना नहीं है, लेकिन साथ ही, बोलने की आज़ादी के नाम पर ऑर्गनाइज़्ड तरीके से गलत पोस्ट किए जा रहे हैं। हम इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकार विपक्षी पार्टियों को धरना चौक जैसी जगहों पर विरोध करने का मौका देती है। पहले भी, ज्यूडिशियरी समेत कुछ लोगों को टारगेट करके अश्लील पोस्ट किए गए थे। हम विदेश में रहकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर खास नज़र रखेंगे। इसके लिए एक मज़बूत कानूनी ढांचा बनाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार ने जानबूझकर झूठी पोस्ट पर रोक लगाने के लिए सहयोग इंटीग्रेशन पोर्टल शुरू किया है। अगर किसी पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी के खिलाफ़ कोई पोस्ट किया जाता है, तो हम अपनी पार्टी के सदस्य को भी जेल भेज देंगे। हम उन लोगों के खिलाफ़ सख्त कार्रवाई करेंगे जो बदनाम करने वाले, पर्सनल कमेंट, खासकर महिलाओं के खिलाफ़ अश्लील पोस्ट करते हैं। सोशल मीडिया पर कंटेंट कुछ ही सेकंड में फैल रहा है। नतीजतन, इसका तुरंत असर होता है। विवाद तेजी से आम लोगों तक पहुंच रहा है। हमें उन लोगों पर नजर रखनी चाहिए जो जानबूझकर विवादास्पद टिप्पणियां करते हैं। हमें दूसरे राज्यों और दूसरे देशों में लागू कानूनों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया, ईयू और यूके में स्वतंत्र नियम लागू किए जा रहे हैं और भारी जुर्माना लगाया जा रहा है।

गृह मंत्री वंगलपुडी अनिता ने कहा सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में मामला दर्ज करने और आरोप पत्र पेश करने में समय लग रहा है। साइबर अपराध क्षमता बनाने की जरूरत है। एक महीने के भीतर आरोप पत्र तैयार करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। ऐसे लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट निलंबित करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त न्यायाधीशों और कानूनी विशेषज्ञों की राय पर विचार करके एक कानूनी ढांचा स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय समन्वय प्रकोष्ठ स्थापित किए जा रहे हैं। इस मीटिंग में रविकृष्णा ( आईजी, ईगल, इंचार्ज, साइबर क्राइम), कुमार, सीएच वेंकटेश्वरलू (डिप्टी सेक्रेटरी, लॉ डिपार्टमेंट), पी. किरण कुमार (जॉइंट डायरेक्टर, आईएंडपीआर), पी. जयाराव, चीफ जनरल मैनेजर (सोशल मीडिया और डिजिटल मीडिया, डिजिटल कॉर्पोरेशन), ओ. मधुसूदना (चीफ इन्फॉर्मेशन इंजीनियर, आईएण्डपीआर), प्रॉसिक्यूशन डायरेक्टर रामकोटेश्वर राव और अन्य लोग शामिल हुए।

## आप नेता आतिशी के आपत्तिजनक बयानों पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा कमेटी का कड़ा विरोध



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने बताया कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से मुलाकात कर आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी द्वारा दिए गए असंवेदनशील एवं आपत्तिजनक बयानों के मुद्दे को गंभीरता से उठाया। सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि जब पूरा देश धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले धर्म दी चादर श्री गुरु तेग़ बहादुर साहिब जी की शहादत को श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण कर रहा है, ऐसे समय में इस प्रकार की टिप्पणियां करना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि यह गुरु साहिब के प्रति घोर अनादर का परिचायक है, जिससे सिख संगत की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है।

उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करती है, ताकि भविष्य में कोई भी गुरु साहिबानों और धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का साहस न कर सके।

## जनसेना नेता वाईएसआरसीपी में हुए शामिल



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

ताडेपल्ली। राज्य के राजनीति में एक बड़े बदलाव, एलुरु जिले के जनसेना नेता ताडेपल्ली के सेंट्रल ऑफिस में ऑफिशियली वाईएसआरसीपी पार्टी में शामिल हो गए। जॉइनिंग सेरेमनी पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रेसिडेंट वाईएस जगन मोहन रेड्डी की मौजूदगी में हुई। जिन खास नेताओं ने पार्टी बदली, उनमें एलुरु जिले के चिंतलपुडी विधानसभा क्षेत्र से बंडारू गंगा सुरेश और अनेम सुभाष के साथ-साथ वेस्ट गोदावरी जिले के पलाकोल्लू विधानसभा क्षेत्र से जड्डू दामोदर शामिल हैं।

इस इवेंट में वाईएसआरसीपी के सीनियर पदाधिकारी शामिल हुए, जिनमें एलुरु जिले के वाईएसआरसीपी प्रेसिडेंट दुलम नागेश्वर राव, चिंतलपुडी वाईएसआरसीपी इंचार्ज कंभम विजयराजू, मछलीपट्टनम पार्लियामेंट ऑब्जर्वर जेट्टी गुरुनाधा राव और जंगारेड्डीगुडेम वाईएसआरसीपी लीडर बीवीआर चौधर शामिल थे।

## ज़ीरकपुर में ढाबे पर अवैध शराब पिलाने का खुलासा, मालिक गिरफ्तार

आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। आबकारी विभाग और ज़ीरकपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बलटाना मछली मार्केट क्षेत्र में एक ढाबे पर अवैध रूप से शराब पिलाने का मामला सामने आया है। इस मामले में ढाबा मालिक को काबू कर उसके खिलाफ एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह, सर्कल ज़ीरकपुर ने बताया कि 7 जनवरी 2026 को शाम करीब 6 बजे वह पुलिस स्टाफ के साथ शराब तस्करी और बिना अनुमति शराब परोसने वाले स्थानों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान बलटाना फर्नीचर रोड स्थित प्रीत पैलेस मार्केट में एक ढाबे पर कुछ लोग शराब पीते हुए पाए गए। पुलिस टीम को देखकर मौके पर मौजूद लोग भाग निकले।

जांच के दौरान ढाबे की एक टेबल से रॉयल जनरल ब्रांड की खुली अधिया बोतल, जो केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए अधिकृत है, बरामद की गई। इसके अलावा ओल्ड मोंक रम का एक सील बंद पव्वा, रॉयल स्टैग की एक खाली बोतल, एक पानी का जग और दो प्लास्टिक के गिलास, जिनमें शराब मौजूद थी, भी बरामद किए गए। ढाबा संचालक ने अपना नाम चंनण सिंह पुत्र गंगा सिंह, निवासी सेक्टर-19, पंचकूला बताया। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि ढाबे पर बिना किसी वैध अनुमति के शराब पिलाई जा रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस चौकी बलटाना से पवन कुमार, कुलदीप सिंह और मनजीत सिंह मौके पर पहुंचे। आबकारी निरीक्षक द्वारा दी गई लिखित शिकायत और बरामद शराब के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 68/1/14 एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की सूचना संबंधित मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब कारोबार और बिना लाइसेंस शराब परोसने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## श्याम स्टील ने हरमनप्रीत कौर को बनाया ब्रांड एंबेसडर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत की अग्रणी प्राइमरी टीएमटी बार निर्माता कंपनियों में शामिल श्याम स्टील ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस साझेदारी के जरिए श्याम स्टील ने अपने प्रोग्रेसिव और इनक्लूसिव ब्रांड विजन को और मजबूती दी है।

कंपनी का मानना है कि आज के समय में स्ट्रेंथ केवल मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सही सोच, जिम्मेदारी और समावेशिता भी शामिल है। श्याम स्टील की कोर फिलॉसफी 'मकसद तो है इंडिया को बनाना हमेशा के लिए स्ट्रॉन्ग' के अनुरूप यह एसोसिएशन महिलाओं की बढ़ती भूमिका को भी रेखांकित करती है, जो घर निर्माण और कंस्ट्रक्शन से जुड़े अहम फैसलों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर श्याम स्टील के डायरेक्टर ललित बेरीवाला ने कहा कि हरमनप्रीत कौर का नेतृत्व, अनुशासन और दृढ़ निश्चय श्याम स्टील के मूल्यों से पूरी तरह मेल खाता है। मैदान के भीतर और बाहर उनकी लीडरशिप ब्रांड की परपज़-ड्रिवन स्ट्रेंथ को दर्शाती है।

## 2047 तक हर नागरिक को बीमा कवरेज देने की दिशा में आंध्र प्रदेश सरकार के प्रयास तेज : मुख्य सचिव

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी



अमरावती। राज्य के मुख्य सचिव के. विजयानंद ने कहा कि भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण 2047 तक राज्य के हर नागरिक को बीमा कवरेज देने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। बुधवार को राज्य सचिवालय में उनकी अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बीमा समिति की बैठक हुई। समिति ने राज्य के दूरदराज के इलाकों तक बीमा कवरेज पहुंचाने और यह सुनिश्चित करने के लिए अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर चर्चा की कि इसका लाभ आम लोगों तक पहुंचे। इसी तरह, समिति ने जीवन बीमा, फसल बीमा, मोटर और स्वास्थ्य बीमा से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए क्षेत्र-विशिष्ट उप-समितियों के गठन की सिफारिश की। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, प्रमुख बीमा कंपनियों ने पहले चरण में लगभग 5,000 ग्राम पंचायतों को गोद लिया है। इस अवसर पर, मुख्य सचिव ने कहा कि 2047 तक देश के हर नागरिक को बीमा कवरेज प्रदान करने के आईआरडीएआई के लक्ष्य के अनुरूप, एसईआरपी, एमईपीएमए, स्वर्ण ग्राम, वार्ड डिवीजनों, साथ ही श्रम, परिवहन, स्वास्थ्य, आदि विभागों को अपने दायरे में आने वाले लोगों के बीच जागरूकता पैदा करनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी को बीमा कवरेज मिले।

मुख्य सचिव विजयानंद ने समिति को राज्य और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कई बैठकें करने का निर्देश दिया ताकि उनके बीच पर्याप्त जागरूकता पैदा की जा सके और उनके सहयोग से इस कार्यक्रम को पूरी तरह सफल बनाने के लिए उचित उपाय किए जा सकें। मुख्य सचिव ने वित्त विभाग के अधिकारियों को, जो राज्य स्तर पर इस कार्यक्रम की देखरेख कर रहे हैं, सभी विभागीय सचिवों और जिला कलेक्टरों को तुरंत उचित आदेश जारी करने का निर्देश दिया ताकि जनता के बीच बीमा की आवश्यकता के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा की जा सके। इसके अलावा, मुख्य सचिव विजयानंद ने सभी विभागों के अधिकारियों को राज्य स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक जनता के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए उचित उपाय करने का निर्देश दिया।

राज्य स्तरीय बीमा समिति को एक त्रिपक्षीय संस्थागत तंत्र के रूप में स्थापित किया गया है जिसमें नियामक निकाय (आईआरडीएआई), राज्य सरकार और बीमा कंपनियां शामिल हैं। इसका उद्देश्य बैंकिंग क्षेत्र में एसएलबीसी की भूमिका के समान बीमा क्षेत्र में उच्चतम मानक स्थापित करना है। यह समिति पूरे राज्य में बीमा कवरेज का आकलन करेगी और आईआरडीएआई के '2047 तक सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य के अनुरूप बीमा पैठ को और बढ़ाने के उपायों की सिफारिश करेगी। आईआरडीएआई द्वारा आंध्र प्रदेश के लिए नियुक्त तीन लीड इंश्योरेंस कंपनियाँ पीएनबी मेटलाइफ, स्टार हेल्थ और यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी हैं। ये कंपनियाँ इंश्योरेंस के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स को सुलभ बनाने के उपायों को बढ़ावा देंगी। समिति ने जीवन बीमा, फसल बीमा, मोटर और स्वास्थ्य बीमा से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए सेक्टर-विशिष्ट उप-समितियों के गठन की सिफारिश की। लीड इंश्योरेंस कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता पैदा करने और स्थानीय जरूरतों के अनुसार इनोवेटिव इंश्योरेंस प्रोडक्ट्स डिजाइन करने के लिए अन्य इंश्योरेंस कंपनियों के साथ काम करेंगी।


बैठक में उप सचिव वित्त सूरज धनंजय, आईआरडीएआई डीजीएम पार्थसारथी, यूनिवर्सल सोम्पो निकस डेका हेड एस. राजेश, एसएमई इंश्योरेंस इंक्लूजन और स्टार हेल्थ बिजनेस हेड केबीबी श्रीनिवास और सागर पाला, पीएनबी मेटलाइफ क्लस्टर मैनेजर सिद्धार्थ और श्रीनिवास राव, एसएलबीसी मुख्य प्रबंधक जी. लक्ष्मीनारायण और अन्य उपस्थित थे। इसी तरह विशेष मुख्य सचिव सेवाएँ एस.एस. रावत, प्रधान सचिव एमएयूडी सुरेश कुमार, गृह प्रधान सचिव कुमार विश्वजीत, सीईओ एमएसएमई विश्व और अन्य अधिकारियों ने वर्चुअली भाग लिया।

# 'आप' ने 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के दूसरे चरण की शुरुआत की, पंजाब भर में नशे के खिलाफ जंग हुई तेज

**1 मार्च से अब तक नशे के 30,000 से अधिक मामले दर्ज, 43,000 गिरफ्तार, सजा की दर रिकॉर्ड 87-88 प्रतिशत तक पहुंची: बलतेज पन्नू**

**कहा-'पिंड दे पहरेदार' नशे के विरुद्ध जंग के दूसरे चरण में पंजाब के अग्रणी योद्धाओं के रूप में उभरे, 1.5 लाख वॉलंटियर्स की फौज तैयार**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फगवाड़ा, 7 जनवरी।** नशे के विरुद्ध पंजाब के निर्णायक अभियान के एक नए और अधिक आक्रामक चरण में प्रवेश करने के साथ, आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार ने बुधवार को औपचारिक रूप से 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के दूसरे चरण की शुरुआत की। इस बार मुख्य ध्यान बड़े स्तर पर कानूनी कार्रवाई से हटकर सामुदायिक निगरानी और जीरो टॉलरेंस पर केंद्रित किया गया है। पहले चरण के परिणामों को आगे बढ़ाते हुए, जिसमें 30,000 से अधिक नशे के मामले दर्ज किए गए, 43,000 से अधिक गिरफ्तारियां हुई और सजा की दर लगभग 87-88 प्रतिशत रही, अब नए अभियान का उद्देश्य गांवों और मोहल्लों को इस लड़ाई के केंद्र में रखकर नशा तस्करों पर शिकंजा कसना है।

लगभग 1.5 लाख वॉलंटियर्स की बढ़ती फौज 'पिंड दे पहरेदार' की शुरुआत और सीधी एवं गुप्त रिपोर्टिंग के लिए एक समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन इस अभियान के अगले स्तर का संकेत है। यह स्पष्ट करता है कि पंजाब की नशे के विरुद्ध जंग अब एक जन आंदोलन बन चुकी है, जहाँ नागरिक अब मूक दर्शक नहीं बल्कि खुद नेतृत्व कर रहे हैं। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए 'आप' पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा शुरू किया गया नशा विरोधी अभियान केवल सरकारी पहल नहीं है, बल्कि पंजाब के माथे से नशे का कलंक स्थायी रूप से मिटाने के लिए एक जन आंदोलन है। उन्होंने कहा कि यह अभियान औपचारिक रूप से 1 मार्च 2025 को हर स्तर पर और बिना किसी समझौते के नशे के खिलाफ जंग लड़ने के दृढ़ संकल्प के साथ शुरू किया गया था। 'आप' पंजाब के मीडिया प्रभारी ने बताया कि नशे के खिलाफ लड़ाई 1 मार्च 2025 को शुरू की गई थी।

पंजाब को पहले पांच ज़ोन में बांटा गया, उसके बाद ज़ोन प्रमुखों की नियुक्ति, जिला स्तरीय टीमें, वार्ड स्तरीय पहुँच और अंत में 'नशा मुक्ति मोर्चा' के सक्रिय सहयोग से घर-घर और गांव स्तर तक लामबंदी की गई। हमने हर गांव, हर वार्ड और हर मोहल्ले तक पहुँच बनाई है।

अभियान के ठोस आंकड़े साझा करते हुए बलतेज पन्नू ने बताया कि 1 मार्च से 5 जनवरी के बीच पंजाब पुलिस ने नशे से संबंधित 30,104 मामले दर्ज किए और 43,437 आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस ने 1,886 किलो हेरोइन, 0.266 किलो स्मैक, 603 किलो अफीम और 27,374 किलो चूरा पोस्त बरामद किया है। उन्होंने कहा कि ये कोई खोखले दावे नहीं बल्कि योजनाबद्ध कार्रवाई के ठोस परिणाम हैं। अभियान के प्रभाव पर रोशनी डालते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि नशे से संबंधित मामलों में पंजाब में सजा की दर अब लगभग 87-88 प्रतिशत तक पहुँच गई है, जो राज्य में अब तक की सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि पहले ऐसी सजा दर की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

पहले चरण के बारे में बताते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि इसका ध्यान न केवल सख्त कार्रवाई पर था, बल्कि सामाजिक व्यवहार को बदलने पर भी था। अंत में बलतेज पन्नू ने कहा कि सरकार और लोग मिलकर पंजाब से नशा तस्करी को खत्म करने के लिए दृढ़ हैं। उन्होंने कहा कि हम ऐसा माहौल बना रहे हैं जहाँ नशा तस्कर उसी तरह खत्म हो जाएंगे, जैसे सालों पहले डायनासोर खत्म हो गए थे। यह लोगों की जंग है, और हम मिलकर पंजाब को पूरी तरह नशा मुक्त बनाएंगे।

### पुनर्वास के नए मॉडल पेश किए गए

उन्होंने आगे कहा कि पुनर्वास के नए मॉडल पेश किए गए हैं। फतेहगढ़ साहिब के एक पायलट प्रोजेक्ट का हवाला देते हुए पन्नू ने बताया कि आई.टी.आई. इंस्ट्रक्टर्स को सीधे नशा मुक्ति केंद्रों में लाया गया। उन्होंने कहा कि जिन्होंने नशा पूरी तरह छोड़ दिया, उन्हें कौशल प्रशिक्षण और नौकरियों से जोड़ा गया ताकि वे दोबारा नशे के दलदल में न फंसें। नशा विरोधी अभियान के दूसरे चरण के आगाज की घोषणा करते हुए बलतेज पन्नू ने बताया कि आज लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में इसकी शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि दूसरा चरण सामुदायिक सतर्कता और नशा तस्करी के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर केंद्रित होगा। बलतेज पन्नू ने कहा कि दूसरे चरण के तहत 'पिंड दे पहरेदार' नाम की ग्राम रक्षा समितियां निर्णायक भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि आज सवा लाख से डेढ़ लाख के करीब लोग पहले ही 'पिंड दे पहरेदार' के रूप में जुड़ चुके हैं, जो इस लहर में जन-भागीदारी की ताकत को दर्शाता है। बलतेज पन्नू ने बताया कि 'आप' ने एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन भी लॉन्च की है जो केवल पंजीकृत 'पिंड दे पहरेदारों' के लिए उपलब्ध होगी। इस ऐप के माध्यम से, वे नशा बेचने वालों के बारे में नाम, स्थान, पता या संपर्क विवरण सहित जानकारी गुप्त रूप से दे सकते हैं। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी।

# पिछले कुछ महीनों में 1000 से अधिक कर्मचारियों को किया गया नियमित: लाल चंद कटारूचक

**वन एवं वन्यजीव सुरक्षा मंत्री ने फॉरेस्ट वर्कर्स यूनियन से की मुलाकात**

**मज़दूरों के हितों की सुरक्षा राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** वन एवं वन्यजीव सुरक्षा विभाग ने पिछले 7 महीनों के दौरान 1000 से अधिक कर्मचारियों की सेवाएँ नियमित की हैं तथा वर्ष 2023 में बनाई गई नीति के तहत 10 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके 519 अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों-जो आयु और शैक्षणिक योग्यता की शर्तें पूरी नहीं करते-को नियमित करने का प्रस्ताव वित्त, कार्मिक और कानूनी सलाहकार विभाग को भेजा गया है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दूरदर्शी नेतृत्व से प्रेरणा लेते हुए वन विभाग अपने कर्मचारियों को लाभ पहुँचाने के लिए हर संभव कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह जानकारी आज वन एवं वन्यजीव सुरक्षा मंत्री लाल चंद कटारूचक ने वन परिसर में फॉरेस्ट वर्कर्स यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान दी।

यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा पिछले वर्ष 30 जुलाई को नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के वेतन जारी करने की माँग के संबंध में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि इस संबंध में एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (आई.एस.आर.एम.एस.) की आईडी अपडेट कर दी गई हैं और शीघ्र ही वेतन जारी कर दिए जाएंगे। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कर्मचारियों को समय पर भुगतान और वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की वित्तीय हानि न उठानी पड़े।

मंत्री ने यूनियन की अन्य माँगों को भी गंभीरता और धैर्यपूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया कि विभागीय कर्मचारियों के हितों की रक्षा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि कर्मचारी विभाग का अभिन्न अंग हैं।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में वन एवं वन्यजीव सुरक्षा विभाग के सचिव प्रियांक भारती, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख) धर्मेंद्र शर्मा तथा मुख्य वन संरक्षक (मैदानी क्षेत्र) निधि श्रीवास्तव शामिल।

# 11 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से बनेंगी बनूड़ इलाके की लिंक सड़कें: चेयरमैन चंदुआ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 7 जनवरी।** पंजाब सरकार राज्य में नई लिंक सड़कें बनाने और पुरानी सड़कों की मरम्मत के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रही है। इस योजना के तहत, मार्केट कमेटी बनूड़ के तहत आने वाले गांवों की लिंक सड़कों को 11 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से रेनोवेट किया जाएगा और दो नई लिंक सड़कें बनाई जाएंगी। यह जानकारी मार्केट कमेटी बनूड़ के चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ ने मार्केट कमेटी बनूड़ में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी। उन्होंने कहा कि गांव खानपुर बांगर से मिढ़े माजरा तक की सड़क, थूहा से कालो माजरा तक की सड़क, गोबिंदगढ़ डेरा से शामपुर तक की सड़क, मछली कला से झंजेरी तक की लिंक सड़क, छड़बड से चोई साहिब तक की सड़क, पत्तों से पवाला तक की सड़क, मानकपुर से गदाना तक की सड़क को रेनोवेट किया जाएगा। वहीं, बासमा से तेपला और राजगढ़ से तेपला जाने वाली दो नई लिंक रोड बनाई जाएंगी। चेयरमैन चंदुआ ने कहा कि इन सभी लिंक रोड की मरम्मत और बनाने का काम 11 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा, जिसे मंडी बोर्ड ने मंजूरी दे दी है और इनका काम 31 मार्च 2026 तक पूरा हो जाएगा। इस मौके पर चेयरमैन जसवीर सिंह चंदुआ के अलावा मार्केट कमेटी के अधिकारी भी मौजूद थे।

# समाजसेवी रिकी शर्मा साथियों समेत कांग्रेस में शामिल

**कोविड काल में सेवा से बनी पहचान, वार्ड 19 (अब 15) में जनसमर्थन तेज**

अर्थ प्रकाश/केवल कृष्ण



**खन्ना, 7 जनवरी।** पूर्व मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली की अगुवाई में कोरोना महामारी के दौरान समाजसेवा के लिए चर्चित रहे वार्ड नंबर 19 (अब 15) के समाजसेवी रिकी शर्मा अपने साथियों सहित कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री गुरकीरत सिंह कोटली ने रिकी शर्मा का कांग्रेस में स्वागत किया और उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान देने का आश्वासन दिया।

गुरकीरत सिंह कोटली ने कहा कि रिकी शर्मा ने समाजसेवा के क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है। विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के कठिन दौर में उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर जरूरतमंदों की जिस तरह निस्वार्थ सेवा की, वह पूरे शहर के लिए मिसाल है। उन्होंने कहा कि ऐसे जमीन से जुड़े समाजसेवियों के कांग्रेस में आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और आम जनता से पार्टी का रिश्ता और सशक्त होगा।

कोटली ने कहा कि कोरोना काल के दौरान जब सामान्य जनजीवन पूरी तरह ठप हो गया था और लोग घरों में कैद थे, उस समय रिकी शर्मा ने बिना किसी राजनीतिक पद या सरकारी सहायता के लोगों तक राशन, सब्जियां, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाया। इस कठिन समय में उनकी टीम ने लगातार सेवा कार्य जारी रखे और सैकड़ों परिवारों को राहत प्रदान की।

वार्ड नंबर 19 (अब 15) के लोगों ने रिकी शर्मा को अपना नेता मानते हुए उन्हें आगे बढ़ाने का समर्थन देना शुरू कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लॉकडाउन के दौरान जब जरूरत की वस्तुएं मिलना भी मुश्किल हो गया था, उस समय रिकी शर्मा हर जरूरतमंद के लिए सहारा बनकर सामने आए। कई परिवार ऐसे थे जिनकी रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी नहीं हो पा रही थीं, लेकिन रिकी शर्मा ने बिना भेदभाव सभी की मदद की।

स्थानीय लोगों ने बताया कि रिकी शर्मा की सेवा भावना से प्रभावित होकर उन्होंने उन्हें अपना 'सेनापति' मान लिया है। लोगों को भरोसा है कि वे भविष्य में भी उसी ईमानदारी और समर्पण के साथ जनसेवा करते रहेंगे जैसा उन्होंने संकट के समय किया था।

वार्डवासियों का कहना है कि उन्हें ऐसा नेता चाहिए जो केवल चुनाव के समय नहीं, बल्कि हर सुख-दुख में जनता के साथ खड़ा रहे। रिकी शर्मा न केवल सेवा भाव से जुड़े हैं, बल्कि आर्थिक रूप से भी सक्षम हैं, जिससे वे बिना किसी दबाव के जरूरतमंदों की सहायता कर पाते हैं। लोगों ने यह भी कहा कि यदि रिकी शर्मा आगामी नगर कौंसिल चुनाव में वार्ड नंबर 19 (अब 15) से चुनाव लड़ने का निर्णय लेते हैं, तो पूरा वार्ड उनके साथ मजबूती से खड़ा होगा। उनके पास समय, अनुभव और जनता की समस्याओं को समझने व उनका समाधान करने की क्षमता है, जो उन्हें एक मजबूत और विश्वसनीय जनप्रतिनिधि बनाती है।

# बेगमपुरा टाइगर फोर्स ने विकसित भारत जी राम जी के विरोध में प्रधानमंत्री को भेजा मेमोरेंडम

**केंद्र सरकार ने ऐससी समुदाय को रोजगार देने वाली मनरेगा स्कीम की अहमियत ही खत्म करदी: हैप्पी, बंटी, बिट्टू**

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 7 जनवरी।** बेगमपुरा टाइगर फोर्स के नेशनल चेयरमैन तरसेम दीवाना और नेशनल प्रेसिडेंट धर्मपाल साहनेवाल के निर्देशानुसार, बेगमपुरा टाइगर फोर्स के पदाधिकारियों ने विकसित भारत जी राम जी एक्ट के खिलाफ डिप्टी कमिश्नर होशियारपुर के जरिए भारत के प्रधानमंत्री को मेमोरेंडम भेजा। इस बारे में जानकारी देते हुए नेताओं ने कहा कि मनरेगा स्कीम से देश के ग्रामीण मजदूरों की जिंदगी में कुछ सुधार आया था। लेकिन भारत सरकार ने हाल ही में मनरेगा स्कीम का नाम बदलकर 'विकसित भारत जी राम जी' कर दिया है।

'बेगमपुरा टाइगर फोर्स इस दलित विरोधी और मजदूर विरोधी स्कीम का कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा स्कीम गांव के मजदूरों के लिए रोजगार की उम्मीद की किरण थी, जिसे केंद्र सरकार ने नई स्कीम 'विकसित भारत जी राम जी' से खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने न सिर्फ मनरेगा स्कीम का नाम बदला है, बल्कि गांव के दलितों और गरीबों को रोजगार देने में मनरेगा स्कीम की अहमियत भी खत्म कर दी है, जिसे लेकर देश भर के करोड़ों मजदूरों के मन में गुस्सा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा स्कीम का नाम 'विकसित भारत जी राम जी' रखकर बीजेपी की केंद्र सरकार ने आरएसएस के हिंदू सांप्रदायिक प्लान को लागू करने की कोशिश की है। नई स्कीम का नाम भगवान राम के नाम पर रखकर बीजेपी ने धर्म के जरिए राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश की है। जिसे भारत की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस स्कीम के जरिए पूरे भारत पर मोनोपॉली करना चाहती है, क्योंकि मनरेगा स्कीम में गांव की पंचायतें लोकल जरूरतों के हिसाब से होने वाले काम की प्लानिंग करती थीं, लेकिन अब नई स्कीम में केंद्र सरकार गांवों में होने वाले काम तय करेगी।

उन्होंने कहा कि मनरेगा स्कीम में पहले केंद्र सरकार 90 परसेंट और राज्य सरकारें 10 परसेंट देती थीं। लेकिन अब नई स्कीम में केंद्र सरकार 60 परसेंट देगी और राज्य सरकारों को 40 परसेंट देना होगा, जो सिर्फ राज्य सरकारों का मामला नहीं है, क्योंकि केंद्र सरकार ने पहले ही फाइनेंशियल रिसोर्स पर कंट्रोल कर रखा है और राज्य सरकारें कर्ज के बोझ तले दबी हुई हैं।

उन्होंने कहा कि इस नई स्कीम में केंद्र सरकार ने गांव के मजदूरों को स्मार्ट बनाने के लिए काम के दिनों की संख्या 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी है, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं होगा, क्योंकि इन राज्य सरकारों के पास इस प्रोजेक्ट के लिए फाइनेंशियल रिसोर्स नहीं हैं। जिन दिनों राज्य सरकारें गांव के मजदूरों को काम नहीं देंगी, उन दिनों का बेरोजगारी भत्ता देना होगा, जो राज्य सरकारें नहीं दे सकतीं। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार 'विकसित भारत जी राम जी' स्कीम को खत्म करे और पुरानी मनरेगा स्कीम को तुरंत लागू करे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ने मनरेगा स्कीम को तुरंत लागू नहीं किया तो संगठन बड़े पैमाने पर संघर्ष शुरू करेगा, जिसकी ज़िम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।

इस मौके पर बिट्टू शेरगढ़, बंटी हरियाणा, गुरदीप रिहाना काला, कुलवंत हरियाणा काला, सतीश कुमार, रवि, मनी, निक्कू सुंदर नगर, खुशदीप, मोहित शेरगढ़, मोहित बिरदी, हेमंत बिरदी, गुरदीप बिरदी, भोला शेरगढ़, राम मूर्ति शेरपुर, गुरपाल सिंह असलामाबाद, मनजीत सिंह दशमेश नगर वगैरह मौजूद थे।

# पूर्व नगर काउंसिल अध्यक्ष रणजीत सिंह रेड्डी के पिता का निधन, 18 जनवरी को अंतिम अरदास

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 7 जनवरी।** नगर काउंसिल डेराबस्सी के पूर्व अध्यक्ष रणजीत सिंह रेड्डी के पिता सरदार गुरबचन सिंह (76), निवासी गांव कारकौर, का 6 जनवरी को संक्षिप्त बीमारी के बाद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 7 जनवरी को बैनिपाल फार्म, गांव कारकौर में किया गया। अंतिम संस्कार के अवसर पर बड़ी संख्या में धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों के साथ-साथ रिश्तेदार उपस्थित रहे।

स्वर्गीय सरदार गुरबचन सिंह की अंतिम अरदास 18 जनवरी को उनके पैतृक गांव कारकौर के गुरुद्वारा साहिब में दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक होगी।

स्वर्गीय गुरबचन सिंह सरल स्वभाव, मिलनसार और जनसेवा को समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने गांव के सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य और मार्केट कमेटी के सदस्य के रूप में सेवाएं निभाई। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने हमेशा गांव व क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास किए और जनकल्याण को प्राथमिकता दी।

वे अपने पीछे दो पुत्र-बड़े पुत्र रणजीत सिंह रेड्डी और छोटे पुत्र मलकीत सिंह-तथा एक पुत्री छोड़ गए हैं। उनके सभी बच्चे विवाहित हैं। उनके निधन से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि सरदार गुरबचन सिंह के बड़े भाई सरदार हरनेक सिंह घड़ूआं पंजाब सरकार में मंत्री रह चुके हैं, जिससे परिवार की राजनीतिक और सामाजिक पहचान मजबूत रही है। रणजीत सिंह रेड्डी ने नगर काउंसिल डेराबस्सी के अध्यक्ष रहते हुए शहर में अपनी सशक्त पहचान बनाकर अपने पिता का नाम रोशन किया।

उनके आकस्मिक निधन पर पूर्व मंत्री हरनेक सिंह घड़ूआं, कांग्रेस पार्टी के हल्का इंचार्ज दीपइंदर सिंह ढिल्लों, डेराबस्सी हलके से वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव खन्ना, नगर काउंसिल लालड़ू के पूर्व अध्यक्ष मुकेश राणा, पूर्व इंस्पेक्टर महिंदर सिंह, कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बलिहार सिंह बली, सीपीआई(एम) जिला सचिव अत्री चंद्रपाल अत्री, बार एसोसिएशन डेराबस्सी के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह दप्पर, पूर्व सरपंच बसंत सिंह, प्रेस क्लब डेराबस्सी सहित अनेक राजनीतिक व सामाजिक प्रतिनिधियों ने गहरा दुख व्यक्त किया।

# आप की राजनीति में न शहादत का सम्मान, न गुरुओं की मर्यादा: निपुण शर्मा

अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना



**होशियारपुर, 7 जनवरी।** दिल्ली विधानसभा में 6 जनवरी को श्री गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत दिवस पर चर्चा सत्र में होनी थी।लेकिन दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और आप विधायकों ने जिस तरह से इस पवित्र विषय को अपमानित किया है। उसके विरोध में भाजपा जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा ने विधानसभा समर्पित सत्र की मर्यादा भंग करने पर आम आदमी पार्टी की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी के बयान की कड़ी निंदा की है।

जिलाध्यक्ष निपुण शर्मा ने कहा कि शहादत को समर्पित सत्र का उद्देश्य सिख धर्म के नौवें गुरु श्री तेग बहादुर जी के त्याग व बलिदान को श्रद्धांजलि देना था और ऐसे पावन अवसर पर किसी भी प्रकार की भद्दी, अपमानजनक या विवादास्पद शब्दावली न केवल विधानसभा की गरिमा को ठेस पहुँचाती है, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं और देशवासियों की भावनाओं का भी अपमान है।

उन्होंने कहा, 'गुरुओं और महापुरुषों का सम्मान हमारे सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों की आधारशिला है।

# नगर परिषद ने सड़क को डंपिंग ग्राउंड बनाया, शहर भड़का, महिलाएं सड़कों पर, हाईवे जाम, प्रशासन घुटनों पर

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 7 जनवरी।** बुधवार सुबह नगर परिषद ने जगराओं के सब्र की आखिरी दीवार तोड़ दी। डंपिंग प्वाइंट न होने की आड़ में नगर परिषद कर्मियों ने रानी झांसी चौक की मेन रोड पर सरेआम कूड़ा पटक दिया। यह कोई गलती नहीं, बल्कि जनता के मुंह पर फेंकी गई तानाशाही थी। जिसका नतीजाये हुआ कि पूरा शहर सुलग उठा। जैसे ही दुकानदारों ने सड़क पर कूड़ा फेंकने का विरोध किया, नगर परिषद कर्मी कूड़ा डालकर बेखौफ भाग निकले। इसके बाद हालात विस्फोटक हो गए। व्यापारियों ने दुकानों के शटर गिरा दिए, शहर के रास्ते बंद कर दिए और आप विधायक व सरकार के खिलाफ नारे आसमान चीरने लगे। वही धरने की सूचना मिलते ही पूर्व प्रधान जतिंदर पाल राणा और राजू कामरेड मौके पर धरने में शामिल होने पहुंचे। उन्हें धरने पर बैठा देख कुछ ही पलों में सैकड़ों लोग धरने में डट गए। प्रशासन पूरी तरह नियंत्रण खो बैठा। असली आग तब लगी जब घरों के सामने कूड़े के ढेर देख महिलाएं सड़कों पर फट पड़ीं। यह जगराओं के इतिहास में पहली बार था जब महिलाएं घरों से निकलकर बरनाला-जालंधर नेशनल हाईवे पर बैठ गईं। हाईवे ठप, वाहन कतारों में, शहर जाम और प्रशासन हक्का-बक्का हो गया।

महिलाओं का गुस्सा इतना तीखा था कि नगर परिषद अधिकारी, आप नेता और पूरा सिस्टम निशाने पर आ गया। नारे सिर्फ विरोध नहीं थे, बल्कि खुले ऐलान-ए-बगावत थे। पुलिस हालात काबू करने आई, लेकिन जनता के उबाल के सामने पुलिस की सारी तैयारी ढह गई। जब आला अधिकारी भाषण देने आगे बढ़े, तो महिलाओं ने सीधी चेतावनी दे डाली अब एक शब्द भी नहीं सुनेंगे, हमें सफाई चाहिए, अभी की अभी मामला पूरी तरह बिगड़ता देख प्रशासन को आखिरकार घुटनों पर आना पड़ा। उन्हीं नगर परिषद कर्मियों से सड़क पर फेंका गया कूड़ा उठवाया गया, जिन्होंने कुछ घंटे पहले शहर को डंपिंग ग्राउंड बना दिया था। शहर की एकजुट ताकत ने आखिरी अल्टीमेटम दे दिया अगर दोबारा रानी झांसी चौक के पास कूड़ा फेंका गया, तो पूरा जगराओं बंद होगा। तब जिम्मेदारी सिर्फ और सिर्फ प्रशासन की होगी।

# संगठन को मज़बूत करने के लिये बजरंग दल हिन्दोस्तान ने की नई नियुक्तियां: मनजीत, परमजीत



अर्थ प्रकाश/तरसेम दीवाना

**होशियारपुर, 7 जनवरी।** बजरंग दल हिन्दोस्तान की एक बैठक भूतगिरी मन्दिर, ऊना रोड, होशियारपुर में हुई जिसमें सबसे पहले श्री हनूमान चालिसा का पाठ किया गया। मीटिंग में संगठन को मज़बूत करने के लिये आपस में विचार-विमर्श किया गया तथा बजरंग दल हिन्दोस्तान की नई नियुक्तियां की गई। नच्छत्तर सिंह उर्फ सन्नी नसरां को दोआबा जोन का प्रधान, अतुल कुमार को सिटी उप-प्रधान तथा हरप्रीत सिंह टांडा को ज़िला प्रधान होशियारपुर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मनजीत सिंह माहिलपुरी राष्ट्रीय सचिव बजरंग दिल हिन्दोस्तान, परमजीत सिंह फौजी बूथगढ़ राष्ट्रीय प्रधान सिक्ख संगत विंग, टोनी हांडा सिटी प्रधान सोढी लौंगिया बोहण, संजीव कुमार मोनू चगरां राष्ट्रीय प्रधान ट्रांसपोर्ट विंग अशवनी ठाकुर राष्ट्रीय प्रधान महावीर क्रांति दल राजेश सैनी, जुगल किशोर, नवजोत सिंह नसरा, नीरज कुमार, शमशेर शेरा विशेष तौर पर तथा अन्य बजरंगी उपस्थित थे।

# हरोली में जल संरक्षण की नई मिसाल बन रहे तालाब

## 20 करोड़ रुपये की लागत से प्राचीन टोबों का हो रहा कायाकल्प

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हरोली विधानसभा क्षेत्र में जल संरक्षण, भूजल रिचार्ज और पर्यावरण संतुलन को सुदृ? करने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल की जा रही है। क्षेत्र के प्राचीन तालाबों (टोबों) को पुनर्जीवित कर उन्हें आधुनिक, सुंदर एवं बहुउद्देशीय सरोवरों के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिस पर लगभग 20 करो? रुपये की राशि व्यय की जा रही है। यह पहल न केवल पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में अहम कदम है, बल्कि आने वाली पी?ियों के लिए स्थायी जल सुरक्षा का मजबूत आधार भी तैयार कर रही है।



हरोली के विधायक एवं उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की दूरदर्शी सोच और जनहितकारी दृष्टिकोण के चलते वर्षों पुराने टोबों को नया जीवन मिल रहा है। जहां देश के अनेक हिस्से गिरते भूजल स्तर और सूखते जल स्रोतों की चुनौती से जूझ रहे हैं, वहीं हरोली में जल संरक्षण को लेकर एक सकारात्मक, दूरगामी और सतत मॉडल विकसित हो रहा है।

हरोली क्षेत्र में गांव-गांव फैले पारंपरिक तालाब, जिन्हें स्थानीय भाषा में टोबे कहा जाता है, कभी वर्षा जल संग्रहण, पशुओं के पेयजल और सिंचाई का प्रमुख साधन हुआ करते थे। समय के साथ बदलती जीवनशैली और देखरेख के अभाव में ये जल स्रोत उपेक्षित हो गए थे। ऐसे में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इन पारंपरिक जल स्रोतों के महत्व को समझते हुए इनके पुनरुद्धार की एक ठोस और सुनियोजित रूपरेखा तैयार की।

इन तालाबों को अब आधुनिक तकनीक के माध्यम से पुनः जल से लबालब किया जा रहा है। साथ ही इन्हें आकर्षक सरोवरों के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि ये जल संरक्षण के साथ-साथ जैव विविधता संरक्षण, जलीय जीवन, ग्रामीण पर्यटन और पंचायतों की संभावित आय का माध्यम भी बन सकें।

हरोली में तालाबों के संरक्षण और संवर्धन के प्रयास कोई नए नहीं हैं, बल्कि यह कार्य मुकेश अग्निहोत्री के पहले विधायक कार्यकाल से ही निरंतर जारी है। वर्तमान समय में इन प्रयासों को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी रूप दिया गया है। यह मॉडल आज पूरे प्रदेश के लिए जल संरक्षण की एक प्रेरक मिसाल बनता जा रहा है। तालाबों के चारों ओर पैदल पथ, हरियाली, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता से जु? कार्य भी किए जा रहे हैं। इससे जहां एक ओर ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक सौंदर्य और स्वस्थ जीवनशैली को ब?ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर आसपास के क्षेत्रों में गिरते भूजल स्तर को स्थिर करने में भी उल्लेखनीय सहायता मिलेगी।

### जल संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का संकल्प - मुकेश अग्निहोत्री

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली में तालाबों और टोबों का पुनरुद्धार केवल एक विकासात्मक परियोजना नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने का संकल्प है। पारंपरिक जल स्रोत आने वाले समय में जल सुरक्षा की सबसे मजबूत नींव सिद्ध होंगे। पुनर्जीवित टोबे न केवल भूजल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका निभाएंगे, बल्कि ग्रामीण जीवन की समृद्धि, स्वच्छता और सौंदर्य को भी नया आयाम देंगे।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जल शक्ति विभाग हरोली के अधिशाषी अभियंता पुनीत शर्मा ने बताया कि हरोली में तालाबों के सौंदर्यीकरण, जल संचयन और ग्रामीण क्षेत्रों के पानी की निकासी को एकत्रित करने के लिए जल शक्ति विभाग, वन विभाग और लोक निर्माण विभाग के संयुक्त कन्वर्जेंस के माध्यम से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग के माध्यम से लगभग 11 करो? रुपये खर्च किए जा रहे हैं, जबकि शेष राशि अन्य विभागों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से खर्च की जा रही हैं।



# नौणी विवि में चिट्टा के खिलाफ हुंकार, छात्रों ने निकाली रैली

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वानिकी महाविद्यालय द्वारा %चिट्टा% जैसे घातक नशे के खिलाफ एक प्रभावी जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अभियान का शुभारंभ वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. सी एल ठाकुर और डीन छात्र कल्याण डॉ. एच पी सांख्यान द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के खिलाफ इस जंग में युवाओं की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताया और छात्रों को आगे आकार समाज में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाने के आगे आने का आवाहन किया।

रैली में राष्ट्रीय सर्विस स्कीम (हस्स) के वालंटीयर और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली मुख्य परिसर, नौणी बाजार से होकर नौणी-शमरोड पंचायत तक पहुंची। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने चिट्टा के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और युवाओं को इस जानलेवा लत से बचने के लिए जागरूक किया। इस अभियान का संचालन एंटी-चिट्टा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. ललित ठाकुर व एन.एस.एस. अधिकारी डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. चंद्रेश गुलेरिया, डॉ. प्रतिमा और डॉ. नितिन शर्मा के नेतृत्व में किया गया।

# रोस्टर और बैकलॉग रिक्तियों के मुद्दे शीघ्र हल करें : निदेशक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछ?ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं विशेष रूप से सक्षम का सशक्तिकरण विभाग (ईसोमसा) (म्व्डै।) द्वारा आज यहां दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडीज) से संबंधित मुद्दों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से दृष्टिबाधित संघ द्वारा उठाई गई मांगों सहित दिव्यांगजनों से संबंधित मामलों पर चर्चा की गई।



दिव्यांगजनों सम्बन्धित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए, निदेशक सुमित खीमटा ने बताया कि अब तक केवल पशुपालन और मुद्रण एवं लेखा विभाग ने ही बैकलॉग पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किए हैं। उन्होंने शेष विभागों से दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित शेष पदों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया में ते?ी लाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया, 'स्कूल शिक्षा विभाग ने दिव्यांगजनों हेतु आरक्षित जेबीटी पदों के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। कुल 119 जेबीटी पद भरे गए हैं, जिनमें 50 दृष्टिबाधित, 49 आर्थोपेडिक रूप से अक्षम, 11 श्रवणबाधित, 8 बहु-दिव्यांगता वाले तथा 1 बौद्धिक रूप से अक्षम के लिए हैं।' उन्होंने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 94 टीजीटी पदों हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, जिसमें 26 दृष्टिबाधित, 22 श्रवणबाधित, 13 बौद्धिक रूप से अक्षम या ऑटिज्म स्पेक्ट्रम वाले तथा 10 बहु-दिव्यांगता वाले के लिए आरक्षित हैं।

बैठक में एचआरटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा हेतु अनिवार्य हिम बस कार्ड की आवश्यकता के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। निदेशक ने कहा कि दिव्यांगजनों को बस कार्ड प्राप्त करने में सहायता हेतु विशेष शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। हालांकि, दृष्टिबाधित संघ ने मांग की है कि दिव्यांगजनों के लिए एचआरटीसी बसों में निःशुल्क यात्रा हेतु हिम बस कार्ड अनिवार्य न किया जाए तथा उन्हें छूट दी जाए। संघ ने इस मामले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। अन्य मुद्दों में दिव्यांगजनों हेतु सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत विकलांगता राहत भत्ता (डीआरए) ब?ाना, दिव्यांगजनों हेतु स्वतंत्र राज्य आयुक्त की नियुक्ति, सहारा पेंशन योजना का कार्यान्वयन, मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दृष्टिबाधित व्यक्तियों को बिना शर्त आवास प्रदान करना तथा दिव्यांगजन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से ब?ाकर 60 वर्ष करना शामिल थे। दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अंतर्गत विकलांगता राहत भत्ता (डीआरए) ब?ाना तथा सेवानिवृत्ति आयु में वृद्धि नीतिगत मामले हैं, जिन पर राज्य सरकार निर्णय लेगी।

# मोदी सरकार में हिमाचल में दोगुना रोजगार सृजन : बिंदल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने आज आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशव्यापी स्तर पर एक अत्यंत दूरदर्शी और समयानुकूल योजना का शुभारंभ किया है।

हाल ही में संसद के शीतकालीन सत्र में पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) ङ्क वीबीङ्कजी राम जी विधेयक, 2025 ग्रामीण भारत के लिए एक नया आयाम स्थापित करने जा रहा है। यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार को ग्रामीण विकास से जोड़ने की एक ठोस और परिणामोन्मुखी व्यवस्था है।

डॉ. बिंदल ने कहा कि भारत की आज़ादी के बाद समयङ्कसमय पर विभिन्न सरकारों ने ग्रामीण रोजगार की दिशा में योजनाएं चलाईं। वर्ष 1960ङ्क61 में रूरल मैनपावर प्रोग्राम से लेकर 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) तक अनेक योजनाएं लागू की गईं। मनरेगा वर्ष 2005 से 2025 तक चली, लेकिन बदलती सामाजिकङ्कआर्थिक परिस्थितियों, अनुभवों और जमीनी कमियों को देखते हुए एक नई, अधिक प्रभावी और विकासङ्कआधारित योजना की आवश्यकता महसूस हुई, जिसके परिणामस्वरूप वीबीङ्कजी राम जी अधिनियम अस्तित्व में आया।

प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि मनरेगा में 100 दिन की रोजगार गारंटी थी, लेकिन वास्तविकता यह रही कि औसतन केवल 50.4 दिन का ही रोजगार सृजन हो पाया। इसके विपरीत वीबीङ्कजी राम जी योजना में 125 दिन की कानूनी गारंटी दी गई है, जो विकास परियोजनाओं से जुड़ी होगी।

इस योजना के अंतर्गत ग्राम सभा स्तर पर गांव का विकास प्लान तैयार होगा, जो ब्लॉक और जिला स्तर से होते हुए पीएम गति शक्ति प्लेटफॉर्म से जुड़ेगा। डॉ. बिंदल ने बताया कि इस योजना का एक बड़ा लाभ यह है कि यह पूरी तरह टेक्नोलॉजी आधारित है।

# संगम महादेव भूतनाथ मंदिर कमेटी की बैठक अध्यक्ष दानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 जनवरी।** कुल्लू के संगम महादेव भूतनाथ मंदिर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कमेटी के अध्यक्ष दानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें मंदिर के व्यास नदी की तरफ लगाई जाने वाली सुरक्षा दीवार के बारे में योजना तैयार की गई ताकि बाढ़ के कारण अंतिम संस्कार के लिए बनी हुई चिताओं को क्षति न पहुंच पाए। वहीं शिवरात्रि से पूर्व मंदिर की सजावट के साथ रंग रोगन के बारे में भी चर्चा हुई। मंदिर के साथ पुरानी कुटिया ओर बाबा के धुनें के साथ बाबा के निवास स्थल तथा भजन कीर्तन करने के लिए हाल बनाए जाने के बारे में भी योजना तैयार की गई। इसके अतिरिक्त संगम महादेव के रथ को बनाए जाने के बारे में भी विचार विमर्श किया गया।



बैठक के पश्चात कमेटी के प्रधान दानवेंद्र सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम नदी की तरफ लगाई जा रही सुरक्षा दीवार के लिए उपायुक्त कुल्लू व एक्सियन जल शक्ति विभाग का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि 2023 से 2025 में आई बाढ़ के कारण भूतनाथ मंदिर के काफी हिस्से को नुकसान पहुंचा है। इस जगह शहर ही नहीं बल्कि खराहल घाटी, महाराजा घाटी के साथ लग घाटी के लोग अंतिम संस्कार करने पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही संगम महादेव जी का तथा बनाया जाएगा। सिंह ने बताया कि 15 फरवरी को शिवरात्रि पर्व बड़ी ही श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर कमेटी व्यास नदी की तरफ 25 मीटर की सुरक्षा दीवार अपने स्तर पर तैयार करेगी। उन्होंने कमेटी की तरफ से ठेकेदार अमित सेठ का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अमित सेठ द्वारा आरसीसी सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य नो लॉस न प्रॉफिट के आधार पर किया जा रहा है। यही नहीं इस कार्य के लिए अमित सेठ अपनी तरफ से 50 हजार रुपए का सहयोग भी दे रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### डीसी कुल्लू ने आजीविका मिशन के तहत प्रदान की मोबाइल फूड वैन



**कुल्लू 7 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला कुल्लू के विकास खण्ड भुंतर की देव ऋषि क्लस्टर लेवल फेडरेशन को एक मोबाइल फूड वैन प्रदान की गई है। बुधवार को फूड वैन का शुभारंभ उपायुक्त तोरुल एस रवीश द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने निर्देश दिए कि फूड वैन के माध्यम से स्थानीय एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थों को बढ़ावा दिया जाए, जिससे स्वयं सहायता समूहों की आजीविका में वृद्धि हो सके तथा स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाज़ार उपलब्ध कराया जा सके। मोबाइल फूड वैन से क्षेत्र में स्वरोज़गार को प्रोत्साहन मिलेगा एवं ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जिला। ग्रामीण अभिकरण दया राम , बीडीओ भुंतर तथा देव ऋषि क्लस्टर लेवल फेडरेशन की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# बिलासपुर में स्थायी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय का हुआ शुभारंभ

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर, 7 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने आज वर्चुअल माध्यम से जिला मुख्यालय बिलासपुर न्यायालय परिसर में स्थायी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रशासनिक न्यायाधीश बिलासपुर न्यायमूर्ति विपिन चंद्र नेगी भी विशेषतौर पर उपस्थित रहे।



इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बिलासपुर में लंबित मामलों को देखते हुए यहां पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय को स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम आगामी समय में आमजन के लिए न्याय प्राप्त करने में राहत कारी सिद्ध होगा। इससे मामलों की सुनवाई में तेजी आएगी और लोगों को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कोर्ट परिसर बिलासपुर में मौजूद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्योत्सना सुमंत डडवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान में बिलासपुर सिविल एवं सत्र मंडल में कुल 28,859 मामले लंबित हैं, जिनमें 9,235 सिविल तथा 19,624 फौजदारी मामले शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि स्थायी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना से पूर्व जहां केवल 15 दिनों के लिए कैंप के माध्यम से सुनवाई होती थी, वहीं अब प्रतिदिन नियमित सुनवाई संभव हो सकेगी, जिससे मामलों के निस्तारण में तेजी आएगी और आमजन को समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि न्यायिक ढांचे को सुदृ? करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया, जिससे लंबित मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण की प्रक्रिया को गति मिलेगी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एस.एल. ठाकुर ने बिलासपुर में स्थायी अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय की स्थापना के लिए उच्च न्यायालय का आभार व्यक्त किया और इसे अधिवक्ताओं तथा वादकारियों दोनों के हित में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी निर्णय बताया।

# 1 किलो 451 ग्राम चरस व 72 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ तीन लोग धरे

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 6 जनवरी।** जिला कुल्लू में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस थाना भून्तर, पतलीकुहल एवं पुलिस थाना सादर कुल्लू द्वारा मादक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत तीन अलग-अलग मामलों में बड़ी बरामदगी की गई है। पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में 1 किलो 451 ग्राम चरस व 72 ग्राम चिट्टा/हेरोइन के साथ तीन लोगों को हिरासत में लिया है। मंगलवार सुबह पुलिस थाना भून्तर की टीम ने पारला बड़ा भुईन रैन शेल्टर के समीप गश्त के दौरान संजय कुमार (47 वर्ष) पुत्र अख्तर अली निवासी गांव शीशामाटी डाकघर ढालपुर तहसील व जिला कुल्लू से 72 ग्राम चिट्टा/हेरोइन बरामद की।



जबकि पुलिस थाना पतलीकुहल द्वारा पुराना पुल डोभी के समीप नाकाबंदी के दौरान मान सिंह (58 वर्ष) पुत्र कर्णवीर निवासी गांव सिपा डाकघर वोरटीवंग तहसील व जिला वांगलूम धौलागिरी नेपाल हाल रिहायश गांव गोज डाकघर मनीकर्ण तहसील व जिला कुल्लू से 958 ग्राम चरस/कैनाबिस बरामद की गई।

इसके अलावा कुल्लू एस.टी.एफ की तय टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर लक्ष्मी गेस्ट हाउस सरवरी कुल्लू में रैड कर जोगिंदर सिंह पुत्र छात्ररु राम निवासी गावं कडौंन भुट्टी व जिला कुल्लू से 493 ग्राम चरस बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन कुल्लू में आरोपी के खिलाफ एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है। एस.टी.एफ.टीम में मुख्य हेड कांस्टेबल राजेश राऊपा, हेड कांस्टेबल समीर कुमार, एचएचसी नितेश कुमार, कांस्टेबल महेश कुमार शामिल थे। एस.टी.एफ. डी.एस.पी हेमराज वर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है।

### आवासीय नगर विकसित करने की संभावनाओं को लेकर हिमुडा की टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**बिलासपुर (अजय मल्होत्रा)।** प्रदेश सरकार के नगर व ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी के निर्देशों पर हिमाचल प्रदेश शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) की एक संयुक्त टीम ने आज जिला बिलासपुर में आवासीय नगर विकसित करने की संभावनाओं को लेकर भूमि की तलाश के दृष्टिगत क्षेत्र का दौरा किया। इस टीम ने एम्स के समीप स्थित कोठीपुरा, ओयल तथा औहर क्षेत्रों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस टीम में हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाछटा, हिमुडा निदेशक मण्डल सदस्य जितेंद्र चंदेल, मुख्य अभियंता सुरेंद्र वशिष्ठ सहित हिमुडा के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मौके पर विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए भूमि की व्यवहारिकता, भविष्य की विस्तार संभावनाओं और नियोजित विकास के दृष्टिगत इन स्थलों का गहनता से अध्ययन किया।

# कुल्लू के लिए 2139.87 करोड़ की संभावित ऋण योजना (पीएलपी) का हुआ विमोचन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 जनवरी।** बुधवार को कुल्लु में भारत सरकार की लीड बैंक योजना के अंतर्गत, उपायुक्त तोरुल एस रवीश द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिला कुल्लु की संभावित ऋ्रण योजना (पीएलसी प्लान) का आधिकारिक विमोचन किया गया। उपायुक्त ने बताया कि नाबार्ड द्वारा तैयार की गई इस योजना के तहत आगामी वित्तीय वर्ष के लिए बैंकों हेतु कुल ?2139.87 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



इस योजना के माध्यम से जिले में ऋ्रण प्रवाह को व्यवस्थित किया जाएगा ताकि कृषि और ग्रामीण विकास से जुड़े क्षेत्रों को पर्याप्त वित्तीय सहायता मिल सके।

उन्होंने जानकारी दी कि इस योजना के तहत बैंकों के लिए कृषि, (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम), आवास , शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों के लिए वार्षिक लक्ष्य तय किए जाते हैं। इन लक्ष्यों का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के विकास के लिए ठोस मापदंड तैयार करना और जिले की आर्थिक प्रगति को गति देना है। न्होंने इसके नाबार्ड की पूरी टीम को बधाई दी तथा भविष्य में और बेहतर उपलब्धि हासिल करने की शुभकामनाएं दीं। जिला कुल्लु की इस रिपोर्ट का निर्माण नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अनीता देवी द्वारा किया गया।

# विधायक सुन्दर सिंह ठाकुर ने प्रशिक्षुओं को वितरित किए प्रमाण पत्र

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 7 जनवरी।** विधायक सुन्दर सिंह ठाकुर ने बुधवार को आईटीआई शमशी में नल- जल मित्र योजना के प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की।



इस अवसर पर युवा कर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में युवाओं को कौशल विकास के लिए विभिन्न प्रकार के रोज़गारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रम करने पर जोर दे रही है ताकि युवाओं को रोज़गार से जोड़ने वाले कार्यों में कार्यकुशल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि आज के युग में प्रत्येक क्षेत्र में कौशल की आवश्यकता एवं कद्र है। इसके लिए सरकार युवाओं को दक्ष करने के लिए विभिन्न तकनीकी कार्यों का प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को आईटीआई शमशी में दिए प्रशिक्षण के लिए बधाई दी जो इससे पूर्व आउटसोर्स पर कार्य कर रहे थे तथा उन्हें सरकार द्वारा बनाई नीति के तहत प्रामाणिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ÷नल जल मित्र÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम का पहले बैच में जल शक्ति विभाग द्वारा प्रायोजित 25 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

इस कार्यक्रम का उ?द्देश्य केवल मात्र कौशल सिखाना नहीं, बल्कि गाँव-गाँव में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की सतत व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु सक्षम जल मित्र तैयार करना है।

जल जीवन मिशन का लक्ष्य है हर ग्रामीण घर तक कार्यशील नल कनेक्शन पहुँचाना और जल संरक्षण को बड़ावा देना है। आज राज्य के हजारों गाँव ÷हर घर जल÷ की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

प्रिंसिपल आईटी आई शमशी सुनील कुमार ने मुख्यातिथि सहित सभी का स्वागत किया तथा जानकारी दी कि नल-जल मित्र कार्यक्रम इसी मिशन को मजबूत करता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी 25 प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम स्तर-4 का है और कुल 510 घंटे का संरचित प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

इस प्रशिक्षण में प्लम्बिंग, के साथ-साथ व्यवहारिक एवं सॉफ्ट-स्किल्स भी सिखाई गई। आईटीआई शमशी में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षुओं ने पाइपलाइन बिछाने व देखरेख, लीकेज मुरम्मत, जल गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानक तथा जल संरक्षण के सिद्धांत व्यवहारिक रूप में सिखाए गए हैं।

इस अवसर पर आईएमसी आईटीआई शमशी के अध्यक्ष सेस राम ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर आईएमसी आईटीआई शमशी के सदस्य किशन ठाकुर तथा वीरेंद्र सूद,प्रिंसिपल आईटीआई पतलीकूहल अर्पित आनन्द, अधिशासी अभियंता जल शक्ति अमित,आईटीआई शमशी के स्टाफ युवराज , मेहर चंद तथा अन्य उपस्थित रहे।

# सूरजकुंड मेले में मेघालय और उत्तर प्रदेश होंगे थीम स्टेट : पार्थ

हरियाणा पर्यटन विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता ने सूरजकुंड मेले का लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक

31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक लगेगा 39वां सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद।** हरियाणा प्रदेश अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत को सहेजे है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा की पावन धरा पर लगने वाला सूरजकुंड मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय पटल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह बात हरियाणा पर्यटन विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता ने कही। उन्होंने आज बुधवार को 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ राजहंस होटल सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। गौरतलब है कि फरीदाबाद जिला में स्थित सूरजकुंड परिसर में आगामी 31 जनवरी से 15 फरवरी 2026 तक 39वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में हरियाणा पर्यटन विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता ने कहा कि यह हरियाणा प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के मेले के आयोजन की जिम्मेवारी प्रभावी रूप से निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 39वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में इस साल मेघालय और उत्तर प्रदेश को थीम स्टेट चुना गया है, जबकि मिस्र को पार्टनर कंट्री घोषित किया गया है। साथ ही मेले में देश-विदेश से आने वाले लोग उत्तर भारत और पूर्वोत्तर भारत के ट्रेडिशनल और अनोखे व्यंजनों का स्वाद चख सकेंगे। असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और सिक्किम अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ मेले में शामिल होंगे।

हरियाणा पर्यटन विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सूरजकुंड मेले को भव्य ढंग से मनाने के लिए सभी तैयारियां प्रभावी रूप से की जा रही हैं और 31 जनवरी से 15 फरवरी के बीच मेले के दौरान जहां हरियाणवी संस्कृति का संप्रेषण अन्य राज्यों व मिस्र देश तक पहुंचेगा वहीं वहां की संस्कृति से भी रूबरू होने का अवसर हरियाणा वासियों को मिलेगा।

अधिकारियों के साथ बातचीत में हरियाणा पर्यटन विभाग के निदेशक पार्थ गुप्ता द्वारा विभागीय स्तर पर सभी अधिकारियों को मेले के संदर्भ में किए जाने वाले प्रबंधों बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में आयोजित हो रहा यह सूरजकुंड मेला आज पूरे विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान कायम कर चुका है, ऐसे में हमें पूरी जिम्मेवारी के साथ मेले के सफल आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित समयावधि में अपने विभाग से संबंधित सभी व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।

इस अवसर पर डीसी आयुष सिन्हा, सूरजकुंड मेला प्राधिकरण के नोडल अधिकारी एवं एडीसी सतबीर मान, डीसीपी हेडक्वार्टर अभिषेक जोरवाल, सीईओ जिला परिषद व जीएम रोडवेज शिखा, जीएम एडमिन ममता शर्मा, एसडीएम ब?खल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभग? मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार, पर्यटन निगम की ओर से यू.एस.भारद्वाज व हरविंद्र यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## शीत लहर के मद्देनजर नायब तहसीलदार विकास कुमार ने किया अस्थाई रैन बसेरों का निरीक्षण

**फतेहाबाद, 7 जनवरी।** कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार विकास कुमार ने शहर फतेहाबाद में डीएसपी रोड पर बनाए गए अस्थाई रैन बसेरा सहित अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे गए।

उन्होंने नया व पुराना बस स्टैंड, जीटी रोड फतेहाबाद तथा पुरानी अनाज मंडी में पहुंचकर रैन बसेरों में उपलब्ध प्रबंधों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शीत लहर के दौरान किसी भी जरूरतमंद को असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि रैन बसेरों में ठहरने, गर्म कपड़ों, कंबल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। आमजन से भी अपील की गई कि यदि कहीं कोई व्यक्ति ठंड से प्रभावित अवस्था में दिखाई दे तो मोबाइल नंबर 98139-10371 पर संपर्क करें।



## मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत का हांसी में होगा भव्य स्वागत : पवन

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी

**हांसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आगामी 9 जनवरी को हांसी आयेंगे। यहां उनका बार एसोसिएशन द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां जोरों पर हैं।

बार एसोसिएशन के प्रधान पवन रापडिया ने बुधवार को स्थानीय लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य न्यायाधीश सायं 3 बजे हेलीकॉप्टर से हांसी पहुंचेंगे। श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल परिसर में हेलीपैड बनाया गया है।

हांसी में आयोजित कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के कई न्यायाधीश भी शिरकत करेंगे। बार एसोसिएशन हांसी की ओर से स्थानीय कोर्ट परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारियां तेजी से पूर्ण की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर बार एसोसिएशन द्वारा मुख्य न्यायाधीश के समक्ष हिसार में उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच स्थापित करवाने सहित विभिन्न मांगें भी रखी जाएंगी। हांसी में कार्यक्रम में शिरकत करने के उपरांत मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत हिसार में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## मोहम्मदपुर रोही में एग्री स्टैक किसान आईडी बनवाने के लिए किया प्रेरित


**फतेहाबाद, 7 जनवरी।** कृषि विकास अधिकारी डॉ. अंकित ढिल्लों ने गांव मोहम्मदपुर रोही में किसानों को एग्री स्टैक किसान आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपनी किसान आईडी नजदीकी सीएससी सेंटर से बनवाएं।

उन्होंने कहा कि किसान आईडी बनवाने से किसानों को बड़ी सहूलियत मिलेगी और सरकार की सभी कृषि-संबंधित योजनाओं का लाभ एक ही पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। यह आईडी भविष्य में सब्सिडी, फसल बीमा, कृषि ऋण तथा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। डॉ. ढिल्लों ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लिए किसान आईडी को अनिवार्य कर दिया गया है और अगली किस्त प्राप्त करने के लिए किसान आईडी होना जरूरी है।

## आज हलके को मिलेगी 73 लाख के विकास कार्यों की सौगात, विधायक जांबा करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास जारी : सतपाल जांबा

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**पूंडरी।** हलके के लोगों के लिए विकास की एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। हल्का विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 73 लाख की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। इन विकास कार्यों में शिक्षा, सामाजिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शामिल हैं, जिनसे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1 बजे खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पुंडरी से होगी, जहां 16 लाख की लागत से ऑफिस की रिपेयर व सीसी कार्य का उद्घाटन किया जाएगा। इसके बाद मुन्नारेहड़ी गांव में चमार चौपाल की रिपेयर हेतु 7 लाख रुपए के कार्य का शुभारंभ दोपहर 1ः30 बजे किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 बजे गांव बुच्ची के कल्याणियां सामुदायिक केंद्र में 8 लाख रुपए की लागत से शैड निर्माण कार्य का उद्घाटन होगा। वहीं अहमदपुर गांव में चमार सामुदायिक केंद्र की रिपेयर व पेंट कार्य हेतु 7 लाख रुपए की योजना का शिलान्यास 2ः30 बजे किया जाएगा। इसके उपरांत रसीना के लैहदा मोहल्ला चौपाल की रिपेयर तथा गली निर्माण कार्य पर 15 लाख रुपए की लागत से होने वाले विकास कार्यों का उद्घाटन 3ः00 बजे होगा। गांव सिरसल में सामुदायिक केंद्र की बाउंड्री वॉल व सीसी कार्य के लिए 10 लाख रुपए की राशि से विकास कार्यों का शुभारंभ 3ः30 बजे किया जाएगा।

कार्यक्रम का समापन शाम 4ः00 बजे गांव बदनारा में सिरसल बस स्टैंड के पास 10 लाख रुपए की लागत से गली निर्माण कार्य के उद्घाटन के साथ होगा। इस अवसर पर विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि पुंडरी विधानसभा क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है और संगठन ही हमारी पहचान : मोहन लाल

फरीदाबाद महानगर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली, संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा'

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**बल्लभगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है और संगठन ही हमारी पहचान है। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यकर्ताओं पर गर्व है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ संगठन के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए भाजपा की विचारधारा और नायब सैनी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।


ये बातें बड़ौली ने बुधवार को फरीदाबाद महानगर (बल्लभग?) जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए कही। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार हर वर्ग को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाएं बना रही है। नायब सिंह सैनी सरकार में योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। इस मौके पर फरीदाबाद महानगर के जिला अध्यक्ष सोहनपाल सिंह , जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, कवींद्र चौधरी, टिपरचंद शर्मा , पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राजेश कौशिक, युवा मोर्चा अध्यक्ष कार्तिक वसिष्ठ व मंडल अध्यक्ष समेत पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बड़ौली ने कहा कि आम जनता का विश्वास भाजपा की राष्ट्रहित में बनाई गई नीतियों पर लगातार ब? रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सशक्त नेतृत्व में हरियाणा विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने मोदी सरकार की वीबी-जीरामजी योजना को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा की। श्री बड़ौली ने कहा कि जीरामजी योजना समग्र विकास की दिशा में एक ठोस कदम है।

बड़ौली ने कहा कि जीरामजी योजना का मूल उद्देश्य भ्रष्टाचार-मुक्त ग्राम पंचायत, सुशासन और जनभागीदारी हैं, जिससे आत्मनिर्भर और सशक्त गाँवों का निर्माण संभव होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गरीब, किसान और मजदूर का विकास हमेशा प्राथमिकता रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता जनता को जीरामजी योजना के उद्देश्यों से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भी बताएं कांग्रेस की मनरेगा योजना भ्रष्टाचार का केंद्र थी, लेकिन जीरामजी योजना पूरी तरह से पारदर्शी है और इससे मजदूरों को पूरा-पूरा लाभ मिलेगा।

## सिद्ध योगीराज श्री श्रेयोनाथ जी महाराज का जीवन मानव कल्याण को समर्पित रहा : महंत बालकनाथ

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 7 जनवरी।** नाथ सम्प्रदाय के छठे महंत, सिद्ध योगीराज श्री श्रेयोनाथ महाराज की जयंती एवं पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ भावपूर्ण नमन किया गया।

इस अवसर पर, मठाधीश्वर, एव बाबा, मस्तनाथ, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी ने उनके जीवन, सेवा भावना और ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। महंत बालक नाथ योगी ने जानकारी देते हुए कहा कि सिद्ध योगीराज श्री श्रेयोनाथ जी महाराज केवल एक महान योगी ही नहीं थे, बल्कि वे नाथ परंपरा के ऐसे संत थे जिन्होंने साधना, सेवा और शिक्षा को एक साथ जोड़ा। प्रसिद्ध ना?ी वैद्य के रूप में उन्होंने आयुर्वेद के माध्यम से हजारों रोगियों का निःस्वार्थ भाव से उपचार किया। उनका मानना था कि स्वास्थ्य सेवा केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि करुणा और मानवता का कार्य है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान श्री श्रेयोनाथ जी महाराज ने आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धतियों को सरकारी स्तर पर सशक्त बनाने का कार्य किया।

उस समय आयुर्वेद को आधुनिक व्यवस्था से जोड़ने के लिए जो प्रयास किए गए, वे आज भी प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने ग्रामीण और साधनहीन वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में भी श्री श्रेयोनाथ जी महाराज का योगदान अविस्मरणीय है। श्री बाबा मस्तनाथ आयुर्वेदिक कॉलेज, अस्थल बोहर की स्थापना उनके दूरदर्शी चिंतन का परिणाम है। उनका उद्देश्य था कि आयुर्वेद, योग और गणित जैसे विषयों की प्राचीन भारतीय परंपरा को आधुनिक शिक्षा के साथ आगे बढ़ाया जाए, ताकि समाज को सुयोग्य और संस्कारवान चिकित्सक एवं विद्वान मिल सकें। उन्होंने यह भी बताया कि श्री श्रेयोनाथ जी महाराज गणित और तार्किक ज्ञान को जीवन प्रबंधन से जोड़कर देखते थे। वे मानते थे कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि अनुशासन, संतुलन और स्पष्ट सोच का माध्यम है, जो व्यक्ति को जीवन में सही निर्णय लेने की क्षमता देता है। महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि श्री श्रेयोनाथ जी महाराज का संपूर्ण जीवन तप, त्याग और लोकसेवा को समर्पित रहा। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज को मानवता की सेवा, नैतिक मूल्यों और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देती हैं।



## अप्रैल से पहला चरण, डिजिटल तरीके से होगी जनगणना : डीसी

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 7 जनवरी।** राष्ट्रीय जनगणना को लेकर बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनगणना के सफल और सटीक संचालन के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। कार्यवाहक उपायुक्त ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह ऑनलाइन और एप आधारित होगी। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा निर्धारित गाइडलाइन का पालन करते हुए इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं और डेटा की गोपनीयता सुनिश्चित की जाए।

कार्यवाहक उपायुक्त अनुराग ढालिया ने कहा कि यह प्रक्रिया मुख्य रूप से दो चरणों में विभाजित की गई है। प्रथम चरण अप्रैल, 2026 में प्रस्तावित है, इसमें मुख्य रूप से मकानों की सूची तैयार की जाएगी और नागरिक रजिस्टर को अपडेट करने का कार्य किया जाएगा। वहीं दूसरा चरण फरवरी-मार्च, 2027 में शुरू होगा। इस मुख्य चरण में जनसंख्या की गणना होगी। खास बात यह है कि इस बार सेल्फ-इन्यूमरेशन का विकल्प भी मिलेगा, यानी नागरिक स्वयं एप या पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे।

## एल.पी.एस. बौसार्ड ने जरूरतमंदों को गर्म वस्त्र बांटे

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 7 जनवरी।** भारी शीत लहर के चलते आज प्रातः एल.पी.एस. बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन के द्वारा गरीब बेसहारा को कंबल बांटने के की मुहिम के तहत आज प्रातः सैक्टर-3 व 4 की पुलया के बीच में राजमजदूर, रिक्शा वाले, गरीब बेसहरा महिलाओं व जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया गरिमय, उपस्थित, एल.पी.एस. बौसार्ड के डायरेक्टर राजेश जैन सानिधय महामंडलेश्वर पंचदशनाम जून अखा?ा गौकर्ण पीठाधीश्वर उपाचार्य महामण्डलेश्वर बाबा कपिल पुरी जी महाराज व पंचायत अखा?ा महानिर्वाणी ब्रह्म वेदामृत पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी जी महाराज ने जरूरत मंद लोगो को कंबल बांटे। सैक?ों की संख्या में राज मजदूरों, झुग्गी झोप?ी में रहने वाले, रिक्शा चालने वाले व जरूरतमंदों को 540 गर्म कंबल सर्दी से बचने के लिए वितरित किए गए।

कंबल लेने के लिए महिलाओं, पुरुषों व बच्चों की लम्बी लाईन लग गई थी। राजेश जैन ने सर्दी से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतने की सलाह दी । हल्का गर्म पानी पीना चाहिए। कोल्ड ड्रिंक, जंक फूड आदि से परेहज करना चाहिए। उन्होंने कहां की प्रत्येक व्यक्ति को अपनी नेक कमाई से जरूरमंद, असहाय व गरीब लोगों की सहायता करना चाहिए इससे मन को खुशी मिलती है। नर सेवा ही नरायन सेवा है। इस अवसर पर राजीव जैन, सन्नी निझावन, पिंकी, योगेश अरो?ा, शीतल, सेवा राम, राम, नरेश, आनन्द, दिलबाग, सोनू, आदि सेवादारों ने कंबल बांटने में अपनी अहम भूमिका निभाई।

## डायल 112 ने बदली फतेहाबाद की तस्वीर, एसपी की मॉनिटरिंग से बढ़ा पुलिस पर भरोसा

अर्थ प्रकाश/आत्मा राम

**फतेहाबाद, 7 जनवरी।** फतेहाबाद जिले में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और जन-सुरक्षा के क्षेत्र में जो सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है, उसके पीछे *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* का कुशल, अनुशासित और दूरदर्शी नेतृत्व स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उनके मार्गदर्शन में फतेहाबाद पुलिस न केवल अपराध और नशे के खिलाफ सख्त अभियान चला रही है, बल्कि आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराकर जिले में भयमुक्त समाज की मजबूत नींव भी रख रही है। इसी दिशा में डायल 112 सेवा फतेहाबाद पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में उभरकर सामने आई है।

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को आपात स्थिति में तत्काल राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई डायल 112 सेवा, फतेहाबाद जिले में *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* के सशक्त नेतृत्व में एक प्रभावी, संवेदनशील और भरोसेमंद व्यवस्था के रूप में स्थापित हो चुकी है। आज डायल 112 केवल एक आपातकालीन नंबर नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में आमजन के लिए उम्मीद की पहली किरण बन चुकी है।

बीते वर्ष के दौरान डायल 112 की कार्यप्रणाली ने यह साबित कर दिया है कि फतेहाबाद पुलिस हर परिस्थिति में आमजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। एंबुलेंस को तुरंत मौके पर भेजना हो, या फिर बाहर से परीक्षा देने आए बच्चों को समय पर उनके परीक्षा केंद्र तक पहुंचाना हो—डायल 112 की टीम ने हर चुनौती को जिम्मेदारी, तत्परता और संवेदनशीलता के साथ निभाया है।

कैंप — कैंप में ले रहे हैं सीनियर विंग और सीनियर डिवीजन कैडर के 400 एनसीसी कैंडेट्स

## एनसीसी कैडेट्स को दिया आधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण : कर्नल एसके कौशिक

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के जसाना गांव स्थित अरावली कॉलेज इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में 3 जनवरी से चल रहे युवा आपदा मित्र कैंप में बुधवार को एनसीसी कैडेट्स को आधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया। गुरूवार को एनसीसी के इन कैडेट्स को भूकंप और शूटिंग के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस ट्रैनिंग को लेकर एनसीसी कैडे?ट्स में काफी उत्साह है।

भारत सरकार की युवा आपदा योजना के तहत इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है। आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग हरियाणा की डिप्टी कमिश्नर ऑफिसर, डीडीएमए गुरुग्राम की संयुक्त टीम, 5



हरियाणा बटालियन एनसीसी गुरुग्राम की संयुक्त टीम एवं कमांडेंट कर्नल एसके कौशिक की देखरेख में 12 जनवरी 2026 तक एनसीसी कैडेट्स को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें फरीदाबाद, पलवल, होडल, गुरूग्राम, जींद के विभिन्न कॉलेजों से आए 400 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इन सभी कैडेट्स को बी और सी सर्टिफिकेट के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

एन एस जी कमांडो मेजर जगदीप राजपूत की टीम की ओर से बुधवार को इन्हें आधुनिक हथियारों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें एक-47 ,पिस्टल ,MP 5ऽ राइफल, PG 19 गन, PG-17 गन, PG-19GN 4, करना शर्ट वेपन सिस्टम गन दुश्मन को खत्म करने के लिए कारगर, वज्र शॉटगन शामिल है।

इस प्रशिक्षणा के दौरान ड्रोन को गिराने में सक्षम एडवांस्ड पेनो रैमिकनाइट विजन गॉगल्स कम रोशनी में देखने के लिए, टू व्हीलर रावो इनोवेशन ऑपरेशन के दौरान निगरानी के लिए, इत्यादि हथियारों से भी युवा पीढ़ी को अवगत कराया। हरियाणा के डिप्टी कमिश्नर ऑफिसर डीडीएमए और श्रीमती सृष्टि सिविल तहसीलदार की टीम ने बाढ़ का परिचय, बाढ़ के कारण, बाढ़ के प्रकार, बाढ़ से प्रभाव, बाढ़ से बचाव की तैयारी, आपातकालीन सामग्री, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, बाढ़ बचाव डूबने से बचाव, डूबने में रशियों का प्रयोग, लाइफ जैकेट का प्रयोग, के बारे में प्रशिक्षण, और वीडियो ग्राफ दिखाई गई,कैप कमांडेंट कर्नल एसके कौशिक ने बताया कि इस प्रशिक्षण से आने वाले समय में नवयुवक पीढ़ी देश के अप्रिय घटनाओं से लड़ने के लिए सक्षम रहेंगे। जिसमें अपने देश की अर्थव्यवस्था विश्व में और ऊंचे लेवल में रहेगी, जिससे आने वाले पीढ़ी नेशनल क्रेडिट स्कोर में आने के लिए उत्सुक रहेंगे

## हरियाणा लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं में सभी विज्ञापित पदों को भरा जाए : सतीश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 7 जनवरी।** सोशल मीडिया पर ग्रुप बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ के ग्रुप एडमिन सतीश मेहरा ने सरकार से मांग की है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली भर्ती परीक्षाओं में 35 प्रतिशत का क्राइटेरिया खत्म कर सभी विज्ञापित पदों को भरा जाए ताकि हरियाणा की बेटियां अध्यापन के क्षेत्र में और आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है विशेष रूप से बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर अध्यापन और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे आ रही हैं। पूरे देश में 2015 से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया जा रहा है, जिसकी बदौलत हरियाणा में बेटियों की संख्या बढ़ी है और बेटियां पढ़ी भी हैं। अब बेटियों को रोजगार देने का समय आया है। पिछले दिनों जब हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों की भर्ती के लिए प्राथमिकी टेस्ट लिया गया तो उनमें पास होने वाली अधिकतर लड़कियां रही है, जिन्होंने ज्यादा संख्या में सब्जेक्ट नॉलेज टेस्ट दिया है, लेकिन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा अधिकतर बेटियों को फेल कर भर्ती प्रक्रिया से आउट कर दिया है। मेहरा ने कहा है कि हरियाणा लोक सेवा आयोग ने क्लास वन और क्लास दो की भर्तियों में 35त्न का क्राइटेरिया रखकर सिलेक्शन नहीं बल्कि रिजेक्शन की नीति अपनाकर न केवल कैटिगरी विशेष युवाओं के लिए भर्ती के दरवाजे बंद करने की शुरुआत की है बल्कि हरियाणा के सामान्य वर्ग के युवाओं के साथ-साथ बेटियों की भी अध्यापन के कार्य में एंट्री बंद कर दी है।

# उपाध्यायश्री विहसंत सागर जी महाराज का आज आनंद नगर जैन मंदिर से रायरू जैन मंदिर तक हुआ मंगल विहार

जीवन में सकारात्मक परिवर्तन चाहिए तो प्रभु के बताए मार्ग पर चलें - उपाध्यायश्री विहसंत सागर।

उपाध्याय श्री विहसंत सागरजी का हुआ रायरू स्थित दिगंबर जैन मुनि सुब्रतनाथ मंदिर में भव्य मंगल प्रवेश।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** - धरा पर जन्म लेने के बाद हमारा लक्ष्य प्रभु स्मरण और उनका ध्यान होना चाहिए। मनुष्य प्रभु का ध्यान लगाकर संसार के आवागमन से मुक्ति पा सकता है। भारत में जन्मे भगवान श्री राम, श्री कृष्ण और भगवान महावीर के आदर्शों को हमें बच्चों को समझाना चाहिए। आदर्श जीवन जीने के लिए हमें प्रभु के बताए मार्ग पर चलना होगा। यह बात बुधवार को रायरू स्थित दिगंबर जैन मुनि सुब्रतनाथ मंदिर में मंगल प्रवेश करते हुए मेडिटेशन गुरु उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ने कही। मुनिश्री विश्व साम्य सागर महाराज भी मौजूद थे।

उपाध्याय श्री ने कहा कि हमें जीवन में यदि सकारात्मक परिवर्तन चाहिए तो प्रभु श्री राम, श्री कृष्ण और महावीर के आदर्शों पर चलना होगा। जब हममें सकारात्मक परिवर्तन आएगा तो इसका असर राष्ट्र पर भी पड़ेगा। उपाध्याय श्री ने कहा कि ज्ञान तो मनुष्य को खुद प्राप्त हो जाता है। प्रभु के जिसे दर्शन हो गए उसका मोह भी खत्म हो जाता है। हमें हमेशा अपने भावों में शुद्धि रखना चाहिए। मन को पवित्र करना ही पूजा का भाव होता है। मन को पवित्र करने के लिए हमें प्रभु की आराधना करना चाहिए। आराधना सदैव बिना किसी स्वार्थ के भाव से करना चाहिए, तभी पुण्य प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के मनोज जैन, सुनील जैन, राजेश जैन लाला, पंकज जैन, नीरज जैन, सुनील जैम, प्रवक्ता सचिन जैन, आदि ने मंगल विहार में उपस्थित थे।



**आज दोपहर में रायरू से बमौरा के लिए होगा मंगल विहार।**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि उपाध्याय श्री विहसंत सागर जी महाराज ने आज बुधवार को दोपहर आनंद नगर जैन मंदिर से रायरू जैन मंदिर तक मंगल विहार किया। रायरू जैन मंदिर पर जैन समाज के लोगों ने उपाध्याय श्री के चरणों का पाद प्रक्षालन कर दीपकों से आरती उतारी।वही आज 08 जनवरी को उपाध्याय श्री ससंघ की आहारचर्या होने बाद दोपहर 02 बजे रायरू से बमौरा दिगंबर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार करेंगे। उपाध्याय श्री विहसंत सागर महाराज ससंघ का पाद विहार आगरा के लिए मंगल विहार हो रहा है।

## साकेत महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह का आगाज़, छात्रों को मिला जीवन रक्षक प्रशिक्षण



अर्थ प्रकाश / हनुमान शरण पांडे / अयोध्या। कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अयोध्या में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भव्य शुभारंभ किया गया। शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के साथ-साथ जीवन रक्षक कौशलों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व प्रशिक्षक राजकीय श्रीराम हॉस्पिटल, अयोध्या के आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. नमन सिकरवार रहे, जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने की। डॉ. नमन सिकरवार ने बेसिक ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (BTLS) एवं फर्स्ट रिस्पांडर विषय पर प्रशिक्षण देते हुए कहा कि दुर्घटना या अचानक हृदयगति रुकने जैसी स्थितियों में सही समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार किसी की जान बचा सकता है। उन्होंने CPR की सही प्रक्रिया, सावधानियों और एंबुलेंस को तत्काल सूचना देने की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने विद्यार्थियों से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील करते हुए कहा कि जीवन अमूल्य है, इसलिए दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं। मंडल नोडल अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार ने वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के प्रयोग से बचने और नशे की हालत में ड्राइविंग न करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावनात्मक रूप से जागरूक किया। अंत में सभी को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन रोड सेफ्टी क्लब के सदस्यों डॉ. सूरज प्रसाद, डॉ. रवि कुमार चौरसिया, डॉ. अविनाश तिवारी एवं डॉ. विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, रोड सेफ्टी क्लब के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। यह जानकारी सह मीडिया प्रभारी डॉ. रामलाल विश्वकर्मा ने दी।

## रामपथ पर स्थायी ग्रिल को लेकर मंथन, व्यापार और प्रबंधन के बीच संतुलन की चुनौती



अर्थ प्रकाश / हनुमान शरण पांडे / अयोध्या। रामनगरी अयोध्या के प्रमुख रामपथ पर नया घाट से टेढ़ी बाजार तक सड़क के मध्य स्थायी लोहे की ग्रिल लगाने की योजना ने नई बहस छेड़ दी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से देर रात ग्रिल लगाने का कार्य शुरू कराया गया, लेकिन व्यापारियों के विरोध के चलते इसे अस्थायी रूप से रोक दिया गया। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सड़क के बीच स्थायी रेलिंग लगने से दुकानों तक ग्राहकों की सहज पहुंच प्रभावित होगी। उनका तर्क है कि पर्व, मेला और सामान्य दिनों में व्यापार पहले ही यातायात प्रतिबंधों से जूझ रहा है, ऐसे में स्थायी ग्रिल से उनकी कठिनाइयां और बढ़ेंगी। व्यापारियों ने आज प्रशासन के समक्ष अपनी बात रखते हुए मांग की कि वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार किया जाए और स्थायी रेलिंग न लगाई जाए। वहीं प्रशासनिक दृष्टिकोण इससे अलग है। अधिकारियों के अनुसार रामपथ पर बढ़ती श्रद्धालु संख्या, मेलों के दौरान उमड़ने वाली भीड़ और वीआईपी मूवमेंट को देखते हुए स्थायी ग्रिल आवश्यक है। अभी हर बड़े आयोजन में अस्थायी ग्रिल और रस्सियों से भीड़ नियंत्रित करनी पड़ती है, जिससे बार-बार अव्यवस्था पैदा होती है। स्थायी ग्रिल से यातायात सुचारु रहेगा, पैदल श्रद्धालुओं की सुरक्षा बढ़ेगी और आपात स्थिति में मूवमेंट को नियंत्रित करना आसान होगा। प्रशासन और व्यापारियों के बीच समन्वय बनाने की कोशिशें जारी हैं। संकेत हैं कि व्यापारिक गतिविधियों पर न्यूनतम असर पड़े, इसके लिए डिजाइन और प्रवेश बिंदुओं में संशोधन जैसे विकल्पों पर चर्चा हो सकती है। फिलहाल रामपथ पर ग्रिल लगाने का काम रुका हुआ है और दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने का इंतजार है।

## शबरिमला मंदिर में भक्तों को अपने खुद के गीत प्रस्तुत करने का मौका मिलेगा

अर्थ प्रकाश /शबरिमला (केरल), 07 जनवरी। टीडीबी की एक पहल की बदौलत अब भगवान अय्यप्पा के भक्तों को शबरिमला के पहाड़ी मंदिर में अपने स्वयं के भक्ति गीत प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। मंदिर प्रबंधन बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि मंदिर में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत किये जाने वाले गीतों की सूची में आम भक्तों द्वारा रचित नये भक्ति गीतों को भी शामिल किया जायेगा। त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के एक बयान में कहा गया है कि वर्तमान में शबरिमला में केवल के.जे. येसुदास और जयविजय जैसे प्रसिद्ध गायकों द्वारा गाये गये भक्ति गीत ही प्रस्तुत किये जाते हैं। बयान के अनुसार इस नयी पहल के तहत, देवस्वोम बोर्ड द्वारा गहन जांच के बाद भक्तों द्वारा रचित मौलिक रचनाओं पर भी विचार किया जायेगा।

**न्यूज ब्रीफ**

## फोरलेन निर्माण में लाएं तेजी, तय समयसीमा में करें पूर्ण : मुख्यमंत्री

-निर्माणाधीन गोरखपुर-पिपराइच फोरलेन मार्ग का सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया निरीक्षण

-खजांची चौराहा फ्लाईओवर, जंगल कौड़िया-जगदीशपुर रिंग रोड के निर्माण का भी हाल जाना मुख्यमंत्री ने

अर्थ प्रकाश/ गोरखपुर, 7 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर-पिपराइच फोरलेन मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाएं ताकि तय समयसीमा में यह मार्ग जनता को समर्पित कर दिया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने खजांची चौराहा फ्लाईओवर, जंगल कौड़िया-जगदीशपुर रिंग रोड के निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली और जरूरी दिशानिर्देश दिए।

**विकास कार्यों का जायजा लेने के क्रम में सीएम योगी बुधवार अपराह्न** गोरखपुर-पिपराइच फोरलेन मार्ग के विकास भारती स्कूल मोड के आगे पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क परियोजना के ले आउट, ड्राइंग मैप का अवलोकन करने के साथ कार्य प्रगति की जानकारी ली। 19.485 किमी लंबाई वाले गोरखपुर-पिपराइच फोरलेन मार्ग का निर्माण 942.44 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन ने 11 फरवरी 2025 को कार्य प्रारंभ किया था। निर्माण 31 अगस्त 2026 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही कार्य में तेजी लाते हुए इसे अगस्त 2026 तक पूर्ण किया जाना भी सुनिश्चित हो। मुख्यमंत्री ने फोरलेन सड़क पर पानी की लेवलिंग जांचने के भी निर्देश दिए ताकि सड़क पर जलजमाव की कोई समस्या न रहे।

**जंगल कौड़िया-जगदीशपुर रिंग रोड का भी काम देखा सीएम ने**

गोरखपुर-पिपराइच फोरलेन का निर्माण कार्य देखने के दौरान मुख्यमंत्री ने जंगल-कौड़िया रिंग रोड के कार्यों का भी अवलोकन और निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण में और तेजी लाते हुए इस रिंग रोड को सितंबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि इस रोड पर बिशुनपुर अंडरपास की चौड़ाई को भी परख लिया जाए। चौड़ाई इतनी होनी चाहिए कि जनता को कोई दिक्कत न हो।

**जल्द पूरा करें खजांची बाजार फ्लाईओवर का निर्माण**

निरीक्षण की श्रृंखला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खजांची चौराहे पर 96.50 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे फ्लाईओवर का भी जायजा लिया। फ्लाईओवर के पास रुककर उन्होंने निर्माण की अब तक की प्रगति जानी और ड्राइंग मैप को भी देखा। इस फ्लाई ओवर का निर्माण 99 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो गया है। कार्यदायी संस्था की तरफ से बताया गया कि करीब तीन दिन का ही काम शेष है। इस पर सीएम योगी ने जल्द से जल्द फ्लाईओवर का निर्माण शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी भी उपस्थित रहे।

## नगर निगम की निश्चित आय का जरिया बनेगी सीएम ग्रिड की स्मार्ट सड़क : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ



अर्थ प्रकाश/गोरखपुर, 7 जनवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को राप्तीनगर में सीएम ग्रिड (चीफ मिनिस्टर ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट) योजना के तहत राप्तीनगर में बनी स्मार्ट सड़क का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि बेहतरीन यूटिलिटी डक्ट से युक्त यह स्मार्ट सड़क नगर निगम की निश्चित आय का जरिया भी बनेगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त से इसके सभी पहलुओं, पार्किंग, बेंच, यूटिलिटी डक्ट, ग्रीनरी, बनाने की तकनीकी आदि की विस्तार से जानकारी ली। नगर आयुक्त ने बताया कि पहले चरण में यह स्मार्ट सड़क पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बनी है। निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में सीएम योगी ने कहा कि स्मार्ट सड़क में स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट के साथ ही यूटिलिटी डक्ट भी बनाया गया है। इससे पाइपलाइन डालने के लिए बार बार सड़क की खोदाई नहीं करनी पड़ेगी। यह स्मार्ट सड़क इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यूटिलिटी डक्ट नगर निगम के लिए निश्चित आय का आधार भी बनेगा। यूटिलिटी डक्ट का उपयोग जिन संस्थाओं द्वारा अपने कार्य के लिए पाइपलाइन (बिजली, गैस) आदि डालने के लिए किया जाएगा, वे नगर निगम को इसके लिए किराया देंगी। सीएम ग्रिड की स्मार्ट सड़क नगर निगम को सालाना दो करोड़ रुपये का आय कराने में सफल होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा यह स्मार्ट सड़क मॉडल रोड है। इससे नगर निकायों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। सीएम योगी ने कहा कि सामूहिक प्रयास के अच्छे परिणाम सामने आते हैं। जब सबका सहयोग मिलता है तो महानगर, जनपद और प्रदेश विकास की बुलंदियों को छूता है। गोरखपुर में विकास इसी रूप में देखने को मिल रहा है।

## पिच फेस्ट 2.0 से लखनऊ को मिली नई पहचान : निवेशकों और स्टार्टअप्स के बीच सीधा संवाद, स्टार्ट-इन-यूपी के तहत बढ़ता दायरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लखनऊ, 7 जनवरी।** उत्तर प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम में एक महत्वपूर्ण प्रगति देखने को मिली, जब राजधानी लखनऊ में पिच फेस्ट 2.0 का आयोजन किया गया। विजन स्टार्टअप्स एक्सेलरेटर द्वारा माय प्लेस कोवर्किंग में आयोजित इस फंडिंग-केंद्रित कार्यक्रम में प्रदेश के नौ शहरों से आए 60 से अधिक स्टार्टअप्स रजिस्ट्रेशन में शामिल हुए। आयोजन में स्टार्टअप फाउंडर्स, एंजेल निवेशक, मेंटर्स और स्टार्टअप इकोसिस्टम से जुड़े प्रतिनिधि एक मंच पर उपस्थित रहे।

**दो अलग-अलग जोन में हुई गतिविधियां**

इस कार्यक्रम को दो समानांतर जोन में आयोजित किया गया। पिच एरीना में स्टार्टअप्स ने निवेशकों के समक्ष अपने बिजनेस मॉडल और विस्तार योजनाएं प्रस्तुत कीं, जबकि मेंटोर एंगेजमेंट जोन में क्लोज्ड मेंटर क्लीनिक्स, एएमए सत्र और त्वरित सलाह बैठकें आयोजित की गईं। इस व्यवस्था के चलते एक ओर केंद्रित पिचिंग हुई, वहीं दूसरी ओर स्टार्टअप्स को व्यावहारिक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। आयोजन के दौरान कई स्टार्टअप्स के साथ निवेश को लेकर उन्नत स्तर की चर्चाएं हुईं।

**उद्घाटन सत्र में शीर्ष उद्यमियों की मौजूदगी**

पिच फेस्ट 2.0 का उद्घाटन शार्क टैंक से फंडिंग प्राप्त स्टार्टअप आईसैक (ISAK) की संस्थापक विदुषी विजयवर्गीय तथा लखनऊ की सबसे बड़ी वीसी-फंडेड एडटेक कंपनी एट इन्फोबे (पूर्व में एजु गोरिल्ला) के संस्थापक रोहित मांगलिक द्वारा किया गया। दोनों वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए स्टार्टअप्स को निवेश की तैयारी, स्केलिंग और निष्पादन से जुड़े पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।



**एआई से डीप-टेक तक स्टार्टअप्स की प्रस्तुति**

कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एग्रीटेक, फिनटेक, ड्रोन, सास (SaaS), कंज्यूमर टेक्नोलॉजी और डीप-टेक जैसे क्षेत्रों से जुड़े स्टार्टअप्स ने अपने मार्केट-रेडी उत्पाद और स्केलेबल बिजनेस मॉडल प्रस्तुत किए। निवेशकों ने स्टार्टअप फाउंडर्स के साथ सीधे संवाद किया, जबकि मेंटर्स ने वैल्यूएशन, गो-टू-मार्केट रणनीति, यूनिट इकॉनॉमिक्स और स्केलेबिलिटी जैसे विषयों पर फीडबैक दिया।

**अनुभवी मेंटर्स ने किया मार्गदर्शन**

आयोजन में ख्यातिप्राप्त मेंटर्स ने भाग लिया। मेंटर्स ने स्टार्टअप्स को ब्रांड बिल्डिंग, निवेशकों की अपेक्षाएं, तकनीकी सुरक्षा और बड़े स्तर पर विस्तार से जुड़े मुद्दों पर स्पष्ट दिशा दी।

- विदुषी विजयवर्गीय- संस्थापक, ISAK Fragrances (शार्क टैंक फंडेड स्टार्टअप); ब्रांड बिल्डिंग, कंज्यूमर ट्रस्ट और फंडरेजिंग रेडीनेस पर मार्गदर्शन
- रोहित मांगलिक- एट इन्फोबे (पूर्व में एजु गोरिल्ला); एडटेक स्टार्टअप्स को स्केल करने, निवेशकों की अपेक्षाओं और बड़े स्तर पर निष्पादन पर चर्चा
- सुशांक अरोड़ा- डी2सी और ई-कॉमर्स विशेषज्ञ, संस्थापक, स्टार्टअप मेंटर एवं स्पीकर; कस्टमर एक्विज़िशन, यूनिट इकॉनॉमिक्स और डी2सी ग्रोथ रणनीतियों पर मार्गदर्शन
- मयंक भास्कर- संस्थापक एवं सीईओ, एआई एजेंसी; कम्युनिटी लीड व रिसर्चर, कोहियर लैब्स; लखनऊ एआई लैब्स के प्रमुख स्तंभ; जनरेटिव एआई, वैश्विक प्रोडक्ट बेंचमार्क और एआई-फर्स्ट स्टार्टअप्स पर सत्र
- सोमेंद्र नाथ तिवारी - निदेशक, AiCyber.Guru; सीनियर टेक्निकल प्रोग्राम मैनेजर, माइक्रोसॉफ्ट; MIT&Pro एलुमनाई एवं आईआईएम लखनऊ एमबीए; प्रोडक्ट इनोवेशन, साइबर सिक्योरिटी, टेलीकॉम और सुरक्षित, स्केलेबल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म निर्माण पर रणनीतिक दृष्टिकोण

**फंडिंग पर ठोस संवाद**

कार्यक्रम के बाद विजन स्टार्टअप्स एक्सेलरेटर के सीईओ सुधांशु रस्तोगी ने कहा कि पिच फेस्ट 2.0 केवल औपचारिक प्रस्तुति तक सीमित नहीं रहा। उनके अनुसार, स्टार्टअप फाउंडर्स और निवेशकों के बीच व्यावहारिक और ठोस बातचीत हुई, जिससे कई स्टार्टअप्स को फंडिंग और साझेदारी को लेकर आगे की प्रक्रिया के लिए स्पष्ट संकेत मिले।

**माय प्लेस कोवर्किंग बना गतिविधियों का केंद्र**

आयोजन स्थल माय प्लेस कोवर्किंग ने पूरे कार्यक्रम के दौरान पिचिंग और मेंटरशिप दोनों के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया। यहां फंडिंग चर्चाओं के साथ-साथ नेटवर्किंग, पायलट प्रोजेक्ट्स और स्टार्टअप सहयोग से जुड़े संवाद भी हुए।

स्टार्ट-इन-यूपी के तहत बढ़ता दायरा निवेशकों की बढ़ती भागीदारी और स्टार्ट-इन-यूपी जैसी पहलों के समर्थन के बीच पिच फेस्ट 2.0 ने यह संकेत दिया कि उत्तर प्रदेश का स्टार्टअप इकोसिस्टम अब केवल नोएडा और ग्रेटर नोएडा तक सीमित नहीं रह गया है। राजधानी लखनऊ में आयोजित इस आयोजन ने प्रदेश के स्टार्टअप परिदृश्य में आते बदलाव को रेखांकित किया।

## बीआरएस की निलंबित एमएलसी कविता का इस्तीफा विधान परिषद अध्यक्ष ने किया स्वीकार

अर्थ प्रकाश/हैदराबाद, 07 जनवरी। तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष गुथा सुखेंदर रेड्डी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की निलंबित एमएलसी के कविता का परिषद की सदस्यता से दिया गया इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। परिषद सचिव की ओर से मंगलवार देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार, अध्यक्ष ने कविता का इस्तीफा छह जनवरी से प्रभावी मानते हुए स्वीकार किया।कविता वर्ष 2021 में निजामाबाद स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए निर्वाचित हुई थीं। उन्होंने पिछले वर्ष तीन सितंबर को एमएलसी पद से इस्तीफा दिया था, लेकिन उस समय इसे स्वीकार नहीं किया गया था। पांच जनवरी को परिषद में कविता ने अध्यक्ष से अपना इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया था। अपने भाषण के दौरान उन्होंने अपने पिता के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया था कि पूर्ववर्ती बीआरएस शासनकाल में तेलंगाना में भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने पार्टी के संविधान को 'मजाक' करार दिया।उन्होंने यह भी कहा था कि बीआरएस शासन के दौरान लिए गए कुछ 'अलोकप्रिय' फैसलों में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। कविता को सितंबर 2025 में बीआरएस से निलंबित कर दिया गया था, जब उन्होंने अपने चचेरे भाइयों और पार्टी नेताओं टी हरीश राव तथा जे संतोष कुमार पर बीआरएस शासनकाल में बने कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना को लेकर उनके पिता केसीआर की छवि 'धूमिल' करने का आरोप लगाया था।निलंबन के बाद से कविता, उनके नेतृत्व वाले सांस्कृतिक संगठन 'तेलंगाना जागृति' के बैनर तले सार्वजनिक मुद्दों पर सक्रिय हैं।

## केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महिला बैंड ने जीता 26वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में ऐतिहासिक गोल्ड-महिला बैंड को सम्मानित किया गया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़**

सिविल सचिवालय पंजाब और हरियाणा कांसल नयागांव के कैम्पस में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री प्रवीर रंजन ने बताया कि 26वीं अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में ऐतिहासिक गोल्ड जीतने पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला बैंड को सम्मानित किया गया।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक ने 02 जनवरी 2026 को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल मुख्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला बैंड को सम्मानित किया। इस समारोह में फोर्स मुख्यालय और दिल्ली स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाइयों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। यह समारोह सिकंदराबाद में 16 से 20 दिसंबर 2025 तक आयोजित 26वीं अखिल इंडिया पुलिस बैंड प्रतियोगिता में बैंड की असाधारण उपलब्धि का सम्मान करने के लिए आयोजित किया गया था, जहाँ टीम ने अनुशासन, सटीकता और पेशेवर उत्कृष्टता के साथ शानदार प्रदर्शन किया। यह उल्लेखनीय है कि हमारे देश में बहुत कम महिला बैंड उपलब्ध हैं। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला बैंड (जिसमें 01 बैंड मास्टर, 33 मुख्य बैंड कर्मी और 02 आरक्षित सदस्य शामिल थे) ने शीर्ष सम्मान हासिल किया, जिसमें महिला ब्रास बैंड श्रेणी में स्वर्ण पदक, सर्वश्रेष्ठ महिला दल का समग्र पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ कंडक्टर (बैंड मास्टर) पुरस्कार शामिल है, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ब्रास बैंड के कंडक्टर का पुरस्कार एल/सीटी लिडिया चिंगबियाकसियाम ने जीता। ये सम्मान बल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं और औपचारिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की बढ़ती प्रतिष्ठा को रेखांकित करते हैं। पुरस्कार विजेता दल का नेतृत्व टीम मैनेजर के रूप में श्रीमती भावना यादव, सहायक कमांडेंट (डीएमआरसी ) ने किया। टीम को ऐएसआई ऐक्स अरुण छेत्री द्वारा विशेषज्ञ रूप से प्रशिक्षित और कोचिंग दी गई थी, जिसमें छह प्रशिक्षकों का समर्पित समर्थन था, जिससे संगीत समन्वय और औपचारिक प्रस्तुति के उच्च मानकों को सुनिश्चित किया गया। दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता की एक संक्षिप्त यात्रा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला बैंड की अवधारणा सितंबर 2023 में की गई थी। महिला कांस्टेबलों की भर्ती जनरल ड्यूटी एंट्री के माध्यम से की गई थी - जिनमें से कई के पास पहले कोई संगीत पृष्ठभूमि नहीं थी। उन्हें अनुभवी सैन्य संगीत गुरु, मेजर (सेवानिवृत्त) नज़ीर हुसैन के मार्गदर्शन में और श्री सरोज कांत मल्लिक, आई जी साहिब (तत्कालीन डीआईजी , एसएसजी ) के नेतृत्व में सावधानीपूर्वक चुना और प्रशिक्षित किया गया। सीमित समय सीमा के भीतर गहन मानसिक कंडीशनिंग, केंद्रित संगीत प्रशिक्षण और अनुशासित पूर्वाभ्यास के माध्यम से, दल आखिरकार सभी बाधाओं को पार करते हुए एक पेशेवर ब्रास बैंड में विकसित हुआ। अपनी शुरुआत से ही, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला बैंड ने राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान बनाई है। इस टुकड़ी ने गणतंत्र दिवस परेड-2024, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल दिवस परेड 2024 और 2025 में हिस्सा लिया, और, खास तौर पर, बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी-2025 में भी भाग लिया, जो इस प्रतिष्ठित और ऐतिहासिक राष्ट्रीय कार्यक्रम में किसी महिला बैंड टुकड़ी की पहली भागीदारी थी। अखिल भारतीय पुलिस बैंड प्रतियोगिता में हालिया सफलता ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल महिला बैंड की स्थिति को उत्कृष्टता और सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में और मज़बूत किया है। इस अवसर पर, डीजी - केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल , श्री प्रवीर रंजन ने कहा - 'आज, हम यहाँ आपको सेलिब्रेट करने के लिए इकट्ठा हुए हैं - खासकर महिलाओं की ताकत का जश्न मनाने के लिए। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल धीरे-धीरे एक जेंडर-न्यूट्रल फोर्स बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। पहले, कुछ भूमिकाओं पर पुरुष कर्मियों का दबदबा था, लेकिन आज महिलाएं आत्मविश्वास और काबिलियत के साथ वही महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रही हैं। आपने न केवल केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की प्रतिष्ठा बढ़ाई है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं। आप जो काम कर रही हैं, वह सच में अनोखा है। पूरा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल परिवार आप में से हर एक पर गर्व महसूस करता है।'



# वेनेजुएला अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल कच्चा तेल देगा

### ट्रंप बोले- बिक्री का पैसा मेरे नियंत्रण में रहेगा

**नई दिल्ली ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वेनेजुएला की अंतरिम सरकार अमेरिका को 30 से 50 मिलियन बैरल उच्च गुणवत्ता वाला कच्चा तेल सौंपेगी। यह तेल फिलहाल प्रतिबंधों के दायरे में है। ट्रंप ने यह घोषणा अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर की। उनके मुताबिक, अमेरिका इस तेल को बाजार भाव पर बेचेगा और बिक्री से मिलने वाली राशि राष्ट्रपति के नियंत्रण में रहेगी, जिसका इस्तेमाल वेनेजुएला और अमेरिका दोनों देशों के लोगों के हित में किया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि तेल की सप्लाई तुरंत शुरू की जाएगी। उन्होंने ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट को बिना किसी देरी के इस योजना को लागू करने का निर्देश दिया है। योजना के तहत तेल को स्टोरेज जहाजों के जरिए अमेरिका लाया जाएगा और सीधे अमेरिकी बंदरगाहों पर उतारा जाएगा। फिलहाल कच्चे तेल की कीमत करीब 56 डॉलर प्रति बैरल बताई जा रही है। इस हिसाब से 30 से 50 मिलियन बैरल का यह सौदा लगभग 2.8 अरब डॉलर तक का हो सकता है। अमेरिका रोजाना करीब 2 करोड़ बैरल तेल की खपत करता है, ऐसे में वेनेजुएला से मिलने वाला यह तेल लगभग ढाई दिन की जरूरत के बराबर होगा। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस में प्रमुख तेल कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक बुलाने की बात कही है। इसमें एक्सॉन, शेवरॉन और कोनोकोफिलिप्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। यह घोषणा उस सैन्य कार्रवाई के कुछ दिन बाद आई है, जिसमें अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को गिरफ्तार कर अमेरिका ले जाया। वेनेजुएला के अधिकारियों के अनुसार, इस ऑपरेशन में 24 सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई। अंतरिम राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने ट्रंप के बयानों का विरोध किया है, जबकि अमेरिका में डेमोक्रेट पार्टी ने इस कार्रवाई की आलोचना की है।

## टाटा, जेएसडब्ल्यू और सेल पर स्टील कीमत तय करने का आरोप

### भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग की जांच में हुआ खुलासा




**नई दिल्ली ।**

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की जांच में पता चला है कि टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील और सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल ने आपस में मिलकर स्टील की कीमतें तय की। यह कदम भारतीय प्रतिस्पर्धा कानून के खिलाफ माना गया है। आयोग ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट तैयार कर कंपनियों से जवाब और वित्तीय विवरण मांगे हैं।

सूत्रों के अनुसार, सीसीआई ने अभी तक कोई अंतिम आदेश जारी नहीं किया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कंपनियों की आपत्तियों और सुझावों को सुना जाएगा, और फिर ही आयोग अंतिम फैसला लेगा। अगर कंपनियों पर जुर्माना लगाया जाता है, तो उसकी गणना वित्तीय विवरणों के आधार पर की जाएगी। टाटा स्टील और सेल ने उक्त मामले में अभी कोई प्रेतिक्रिया नहीं दी है। सीसीआई ने 2021 से स्टील क्षेत्र में गोलबंदी और कीमत तय करने की गतिविधियों की जांच शुरू की थी। पिछले साल केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि स्टील और सीमेंट उद्योग में सांठगांठ देश और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए गंभीर समस्या है।

## एफएमसीजी कंपनियों की बिक्री में तेजी, 5 फीसदी तक होगी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ।**

एक रिपोर्ट के अनुसार आने वाले कुछ महीनों में रोजमर्रा के सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) की बिक्री में 5 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कम मुद्रास्फीति, नकारात्मक खाद्य मुद्रास्फीति और उपभोक्ता विश्वास में बढ़ोतरी से एफएमसीजी क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 18 महीनों के सुस्त प्रदर्शन के बाद अगस्त से अक्टूबर की अवधि में एफएमसीजी बिक्री में 5.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह अप्रैल 2024 के बाद की सबसे मजबूत तिमाही वृद्धि है और पिछली तिमाही व पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में कम से कम एक प्रतिशत अंक अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में बिक्री 4.2 प्रतिशत बढ़ी थी। रिपोर्ट के अनुसार भारत कोविड से पहले एफएमसीजी उत्पादों के लिए 139 गुना खरीदारी कर रहा था। कोविड महामारी के पहले वर्ष के दौरान यह आंकड़ा घटकर 130 रह गया। तब से यह 2024 और 2025 में बढ़कर 157 हो गया है। यह महत्त्वपूर्ण है कि प्रमुख आवश्यक श्रेणियों में कीमतों में बढ़ोतरी के कारण खरीदार हर खरीदारी पर दस रुपये अतिरिक्त दे रहे हैं। इसके अलावा, वस्तु एवं सेवा कर दरों में कटौती से ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड उत्पादों के बीच अंतर कम होने की उम्मीद है।

## यूनियन बैंक और बैंक ऑफ इंडिया होंगे एक!

### - प्रस्ताव अभी अधिकारिक रूप से अनुमोदित नहीं हुआ

**मुंबई ।**

सरकार ने एक बार फिर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के संभावित विलय पर विचार शुरू कर दिया है। यह प्रस्ताव अभी अधिकारिक रूप से अनुमोदित नहीं हुआ है लेकिन कई मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि वित्त मंत्रालय इस बड़े कदम पर गंभीरता से काम कर रहा है, जिससे बैंकिंग सेक्टर को मजबूती मिल सके और प्रतिस्पर्धा बढ़े।

अगर यह विलय लागू होता है, तो नई इकाई स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा सरकारी बैंक बन जाएगी। इससे ऑपरेशनल एफिशिएंसी, पूंजी शक्ति और नेटवर्क में वृद्धि होने की उम्मीद जताई जा रही है। यह कदम 2017-2020 के दौरान सरकारी बैंकों के बड़े विलयों की दूसरी लहर की तरह माना जा रहा है, जब 27 बैंकों को 12 में संकरा गया था।

अब फिर से ऐसे मर्जर 2.0 पर चर्चा तेज हुई है, जिसमें कुछ बैंकों के बहुमत का विलय या पुनर्गठन हो सकता है। कुछ विश्लेषक मानते हैं कि विलय से बैंक की वित्तीय स्थिति और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बेहतर होगी, जबकि बैंक कर्मचारी संघों ने चेतावनी दी है कि इससे ग्रामीण सेवाओं और स्थानीय पहुंच पर नकारात्मक असर पड़ सकता है।


हालांकि संसद में वित्त राज्य मंत्री ने बताया है कि इस समय कोई आधिकारिक मर्जर प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, लेकिन प्रारंभिक चर्चा और रणनीति तैयार की जा रही है।

## आरबीआई ने बैंकों के डिविडेंड पर कड़े नियम जारी किए

### बैंक तभी डिविडेंड देंगे जब वे न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं और अनिवार्य बफर्स का पालन करेंगे


**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने भारतीय बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय स्थिरता मजबूत करने के लिए बैंकों द्वारा डिविडेंड भुगतान पर नए और सख्त नियमों का मसौदा जारी किया है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि बैंक मुनाफा बांटने से पहले अपनी पूंजी पर्याप्तता और परिसंपत्ति की गुणवत्ता सुनिश्चित करें और भविष्य की अनिश्चितताओं के लिए संसाधन सुरक्षित रखें। ये नियम सभी वाणिज्यिक बैंकों और भारत में काम करने वाले विदेशी बैंकों पर लागू होंगे। हालांकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, स्मॉल फाइनेंस बैंक और पेमेंट बैंक फिलहाल इस दायरे से बाहर हैं। बैंक केवल तब डिविडेंड दे पाएंगे जब वे न्यूनतम पूंजी आवश्यकताओं और अनिवार्य बफर्स का पालन करेंगे। घरेलू प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण बैंकों को अतिरिक्त पूंजी बफर बनाए रखना अनिवार्य होगा।




डिविडेंड देने के बाद भी बैंक का पूंजी अनुपात निर्धारित सीमा से नीचे नहीं जाना चाहिए। अब बैंक डिविडेंड के लिए समायोजित कर पश्चात लाभ दिखाएंगे। इसमें शुद्ध एनपीए घटाने के बाद भी लाभ सकारात्मक होना जरूरी है। विदेशी शाखाओं वाले बैंक भी तभी अपने देश में मुनाफा भेज पाएंगे। यदि कोई बैंक इन शर्तों को पूरा नहीं करता है, तो उसे डिविडेंड देने या मुनाफा विदेश भेजने की अनुमति नहीं होगी। आरबीआई के दिशा-निर्देशों या कानून का उल्लंघन करने पर बैंक पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

## आरबीआई का बैंक पर्यवेक्षण सूचकांक बढ़ा




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सितंबर तिमाही में अपने बैंक पर्यवेक्षण आंकड़ा गुणवत्ता सूचकांक (एसडीक्यूआई) को 90.7 बताया, जो अप्रैल-जून तिमाही के 89.9 की तुलना में बढ़ा है। यह संकेत है कि बैंकों ने वित्तीय आंकड़े अधिक सटीक, समय पर और पूर्णता के साथ जमा किए। एसडीक्यूआई का उद्देश्य यह जांचना है कि बैंक आरबीआई के पर्यवेक्षण रिटर्न नियमों का कितना पालन कर रहे हैं। यह सूचकांक बैंकों की निगरानी और जांच में केंद्रीय बैंक के लिए महत्वपूर्ण आधार प्रदान करता है। आरबीआई के अनुसार एसडीक्यूआई स्कोर का वर्गीकरण इस प्रकार है- 70 से कम गंभीर चिंता, 70-80 सुधार की जरूरत, 80-90 स्वीकार्य एवं 90 से अधिक अच्छा। सितंबर 2025 तिमाही में किसी भी बैंक का स्कोर 80 से कम नहीं था, जो सकारात्मक संकेत है। यह सूचकांक 87 बैंकों के आंकड़ों को शामिल करता है, जिसमें ऋण की गुणवत्ता, जोखिम प्रबंधन, नकदी स्थिति और पूंजी पर्याप्तता शामिल हैं।




## लेनोवो का भारत में अगले तीन साल में कारोबार दोगुना करने का लक्ष्य

### - वृद्धि का आधार घरेलू खपत और भारत, दुनिया के लिए नवाचार रणनीति होगा

**लास वेगास ।** लेनोवो (एशिया प्रशांत) के एक अधिकारी ने कहा कि कंपनी अगले तीन वर्षों में भारत में अपने कारोबार को दोगुना करना चाहती है। इस वृद्धि का आधार घरेलू खपत और भारत, दुनिया के लिए नवाचार रणनीति होगा। मोटोरोला व्यवसाय पिछले दो वर्षों में राजस्व दोगुना से अधिक बढ़ा। बुनियादी ढांचा और सेवाओं का कारोबार उच्च दोहरे अंकों की दर से बढ़ रहा है। कंपनी का दृष्टिकोण है कि यह वृद्धि जारी रहे और अगले तीन वर्षों में लक्ष्य पूरा हो। लेनोवो भारत में अपने मुख्य सर्वरों का निर्माण कर रही है। मोटोरोला फोन के लिए सॉफ्टवेयर का महत्वपूर्ण हिस्सा स्थानीय स्तर पर विकसित किया जा रहा है। कंपनी भारत, भारत के लिए और भारत, दुनिया के लिए नीति को आगे बढ़ाएगी। भर्ती संख्या साझा नहीं की गई, लेकिन संसाधन समय से पहले जोड़ने की योजना है। जुलाई-सितंबर तिमाही में राजस्व 23 फीसदी बढ़कर 1.2 अरब डॉलर हुआ, डिजिटलीकरण, प्रीमियम उत्पादों की मांग और जीएसटी सुधारों का लाभ मिला।

## सीएमएस को एसबीआई से मिला 1000 करोड़ का ठेका

**मुंबई ।** सीएमएस इन्फो सिस्टम्स ने भारतीय स्टेट बैंक से 5000 एटीएम प्रबंधन का 1,000 करोड़ रुपये का 10 साल का ठेका हासिल किया है। अनुबंध में प्रबंधित सेवाएं, नकदी दक्षता सुधार और एटीएम कार्यक्षमता बढ़ाना शामिल है। कंपनी के मुख्य व्यापार अधिकारी अनुष राघवन ने कहा कि इससे राजस्व में 500 करोड़ रुपये की वृद्धि होगी। इस कदम से लाखों ग्राहकों को स्थिर और उच्च गुणवत्ता वाली स्व-सेवा बैंकिंग सुविधा मिलेगी।

## एलआईसी ने पेश की नई लाइफटाइम इंश्योरेंस स्कीम व रिवाइवल ऑफर

### - योजना 12 जनवरी 2026 से उपलब्ध होगी




**नई दिल्ली ।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने नए साल की शुरुआत में अपनी नई पॉलिसी जीवन उत्सव सिंगल प्रीमियम लॉन्च करने का ऐलान किया है। यह योजना 12 जनवरी 2026 से उपलब्ध होगी। यह नॉन-लिंक्ड और नॉन-पार्टिसिपेटिंग पॉलिसी है, जिसमें शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव का कोई असर नहीं। ग्राहक केवल एक बार प्रीमियम जमा करेंगे और जीवनभर का बीमा कवर पाएंगे। यह पॉलिसी बचत और बीमा का संतुलित मिश्रण प्रदान करती है। एलआईसी ने लैप्स हुई पॉलिसियों के लिए भी विशेष ऑफर पेश किया है। इसमें लेट फीस पर 30 फीसदी तक की छूट (अधिकतम 5,000 रुपए) दी जाएगी। लाभार्थी वे ग्राहक होंगे जिनकी पॉलिसी बकाया प्रीमियम की तारीख से पांच साल के भीतर बंद हुई हो, और इसमें माइक्रो इंश्योरेंस व नॉन-लिंक्ड प्लान शामिल हैं। मेडिकल छूट नहीं मिलेगी। एलआईसी के अनुसार पुरानी पॉलिसी को चालू रखना नई पॉलिसी लेने से अधिक फायदेमंद है, क्योंकि पुराने बोनस और बीमा कवर का लाभ निरंतर मिलता रहता है।

## भारत को चांदी आयात पर निर्भरता कम करने की आवश्यकता- जीटीआरआई

### - जनवरी-नवंबर 2025 तक कुल आयात 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा

**नई दिल्ली ।**

भारत वर्तमान में चांदी के आयात में अत्यधिक निर्भर है। वित्त वर्ष 2024-25 में देश ने 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर का चांदी आयात किया, जबकि निर्यात केवल 47.84 करोड़ अमेरिकी डॉलर रहा। 2025 में यह आयात और तेज़ी से बढ़ा, अक्टूबर में 2.7 अरब अमेरिकी डॉलर और नवंबर में 1.1 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात हुआ। जनवरी-नवंबर 2025 तक कुल आयात 8.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया और पूरे वर्ष का अनुमान 9.2 अरब अमेरिकी डॉलर है। विश्व में चांदी प्रसंस्करण में चीन सबसे बड़ा केंद्र है। चीन 6.3 अरब अमेरिकी डॉलर के चांदी अयस्क और सांद्रण का आयात करता है, जिसमें से 5.6 अरब अमेरिकी डॉलर का आयात ही देश के भीतर प्रसंस्कृत किया जाता है। इसके बाद यह उच्च मूल्य वाले उत्पादों इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर पैनल और चिकित्सा उपकरणों में परिवर्तित होकर निर्यात होता है। टीआरआई के एक अधिकारी का कहना है कि भारत को चांदी को केवल कीमती धातु नहीं, बल्कि औद्योगिक और ऊर्जा धातु के रूप में अपनाना चाहिए। इसके लिए घरेलू शोधन एवं पुनर्चक्रण क्षमता बढ़ाना और आयात स्त्रोतों में विविधता लाना आवश्यक है। दीर्घकालिक खनन साझेदारियों के माध्यम से आपूर्ति सुनिश्चित करना भी जरूरी है। वैश्विक चांदी की लगभग 55-60 प्रतिशत मांग औद्योगिक क्षेत्रों में है। विशेषकर सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रिक वाहन और चिकित्सा उपकरणों में इसका उपयोग बढ़ रहा है। सौर फोटोवोल्टिक सेल्स में कंडक्टिव पेस्ट के रूप में चांदी दक्षता बढ़ाने में मदद करती है।

## शेयर बाजार हल्की गिरावट पर बंद

**मुम्बई।**

भारतीय शेयर बाजार सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से दिन के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 102.20 अंक टूटकर 84,961.14 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 37.95 अंक नीचे आकर 26,140.75 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान लार्जकैप में गिरावट रही जबकि मिडकैप और स्मॉलकैप में बढ़त रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 276.15 अंक ऊपर आकर 61,424.70 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 70.65 अंक नीचे आकर17,958.50 पर बंद हुआ। वहीं सेक्टोरल आधार पर , निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स , निफ्टी फार्मा और निफ्टी इंडिया डिफेंस तेजी के साथ बंद हुआ।दूसरी ओर निफ्टी ऑयल एंड गैस, निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज और निफ्टी कमोडिटीज की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, सन फार्मा, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, एलएंडटी के शेयर उछले जबकि पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, एचयूएल, एसबीआई, भारती एयरटेल, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, इंडिगो के शेयरों को नुकसान हुआ। बाजार जानकारों के अनुसार मुनाफावसूली के साथ ही विदेशी निवेशकों के सतर्कता बरतने से बाजार नीचे आया है। इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में आईटी शेयरों में खरीदारी देखने को मिली, लेकिन ऑटो और फाइनेंशियल सेक्टर में मुनाफावसूली के कारण बाजार पर दबाव बना रहा। सेंसेक्स बड़ी गिरावट के साथ 84,620 के स्तर पर खुला। । वहीं निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 26,143 अंक पर खुलने के बाद निफ्टी 33.70 अंक की कमजोरी के साथ



26,145 के स्तर पर ट्रेड करता नजर आया। वहीं एशिया के शेयर बाजारों में बुधवार को मिला-जुला कारोबार देखा गया। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स, एसएंडपी 200 इंडेक्स 0.38 फीसदी बढ़ा, क्योंकि नवंबर में महंगाई दर घटकर 3.4 फीसदी रही, जो अक्टूबर के 3.8 फीसदी से कम और बाजार के अनुमान से नीचे थी। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.89 फीसदी चढ़ा, जबकि जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.45 फीसदी गिर गया। वहीं एशियाई कारोबार के दौरान अमेरिकी शेयर बाजारों के फ्यूचर्स में ज्यादा बदलाव नहीं दिखा। अमेरिका की वेनेजुएला में हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद निवेशकों का भरोसा बढ़ा। इससे एसएंडपी 500 और डाउ जोंस नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। इस दौरान एसएंडपी 500 में 0.62 फीसदी, डाउ जोंस में 0.99 फीसदी और नैस्डैक में 0.65 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई।

## भारत ने गुणवत्ता नियंत्रण आदेश वापस लिए, व्यापारिक राहत की उम्मीद

### क्यूसीओएस ने उत्पादन लागत बढ़ाई और निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर की

**नई दिल्ली ।**

भारत ने हाल ही में गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों (क्यूसीओ) को वापस लेना शुरू किया है, जिसे उद्योग जगत ने राहत और कुछ क्षेत्रों में तारीफ के साथ स्वागत किया। यह कदम उन नीतियों को पलटने की दिशा में पहला संकेत है जिन्होंने उत्पादन और निर्यात को प्रभावित किया। वस्त्र, इस्पात और रसायन उद्योग में कच्चे माल की आपूर्ति सबसे अधिक बाधित हुई। विशेषज्ञों के अनुसार क्यूसीओएस ने उत्पादन लागत बढ़ाई और निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता कमजोर की। विश्लेषकों का कहना है कि क्यूसीओ को वापस लेना केवल हानि नियंत्रण है, इसे सुधार या नीति सफलता नहीं मानना चाहिए। यह घटना भारत की आर्थिक शासन प्रणाली में गहराई से मौजूद समस्या, अंदरूनी हस्तक्षेप और समय पर नुकसान की पहचान में देरी का संकेत देती है। इससे नीतियों को अक्सर बाद में पलटना पड़ता है। क्यूसीओ सिर्फ एक उदाहरण हैं। इसी तरह जीएसटी संरचना और रुपये की सॉफ्ट-पेगिंग जैसी नीतियाँ भी समय के साथ संशोधित की गईं।



नीति का अचानक विस्तार और तत्काल पलटना यह दर्शाता है कि नीति निर्माण में समन्वय और स्थायित्व की कमी है। क्यूसीओएस ने विशेष रूप से निर्यातोन्मुखी क्षेत्रों पर असर डाला। उदाहरण के लिए, वस्त्र और परिधान उद्योग में पॉलिएस्टर और विस्कॉस के आयात में गिरावट आई, जिससे कंपनियों को महंगे घरेलू विकल्प अपनाने पड़े और उत्पादन प्रभावित हुआ। नवंबर 2025 से उनका क्रमिक निरस्तीकरण शुरू हुआ, जिससे व्यापारिक गतिविधियों में सहजता लौट रही है।

## बैंकों में सेल्स स्टाफ की भर्ती में बढ़ोतरी, व्यवसाय पक्ष पर जोर

**नई दिल्ली ।**

बैंकों में हाल के महीनों में सेल्स स्टाफ की नियुक्तियों में तेजी आई है। टीम लीज सर्विसेज के आंकड़ों के अनुसार बैंकों ने पिछले छह महीनों में भर्ती में 10-15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बदलाव सतर्क भर्ती माहौल से सक्रिय भर्ती रणनीति की ओर संकेत करता है। भर्ती का अधिकांश ध्यान आवास, वाहन और स्वर्ण ऋण जैसे सुरक्षित और बढ़ते खंडों पर रहा, जबकि रिकवरी खंड में नियुक्तियां कम रही। टीमलीज सर्विसेज के एक अधिकारी ने बताया कि मझोले निजी बैंक और एनबीएफसी छोटे और मझोले शहरों में अपनी बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए आक्रामक रूप से फ्रंटलाइन स्टाफ की नियुक्ति कर रहे हैं। इसके विपरीत बड़े निजी बैंक तकनीकी आधारित उत्पादकता और लागत अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित कर संतुलित भर्ती कर रहे हैं। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने दिसंबर में रेपो रेट में 25 आधार अंक की कटौती की। वर्ष 2025 में कुल 125 आधार अंक की कटौती हुई। बैंक अधिकारियों का कहना है कि कम निधि लागत का लाभ धीरे-धीरे व्यवसाय वृद्धि में दिखाई दे रहा है। इस कारण बैंकों की भर्ती रणनीति अब संग्रह की तुलना में व्यवसाय और ऋण विस्तार पर अधिक केंद्रित है।

# अनाज भंडारण क्षेत्र में उतरेंगी सहकारी समितियां, सीएम पैक्सों से होगी शुरूआत

- चीनी मिलों के घाटे को कम करने के मकसद से बनेगी समन्वय समिति
- सहकारिता मंत्री ने की मुख्यमंत्री घोषणाओं और बजट घोषणाओं की समीक्षा
- पानीपत में एथनॉल प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



अनाज भंडारण क्षेत्र में उतरेंगी।

**चंडीगढ।** केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की नई सहकारिता नीति को क्रियान्वयन करने की दिशा में हरियाणा गंभीरता से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के संकल्प और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के संग चलें, संग बढें के मूल मंत्र के साथ हरियाणा की सहकारी समितियां अब अनाज भंडारण क्षेत्र में उतरेंगी। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने इस दिशा में कदम आगे बढाते हुए सीएम पैक्सों से शुरूआत करने तथा इच्छुक सहकारी समितियों को चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं। यही नहीं प्रदेश के सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी जल्द ही समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा हरियाणा सिविल सचिवालय स्थित कमेटी कक्ष में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेन्द्र कुमार एवं सभी सहकारी संस्थाओं के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश में अनाज भंडारण के लिए गोदाम निर्माण के उद्देश्य से हैफेड को नोडल एजेंसी बनाते हुए 10 लाख मीट्रिक्क क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए अधिकृत किया गया है। इस दिशा में हैफेड द्वारा अब तक 3.35 लाख मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण के लिए मंजूरी दी जा चुकी है, जबकि 1.38 लाख लाख मीट्रिक टन के लिए प्रस्ताव राज्य स्तरीय समिति को भेज दिए गए हैं। सहकारी समितियां आत्मनिर्भर भारत - विकसित भारत संकल्प में अपना अहम योगदान दे सकें, इसके लिए सीएम पैक्सों को भी अनाज भंडारण क्षेत्र में अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में अब तक पंजीकृत सभी सीएम पैक्सों को इस संभावना के बारे में अवगत करवाते हुए अवसर प्रदान किए जाएं, ताकि उन्हें व्यवहारिक तौर पर अवसर उपलब्ध करवाए जा सकें।

सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने सहकारी चीनी मिलों को घाटे से उभारने के लिए भी सहकारी चीनी मिल प्रसंघ को विशेष कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एक समन्वय समिति गठित की जाए, जो सभी चीनी मिलों के निरीक्षण करते हुए मिलों को घाटे से उभारने बारे रिपोर्ट दे। उन्होंने कहा कि गन्ना उत्पादक किसानों के सामने आ रही लेबर समस्या के निदान के लिए भी जल्द ही कृषि विभाग के साथ समन्वय करते हुए हार्वेस्टिंग मशीनों को सब्सिडी पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाए। यही नहीं पानीपत में 200 करोड रूपए की लागत से एथेनॉल प्लांट स्थापित करने की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश दिए तथा अन्य सहकारी चीनी मिलों में एथेनॉल प्लांट लगाने की संभावना पर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने विभाग से जुडी मुख्यमंत्री घोषणाएं और बजट के दौरान की गई घोषणाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयेन्द्र कुमार, हैफेड एमडी मुकुल कुमार, डेयरी फेडरेशन एमडी रोहित यादव, हरको बैंक एमडी डॉ प्रफुल्ला रंजन, हरकोफेड एमडी नरेश गोयल, लेबरफेड एमडी वीरेंद्र दहिया, हाउसफेड एमडी योगेश शर्मा उपस्थित रहे।

## कुमाऊं सभा का शपथ ग्रहण समारोह 11 जनवरी रविवार को सामुदायिक केंद्र सैक्टर 27 चंडीगढ़ में 11:00 बजे

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह/चंडीगढ़- कुमाऊं सभा, चंडीगढ़ की नव निर्वाचित व मनोनीत कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भव्य रूप से 11 जनवरी, 2026 (रविवार) को सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 27, चंडीगढ़ में 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। सभा के मीडिया प्रभारी शशि प्रकाश पांडेय ने बताया कि सभा के संविधान के अनुसार कार्यकारिणी के पदाधिकारी तथा सदस्य कार्य ग्रहण करने से पूर्ण सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ लेते हैं। कार्यकारिणी के साथ ही वरिष्ठ सलाहकार और सलाहकारों पर आधारित एक सलाहकार समिति का भी गठन होगा। सभा के वरिष्ठ सदस्यों तथा गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई जाएगी। इस अवसर पर संगठन के भावी लक्ष्यों, सामाजिक दायित्वों एवं विकास योजनाओं पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजक मंडल ने समाज के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया है।

## इंडस फाउंडेशन ने चंडीगढ़ गोल्फ क्लब के लिए ट्रांसफार्मरेशनल लीज़ और यूथ - सेंट्रिक सुधारों का प्रस्ताव रखा

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह / चंडीगढ़। पंजाब और चंडीगढ़ मूल के एनआरआई (नॉन-रेजिडेंट इंडियन) जो अब अमेरिका और कनाडा में रहते हैं, ने इंडस फाउंडेशन - इंडस एंटरप्रेन्योर्सने अपने संगठन के माध्यम से माननीय राज्यपाल और यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया को चंडीगढ़ गोल्फ क्लब के भविष्य के लीज़ और प्रबंधन को लेकर औपचारिक प्रस्ताव भेजा है। अपने पत्र में फाउंडेशन ने इस बात पर ध्यान दिलाया कि मौजूदा गोल्फ क्लब प्रबंधन द्वारा चंडीगढ़ प्रशासन को सालाना भुगतान की जाने वाली लीज़ राशि 1 करोड़ रुपये से कम है, जबकि क्लब की स्थानीय और एनआरआई मेंबरशिप से होने वाली कुल आय 8 करोड़ रुपये से अधिक अनुमानित है। फाउंडेशन ने कहा कि ये लीज़ शर्तें भारत के किसी भी अन्य सरकारी-आवंटित गोल्फ क्लबों की तुलना में काफी कम हैं। इस असंतुलन को दूर करने और आम जनता को लाभ देने के लिए फाउंडेशन ने सालाना 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लीज़ देने का प्रस्ताव रखा है, साथ ही चंडीगढ़ गोल्फ क्लब की मौजूदा नीलामी और मेंबरशिप नीतियों में सुधार की भी मांग की है। प्रस्ताव का एक मुख्य हिस्सा चंडीगढ़ के स्कूलों और कॉलेजों के युवाओं को इस खेल तक पहुच को बडाना है जिससे युवा प्रतिभाओं को गोल्फ में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिल सके। फाउंडेशन ने जोर दिया कि जैसे क्रिकेट ने भारत में वैश्विक स्तर पर अवसर पैदा किए हैं, वैसे ही गोल्फ भी एक प्रतिस्पर्धी खेल बन सकता है यदि उच्च फीस और मेंबरशिप जैसी संस्थागत बाधाओं को हटाया जाए। प्रस्ताव में फ्इंडिया गोल्फ लीगफ्र की स्थापना का भी विचार है जिसका उद्देश्य युवा प्रतिभाओं का पोषण करना, अंतरराष्ट्रीय अनुभव बढ़ाना और चंडीगढ़ को पेशेवर गोल्फ विकास का केंद्र बनाना है। फाउंडेशन के अनुसार वर्तमान नीतियों के कारण युवा खिलाड़ियों के लिए क्लब तक पहुंच सीमित है। प्रस्तावित सुधार क्लब को अधिक सार्वजनिक हित के अनुकूल बनाने का लक्ष्य रखते हैं। इंडस फाउंडेशन ने चंडीगढ़ प्रशासन से आग्रह किया है कि वे इस लीज़ विकल्प, नीतिगत सुधार पर चर्चा करने का अवसर दें ताकि चंडीगढ़ गोल्फ क्लब को एक वैश्विक स्तर का और सामाजिक रूप से खेल संस्थान बनाया जा सके।

## न्यूज़ ब्रीफ

### छापेमारी के दौरान पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के वकील के पास कार से 10 पेटी अवैध शराब और 50 ग्राम चरस/सुल्फा किया बरामद



अर्थ प्रकाश / जे के बत्ता न्यू- चंडीगढ़ । श्री सतिंदर मल्ही, एक्साइज इंस्पेक्टर ने बताया कि पंजाब में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा नशे के खिलाफ चल रहे अभियान 'युद्ध नशे के विरुद्ध' का दूसरा चरण बग 5 जनवरी से शुरू हो गया है। पहले चरण की उल्लेखनीय सफलता के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर इस अभियान को और व्यापक रूप दिया गया है। बताया कि दूसरे चरण में नशा छोड़ चुके और पुनर्वासित युवा प्रेरक वक्ता बनकर समाज में नशा छोड़ने का संदेश देंगे। इसके साथ ही नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, जिसमें पहले चरण से भी ज्यादा कढ़ाई करनी है जिसके तहत जगह जगह नाके लगाये जा रहे है । 6.1.2025 को, श्री तरसेम चंद, डिप्टी कमिश्नर (एक्साइज), पटियाला के कुशल मार्गदर्शन में और श्री अशोक चालोत्रा, असिस्टेंट कमिश्नर (एक्साइज) और मेरे सीधे सुपरविजन में चल रहे प्रवर्तन अभियान के तहत, श्री सतिंदर मल्ही, एक्साइज इंस्पेक्टर ने एक्साइज स्टाफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर गांव बेहलोलपुर टापरिया में स्थित एक गौशाला पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान, गांव बहलोलपुर टापरिया में गौशाला परिसर के अंदर खड़ी एक सफेद फॉक्सवैगन वेंटो, कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर सीएच -01-ऐक्यू -0123 था, की जांच की गई। वाहन की जांच करने पर, निम्नलिखित अवैध शराब और प्रतिबंधित सामान बरामद किया गया-

1. सुपर हिम्मत संतरा के 04 केस (48 बोतलें), बिना बैच नंबर के, जिसका निर्माण M/s सुपर डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 145, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़ द्वारा किया गया है।
2. शौकीन संतरा के 04 केस (200 निप्स), बैच नंबर 39/दिसंबर/2025, जिसका निर्माण क्वींस डिस्टिलरीज एंड बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 41, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़ द्वारा किया गया है।
3. बकार्डी ब्लैक के 44 निप्स, बैच नंबर 24/12/25, जिसका निर्माण बकार्डी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, S-405, L-65, ग्रेटर कैलाश, नई दिल्ली द्वारा किया गया है।
4. सौंफ रस के 24 पिंट, बैच नंबर 13/अक्टूबर/2025, जिसका निर्माण क्वींस डिस्टिलरीज एंड बॉटलर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 41, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़ द्वारा किया गया है।

उपरोक्त शराब पर 'केवल चंडीगढ़ में बिक्री के लिए' लिखा था और उस पर होलोग्राम और क्यूआर कोड नहीं पाए गए। इसके अलावा 5. 50 ग्राम चरस (सुल्फा) भी बरामद की गई । पूरी बरामदगी गौशाला परिसर के अंदर खड़ी गाड़ी से की गई। आरोपी की पहचान पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के वकील राकेश रंजन सिंह पुत्र श्री रामेश्वर सिंह, निवासी प्रीत कॉलोनी, गांव किशनगढ़, जीरकपुर, जिला मोहाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस स्टेशन मुल्लापुर न्यू चंडीगढ़ में पंजाब एक्साइज एक्ट, 1914 की धारा 61 और 78(2) और NDPS एक्ट की धारा 20, 61 और 85 के तहत एफआई आर नंबर 03 तारीख 06/91-2026 दर्ज की गई है। एन डीपी एसरिकवरी मेमो अलग से तैयार किया गया है।

### नई दिल्ली: अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान दिल्ली पुलिस पर चले पत्थर

अर्थ प्रकाश/अनिल गुप्ता / दिल्ली में तुर्कमान गेट स्थित रामलीला मैदान के पास फ़ैज़ ए इलाही मस्जिद के आसपास आधी रात को अवैध अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई हुई. इस दौरान हालात तनावपूर्ण हो गए. मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और नारेबाजी करने लगे. पुलिस ने सभी रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी और लोगों को रोकने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया. अतिक्रमण हटाने के दौरान हुई झड़प में 5 पुलिस कर्मी घायल हो गए. राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान के पास तुर्कमान गेट और फैज़-ए-इलाही मस्जिद के आसपास दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए गए बड़े अतिक्रमण विरोधी अभियान के बाद आज सुबह पूरे इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम देखने को मिले. दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों पर की गई इस कार्रवाई के बाद किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली पुलिस ने पूरे क्षेत्र में व्यापक बैरिकेडिंग की है. दिल्ली पुलिस के साथ अर्धसैनिक बल रैपिड एक्शन



फोर्स (RAF) के जवान भी स्थानों पर तैनात किए गए हैं. रात में पथराव करने के मामले में पुलिस ने फिर दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया है. आज 7 जनवरी की सुबह से ही तुर्कमान गेट, रामलीला मैदान व आसपास के इलाकों में जगह-जगह बैरिकेड्स लगाए गए हैं, जिससे बाहर से किसी भी अनावश्यक भीड़ की एंट्री को रोकी जा सके. बाहर से आने वाले लोगों को पुलिस द्वारा पूछताछ व पहचान के बाद ही इलाके में प्रवेश दिया जा रहा है. हर चौराहे, गली व प्रवेश मार्ग पर पुलिस बल की तैनाती की गई है और हर गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। आधी रात के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान हालात उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब कुछ शरारती तत्वों ने पुलिस व एमसीडी कर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया था. हालात को काबू में करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा था. आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए थे. इस झड़प में कुछ पुलिसकर्मी घायल भी हुए थे. हालांकि, त्वरित कार्रवाई व अतिरिक्त बल की तैनाती के बाद स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया था.

# एस.आई.टी. को सहयोग न देकर शिरोमणि कमेटी दोषियों को बचा रही है

- शिरोमणि कमेटी नहीं चाहती कि लापता स्वरूपों का सच सामने आए
- शिरोमणि कमेटी और दोषी एक ही हैं, इंसाफ नहीं होने देना चाहते

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के 328 स्वरूपों के गायब होने के संबंध में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा प्रशासन को सहयोग न देने के बयान के बाद, सिख सद्भावना दल के प्रमुख और श्री दरबार साहिब के पूर्व कीर्तनिये भाई बलदेव सिंह वडाला, श्री गुरु ग्रंथ साहिब सत्कार कमेटी के प्रधान भाई सुखजीत सिंह खोसे, किसान नेता भाई बलदेव सिंह सिरसा और अन्य पंथक नेताओं ने आज चंडीगढ़ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने पूरे दृढ़ विश्वास और स्पष्टता के साथ अपना पक्ष रखा।

भाई बलदेव सिंह वडाला ने तथ्यों के आधार पर कहा कि सिख पंथ और आम सिख समाज शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी से 328 स्वरूपों के संबंध में यह सवाल पूछता है – कि ये स्वरूप किसके कहने पर, किसे और किस उद्देश्य से दिए गए? और अब वे स्वरूप किन परिस्थितियों में हैं?

भाई वडाला ने विस्तार से बताया कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के इन 328 स्वरूपों के संबंध में बनाई गई डॉ. ईशर सिंह कमेटी ने 1100 पन्नों की रिपोर्ट श्री अकाल तख्त साहिब को सौंपी थी। इस रिपोर्ट में विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ आपराधिक मामले दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। इसमें यह भी कहा गया था कि मामला आईपीसी की धाराओं के तहत निपटाया जाए। लेकिन शिरोमणि कमेटी ने विभागीय कार्रवाई के नाम पर दोषियों को केवल नाममात्र की सज़ा दी।

इस मामले में न्याय के लिए विभिन्न पंथक संगठनों ने धरने और प्रदर्शन किए। कुछ संगठनों ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के दफ़्तर के सामने धरना भी लगाया। 2020 में शिरोमणि कमेटी की टास्क फोर्स ने इन लोगों पर न केवल अमानवीय अत्याचार किए, बल्कि पुलिस में एफआईआर भी दर्ज करवाईं। उस समय इन्हें श्री अकाल तख्त साहिब के समक्ष क्यों प्रस्तुत नहीं किया गया, जबकि ये लोग स्वयं पंथक थे? भाई वडाला ने कहा कि लगभग साढ़े पाँच वर्ष पहले इस मामले में एफआईआर तब दर्ज करवाई गई थी जब शिरोमणि कमेटी ने उनके द्वारा श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के न्याय के लिए लिखे गए पत्र का कोई उत्तर नहीं दिया था।

सत्कार कमेटी के प्रधान भाई सुखजीत सिंह खोसे ने कहा कि शिरोमणि कमेटी द्वारा एस.आई.टी. को सहयोग न देने का सीधा अर्थ है कि वह लापता स्वरूपों के संबंध में न्याय नहीं होने देना चाहती और दोषियों को हर तरह से बचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि ÷चोर और कुत्ती मिले हुए हैं÷ – अर्थात शिरोमणि कमेटी और दोषी एक ही हैं। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी में नरेणू महंत की आत्मा समा गई है और ये आज के मसंद गुरु की बेअदबी, सिद्धांतों का अपमान, श्री अकाल तख्त साहिब का दुरुपयोग और गोलक का धन लूट रहे हैं – जिसे कोई भी सिख सहन नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि यह पुलिस की दखलअंदाजी नहीं, बल्कि पावन स्वरूपों के न्याय और दोषियों को सज़ा दिलाने के लिए एक संवैधानिक प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार शिरोमणि कमेटी ने विभिन्न घटनाओं में दोषियों पर मुकदमे दर्ज करवाए हैं, तो अब क्यों बचा रही है? असल में यह सब नाटक सतिंदर कोहली को बचाने के लिए किया जा रहा है, जैसा कि ज्ञानी हरप्रीत सिंह पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं।

भाई बलदेव सिंह वडाला ने श्री अकाल तख्त साहिब की भूमिका पर बोलते हुए कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब की स्थापना सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब ने इसलिए की थी ताकि जब दुनियावी अदालतों से लोगों का विश्वास उठ जाए तो यहाँ सब आम और खास को न्याय मिल सके। यहाँ न्याय अकाल पुरख – अर्थात भगवान, अल्लाह या गॉड के भय में रहकर, रब्बी और सिख सिद्धांतों के अधीन दिया जाता है। ÷उपदेश चहुं वर्णा को सांझा÷ के सिद्धांत के अधीन यहाँ कोई भी व्यक्ति न्याय की मांग कर सकता है – चाहे वह किसी भी जाति, धर्म या वर्ण का हो।

श्री अकाल तख्त के अधीन कार्य करने वाला व्यक्ति केवल अकाल पुरख – अर्थात भगवान, अल्लाह के भय में रहता है, किसी इंसान के डर में नहीं। यहाँ बैठा व्यक्ति किसी विशेष व्यक्ति को लाभ पहुँचाने के लिए काम नहीं करता, चाहे वह कोई राजा-महाराजा ही क्यों न हो। सिख गुरुओं ने सत्ता आम जन के हाथों में सौंप दी थी।

इसलिए शिरोमणि कमेटी के लिए श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के न्याय के लिए सहयोग देना ज़रूरी है, क्योंकि यह कमेटी अंग्रेज़ी और भारतीय शासन के अधीन बनी हुई संस्था है। अब समय है कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्री अकाल तख्त साहिब की सर्वोच्चता को बनाए रखे, सिख गुरु सिद्धांतों की रक्षा करे, और दोषियों को सज़ा दिलाने के लिए प्रशासन का पूरा सहयोग करे।

## ममता ने 15 साल पहले पश्चिम बंगाल के नेताई गांव में मारे गए लोगों को याद किया

अर्थ प्रकाश/ कोलकाता, 07 जनवरी । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने झाड़ग्राम जिले के नेताई गांव में 15 साल पहले गोली लगने से जान गंवाने वाले नौ लोगों को बुधवार को श्रद्धांजलि दी। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बनर्जी ने गोलीबारी की घटना में जान गंवाने वाले लोगों को ''श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन'' किया। तत्कालीन सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से कथित तौर पर संरक्षण प्राप्त हथियारबंद लोगों ने ग्रामीणों पर गोलीबारी की थी। मुख्यमंत्री ने कहा, ''2011 में आज के ही दिन झाड़ग्राम जिले के नेताई गांव में हरमद वाहिनी के हाथों नौ निर्दोष लोगों ने अपनी जान गंवाई। मैं नेताई के सभी शहीदों को हार्दिक श्रद्धांजलि देती हूं।''यह गांव बिनपुर ब्लॉक में पूर्व में माओवादियों का गढ़ रहे लालगढ़ की सीमा से सटा है और झाड़ग्राम लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। सात जनवरी, 2011 को तत्कालीन सत्तारूढ़ माकपा द्वारा कथित तौर पर संरक्षण प्राप्त हथियारबंद लोगों ने ग्रामीणों पर गोलीबारी की, जिसमें चार महिलाओं और पांच पुरुषों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए, जिसके बाद यह घटना राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन गई। यह हत्या उस समय हुई जब स्थानीय लोग उन हथियारबंद लोगों की मांगों और कथित उत्पीड़न का विरोध कर रहे थे, जो इलाके में माओवादियों से लड़ने के बहाने एक स्थानीय माकपा नेता के घर में शरण लिए हुए थे।इस घटना ने पश्चिम बंगाल में व्यापक आक्रोश पैदा किया और 2011 के विधानसभा चुनाव से पहले यह एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन गया। मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया गया, जिसने गोलीबारी की परिस्थितियों और क्षेत्र में सशस्त्र समूहों की कथित भूमिका की जांच की। हर साल, राजनीतिक नेता और स्थानीय निवासी इस दिन घटना में मारे गए लोगों को याद करते हैं और उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं।

# 'दक्षिण-पूर्व एशिया में पहली बार': 29-वर्षीय मरीज की थोरेसिक एब्डॉमिनल एओर्टा (छाती और पेट की महाधमनी) फटने के बाद उनकी जीवनरक्षा के लिए फोर्टिस गुरुग्राम में की गई सफल हाइब्रिड कार्डियाक सर्जरी

- थोरेसिक एब्डॉमिनल एओर्टा शरीर की सबसे बड़ी धमनी है जो हृदय से अन्य जरूरी अंगों तक रक्त पहुंचाती है

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नेशनल, 06 जनवरी, 2026।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने 29-वर्षीय मरीज की दुर्लभ और जटिल हाइब्रिड कार्डियाक सर्जरी (मिनीमैली इन्वेसिव कार्डियोवास्क्युलर रिपेयर के साथ ओपन बायपास सर्जरी) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मरीज छाती और पेट की महाधमनी (थोरेसिक एब्डॉमिनल एओर्टा) के फटने और बुरी तरह से पतला होने की समस्या से पीड़ित था और इस कंडीशन में मृत्यु की आशंका काफी अधिक होती है। उपलब्ध मेडिकल जानकारी के मुताबिक, दक्षिण-पूर्व एशिया में यह अपनी तरह की पहली सर्जरी है।

मरीज सैफ असलम, जो कि बिहार के पलामू जिले के रहने वाले हैं, इलाज के लिए फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम आए थे। वह एओर्टा (यह महाधमनी पूरे शरीर को खून पहुंचाती है) के फटने की समस्या से जूझ रहे थे। लेकिन बिहार के कई अस्पतालों ने उनकी जांच के बाद उन्हें सीने में पानी/फ्लूड जमा होने की समस्या बतायी, और रक्तस्राव को रोकने के लिए उनके सीने में एक नली लगायी गई। इससे इलाज की बजाय उनकी हालत और बिगड़ने लगी और आंतरिक रक्तस्राव अनियंत्रित हो गया।

अगले कुछ महीनों में मरीज की हालत इतनी खराब हो गई थी कि उनके हृदय ने काम करना कम कर दिया और यह महज़ 15त्न ही काम कर रहा था, जिसकी वजह से वह करीब एक महीने से बिस्तर तक सिमटकर रह गए थे और कभी भी अचानक घातक रक्तस्राव की आशंका भी बढ़ गई थी। मरीज ने बिहार के अलावा कोलकाता और बेंगलुरु तक के कई अस्पतालों के चक्कर लगाए ताकि उनकी कंडीशन का उपचार हो सके, लेकिन अधिक जोखिम को देखते हुए उनकी सर्जरी करने के लिए कोई भी राजी नहीं हुआ। आखिरकार, उन्हें फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में उम्मीद की किरण दिखायी दी जहां कार्यरत कार्डियो थोरेसिक वास्क्युलर टीम ने इस चुनौती को मेडिकल इमरजेंसी और जीवनरक्षक प्रक्रिया के तौर पर लिया।

फोर्टिस गुरुग्राम में विस्तृत जांच के बाद, डॉ उद्गीथ धीर, प्रिंसीपल डायरेक्टर - कार्डियो थोरेसिक वास्क्युलर सर्जरी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने मरीज की जांच करने पर पाया कि उनकी पूरी थोरेसिक एब्डॉमिनल एओर्टा (यह महाधमनी हृदय से ऑक्सीजनयुक्त रक्त को पेट से होते हुए अन्य अंगों और नीचे पैरों तक पहुंचाने का काम करती है) बुरी तरह से फैली हुई थी और इसमें कई स्थानों पर रक्त के थक्के भी थे। परिणामस्वरूप, उनके शरीर के महत्वपूर्ण अंगों जैसे गुर्दों, जिगर और आंतों को सही ढंग से रक्त नहीं मिल पा रहा था और उनकी हालत भी बिगड़ने लगी थी। इस मामले की गंभीरता और कई प्रकार के जोखिमों को देखते हुए, मरीज की पारंपरिक ओपन सर्जरी करना संभव नहीं था, क्योंकि इसमें लकवा होने, अंगों के बेकार पड़ने का जोखिम काफी ज्यादा था और मरीज की मृत्यु भी हो सकती थी।

मामले की जानकारी देते हुए, डॉ उद्गीथ धीर, प्रिंसीपल डायरेक्टर - कार्डियो थोरेसिक वास्क्युलर सर्जरी, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, ÷मरीज का हृदय केवल 15त्न ही काम कर रहा था, जिसके कारण तत्काल किसी भी प्रकार का इंटरवेंशन खतरनाक हो सकता था। इस मामले की जटिलताओं के मद्देनज़र, हमने एडवांस हाइब्रिड सर्जरी करने का फैसला किया, जिसमें ओपन बायपास सर्जरी और मिनीमैली इन्वेसिव एंडोवास्क्युलर रिपेयर का मेल कराया गया था। इस प्रक्रिया के तहत उनकी फट चुकी एओर्टा (महाधमनी) को बंद करने के लिए स्टेंट ग्राफ्ट लगाया था। एंडोवास्क्युलर रिपेयर तकनीक की मदद से हाइब्रिड डीब्रांचिंग करना



दुनियाभर में बेहद दुर्लभ वास्क्युलर प्रक्रिया मानी जाती है। इस हाइब्रिड प्रक्रिया ने शरीर के सभी महत्वपूर्ण अंगों को बेरोकटोक तरीके से रक्तापूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ स्पाइनल कॉर्ड को भी सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी जिससे लकवा होने के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सका। इस बीच, पूरी प्रक्रिया के दौरान लगातार स्पाइनल कॉर्ड प्रेशर मॉनीटरिंग भी कई ताकि मरीज के स्नायुतंत्र को सुरक्षित रखा जा सके। इस अत्यंत चुनौतीपूर्ण, जोखिम से भरपूर और जटिल सर्जरी में मरीज की मृत्यु की आशंका लगभग 50त्न थी, लेकिन डॉक्टरों द्वारा कुशलता के साथ प्रक्रिया को पूरा किया गया और मरीज को रिकवरी के बाद अस्पताल से छह दिनों के बाद ही छुट्टी भी दे दी गई। उनकी हालत स्थिर बनी हुई है और हार्ट फंक्शन में कमजोरी के चलते फिलहाल उन्हें मेडिकल मैनेजमेंट पर रखा गया है, तथा उनके पूरी तरह से स्वास्थ्यलाभ के बाद भविष्य में कार्डियाक प्रक्रिया करने का विचार है।'

डॉ आनंद कुमार, सीनियर डायरेक्टर, कार्डियाक एनेस्थीसिया, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्युट, गुरुग्राम ने कहा, 'ऐसे गंभीर मरीजों का कारगर तरीके से उपचार करना बेहद जोखिमभरा परंतु उनकी जिंदगी बचाने के लिए बेहद जरूरी होता है, क्योंकि उनका ब्लड प्रेशर, हृदय की कार्यप्रणाली प्रभावित हो सकती है और स्नायुतंत्र को भी नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए, एनेस्थीसिया की सही खुराक को काफी सावधानीपूर्वक तरीके से तय किया गया और लगातार मॉनीटरिंग भी की गई ताकि मरीज की हेमोडायनमिक स्थिरता बनी रही और कोई अतिरिक्त स्नायुगत नुकसान न पहुंचे।'

मरीज सैफ आलम ने कहा, 'कई महीनों तक तकलीफ से जूझने और उत्तर एवं दक्षिण भारत में अनेक अस्पतालों का चक्कर लगाने के बाद मुझे अपने जीने की कोई उम्मीद नहीं बची थी। लेकिन फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम के डॉ उद्गीथ धीर के पास इलाज के लिए रेफर किए जाने के बाद मुझे सही उपचार मिला और मेरे स्वास्थ्य में भी सुधार होने लगा। मैं उनका और अस्पताल का आभार व्यक्त करता हूं जिनकी वजह से मेरी हालत में सुधार हुआ मैं फिर से एक सामान्य जिंदगी जीने लगा हूं।'

यश रावत, फैसिलिटी डायरेक्टर एंड सीनियर वाइस प्रेसीडेंट, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम ने कहा, 'इस उल्लेखनीय मामले ने एक बार फिर फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम की एडवांस वास्क्युलर एवं एंडोवास्क्युलर सर्जरी के अग्रणी सेंटर के तौर पर तथा सर्वाधिक जटिल और अत्यंत जोखिमपूर्ण कार्डियोवास्क्युलर कंडीशंस के प्रबंधन की क्षमता से सुसज्जित अस्पताल के रूप में साख की पुष्टि की है।'

# बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे वर्ल्ड कप मुकाबले

## आईसीसी ने वेन्यू बदलने की मांग खारिज की, नहीं खेले तो पॉइंट्स कटेंगे

**भोपाल (एजेंसी)।** रिपोर्ट्स के मुताबिक, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश की उस रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया है जिसमें उसने ICC मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के अपने मैच भारत से बाहर शिफ्ट करने की मांग की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने रविवार (4 जनवरी) को एक रिलीज़ जारी की, जिसमें बोर्ड ने कहा कि उसने ICC से औपचारिक रूप से रिक्वेस्ट की है कि भारत में होने वाले इस शॉर्टेस्ट-फॉर्मेट मेगा-इवेंट के ग्रुप C के मैच कहीं और शिफ्ट कर दिए जाएं। लेकिन मंगलवार रात (6 जनवरी) को ESPNCricinfo की एक रिपोर्ट के अनुसार, ICC ने BCB की रिक्वेस्ट को खारिज कर दिया है।

यह फैसला दोनों बॉडीज़ के बीच एक वर्चुअल मीटिंग में बताया गया, जिसमें ICC ने साफ कर दिया कि बांग्लादेश को टूर्नामेंट के लिए भारत आना होगा, नहीं तो पॉइंट्स गंवाने का खतरा रहेगा। सूत्रों के मुताबिक, ICC ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को बताया कि उठाई गई चिंताओं के बावजूद टूर्नामेंट का शेड्यूल और वेन्यू अपरिवर्तित रहेंगे। समझा जाता है कि ग्लोबल बॉडी ने BCB से कहा कि भारत में मैच खेलने से मना करने पर खेल से जुड़े नतीजे होंगे, जिसमें पॉइंट्स गंवाने की संभावना भी शामिल है। हालांकि, BCB सूत्रों ने कहा है कि उन्हें अभी तक रिजेक्शन की पुष्टि करने वाला कोई ऑफिशियल कम्युनिकेशन नहीं मिला है।

यह टकराव भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और BCB के बीच तनाव में तेज़ी से बढ़ोतरी के बाद हुआ है, जब बांग्लादेश के तेज़ गेंदबाज़ मुस्तफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग से रिलीज़ कर दिया गया था। BCCI ने कोलकाता नाइट राइडर्स से मुस्तफिजुर का कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने के लिए कहा था, जिसका कारण 'चारों ओर के घटनाक्रम' बताया गया था। यह कदम बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की खबरों के बाद भारत में राजनीतिक विरोध के बीच उठाया गया था।

मुस्तफिजुर की रिहाई के बाद, BCB ने स्थिति का जायज़ा लेने के लिए एक इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और बाद में ICC को लिखकर टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारत आने पर अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा और संरक्षा पर चिंता जताई। बांग्लादेश ने पहले के उदाहरणों का भी हवाला दिया, जिसमें BCB के डायरेक्टर फारूक अहमद ने अपनी रिक्वेस्ट के समर्थन में हाइब्रिड मॉडल के तहत ICC इवेंट्स में पाकिस्तान की भागीदारी का ज़िक्र किया।

जैसे-जैसे स्थिति गंभीर होती गई, बांग्लादेश ने देश में आने वाले IPL सीज़न के प्रसारण पर बैन लगाकर और कदम उठाए। इंडिया टुडे से पहले बात करते हुए, फारूक अहमद ने कहा था कि दोनों क्रिकेट बोर्ड के बीच संबंधों को खराब करने में राजनीति ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इस बात पर ज़ोर





देते हुए कि क्रिकेट से जुड़े मामले बड़े मुद्दों में उलझ गए हैं।

इस बीच, मुस्तफिजुर तेज़ी से आगे बढ़ गए हैं, IPL से बाहर होने के तुरंत बाद पाकिस्तान सुपर लीग में शामिल हो गए हैं। हालांकि ICC का रुख वर्ल्ड कप शेड्यूल में आखिरी समय में बदलाव करने की कम इच्छा दिखाता है, लेकिन औपचारिक कम्युनिकेशन की कमी ने लगातार अनिश्चितता के लिए जगह छोड़ दी है, और BCB ने अभी तक सार्वजनिक रूप से अपने अगले कदम की पुष्टि नहीं की है।

# 5 मार्च को सानिया चंडोक के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे अर्जुन तेंदुलकर



**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी तय हो गयी है। अर्जुन अपनी मंगेतर सानिया चंडोक के साथ शादी करेंगे। एक रिपोर्ट के अनुसार शादी समारोह मार्च 2026 में होगा। रिपोर्ट के अनुसर अर्जुन और सानिया की शादी 5 मार्च 2026 को होगी, जबकि शादी से जुड़े कार्यक्रम 3 मार्च से शुरू हो जाएंगे। हालांकि, यह भव्य आयोजन होने के बावजूद पूरी तरह निजी रखा जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, शादी मुंबई में होगी और इसमें केवल परिवार के सदस्य, करीबी दोस्त और क्रिकेट जगत के कुछ लोग ही शामिल रहेंगे। अर्जुन और सानिया की सगाई अगस्त 2025 में हुई थी। इस खास अवसर पर केवल दोनों परिवारों के बेहद करीबी लोग ही मौजूद थे। अर्जुन की सगाई की पुष्टि खुद सचिन तेंदुलकर ने एक कार्यक्रम में की थी।

अर्जुन की होने वाली दुल्हन सानिया एक सफल उद्यमी हैं और एक प्रतिष्ठित कारोबारी परिवार से संबंध रखती हैं। वह मुंबई के बिजनेसमैन रवि घई की पोती हैं। अर्जुन ने घरेलू क्रिकेट में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुंबई से अपने करियर की शुरुआत करने के बाद वह गोवा की ओर से एक गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में खेलते हैं। अर्जुन, को हाल ही में आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से लखनऊ सुपर जायंट्स ने खरीद लिया है।

# स्टोक्स ने बनाया रिकार्ड, विलिस की बराबरी पर आये



**सिडनी (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन दो विकेट लेने के साथ ही एक रिकार्ड अपने नाम कर लिया। इसी के साथ ही स्टोक्स सबसे अधिक विकेट लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे सफल कप्तान बन गये हैं। इससे पहले पूर्व कप्तान बॉब विलिस ने ये उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर पर उनके 77 विकेट हो गये हैं। वहीं विलिस ने भी कप्तान रहते इतने ही विकेट लिए थे।

ऐसे में इंग्लैंड के लिए कप्तान के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में स्टोक्स और विलिस संयुक्त रूप से पहले और दूसरे नंबर पर पहुंच गये हैं, जबकि तीसरे स्थान पर रे इलिंगवर्थ हैं, जिन्होंने कप्तान के तौर पर 51 विकेट लिए थे। वहीं चौथे खिलाड़ी गबी एलेन का है, जिन्होंने 42 विकेट अपने नाम किए थे। पांचवें नंबर पर जॉनी डगलस ने 37 विकेट जबकि इयान बॉथम ने कप्तान रहते 35 विकेट लिए थे। इस मैच में स्टोक्स 27.4 ओवर फेंकने के बाद पवेलियन लौट गए। यही कारण है कि वे समय पर बल्लेबाजी के लिए भी नहीं उतरे।

# सिडनी टेस्ट में बेथेल की शतकीय पारी के बाद भी इंग्लैंड पर हार का खतरा बरकरार

**सिडनी (एजेंसी)।** एशेज के पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शिकंजा कस दिया है। ऐसे में अंतिम दिन इंग्लैंड की हार तय नजर आती है। इंग्लैंड टीम दूसरी पारी में भी मेजबान कंगारु गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 302 रनों पर ही उसने अपने 8 विकेट खो दिये हैं। केवल जैकेब बेथेल ने ही शानदार शतक लगाकर अपनी टीम की हार टाली। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय बेथेल 142 रनों पर खेल रहे थे जबकि मैथ्यू पॉट्स अपना खाता नहीं खोल पाये थे।

इंग्लैंड की अब तक इस मैच में बढ़त केवल 119 रनों की है। इससे पहले आज सुबह ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी पहली पारी में 567 रनों पर आउट हुई। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 167 रन की बढ़त मिली। वहीं इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में 384 रन बनाए थे। अब देखना होगा कि अंतिम दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज कितने रन बना पाते हैं।

चौथे दिन का आकर्षण बेथेल की बल्लेबाजी रही। अब देखना होगा कि वह अंतिम दिन कितने रन बनाते हैं। बल्लेबाजी के अनुकूल मानी जा रही सिडनी की पिच पर दूसरी पारी में इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं पाये। केवल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे बेथेल ही मैदान पर टिक पाये। इस बल्लेबाज ने 232 गेंद पर 15



चौकों की मदद से नाबाद 142 रन बनाए हैं। उनकी बेन डकेट 42 के साथ दूसरे विकेट के लिए 81, हैरी ब्रूक 46 के साथ 102, और जेमी स्मिथ 26 के साथ छठे विकेट के लिए उन्होंने 45 रन की साझेदारी की। वहीं अन्य बल्लेबाज एक के बाद एक आउट होते गये।

बेथेल तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए एशेज में 2001 के बाद शतक लगाने वाले इंग्लैंड के दूसरे बल्लेबाज बने हैं। इससे पहले ये उपलब्धि जोनाथन ट्रॉट के अलावा माइकल वॉन और मार्क बुचर के नाम है।

# सूर्यकुमार आउट होने का डर छोड़कर रन बनाने पर ध्यान दें : पोंटिंग

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने अगले माह शुरु होने वाले टी20 विश्वकप को लेकर भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को जरुरी सलाह दी है। पोंटिंग ने कहा कि सूर्यकुमार आउट होने का डर छोड़कर अपना



स्वाभाविक खेल खेलें। सूर्या पिछले काफी समय से खराब फार्म से परेशान रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम जीतती रही है पर वह बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं जिससे वह दबाव में हैं। इसी को देखते हुए पोंटिंग ने कहा कि वह विकेट का डर छोड़कर खेलें। रन अपने आप आयेंगे। सूर्यकुमार दो साल पहले तक टी20 में नंबर एक स्थान पर थे पर पिछले कुछ समय में उनकी रैंकिंग भी नीचे आयी है। पिछले साल वह 21 मैचों में केवल 218 रन ही बना पाये हैं। उनका औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 का रहा है। जिसको देखते हुए फरवरी में होने वाले टी20 विश्वकप से पहले टीम प्रबंधन की चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। पोंटिंग ने कहा कि सूर्यकुमार का पिछले कुछ समय से लय में नहीं होना परेशान करने वाली बात है। वह लंबे समय से भारतीय टीम के टी20 में महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। पोंटिंग ने कहा, 'सूर्यकुमार छह, आठ या दस गेंद खेलने के बाद ही अपना सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी करते हैं। वह अपने पर भरोसा रखते हैं और अपने शॉट्स खेलने पर ध्यान देते हैं।'

# अंडर–19 एकदिवसीय : वैभव ने दक्षिण अफीका के खिलाफ 10 छक्के लगाकर रिकार्ड बनाया



बेनोनी । भारतीय टीम की कप्तानी करते हुए वैभव सूर्यवंशी ने दक्षिण अफीका की अंडर–19 क्रिकेट टीम साथ जारी तीसरे एकदिवसीय मैच में 10 छक्के लगाकर एक नया रिकार्ड बनाया है। वैभव ने अपनी पारी में चौके से ज्यादा छक्के लगाए। दक्षिण अफीका ने इस मैच में टॉस जीतकर भारतीय टीम को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। वैभन ने आरोन जॉर्ज के साथ पारी शुरु की। आरोन जहां आराम से खेल रहे थे, वहीं वैभव ने आक्रामक अंदाज दिखाते हुए तेजी से शतक लगाया। वैभव ने 74 गेंद पर 10 छक्के और 9 चौकों लगाकर 127 रन बना दिये। इस बल्लेबाज ने 63 गेंदों पर ही शतक लगा दिया। वहीं जॉर्ज ने भी शतकीय पारी खेली। वैभव ने पिछले मैच में भी मात्र 24 गेंद पर 10 छक्के और एक चौका लगाते हुए 68 रन बनाये थे। गौरतलब है कि साल 2025 में आईपीएल में डेब्यू के बाद से वैभव अपने आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जा रहे हैं। वैभव ने हर प्रारुप में तेज पारियां खेली हैं। आईपीएल में उनके नाम केवल सिर्फ 35 गेंद पर शतक का रिकार्ड है। वैभव ने भारतीय अंडर–19 टीम की ओर से भी शतक लगाए हैं।

# मलेशिया ओपन: पीवी सिंधू की जुझारू जीत, प्री-क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** लंबे समय तक चोट के कारण कोर्ट से दूर रहने के बाद वापसी कर रहीं भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू ने बुधवार को मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के महिला एकल के पहले दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज करते हुए प्री-क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू ने चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 51 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 22-20 से शिकस्त दी।

### चोट के बाद दमदार वापसी

सिंधू पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए सभी BWF वर्ल्ड टूर प्रतियोगिताओं से हट गई थीं। इस मुकाबले में उन्होंने वापसी पर आत्मविश्वास भरा खेल दिखाया और कोर्ट पर अपनी लय को बखूबी संभाला।

### हेड-टू-हेड रिकॉर्ड मजबूत

विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सिंधू ने सुंग को करियर में दूसरी बार हराया



और उनके खिलाफ अपना रिकॉर्ड 2-0 कर लिया। सिंधू की आक्रामकता और अनुभव निर्णायक साबित हुए।

### दूसरे गेम में दिखा असली संघर्ष

पहले गेम में सिंधू ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया। उन्होंने 6-2 की बढ़त हासिल की और आसानी से पहला गेम अपने नाम कर लिया। हालांकि दूसरे गेम में कहानी बदली। सिंधू एक समय 4-11 से पीछे चल रही थीं, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 13-13 से बराबर कर दिया। इसके बाद 28 वर्षीय सुंग ने 17-14 की बढ़त बनाई, मगर सिंधू ने हार नहीं मानी।

भारतीय खिलाड़ी ने फिर से वापसी करते हुए स्कोर 17-17 कर दिया और 20-20 के बाद लगातार दो अंक लेकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### अगली चुनौती: टोमोका मियाजाकी

अब सिंधू का सामना प्री-क्वार्टरफाइनल में विश्व की नौवें नंबर की जापानी खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से होगा। मियाजाकी को अगले दौर में जगह तब मिली, जब वह मुकाबले में 21-19, 2-1 से आगे चल रही थीं और उनकी दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी सिम यू जिन चोट के कारण मैच से हट गईं।

### मिश्रित युगल में भारतीय जोड़ी बाहर

इस बीच, विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो को पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में वे अमेरिका की प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की जोड़ी से 15-21, 21-18, 15-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# भारतीय टीम को भविष्य में हराना काफी कठिन रहेगा : गार्डनर

मुंबई। 9 जनवरी से शुरु हो रही महिला प्रीमियर लीग क्रिकेट के लिए भारत आयी ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर एशले गार्डनर के अनुसार जिस प्रकार से हाल में भारतीय टीम ने खेला है उससे वह पहले से काफी बेहतर हो गयी है। एकदिवसीय विश्वकप में टीम की जीत से भी ये साबित हुआ है। ऐसे में आने वाले समय में एकदिवसीय क्रिकेट में उसे हराना काफी कठिन रहेगा। गार्डनर ने कहा कि भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का प्रदर्शन भी लगाकर अच्छा होता जा रहा है। गार्डनर प्रीमियर लीग के लिए गुजरात टाइटंस टीम में शामिल हैं। इस खिलाड़ी के अनुसार भारतीय टीम अगले पांच से दस साल में उन टीमों में से एक होगी जिसे हराना बेहद कठिन होगा। उन्होंने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर होने के कारण में इससे दबाव में हूं पर जिस प्रकार से यहां महिला लीग शुरु होने के बाद खेल का तेजी से विकास हुआ है वह सुखद है। गार्डनर का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया टीम अभी भी महिला क्रिकेट में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है पर ये स्थान वह अधिक समय तक बरकरार नहीं रख पायेगी। उन्होंने कहा, 'मैं विश्व कप के बाद से मीडिया से कह रही हूं कि हमारी टीम अभी भी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। विश्व कप भारी दबाव वाले पलों में आपकी जीत को तय करते हैं। अगर हम किसी भी टीम से लगातार दस मैच खेलें तो हम आठ या नौ जीत जाएंगे। भारत से सेमीफाइनल में मिली हार कठिन थी लेकिन हमें पता है कि भारतीय टीम कितनी काफी अच्छी है। महिला प्रीमियर लीग में गुजरात टीम में गार्डनर के अलावा बेथ मूनी, डैनी वियाट हॉज और सोफी डेवाइन जैसे अन्य विदेशी खिलाड़ी खेल रही हैं। गार्डनर ने कहा कि इसमें भाग ले रही विदेशी खिलाड़ियों पर अधिक दबाव रहना स्वाभाविक है।




# टीम20 विश्वकप में भारतीय हालातों के अनुभवों का लाभ मिलेगा : डीकॉक



केपटाउन । दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डीकॉक की नजरें अब अगले माह भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप क्रिकेट पर लगी हैं। डीकॉक ने कहा है कि उन्हें भारतीय हालातों में खेलने का लंबा अनुभव है जिसका लाभ उन्हें मिलेगा। उन्होंने कहा मैंने कई बार भारत का दौरा किया है, ऐसे में अगर मुझे सफलता नहीं मिली तो इसमें कोई गलती होगी। संन्यास से वापसी करने वाले इस बल्लेबाज ने कहा कि वह बिना किसी मानसिक दबाव के उतरते हैं जिसका लाभ उन्हें मिलता रहा है। डीकॉक ने टेस्ट और एकदिवसीय से संन्यास लेने के बाद अक्टूबर 2025 में नामीबिया के खिलाफ टी20 मैच से वापसी की थी। वह 2024 में टी20 विश्व कप के फाइनल के बाद से इस प्रारूप से बाहर रहे हैं जिससे उनके करियर पर सवाल उठते रहे हैं। डीकॉक ने यहां एसए20 मैच के बाद कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी किसी तरह के दबाव के साथ क्रिकेट खेली है। मेरी मानसिकता हमेशा जीतने की रही है। अगर मैं मानसिक रूप से पूरी तरह तैयार होकर मैदान में उतरता हूं, तो मैं संतुष्ट रहता हूं, फिर चाहे मुझे सफलता मिले या नहीं।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन की इनामी राशि बढ़ी



मेलबर्न । 18 जनवरी से शुरु होने वाले साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट से पहले आयोजकों ने इसकी इनामी राशि बढ़ा दी है। इसकी पुरस्कार राशि 16 फीसदी बढ़ाई गई है। ऐसे में अब कुल इनामी राशि बढ़कर 111.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (तकरीबन 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर) पहुंच गई है। यह अब तक की इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि है। अब पुरुष और महिला एकल वर्ग में जीतने वालों को 41.5 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 2.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर) पुरस्कार राशि दी जाएगी। ये पिछले साल 2025 की तुलना में 19 फीसदी ज्यादा है। वहीं क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को भी 16 फीसदी अधिक राशि मिलेगी। आयोजकों के अनुसार मुख्य ड्रॉ में पहुंचने वाले सभी एकल और युगल खिलाड़ियों को कम से कम 10 फीसदी अधिक राशि मिलेगी। इस कदम से सभी प्रतियोगियों को लाभ मिलने के साथ ही टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा भी बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए आयोजकों ने सुरक्षा व्यवस्था सहित सभी जरुरी इंतजाम किये हैं। आयोजकों का माना है कि पुरस्कार राशि बढ़ने से इस टूर्नामेंट का रोमांच और बढ़ेगा।

# डब्ल्यूपीएल 2024 से पहले मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर का हुंकार, 'फिर से ट्रॉफी जीतना चाहते हैं'



**मुंबई (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पिछले सीज़न में खिताब जीतने के बाद, मुंबई इंडियंस (एमआई) - इस प्रतियोगिता की सबसे सफल टीम - नए सीज़न में पूरी तरह से तैयार है और 9 जनवरी को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पहले मैच में उतरेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप में जीत दिलाने वाली एमआई की कप्तान हरमनप्रीत कौर उसी प्रेरणा को बरकरार रखते हुए लीग खिताब को बरकरार रखना चाहती हैं।

हरमनप्रीत ने बुधवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस की प्री-सीज़न प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि जब भी मैं मैदान पर जाती हूं, मैं अपनी टीम से कहती हूं कि मैं ट्रॉफी जीतना चाहती हूं। यह नया साल डब्ल्यूपीएल से शुरू हो रहा है, और टूर्नामेंट में उतरने को लेकर मुझमें वही ऊर्जा और उत्साह है। हमारी सोच एक जैसी है। हमने पिछले तीन सीज़न में दो ट्रॉफियां जीती हैं। और हम इस सीज़न में अच्छा प्रदर्शन करके फिर से ट्रॉफी जीतना चाहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुंबई में यह मेरी पहली नौकरी है, और मुझे लगता है कि यह शहर मेरे लिए बहुत खास है क्योंकि जब भी मुझे यहां खेलने का मौका मिलता है, मुझे हमेशा सकारात्मक परिणाम देखने को मिलते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि यह सीजन भी बहुत खास होने वाला है। मुझे बहुत खुशी है कि पिछला सीजन और पिछला साल महिला क्रिकेट के लिए कुल मिलाकर बहुत अच्छा रहा। मुझे उम्मीद है कि इस साल की शुरुआत भी इसी तरह होगी।

इस बार, टीम दो बार की विश्व कप विजेता लीसा कीथली से भी प्रेरणा लेने की उम्मीद करेगी, जो मुंबई इंडियंस के साथ अपने पहले महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन में कप्तानी संभाल रही हैं। लीसा ने महिला कोचों से बनी टीम के बारे में बताया और यह भी बताया कि यह मुंबई इंडियंस की विचारधारा और नीता एम. अंबानी के खेल के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के दृष्टिकोण को कैसे दर्शाता है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा किमहिला कोचों का पूरा पैनल होना मेरे लिए वाकई रोमांचक और एक नया अनुभव है। हम समर्थकों और दुनिया भर की महिलाओं को कोचिंग के क्षेत्र में महिलाओं को देखने का अवसर दे रहे हैं। इस दृष्टिकोण से, मैं इसे और अधिक बार देखना चाहूंगी और मुझे लगता है कि अगले 10 वर्षों में आप इसे देखेंगे।